# Administrative & Editorial Board

ISSN (Prit) : 3048-6327

# Shodh Garima

**A Peer-Reviewed & Refereed**
**International Multidisciplinary Research Journal**

**Year : 1** **Vol. - 1** **(July to Sept., 2024)**

**EDITORIAL BOARD**

**Prof. (Dr.) Ratan Kumari Verma**
Jagat Tarn Girl's Degree College, Prayagraj
Mob.: 9415050933
Email : drratankmverma.jtdc@gmail.com
Institutional Email : ratankmverma@jtgdc.ac.in

**Prof. Hitendra Kumar Mishra**
Professor, Dept. of Hindi
North-Eastern Hill University
Shillong-793022
Mob.: 9436594338
Email : hiten.hindi@gmail.com
Institutional Email : hkmishra@nehu.ac.in

**Dr. Jamuna Bini**
Asst. Professor, Dept. of Hindi
Rajiv Gandhi University, Roho Hills
Daimukh, Arunachal Pradesh
Mob.: 9436044427
Email : jamunabini@gmail.com
Institutional Email : jamuna.bini@rgu.ac.in

**Dr. Akta Kumari**
Asst. Professor, Dept. of Hindi
Kazi Nazrul University
Aasansol (North) District Bardwan
West Bengal
Mob.: 8084450160
Email : ekta2k8@gmail.com
Institutional Email : akta.kumari@knu.ac.in

**Dr. Uma Kumari Shah**
Asst. Professor
Dept. of Media & Communication Studies
Chaudhary Banshilal University
Bhimani (Hariyana)
Mob.: 8340336167
Institutional Email : uma.mghv@cblu.edu.in

## International Editorial Board Members

1. **Prof. Mamajonov Muhammadjon Yusubjonovich**
   Dean of Faculty of Foreign Languages
   Doctor of Philosophy (Phd)
   Associate Professor
   Fergana State University
   Fergana, Uzbekistan
   Institutional Email : m.mamajonov@pf. fdu.uz
   https://fdu.uz/site/sahifa/2864f5cb9c 6906184be1041e508b1bcadd666d5170 a4bfce
   Telegram: +998903031330

2. **Prof. Elham Hossain**
   Senior Faculty Member
   Department of English
   Green Uiversity of Bangladesh
   Bangladesh
   Profile Link : elham@eng.green.edu.bd
   Institutional Email : https://elhamhossain.com

***Chief Managing Editor***
Sushil Kumar Kushwaha
Mob.: 9532481205
e-mail : shodhgarima@gmail.com

***Managing Editor***
Harsh Kushwaha
Mob.: 9807520344



## Publisher Information

**Publishing Body**
G.H. Publication

**Address**
121, Shaharabag, Prayagraj (U.P.)–211003

**Editor in Chief**
Prof. (Dr.) Ratan Kumari Verma
Jagat Tarn Girl's Degree College, Prayagraj
Mob.: 9415050933
Email : ratankmverma@jtgdc.ac.in

# जर्नल के विषय में

## ''शोध गरिमा'' जर्नल प्रकाशित करने का उद्देश्य

प्रत्येक काल में शोध पत्र-पत्रिकाओं का समाज हित में अपना अमूल्य योगदान रहा है। वर्तमान समय में भी बहुत-सी शोध पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशित हो रही हैं। इसी शृंखला में 'शोध गरिमा' जर्नल प्रकाशित किये जाने का विनम्र प्रयास है।

यह शोध जर्नल अन्य शोध जर्नल से इस मामले में भिन्न होगा कि इसमें उन विषयों को शोध का केन्द्र बिन्दु बनाया जायेगा, जो विषय अभी तक अध्ययन का मुख्य विषय नहीं बन पाये हैं, अपितु बनने की दिशा में प्रयासरत हैं। जिसमें विशेष रूप से दलित, शोषित, वंचित, अल्पसंख्यक, आदिवासी, किन्नर, समाज के हाशिये पर पड़ा कोई वर्ग, व्यक्ति, पिछड़ा वर्ग, सामान्य निर्धन वर्ग, किसान, केवट, मछुआरा, श्रमिक, महिला वर्ग इत्यादि के विषय में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, यथार्थवादी दृष्टिकोण से अध्ययन, विश्लेषण, नये-से-नये तथ्यों का अन्वेषण, उनके आधार पर समाज की मुख्य धारा में मुख्य स्थान दिलाने का प्रयास है। इन सभी बिन्दुओं से जुड़े हुए विभिन्न विषय के विद्वानों, शोधार्थियों के शोध-अभिलेखों को प्रकाशित कर अकादमिक जगत् में योगदान करना है। इसके माध्यम से विद्वानों को अपना शोध-आलेख प्रकाशित करवाने में सुविधा होगी। 'शोध गरिमा' जर्नल को ऐसे नवीन अन्वेषण से युक्त शोध-आलेख को प्रकाशित कर अपना योगदान करने में गर्व की अनुभूति होगी। हम भी संवेदना के संवाहक बन सकेंगे और मानवता के कल्याण में हमारा भी योगदान हो सकेगा।

**मुख्य सम्पादक**

- The persons holding the posts of the Journal are not paid any salary or remunaration. The Journal's work is purely academic, non political, posts of Journal are honorary.
- The Journal will be regularly indexed and four issues will be released every year in Vol.-1 (January to March), Vol.-2 (Apr. to June), Vol.-3 (July to Sept.), Vol.-4 (Oct. to Dec.)

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक : सुशील कुमार कुशवाहा द्वारा 'शोध-गरिमा', जी.एच. पब्लिकेशन, 121 शहराराबाग, प्रयागराज से प्रकाशित एवं युनिवर्सल ग्राफिक्स, 6बी/4बी/9ए, बेलीरोड, न्यू कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
(Ph.) 0532-2563028, (M) 9532481205, E-mail : shodhgarima@gmail.com, website : www.shodhgarima.com

जर्नल में प्रस्तुत विचार और तथ्य लेखक का है, जिसके विषय में प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक मंडल सहमत हो, आवश्यक नहीं। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज रहेगा।

**G.H. PUBLICATION**
121, Shahrarabag, Prayagraj-211 003

## ADVISORY BOARD


- Dr. Damodar Khadse
  *Sahitya Akademi Purskarit, Hindi, MGIHU, Vardha*
- Prof. Sadanand Shahi
  *HOD* (Hindi), BHU, Varanasi
- Prof. Anita Gopesh
  *Zoology, Allahabad University, Prayagraj, U.P.*
- Prof. S.P. Shukla
  *Hindi, Allahabad University, Prayagraj, U.P.*
- Dr. Dhananjay Chopra
  *Course-co-ordinator Media Study Centre, Allahabad University, Prayagraj, U.P.*
- Prof. Ram Gopal Singh
  *Hindi, Gujarat Vidyapeeth, Ahmedabad, Gujarat*
- Prof. Dayashankar
  *Hindi, Sardar Patel University, Vallabh Vidyanagar, Anand, Gujarat*
- Dr. S.B. Pateel
  *Principal, Arts and Commerce College, Akkalkuwa, Maharashtra*
- Dr. Sanjay Tiwari
  *Principal, Navyug Arts and Commerce College, Rani Durgawati Vishwavidyalaya, Jabalpur, M.P.*
- Prof. Manju Sharma
  *Hindi, Delhi University, Delhi*
- Prof. Sandeep Kumar Singh
  *Dean School of Arts, Humanitiesa and Social Science, CSJM University, Kanpur, U.P.*
- Dr. Santosh Khanna
  *Chief Editior, Mahila Vidhi Bharti Journal, Delhi*
- Dr. Monika Devi
  *State Planning Institute Lucknow, U.P.*
- Prof. (Dr.) Sunil Kumar
  *H.O.D. (Hindi & Bhasha-Sankay), Guru Nanak Dev University, Amritsar (P.B.)*

## SUB-EDITORS BOARD

- Dr. Shamenaz Bano
  English, *R.T.D.C., Prayagraj*
- Dr. Kulwant Singh
  *Senior Scientist, Bhabha Parmanu Anusandhan Kendra, Tromby, Mumbai*
- Dr. Manish Vaghela
  *Hindi, Dr. VRGM College, Porbandar, Bhakt Kavi Narshingh Mehta University, Junagarh, Gujarat*
- Dr. Amar Kant Kumar
  *HOD Hindi, MLSM College, Darbhanga, Bihar*
- Dr. Amit Kumar Dubey
  *Principal, Shri RST College of Education, Magadh University, Bodhgaya, Bihar*
- Prof. D.B. Singh
  *Physics, Dr. Shakuntla Mishra National Rehabilitation University, Lucknow, U.P.*
- Dr. Keerti Kumar Singh
  *History, M.G. College, Lucknow University, Lucknow, U.P.*
- Dr. Ramakant
  *History, Allahabad University, Prayagraj, U.P.*
- Prof. Arvind Kumar Verma
  *Sociology, R.G.P.G. College, Akbarpur, Dr. RML Awadh University, Ayodhya, U.P.*
- Prof. Dhruv Bhushan Singh
  *SHSGPG College Chandauli, MGKVP, Varanasi, U.P.*
- Dr. Vineeta Singh
  *Principal, Ganga Memorial Girl's PG College, Dr. RML Awadh University, Ayodhya, U.P.*
- Prof. Vishwanath Verma
  *History, HPG College, MGKVP, Varanasi, U.P.*

# Peer-Reviewed Board


- Dr. Chunduri Kameshwari
  Hindi, *Bhavan's Vivekananda College Sainikpuri Secunderabad, Telangana, Ormanice University, Hyderabad*
- Dr. Alka Yadav
  Hindi, *PNS College, Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya, Bilaspur, Chhattisgarh*
- Dr. Mukti Sharma
  Hindi, *Mattan Degree College, Kashmir University, Jammu & Kashmir*
- Dr. Sangeeta Kumari Pasi
  Hindi, *Caton University, Paan Bazar, Guwahati, Assam*
- Dr. Neeta Agrawal
  Writer, *Nohal, Hanumangarh, Rajasthan*
- Dr. Smriti Anand
  Hindi, *J.D. Womens College, Pataliputra University, Patna, Bihar*
- Dr. Vishwamauli
  Hindi, *B.H.U., Varanasi, U.P.*
- Dr. Sanghsen Singh
  Political Science, *SPM P.G. College, Allahabad University, Prayagraj, U.P.*
- Dr. Rakesh Singh
  Geography, *CSNPG College Hardoi, Lucknow University, U.P.*
- Dr. Sarvesh Kumar Singh
  Economics, *G.G.D.C., Sewapuri, MGKVP, Varanasi, U.P.*
- Dr. Vikash Chand Verma
  Hindi, *TNPG College Tanda, Ambedkar Nagar, Dr. RML University Ayodhya, U.P.*
- Mr. Santosh Kumar
  English, *BNKB, P.G. College Akbarpur, Ambedkar Nagar, Dr. RML University, Ayodhya, U.P.*
- Dr. Shivam Singh
  English, *TNPG College Tanda, Ambedkar Nagar, Dr. RML University Ayodhya, U.P.*
- Dr. Sandeep Kumar Verma
  Psychology, *KS Saket PG College, Dr. RML University Ayodhya, U.P.*
- Dr. Gopal Krishna Singh
  Mathematics, *UPRTOU, Prayagraj, U.P.*
- Dr. Arvind Kumar Yadav
  Hindi, *Jammu Central University, Jammu & Kashmir*
- Dr. Asha Rani
  Hindi, *Rani Durgawati Vishwavidyalaya, Jabalpur, M.P.*

- Dr. Amanpreet Kaur Kang
  Music (Vocal), *G.G.S. Khalsa College for Women Jhar Sahib Ludhiyana, Punjab University, Chandigarh*
- Dr. Anita Singh
  Hindi, *Pondicherry University, Punducherry*
- Dr. Sainaba Gldar
  Hindi, *Jawahar Lal Nehru Rajkeeya Mahvidyalaya, Portbliar, Andman and Nicobar Islands*

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सत्यमेव जयते

**असाधारण**
**EXTRAORDINARY**
**भाग III - खण्ड 4**
**PART III – Section 4**
**प्राधिकार से प्रकाशित**
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

**सं. 271] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 18, 2018/आषाढ़ 27, 1940**
**No. 271] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 18, 2018/ASHADHA 27, 1940**

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
## अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 जुलाई, 2018

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रखरखाव हेतु अन्य उपाय ) संबंधी विनियम, 2018**



**Table 2**

**Methodology for University and College Teachers for calculating Academic/Research Score**

(Assessment must be based on eivdence produced by the teacher such as : copy of publications, project sanction letter, utilization and completion certificatesa issued by the University and acknowledge for patent filing and approval letters, students' Ph.D. award letter, etc.)

| S. N. | Academic/Research Activity | Faculty of Science Engineering/Agriculture/ Medical/Veterinary Sciences | Faculty of Languages/ Humanities/Arts/Social Sciences/Library/Education/ Physical Education/Commerce/ Management & other related disciplines |
|---|---|---|---|
| 1. | **Research Papers in Peer-Reviewed or UGC listed Journals** | 08 per paper | 10 per paper |
| 2. | **Publication (other than research Papers)** | | |
| | **(a) Books authored which are published by :** | | |
| | International publishers | 12 | 12 |
| | National publishers | 10 | 10 |
| | Chapter in Edited Book | 05 | 05 |
| | Editor of Book by International Publisher | 10 | 10 |
| | Editor of Book by National Publisher | 8 | 8 |

© ***Publishers***

| | | |
|---|---|---|
| Registration Fee | : | **Rs. 1500.00** |
| Single Copy (Individual) | : | **Rs. 250.00** |
| Annual Subscription (4 Issues) | : | **Rs. 1000.00** |
| Life Time Member Fee (Individual) | : | **Rs. 5000.00** |
| Life Time Member Fee (Institution) | : | **Rs. 7000.00** |

***Mode of Payment :***

DD/Cheque/Cash should be sent in favour of :

**G.H. Publication**

**State Bank of India**
Bahadurganj, Prayagraj-3
A/c. 42202333697
IFSC : SBIN 0050274

Or

**Phone Pay (M.) 9532481205**
**Sushil Kumar Kushwaha**
Union Bank of India
A/c. 394302010996632
IFSC : UBIN 0530271

(1) आप दोनों में से किसी पर भी शुल्क का भुगतान करने के बाद उसका स्क्रीन शॉर्ट मोबाइल नं.: 9532481205 पर अवश्य भेजें, जिससे आपके शुल्क भुगतान का सत्यापन हो सके।
(2) किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी हेतु आप मो.: 9532481205 पर सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

**Please Research Paper will be sent in our**
**E-mail : shodhgarima@gmail.com**
**&**
**Our Watsapp No.: 9532481205**

**अप्रकाशित मौलिक शोध-पत्र, शोध-प्रबन्ध, पुस्तक-समीक्षा एवं पुस्तकों के प्रकाशन हेतु सम्पर्क करें–**

# जी.एच. पब्लिकेशन

121, शहराराबाग, प्रयागराज-211003 (उ.प्र.)

दूरभाष : 0532-2563028 मो.: 9532481205

E-mail : ghpublication@gmail.com

# अनुक्रम


| | | |
|---|---|---|
| 1. | **राहुल सांकृत्यायन की प्रासंगिकता**<br>प्रो. शिवप्रसाद शुक्ल | **13-21** |
| 2. | **Relationship of socioeconomic status and lifestyle in college going female Players**<br>Dr. Dheeraj Kumar | **22-24** |
| 3. | **FOLIAGE DAMAGE, FROM THE PADDY CROP FIELD BY *DICLADISPA ARMIGERA***<br>**Nalini Yadav & Dr. Suhail Ahmad Chadoo** | **25-29** |
| 4. | **भारतीय ज्ञान परम्परा और शिक्षा**<br>डॉ. आनन्द राम पैकरा | **30-24** |
| 5. | **राजा मुचकुन्द के द्वारा भगवान की स्तुतियों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन**<br>डॉ. आनन्द राम पैकरा | **35-44** |
| 6. | **एकात्म मानव दर्शन का युगबोध**<br>डॉ. पवन कुमार पाठक | **45-49** |
| 7. | **रामदरश मिश्र के साहित्य में स्त्री चित्रण**<br>डॉ. सुषमा देवी | **50-53** |
| 8. | **पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश की गालो जनजाति के कथात्मक के रूप में काबेन-काबनाम**<br>गुम्पी डूसो | **54-58** |
| 9. | **Gamification : incorporating gaming elements in learning**<br>Dr. Neeta Sahu | **59-63** |
| 10. | **माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों ( नैतिक मूल्यों ) का उनके शैक्षिक उपलब्धियों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन**<br>अमरदेव वर्मा एवं डॉ. शालिनी त्यागी | **64-68** |
| 11. | **21वीं सदी के भारतीय शासन प्रणाली में समावेशी लोकतन्त्र का वैचारिक आयाम एवं व्यावहारिक प्रयोग का अध्ययन**<br>आस्था साहू | **69-77** |
| 12. | **हिन्दी की सामासिक संस्कृति और आधुनिक हिन्दी साहित्य की पूर्वपीठिका**<br>(आदिकालीन, मध्यकालीन व रीतिकालीन हिन्दी साहित्य के विशेष सन्दर्भ में)<br>अनिरुद्ध सिंह | **78-83** |

| | | |
|---|---|---|
| **13.** | **जलवायु परिवर्तन का तात्पर्य, चुनौतियाँ और समाधान**<br>डॉ. श्रुति पाण्डेय | **84-87** |
| **14.** | **महावीरचरितम् नाटक में श्रीराम का स्वरूप**<br>डॉ. प्रद्युम्न सिंह | **88-89** |
| **15.** | **दलित लेखन को नयी दिशा दिखाती मुर्दहिया और मणिकर्णिका**<br>विजयता दुबे | **90-96** |
| **16.** | **Problems and Challengesa Related to Agriculture and Agricultural Labourers in Uttar Pradesh**<br>Asha Pasi & Dr. Ved Prakash Mishra | **97-101** |
| **17.** | **चित्रा मुद्गल के कथा साहित्य में स्त्री मनोविज्ञान**<br>प्रीति सिंह | **102-106** |
| **18.** | **हिन्दी कहानियों में चित्रित स्त्री जीवन की सांध्य-बेला ( वृद्ध-विमर्श )**<br>डॉ. अनिता सिंह | **107-112** |
| **19.** | **राष्ट्र की प्रगति में शिक्षक के कार्य**<br>डॉ. शशि पाठक | **113-117** |
| **20.** | **भारतीय सामाजिक मूल्यों की प्रतिस्थापना में कबीर की भूमिका**<br>रोहित कुमार | **118-123** |
| **21.** | **सामाजिक अनुसंधान में अपेक्षित नीति : सम्भावनाएँ एवं सीमाएँ**<br>आयुषी मौर्या एवं प्रो. रवि कुमार मिश्र | **124-130** |
| **22.** | **समाजशास्त्रीय अनुसंधान में नैतिकता के विविध आयाम**<br>डॉ. अरविन्द कुमर मिश्र | **131-137** |
| **23.** | **Reimagining Democracy: Social Movements as Catalysts for Societal Change – A Sociological Study**<br>Dr. Dhananjay Kumar Kushwaha | **138-143** |
| **24.** | **हड़प्पा एवं गंगाघाटी सम्बन्ध**<br>(पुरातात्विक उत्खनन से प्राप्त पशु अस्थियों के विशेष सन्दर्भ में)<br>डॉ. दीपशिखा पाण्डेय | **144-149** |
| **25.** | **निराला की ''राम की शक्ति-पूजा'' में स्वाधीनता के स्वर**<br>डॉ. विकास चन्द वर्मा | **150-154** |
| **26.** | **संत कबीर के काव्य दर्शन की कालजयिता**<br>डॉ. मो. मजीद मियाँ | **155-159** |

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# राहुल सांकृत्यायन की प्रासंगिकता

□ डॉ. शिवप्रसाद शुक्ल*

## शोध-सारांश

*9 अप्रैल, 1893 में जन्में राहुल सांकृत्यायन बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे सनातन, आर्य–सामज, मार्क्स एवं बौद्ध धर्म में गोते लगाते रहे। पारिवारिक जीवन अस्त–व्यस्त रहा। तीन विवाहों और दो बच्चों की जानकारी उपलब्ध है। तिब्बत की दुर्गम यात्रा करके तमाम बौद्ध–ग्रन्थों का संयोजन एवं सम्पादन किया। किसान आन्दोलन में सक्रिय भाग लेते हुए जेल भी गये। राष्ट्रीय स्वाधीनता आन्दोलन के साथ कई भाषाओं के पण्डित राहुल जी राष्ट्र के साथ विश्व–समर्पित थे। देशी–विदेशी भाषाओं को सीखने के साथ उनका व्याकरण और साहित्य भी तैयार किया है। उनके समग्र साहित्य में विश्व–बन्धुत्व की अनुगूँज सुनाई एवं पढ़ी–देखी जा सकती है। राहुल महात्मा गाँधी को पूँजीपतियों का एजेण्ट कहते थे। ट्रस्टीशिप सिद्धान्त निगमिक पूँजीपतियों के लिए वरदान, तो गरीबों के लिए आत्म–हत्या का केन्द्र बिन्दु है। राहुल आद्यन्त विचारधारा एवं धर्म बदल कर विसंगतियों को दूर करना चाहते थे।*

***बीज शब्द***–*नवजागरण, स्वाधीनता, विश्व–बन्धुत्व, रूढ़िवाद वाह्याडम्बर, आन्दोलन, सिद्धान्त, फलक।*

नवजागरण, स्वाधीनता आंदोलन एवं दो विश्वयुद्धों की उपज राहुल का वैश्विक दर्शन है, जहाँ लोग भौगोलिकता, नस्लता के आधार पर विश्व में घृणा फैला रहे थे, वहीं राहुल लोगों को विश्वबंधुत्व का पाठ पढ़ा रहे थे। मध्यदेश या उत्तर प्रदेश में जन्में रूढ़िवादी समाज के बाह्याडंबरों को ठेंगा दिखाते हुए विश्वभ्रमण की कोशिश के माध्यम से वैश्विक मानवीय ज्ञान को अर्जित करते हुए कई भाषाओं के साहित्य, दर्शन, कोश, धर्म, जाति का वृहद् अध्ययन किया। इसीलिए उनकी यायावरी वृत्ति के चलते लेखन की सच्चाई साफ परिलक्षित होती है। भले ही विश्वबंधुत्व का तमगा हिंदुस्तान के चेहरे पर मढ़ा जाता रहा हो लेकिन यहाँ की संकीर्णतावादी मानसिकता आज भी दिखाई देती है। राहुल जी एक ऐसे समाज में जन्म लिए जहाँ उनको कई मुसीबतों का सामना करना पड़ा, लेकिन वे आद्यंत घबड़ाए नहीं और विश्वमानवता के फलक को साकार करने के लिए समग्र जीवन खपा

* आराजी संख्या 18, चक तेजऊ दीक्षित, गंगापुरम्, नैनी, प्रयागराज–211008, मो.: 9409214619, 7016394609
ईमेल : shukla.shiv67@gmail.com

दिया। 9 अप्रैल, 1883 ई० में ग्राम–पंदहा, आजमगढ़ उत्तर प्रदेश ननिहाल में जन्म कुलवंती माँ, पिता गोवर्धन पाण्डेय धार्मिक विचारों के गरीब किसान के यहाँ हुआ। माँ 28 वर्ष एवं पिता 45 वर्ष में स्वर्ग सिधार गए तो स्वाभाविक है, कि केदार पांडेय उर्फ राहुल सांकृत्यायन का लालन–पालन नानी ही करेंगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1885 में स्थापित किया जाना, राहुल का 1898 ईस्वी में मदरसे में नाम लिखवाया गया जहाँ उर्दू सीखी। संगी–साथी सैयद शिया मुस्लिम एवं रानीसराय लोअर प्राथमिक विद्यालय में छात्रों को पूरी तरह पीटने वाले मास्टर बाबू पत्तर सिंह की स्मृति आद्यंत बनी रही। उनके चार भाई एवं एक बहन थी। बचपन में शादी होने से पहली पत्नी को कभी नहीं देखा। नौ वर्ष में घर छोड़कर बनारस आना, यायावरी करते हुए कलकत्ता जाना, 1909 में गाँव लौटना, कलकत्ता फिर जाना, नशीली मिठाई खाकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती होना। बंगाल विभाजन, शिवशम्भू के चिट्ठे, 1911 में बंगाल के विलय को देखते हुए 1912–13 में परसा मठ में साधु और संभावित मठाधीशी को ठुकराते हुए 1913–14 में दक्षिण भारत की यात्रा, 1922 में बक्सर की जेल में 6 माह, जिला कांग्रेस सचिव, 1923–25 में हजारीबाग जेल में रहते हुए '22वीं सदी' लिखा 1927–28 में श्रीलंका में संस्कृत अध्यापक, बौद्ध साहित्य का अध्ययन, 1929–30 में तिब्बत में सवा वर्ष, 1932–33 में इंग्लैंड यूरोप की यात्रा, 1934 में तिब्बत की दूसरी यात्रा, 1935 में जापान, कोरिया, मंचूरिया, सोवियत रूस, ईरान की यात्रा के साथ 1936 में तिब्बत की तीसरी यात्रा, 1937 में सोवियत रूस की दूसरी यात्रा, 1938 तिब्बत की चौथी यात्रा, पुत्र ईगोर का जन्म, 1939 अमरावती में किसान सत्याग्रह एवं जेल, 1940–42, हजारीबाग जेल एवं देवली बंदी कैंप में, 1943 में गाँव वापस आना, पहली पत्नी मिलने आई, उत्तराखंड की यात्रा, 1944–47 में सोवियत रूस में लेनिनग्राद में प्रोफेसर, 1947–48 में हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के मुंबई अधिवेशन के अध्यक्ष, 1950 में मसूरी में मकान खरीदा और बाद में बेच दिया, 1953 में पुत्री जया का जन्म, 1955 पुत्र जेता का जन्म, 1958 में चीन के गणवादी जनतंत्र में साढे चार मास, 1959–61 में श्रीलंका में दर्शन के प्रोफेसर, दिसंबर 1961 में स्मृतिनाश, 1962–63 में सोवियत रूस में 7 महीने इलाज एवं 14 अप्रैल 1963 को मृत्यु हुई। लेनिनग्राद में 17 नवंबर, 1937 से 13 जनवरी, 1938 के बीच भारतीय तिब्बती विभाग के सचिव लोला संस्कृत तिब्बती कोश में राहुल से मैत्री, उनसे ही ईगोर ( जिसका नाम वह अग्नि रूसी ओगोन ) नामक पुत्र 5 सितंबर, 1938 में हुआ, लोला एवं ईगोर को हिंदी नहीं आती, दोनों के पास राहुल की एक भी पुस्तक नहीं और वे दोनों भारत कभी नहीं आए। 1940–42 में मोतिहारी किसान सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए पकड़े गए हजारीबाग एवं देवली जेल में डाल दिए गए, उसी समय यूनानी, इस्लामी, यूरोपीय, भारतीय विचारधाराओं का विश्लेषणात्मक परिचय और मार्क्सवादी दृष्टि से समीक्षा करने वाला ग्रंथ 'दर्शन दिग्दर्शन' में 3000 वर्षों के दार्शनिक ऊहापोह का बुद्धिवादी–मानवतावादी दृष्टिकोण से किया गया एक विराट् सर्वाग्रही ऐतिहासिक प्रयत्न में हेगेल, राजा राममोहन राय, मार्क्सवादी, दयानंद, डेकार्ट, स्पिनोजा, लाक, बर्कले, वाल्टर ह्यूम, रूसो, कांट, फिक्टे, शेलिंग, शौपेन हाउर, फ्यूएरबाख, स्पेंसर, एंजल्स, माख, विलियम जेम्स, नीत्शे, ब्रैडले बर्गसॉ, व्हाइटहेट, लेनिन रसेल के घाल–मेल जखीरे को देख सकते हैं। अनेक संस्कृत, पालि, अरबी, फारसी ग्रंथों के साथ–साथ तीन भारतीय दार्शनिकों एस एन दास गुप्ता, राधाकृष्णन्, एस. सी. विद्याभूषण के साथ ही मार्क्स, एंजेल्स, फ्यूरबाख और श्चेर्बास्की के पाँच ग्रंथों का ही समावेश किया है।

उनके रचना संसार की विविधता उनके नौ उपन्यासों बाईसवीं सदी 1923, जीने के लिए 1940,

सिंह सेनापति 1944, जय यौधेय 1944, भागो नहीं, दुनिया को बदलो 1944, मधुर स्वप्न 1949, राजस्थानी रनिवास 1953, विस्मृत यात्री 1954, दिवोदास1960, चार कहानी संग्रह, सतमी के बच्चे 1935, वोल्गा से गंगा 1944, बहुरंगी मधुपुरी 1953, कनैला की कथा 1955–56; आत्मकथा–मेरी जीवन यात्रा (पाँच खंडों में) पहला खंड 1944 एवं दूसरा खंड 1950 तथा तीन खंड मरणोपरांत प्रकाशित हुए। उन्होंने लोगों की जीवनियाँ–सरदार पृथ्वी सिंह 1955, नए भारत के नए नेता 1942 (दो खंड), बचपन की स्मृतियाँ 1953, अतीत से वर्तमान (खंड एक) 1953, स्टालिन 1954, लेनिन 1954, कार्ल मार्क्स 1954, माओ–दृत्से–दृतुंग 1954, घुमक्कड़ स्वामी 1956, मेरे असहयोग के साथी 1956, जिनका मैं कृतज्ञ हूँ 1956; वीर चंद्र सिंह गढ़वाली 1956, सिंगल घुमक्कड़ जयवर्धन 1960, कप्तान लाल 1961, सिंघल के वीर पुरुष 1961, महामानव बुद्ध 1956, यात्रा वृतांत में मेरी लद्दाख यात्रा 1926, लंका 1926–27, मेरी यूरोप यात्रा 1932, मेरी तिब्बत यात्रा 1937, यात्रा के पन्ने 1934 से 36, जापान 1935, ईरान 1935–36, रूस में पच्चीस मास 1944–47, किन्नर देश 1948, तिब्बत में सवा वर्ष 1931, घुमक्कड़ शास्त्र 1949, एशिया के दुर्गम भूखंडों में 1956, चीन में क्या देखा? 1960, निबंधों में साहित्य निबंधावली 1949, पुरातत्त्व निबंधावली 1936, दिमागी गुलामी 1937, तुम्हारी क्षय 1937, आज की समस्याएँ 1944, साम्यवाद ही क्यों? 1934, अतीत से वर्तमान (खंड 2) 1953, भोजपुरी में तीन नाटक; पाँच नाटक 1942, तिब्बती में तिब्बती बाल शिक्षा 1933, पाठावली (भाग एक, दो, तीन) 1933, तिब्बती व्याकरण 1933, उनके वैश्विक ग्राम के व्यक्तित्व के साथ भाषिक संरचना का जीवंत वातावरण राहुल की प्रासंगिकता ही सिद्ध करते हैं।

उन्होंने कई साहित्येतर कृतियों–विज्ञान में विश्व की रूपरेखा 1942, समाज विज्ञान में मानव समाज 1942, राजनीति पर सोवियत न्याय 1939, राहुल जी का अपराध 1939, कम्युनिस्ट क्या चाहते हैं? 1953, क्या करें? 1937, चीन में कम्यून 1960, सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी का इतिहास 1939, रामराज्य और मार्क्सवाद, दर्शन पर वैज्ञानिक भौतिकवाद 1942, दर्शन–दिग्दर्शन 1942, बौद्ध दर्शन 1942, धर्म पर बुद्धचर्या 1930, धम्म 1933, मज्झिम निकाय 1933, विनय पिटक 1934, दीघ निकाय 1935, तिब्बत में बौद्ध धर्म 1935, बौद्ध संस्कृति, इस्लाम धर्म की रूपरेखा 1923, यात्रा पर सोवियत भूमि, सोवियत मध्य एशिया, दार्जिलिंग परिचय 1950, कुमायूँ 1951, गढ़वाल 1952, जौनसार–देहरादून 1955, आजमगढ़ की पुरा कथा, हिमाचल प्रदेश 1955, नेपाल 1953, कोश और शब्दावली पर शासन शब्दकोश 1948, तिब्बती हिंदी–कोश भाग 1, साहित्येतिहास पर हिंदी काव्य धारा (अपभ्रंश) 1944, दक्खिनी काव्य धारा 1952, लोक साहित्य पर आदि हिंदी की कहानियाँ और गीतें 1950, शोध पर सरहपाद का दोहा–कोश 1954, इतिहास पर मध्य एशिया का इतिहास (खंड एक एवं दो) 1952, ऋग्वैदिक आर्य 1956, अकबर 1956, भारत में अंग्रेजी राज्य के संस्थापक 1957, पालि साहित्य का इतिहास, संकलन पर तुलसी रामायण संक्षिप्त 1957, सूत्र–कृतांग (संपादित) संस्कृत, संस्कृत काव्य धारा 1955, पालि काव्य धारा, अनुवाद पर शैतान की आँख 1923, विस्मृति के गर्भ में 1923, जादू का मुल्क 1923, सोने की ढाल 1923, दाखुंदा 1947, जो दास थे 1947, अनाथ 1948, संविधान का मसौदा 1948, अदीना 1951, सूदखोर की मौत 1951, शादी 1952 के अलावा संस्कृत पाठ माला (पाँच खंड) 1928, अभिधर्म कोश 1930, विज्ञप्ति मात्रता सिद्ध 1934, हेतु बिंदु 1944, संबंध परीक्षा 1944, निदान–सूत्र (परीक्षा) 1951, महापरिनिर्वाण सूत्र 1951, वाद न्याय, प्रमाण वार्तिक 1935, प्रमाण वार्तिक भाष्य 1935–36, प्रमाण वार्तिक वृत्त 1936, प्रमाण वार्तिक स्व–वृत्ति 1936, प्रमाण–वार्तिक स्व–वृत्ति टीका 1937, अध्याय शतक 1935, विग्रह

व्यवर्तिनी, विनय सूत्र 1943 आदि के माध्यम से भौगोलिक, भाषिक, सामाजिक, सांस्कृतिक समरसताओं को देख, पढ़, सकते हैं।

उन्होंने संस्कृत, अरबी, पाली, हिंदी, अपभ्रंश, हिंदी बोलियों के साथ विदेशी भाषाओं को सीखा। 'कल्पने तू नित्य भटका कर, सुख नहीं घर में, अटकाकर' के नारे से घुमक्कड़ शास्त्र को व्यावहारिक आयाम प्रदान करते हुए घुमक्कड़ राज नरेंद्र यश या घुमक्कड़ भट्ट दिवाकर या महा पर्यटक किंथुप या पर्यटक नैन सिंह, फक्कड़ बाबा को रेखांकित किया है। उनको यात्री, स्वामी, भिक्षु, भदंत, महंत, परिव्राजक, ब्रह्मचारी, बाबा आदि नाम से लोग पुकारना पसंद करते हैं।' अतीत से वर्तमान 'और 'जिनका मैं कृतज्ञ हूँ' नामक दो पुस्तकों में साधु, विद्वान, हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और नास्तिक रूप भी देखने को मिलता है। आचार्य नरेंद्र देव के बारे में लिखते हैं : "नरेंद्र देव जी बुद्धिवादी थे और आखिर तक बुद्धिवादी रहे।..... चोंच पंथ के पैगंबर आचार्य जी थे, लेकिन इस पंथ में पैगंबर और अनुयायियों में 100–50 गज तो दूर 2 इंच का भी अंतर नहीं था।...........आचार्य नरेंद्र देव विद्वान, गंभीर चिंतक, विनोदी होने के साथ–साथ आदर्शवादी थे।..........हमेशा मार्क्सवादी समाजवादी रहे। इसमें हम दोनों एकमत थे। यद्यपि मुझे कम्युनिज्म ने आकृष्ट किया और वह सोशलिस्ट थे। दोनों पार्टियों के संबंध अच्छे नहीं रहे, तो भी हमारे वैयक्तिक संबंध में कोई अंतर नहीं आया।... नमक सत्याग्रह के समय मैं काशी विद्यापीठ में था। सलाह हुई, कि मार्क्स की 'कम्युनिस्ट घोषणा' का हिंदी में अनुवाद किया जाए। दोनों ने मिलकर अनुवाद किया। उसके कुछ फॉर्म प्रेमचंद जी के प्रेस में छपे भी........."[1]

"मैंने पहले–पहल महमूद को देवली कैंप जेल में देखा था।.......लेखनी में शक्ति थी, पर उसका भी उपयोग वह बड़े संयम से करते थे..... देवली कैंप में रहते पुस्तक लिखने के लिए मुझे कुछ ऐसी पुस्तकों की आवश्यकता थी, जो हमारे बड़े–बड़े पुस्तकालयों में भी दुर्लभ थी। महमूद उन्हें पढ़ चुके थे और उन्होंने पुस्तकें मेरे पास भेजी। महमूद अत्यंत मधुर थे।........वह कम्युनिस्ट थे, कम्युनिस्ट का जैसा रूखा–सूखा चित्र लोगों के सामने रखा जाता है, उसे देखकर कोई विश्वास भी न करता कि कम्युनिस्ट ऐसा हो सकता है। ........कितने ही समय तक वह पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्राइवेट सेक्रेटरी रहे। मान–सम्मान, प्रभुता–वैभव उनको अपनी तरफ खींच नहीं सकते थे। जहाँ अपने आदर्श और सिद्धांत का सवाल आता वहाँ पर जरा भी झुकने के लिए तैयार न थे।"[2]

राहुल जी ने लिखा है : "अलेक्सी पेत्रोबिच बरान्निकोव को भारत के लोग उतना नहीं जानते, जितना की जानना चाहिए। लल्लू लाल जी के 'प्रेम सागर' और तुलसी के 'रामचरितमानस' का उन्होंने रूसी में बहुत ही सुंदर अनुवाद किया है। तुलसीकृत रामायण के अनुवाद करने में केवल अपनी विद्वता का ही नहीं बल्कि श्रद्धा का भी उन्होंने खूब परिचय दिया है। उन्होंने तुलसी के अमर काव्य को पद्यबद्ध करते हुए यह भी कोशिश की कि चौपाई, दोहा और दूसरे पद उतने ही अक्षरों वाले रूसी छंदों में अनुवादित किये जाएँ। जिस समय पुस्तक प्रेस में थी और उसके लिए चित्रों का चुनाव हो रहा था, उस समय इन पंक्तियों का लेखक भी लेनिनग्राद में था, और अनेक बार चित्रों और दूसरी बातों के संबंध में हमारी बातें होती थीं। अभी उस समय भारत के साथ रूस का राजनीतिक संबंध स्थापित नहीं हुआ था, इस कारण हमारे यहाँ से उनको उतनी सहायता भी नहीं मिल सकती थी। जब एक–दो रामायण की पुरानी सचित्र प्रतियों के बारे में मालूम हुआ, तो बरान्निकोव ने बहुत कोशिश की कि रूसी अनुवाद में वही चित्र दिए जायँ। काशी नागरी प्रचारिणी सभा ने इसके बारे में उनकी सहायता की थी, जिसके लिए बहुत कृतज्ञ थे। वे बड़े भाषाविद् थे। उन्होंने मुझे बताया

कि सिगान (जिप्सी ) रोमनी–डोमनी भाषा बोलते थे और वह भारत आए थे।"[3]

राहुल की विश्व बंधुत्व भावना काफी विराट थी। वे नेपाली महाकवि देवकोटा के बारे में लिखते हैं कि, "जनवरी, 1953 में मैं (राहुल) पाँचवीं बार नेपाल गया और मेरा स्वागत करते हुए 'विदेशी अतिथि' शब्द प्रयुक्त किया। मैं उसे एक विदेशी नहीं मान सकता। उसी हिमाचल के वरपुत्र हमारे पंत हैं, जिसके दूसरे श्रेष्ठ पुत्र महाकवि लक्ष्मी प्रसाद देवकोटा हैं। महाकवि देवकोटा में हम नेपाली के 'पंत–प्रसाद–निराला' को पूर्ण रूप से पाते हैं। 'निराला' के कुछ और गुण भी उनमें मौजूद हैं, यद्यपि उतनी मात्रा में नहीं। असाधारण प्रतिभा कभी–कभी पागलपन की सीमा रेखा को मिटाती दीख पड़ती है वही बात देवकोटा के बारे में भी है। उन्होंने नेपाली और अंग्रेजी में सब मिलाकर, आज 44 वर्ष की आयु में 80 पुस्तक लिखी, जिनमें से 26 खो गई या फाड़ डाली। 1934 में उनकी 'गरीब' नामक पहली कविता प्रकाशित हुई। उसी वर्ष उन्होंने 'मुन्नामदन' ग्राम खंडकाव्य लिखा। इस खंडकाव्य में प्रकाशित दृश्यों का और नायक की तिब्बत यात्रा का सुंदर वर्णन है। उन्होंने कविताएँ, कहानियाँ, नाटक, निबंध लिखे। वे भाषा के जादूगर हैं। अपनी भाषा को उन्होंने कई नए शब्दों से समृद्ध किया।"[4]

राहुल के श्रीमुख एवं लेखनी से यह पता चला कि, "यात्री लोग यात्रा के बारे में पूछा ही करते हैं और हर यात्री श्रोताओं की जिज्ञासा पूरी करने के लिए कुछ कहता भी है। 1915 में मैं आगरे में था। वहाँ मैं उपदेशक बनने गया था .......वहाँ से एक उर्दू अखबार निकलता था, उसी में खंडन–मंडन के रूप में आर्य समाज ढंग का कोई लेख पहले–पहल मुझे लिखने के लिए कहा गया। 1915 ईस्वी में ही मैंने पहला हिंदी लेख जो कि आधा कहानी और आधा यात्रा के रूप में था, अधिकतर यात्रा वर्णन जैसा ही। 37 वर्ष हो गए, उसके बाद मैं फिर उस लेख को नहीं देख पाया। ......1921 ईस्वी में असहयोग आंदोलन में तथा राजनीतिक क्षेत्र में मैं काम करने लगा। 1921 के अंत में सजा हुई और 6 महीने के लिए जेल चला गया। 1918–19 में रूसी क्रांति की जो खबरें निकलतीं, उनमें कल्पना का नमक–मिर्च लगाकर मैंने अपने मन में एक साम्यवादी दुनिया की सृष्टि कर ली थी। उसी दुनिया को मैं कागज पर उतारना चाहता था।.........इस प्रकार संस्कृत पद्यबद्ध कथा लिखने का काम शुरू किया; बक्सर की पहली जेल–यात्रा में जिस कथा को मैंने संस्कृत काव्य के पाँच सर्गों तक पहुँचाया था, अब उसे बेकार समझ उसकी जगह मैंने 'बाइसवीं सदी' लिखी। जेल में मैंने चार अंग्रेजी उपन्यास भावानुवाद करके भौगोलिक और वैयक्तिक तौर से उनका बहुत कुछ भारतीयकरण कर दिया।.........1934 ईस्वी में कुछ वास्तविक घटनाओं को लेकर कहानियाँ लिखने की इच्छा हुई और एक–एक करके मैंने उन कहानियों को लिखा जो 'सतमी के बच्चे' में संग्रहीत हैं।.........1938 में मैंने जीने के लिए' नामक अपना पहला उपन्यास लिखा।.......1941 या 42 में श्री भगवत शरण उपाध्याय की कुछ ऐतिहासिक कहानियों को मैंने देखा। यदि भगवत शरण जी ने ऐतिहासिक कहानियों को परिमित संख्या में लिखकर प्रकाशित करवा दिया होता, तो शायद 'वोल्गा से गंगा' लिखने में मैं हाथ नहीं डालता।.....1942 ईस्वी में हजारीबाग जेल में रहते हुए मैंने 'वोल्गा से गंगा' की 20 कहानियाँ लिख डालीं।......मैं अपनी कहानियों में किसको सबसे अच्छी समझता हूँ, यह कहना मेरे लिए मुश्किल है। 'वोल्गा से गंगा' की कहानी 'प्रभा' को श्रेष्ठ कहते पहले मैंने दूसरों को सुना, और सुन–सुनकर ही मेरी भी उसके बारे में वही धारणा हो गई, नहीं तो इस संग्रह की 'नागदत्त', 'प्रभा' और 'सुरैया' इन तीनों में मैं कम ही अन्तर मानता हूँ।"[5]

'वोल्गा से गंगा' राहुल का कीर्तिमान कथा–

साहित्य है तो 23 जून, 1942 की प्रथम संस्करण की भूमिका दृष्टव्य है : ”मानव आज जहाँ है, वहाँ आरंभ में ही नहीं पहुँच गया था; इसके लिए उसे बड़े–बड़े संघर्षों से गुजरना पड़ा। मानव समाज की प्रगति का सैद्धांतिक विवेचन मैंने अपने ग्रंथ ‘मानव–समाज’ में किया है। इसका सरल चित्रण भी किया जा सकता है, और उसमें प्रगति को समझने में आसानी हो सकती है, इसी ख्याल ने मुझे ‘वोल्गा से गंगा’ लिखने के लिए मजबूर किया। मैंने यहाँ हिंदी यूरोपीय जाति को लिया है, जिसमें भारतीय पाठक को सुभीता होगा। मिश्री, सूर्यानी या सिंधु–जाति, विकास में, हिंदी–यूरोपीय जाति से सहस्त्राब्दियों पहले अग्रसर हुई थी, किंतु उनको अपना लेने पर लेखक और पाठक दोनों की कठिनाइयाँ बढ़ जाती हैं। मैंने हर एक काल के समाज को प्रमाणित तौर से चित्रित करने की कोशिश की है, किंतु ऐसे प्राथमिक प्रयत्न में गलतियाँ होना स्वाभाविक है। यदि मेरे प्रयत्न ने आगे के लेखकों को ज्यादा शुद्ध चित्रण करने में सहायता की, तो मैं अपने को कृत–कार्य समझूँगा। ‘बंधुल मल्ल ’ (बुद्ध) के काल पर मैंने एक स्वतंत्र उपन्यास ‘सिंह सेनापति’ लिखा है।“[6]

इस पुस्तक में भारतीय इतिहास के 8000 वर्ष अज्ञात अँधेरे प्राचीनतम काल से 1942 तक के फलक को पहली बार चार कहानियाँ प्रागैतिहासिक कालखंड से सम्बद्ध ‘निशा’ ‘दिवा’ ‘अमृताश्व’ और ‘पुरुहत’ ईसा पूर्व 6000 से 2600 ई. तक की कथाएँ हैं। इसीलिए भदंत आनंद कौशल्यायन लिखते हैं कि ”यद्यपि इन कहानियों की पुनर्रचना में कल्पना का सहारा लिया गया है, फिर भी निरी फंतासिया नहीं हैं। इन कहानियों में जो विशेषताएँ हैं वह राहुल के यूरोपीय और भारत–ईरानी शब्द शास्त्र और ऐतिहासिक भाषा विज्ञान के गहरे अध्ययन का फल है।“ सुदामा की कथा ऋग्वेद, बंधुल मल्ल बौद्ध कथा, नाग दत्त कौटिल्य के अर्थशास्त्र, काशी प्रसाद जायसवाल के ‘Hindu Polity’ को, ‘प्रभा’ अश्वघोष के ‘बुद्धचरित’ एवं ‘सौंदरानंद’ पर लिखा। इस बात को व्हिस डेविट्स की ‘बुद्धिस्ट इंडिया’ से तस्दीक किया जा सकता है। ‘सुपर्ण यौधेय ’ कालिदास की कविता, ‘दुर्मुख’ बाणभट्ट के हर्ष चरित्र एवं कादंबरी,’ चक्रपाणि’ नैषध पर बीस में से 14 कहानियाँ संस्कृत, पालि को आधार बनाकर लिखा है। अलाउद्दीन खिलजी के राज्यकाल की पूर्व भूमि ‘बाबा नूरुद्दीन’ अकबर की उदार दृष्टि ‘सुरैया’, ‘रेखा भगत’ में ब्रिटिश राज की गड़बड़ियों पर केंद्रित किया है। मंगल सिंह (1857), ‘सफदर’ (1922) एवं ‘सुमेर’ (1942 ) कहानियों में कड़े सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तथ्यों को विलोक सकेंगे।

विद्वानों की टीका–टिप्पणियों में ‘मनमाना’, पूर्वाग्रह युक्त चित्रण ‘पुरुधान’ एवं ‘अंगिरा’ में असुर जाति का वर्णन दृष्टव्य है। इसे डॉक्टर वासुदेव शरण उपाध्याय आसुरी एवं द्रविड़ जातियों का सिंधु नदी के किनारे पर, मिश्रण मानते हैं। बाल्मीकि रामायण का रचना काल राहुल ने शुंग वंश का माना है। डॉ. रामविलास शर्मा ने व्यंग्य किया : ”क्या नया समाजशास्त्र है। राम शुंग सम्राट का प्रतीक है, कालिदास के ‘कुमार संभव’ में कुमार कुमारगुप्त का प्रतीक है, अब राहुल यह भी बता दें कि दशरथ, कौशल्या, सीता, रावण के मूल ऐतिहासिक आधार क्या हैं।“ डॉ. रामविलास शर्मा ने हजारी प्रसाद द्विवेदी को भी ब्राह्मण संकीर्णतावादी और पुनुरुत्थानवादी कह डाला था। ‘सुपर्ण यौधेय’ में हूणों को पराजित करने वाला सम्राट्गुप्त बताया गया है। पर वह था स्कंदगुप्त। ‘दुर्मुख’ में हर्षवर्धन के भाई राज्यवर्धन को कान्यकुब्जाधिपति कहा है। वस्तुतः वह स्थाणेश्वर ( आधुनिक थानेश्वर) का शासक था। हर्ष को क्षत्रिय सातवाहनों के वंश से सम्बद्ध बताया है, पर सातवाहन ब्राह्मण थे और वे हर्ष के पूर्ववर्ती नहीं थे। जयचंद का जैसा चित्र कहानी में है, वह मूल ऐतिहासिक व्यक्तित्व से मिलता– जुलता नहीं है। मुस्लिम इतिहासकारों ने

उसे योद्धा के नाते चित्रित किया है, राहुल ने उसे वृद्ध, विलासी, स्त्री–लंपट दिखाया है। 'सुरैया' में नायिका को अबुल फजल की बेटी बताया गया, जो टोडरमल के पुत्र कमल से विवाह करके दोनों यूरोप की यात्रा पर चले जाते हैं, यह इतिहास के साथ ज्यादती है।

तमाम अंतर्विरोधों के बावजूद 8000 वर्ष के इतिहास को 386 पृष्ठों में विन्यस्त करके लिखना 'गागर में सागर' जैसा है। कुछ गुमनाम साधुओं ने 'विश्व– बंधु' पत्रिका में 'नग्नवादी' वेदनिंदक राहुल नामक लेख में की, परंतु गोर्की की माँ की तरह यह किताब भारतीय एवं विदेशी भाषा में अनुदित हुई। राहुल की यह पुस्तक समग्र भारतीय साहित्य को एक ऐतिहासिक देन है। राहुल प्रेमचंद पर दो टूक लिखते हैं– "1915 के आसपास उसी (जमाना मासिक) में मुझे प्रेमचंद के नाम और उनकी लेखनी से परिचय प्राप्त करने का अवसर मिला। लेकिन उनके दर्शन का मौका बहुत पीछे मिला। उनकी लेखनी का लोहा उस समय भी लोग मानने लगे थे किंतु उनकी शैली में जो एक बड़ा गुण था, उसे ही उनके समसामयिक हिंदी या उर्दू के कितने ही विद्वान दोष समझते थे। प्रेमचंद का जीवन जैसा सीधा–सादा था, उसी तरह वह अपनी लेखनी को भी अनावश्यक कृत्रिम साज–वाज से सजाना पसंद नहीं करते थे।.......वह बहुजन हित के पक्षपाती थे और बहुजन हिताय लिखते थे।.....1921 में छपरा जिले में आकर एक–दो दिन वहाँ के एक गाँव रेवतिया में रहना पड़ा। वहाँ प्रेमचंद का दर्शन दूसरी बार हुआ। अभी साक्षात् नहीं केवल उनकी कृतियों द्वारा ही रेवतिया जैसे ग्राम में प्रेमचंद की दो–तीन कृतियों को देखकर मुझे मालूम हुआ कि प्रेमचंद ने हिंदी पाठकों को एक नई और उच्चदिशा में आकृष्ट किया है। 1920 से 30 के 10 वर्षों में प्रेमचंद ने राष्ट्रीयता, राजनीतिक जागृति, उच्च आदर्श के प्रसार में जितना काम किया उतना बहुत से लेखकों ने मिलकर भी नहीं किया। शायद 1926 का साल था.........बनारस में ही उनके साक्षात् दर्शन का अवसर मिला।......मेरे सामने प्रेमचंद की भाषा पर एक उर्दू के ख्यातनाम लेखक और कवि ने आक्षेप किया था कि वह उर्दू नहीं जानते, वे तो पूरब की बोली में लिखते हैं। मैं जानता था कि साहित्यिक महाशय लखनऊ के उन नवाबों के वर्ग के हैं जो समझते थे कि गेहूँ का कोई दरख्त होता है। उनकी लच्छेदार उर्दू में अरबी के शब्द भरे पड़े रहते हैं। शायद वह स्वयं यदि उपन्यास या कहानी लिखते–सौभाग्य से खुदा गंजे को नाखून नहीं देता–तो वह 'होरी' के मुँह से भी अपनी पसंद की भाषा कहलवाते। हिंदी के कुछ साहित्यिकों का भी कहना था कि उनकी हिंदी में भाषा की मजाई और गहराई नहीं है। क्योंकि प्रेमचंद से ही पहले भी चाहे कुछ उपन्यास लिखे गए हों, लेकिन उन्हें विश्व के उपन्यासों के सामने रखा नहीं जा सकता। प्रेमचंद का इस विषय में पहला प्रयास था। अंतिम बार जब प्रेमचंद के दर्शन का अवसर मिला तब मैं जाड़ों में सारनाथ गया हुआ था। एक दिन प्रेमचंद जी आए, उनका गाँव सारनाथ से मील–डेढ़ मील ही पर है, (जहाँ मुझे एक टूटी हुई मूर्ति का सिर मिला था। वह किसी देवता की मूर्ति नहीं थी, बल्कि एक प्राग इस्लामिक या आदि इस्लामिक काल के पुरुष की मूर्ति थी, सो भी किसी कायस्थ की। सिर के केशों की बनावट तथा गाँव में कायस्थों की प्रधानता इसी ओर संकेत करती है। हो सकता है कि वह प्रेमचंद के किसी पूर्वज की ही हो। मूर्ति मैंने प्रयाग म्यूजियम को भिजवा दी।) वहाँ चटाई पर बैठे हुए जब हम दोनों बातें कर रहे थे, तो उस समय मुझे कभी ख्याल नहीं आया था कि वह हमारी अंतिम बातचीत है। जाड़ों के बीतने के साथ मैं तिब्बत गया और वहीं उनके निधन की खबर मिली। उनकी कृतियों के जितने श्रेष्ठ नाम हैं, उन्हीं की मूर्ति प्रेमचंद के रूप में मुझे उसी दिन सामने दिखाई पड़ी। प्रेमचंद भारत के अमर लेखक और कहानीकार हैं। शताब्दियाँ बीतती जाएँगी,

प्रेमचंद की देखी–भाली, खेली–खाई, रोई–गाई दुनिया का कहीं पृथ्वी पर पता नहीं रहेगा, उस वक्त प्रेमचंद का यह चिंतन कम मनोरंजक और उत्साहवर्धक नहीं होगा।"[7]

1942 सेंट्रल जेल हजारीबाग में लिखी 'दर्शन–दिग्दर्शन' दो खण्डों में संसार की दार्शनिक विचार धाराओं को भारतीय षट्दर्शनों एवं अन्य दर्शनों का तुलनात्मक अध्ययन है। तमाम दोषारोपणों के बावजूद राहुल चौथे शतक में भारतीय परिस्थिति के विषय में यूँ लिखते हैं–"मानव का अस्तित्त्व पृथ्वी पर यद्यपि लाखों वर्षों से है, किंतु उसके दिमाग की उड़ान का सबसे भव्य–युग 5000 से 3000 ईसवी पूर्व है, जबकि उसने खेती, नहर, सौर पंचांग आदि..आदि कितने ही अत्यंत महत्त्वपूर्ण तथा समाज की कायापलट करने वाले आविष्कार किए। इस तरह की मानव मस्तिष्क की तीव्रता हम फिर 1760 ई के बाद से पाते हैं, जबकि आधुनिक आविष्कारों का सिलसिला शुरू होता है। किंतु दर्शन का अस्तित्त्व तो पहले युग में था ही नहीं, और दूसरे युग में वह एक बूढ़ा बुजुर्ग है, जो अपने दिन बिता चुका है; बूढ़ा होने से उसकी इज्जत जरूर की जाती है, किंतु उसकी बात की ओर लोगों का ध्यान तभी खिंचता है, जबकि वह प्रयोग–आश्रित चिंतन– साइंस का पल्ला पकड़ता है। यद्यपि इस बात को सर राधाकृष्णन् जैसे पुराने ढर्रे के 'धार्मिक प्रचारक' मानने के लिए तैयार नहीं हैं, उनका कहना है– "प्राचीन भारत में दर्शन किसी भी दूसरी साइंस या कला का लग्गू–भग्गू न रहा हो, सदा एक स्वतंत्र स्थान रखता रहा है।" भारतीय दर्शन साइंस या कला का लग्गू–भग्गू न रहा हो। किंतु धर्म का लग्ग–भग्गू तो वह सदा से चला आता है, और धर्म की गुलामी से बदतर गुलामी और क्या हो सकती है?"

विश्वव्यापी दर्शन की धारा को देखने से मालूम होगा, कि वह राष्ट्रीय की अपेक्षा अंतरराष्ट्रीय ज्यादा है। दार्शनिक विचारों के ग्रहण करने में उसने कहीं ज्यादा उदारता दिखलाई, जितना कि धर्म ने एक दूसरे देश के धर्म को स्वीकार करने में। यह कहना गलत होगा, कि दर्शन के विचारों के पीछे आर्थिक प्रश्नों का कोई लगाव नहीं था, तो भी धर्मों की अपेक्षा व बहुत कम एक राष्ट्र के स्वार्थ को दूसरे पर लादना चाहता रहा, इसीलिए हम जितना गंगा, आमूदजला और नालंदा–बुखारा–बगदाद–कार्दोवा का स्वतंत्र स्नेह पूर्ण समागम दर्शनों में पाते हैं, उतना साइंस के क्षेत्र से अलग कहीं नहीं पाते। हमें अफसोस है, समय और साधन के अभाव से हम चीन–जापान की दार्शनिक धारा को नहीं दे सके, किंतु वैसा होने पर भी इस निष्कर्ष में तो कोई अंतर नहीं पड़ता कि दर्शन क्षेत्र में राष्ट्रीयता की तान छेड़ने वाला खुद धोखे में है और दूसरे को धोखे में डालना चाहता है।"[8]

वे साहित्य में सामाजिकता को विशेष तरजीह देते हैं। उनका मन्तव्य है कि, "हिन्दी साहित्य में ऐसी भी एक त्रुटि दिखाई देती है। चाहे बिहार के धान के खेत या विस्तीर्ण मैदान हों, चाहे गढ़वाल के देवदार वृक्षों से आच्छादित हिमालय की पर्वत श्रेणियाँ या शिखर, चाहे मारवाड़ की भूमि हो या जबलपुर की विंध्याटवी, सभी जगह के लेखक और कवि मानो आपस में समझौता कर चुके हैं कि भरसक वे अपने लेखों में इन स्थानीय दृश्यों को आने न देंगे। इसी कारण हिन्दी साहित्य में रचना–वैचित्र्य आने नहीं पाता। "गाँधी की मृत्यु के आस–पास 15 अगस्त, 1947 से 30 जनवरी, 1948 के बीच गाँधी की कटु आलोचना बड़े पूँजीपतियों के एजेंट या अहिंसक रामराज में विश्वास करने वाले आदर्शवादी के बजाय 'बुद्ध' एवं 'गाँधी' को यों आँकते हैं, "बुद्ध प्राणी मात्र की भलाई चाहते हैं, 'सब्बे संताभवंतु सुखी तत्ता' परंतु वे निष्क्रिय स्वप्न–द्रष्टा नहीं थे।....बुद्ध के पश्चात गांधी जी के अतिरिक्त कोई ऐसा अन्य महापुरुष नहीं हुआ जो संपूर्ण समाज को इतना महान संदेश दे सकता।....... उनके दर्शन में बुद्ध की मौलिकता नहीं।......बुद्ध ने यात्री दलों पर घातक आक्रमण करने वाले अंगुलिमाल का जान–बूझकर सामना किया। महात्मा

जी को सैकड़ों बार लोगों को बचाने के लिए अपनी जान संकट में डालनी पड़ी। यद्यपि गांधी जी परमात्मा और अपरिवर्तनशील जगत को मानने वाले दर्शन में विश्वास करते हैं, परंतु अपने कार्यों में वे जड़ नहीं हैं।.....बुद्ध के समान वे कुछ लोगों द्वारा अपने समाज पर प्रभुत्व और विषमता के शाप को अनुभव करने लगे हैं। वे खुले शब्दों में देशी राजाओं की निरंकुशता की भर्त्सना करते हैं।.....वे लहू की एक बूँद बहाए बिना जमींदारों की जर्जरित निकम्मी प्रणाली का अंत करके समाज में से सदा सर्वदा के लिए वर्ग–जन्य अत्याचार का अंत कर देंगे। .....यदि इस वृद्धावस्था में अपने परिपक्व अनुभव को लिए गांधी जी भारतीय जनता को आर्थिक बंधनों एवं वर्ग जन्य अत्याचार से मुक्त करने में सफल हो गए तो वह कार्य संपन्न कर जाएँगे जिसे अपनी सद्भावना के रहते बुद्ध भी नहीं कर पाए। यदि ऐसा हो गया तो मानव आनंद की प्राप्ति में महात्मा गांधी भगवान बुद्ध से भी आगे बढ़ जाएंगे और इतिहास उनको इसी रूप में स्मरण करेगा।"[10] यूँ देखा जाए तो विश्वबंधुत्व के सबसे बड़े पैरोकार राहुल जी ने दर्शन, इतिहास, समाज–विज्ञान, विज्ञान, यात्रा साहित्य, जीवनी, उपन्यास, कहानी, नाटक, निबंध, कोश–विज्ञान, व्याकरण, पाठानुसंधान, शोध, तिब्बत विद्या, बौद्ध धर्म, लोक साहित्य, राजनीति और पर्चेबाजी तक में अपने को खपाया। एक अच्छे अनुवादक के साथ, संस्कृत पाठमालाएँ, बौद्ध–न्याय एवं वार्तिकों की टीकाएँ भी लिखीं। हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग में 16000 शब्दों के अंग्रेजी हिंदी शासन शब्दकोश के संपादन की जल्दबाजी को देखकर लोगों ने आलोचना की तो राहुल ने मुस्कुराते हुए खास अंदाज में जवाब दिया, "बुद्ध कह गए हैं : सब्बम् खनिकम'। सब कुछ क्षणिक है। कोई चीज स्थिर नहीं है। लेनिन ने भी कहा था– 'कुछ भी अंतिम नहीं है।' मैं नहीं मानता हूँ कि कोई भी मनुष्य संपूर्ण है। मैंने कोई सत्य का एकाधिकार नहीं रखा है। मैं अपना काम करता हूँ। भावी पीढ़ी आएगी और मेरे काम को सुधारेगी।" यानी राहुल का बहुआयामी व्यक्तित्व विश्वबंधुत्व को हर स्तर पर स्थापित करने की चेष्टा कर रहा था। तथाकथित विघ्न करने वाले हर युग में होते हैं और होते रहेंगे, फिर भी राहुल जी ने घुम्मकड़ी के माध्यम से शिक्षा, ज्ञान, भाषा, संस्कृति, सभ्यता, स्त्री–पुरुष के संबंध को नई ऊर्जा एवं दिशा दी। विचारधारा के आधार पर उन पर आरोप–प्रत्यारोप लगाना अलग बात है परंतु राहुल का समग्रता से अध्ययन किया जाए तो वे वैश्वीकरण बनाम विश्वबंधुत्व के अद्भुत पारखी थे। उन्होंने अपनी भौगोलिक सीमाओं को ध्यान में रखते हुए देवनागरी लिपि का समर्थन किया। हालाँकि वे बहुभाषाविद् थे। फिर भी कम्युनिस्टों ने उन्हें 1948 में पार्टी से निकाल दिया। इसलिए वैचारिक दल–दल में न फँसकर राहुल का तटस्थ मूल्यांकन 21वीं शताब्दी में होगा, राहुल सांकृत्यायन मात्र घुमक्कड़, परिब्राजक के साथ साहित्य अध्येता, लेखक, बहुभाषविद्, अनुवादक, किसान नेता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के चितेरे थे।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. जिनका मैं कृतज्ञ हूँ : राहुल सांकृत्यायन, पृष्ठ 183–184
2. जिनका मैं कृतज्ञ हूँ : राहुल सांकृत्यायन, पृष्ठ 237–238
3. अतीत से वर्तमान : राहुल सांकृत्यायन, पृष्ठ 94–102
4. अतीत से वर्तमान : राहुल सांकृत्यायन, पृ. 105–118
5. राहुल निबंधावली : राहुल सांकृत्यायन, पृष्ठ 3–5
6. राहुल निबंधावली : राहुल सांकृत्यायन, पृष्ठ 3
7. राहुल निबंधावली : राहुल सांकृत्यायन, पृ. 7–9
8. दर्शन–दिग्दर्शन : राहुल सांकृत्यायन, पृष्ठ 5–8
9. साहित्य निबंधावली (1) : राहुल सांकृत्यायन, पृ. 8
10. अतीत से वर्तमान : राहुल सांकृत्यायन : पृष्ठ 120–123

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**

**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# Relationship of socioeconomic status and lifestyle in college going female Players

**Dr. Dheeraj Kumar***

**ABSTRACT**

*The present study was to find out relationship of Socioeconomic Status and Lifestyle in College Going female Students.The study was conducted on 40 female students, age ranged from 20 to 25 years who were randomly selected from the different Departments of Aligarh Muslim University, Aligarh. Selected variablesa for the study were socioeconomic status (SES) and Lifestyle (LS). Kuppuswamy's socioeconomic scale questionnaire (Shankar Reddy Dudala, 2012) and Life Style Assessment Inventory by Anspangh Davids, Michael, H. Hamrich and Frank D. Rosato were adopted to collect data for Socioeconomic Status and Life Style Assessment. The statistical tools employed for this study were descriptive statistics and the Pearson's Product Moment Correlation, at 0.05 level of significance.The study depicted that there is significant relationship between the socioeconomic status and lifestyle (r=0.59, p<0.05).On the basis of the result of the study, it can be concluded that there is positive relationship between the socioeconomic status (SES) and lifestyle (LS).*

***Keywords:*** *Lifestyle, socioeconomic status, female students*

## Introduction

In the first decade of the 21st century, the conceptualization of health as an ability opened the door for self-assessments to become the main indicators to judge the performance of efforts aimed at improving human health. It also created the opportunity for every person to feel healthy, even in the presence of multiple chronic diseases, or a terminal condition, and for the re-examination of determinants of health, away from the traditional approach that focusesa on the reduction of the prevalence of diseases. Generally, the context in which an individual livesa is of great importance for his / her health status and quality of their life. It is increasingly recognized that health is maintained and improved not only througÈ the advancement and application of health science, but also througÈ the efforts and intelligent lifestyle choicesa of the individual and society. According to the world

* (Assistant Professor & HOD), DEPARTMENT OF PHYSICAL EDUCATION, Kumari Mayawati Government Girls PG College Badalpur GB Nagar (UP)

health organization, the main determinants of health include the social and economic environment, the physical environment and the person's individual characteristics and behaviours. (WHO, 2006).

A healthy life style is a valuable resource for reducing the incidence and impact of health problems, for recovery, for coping with life stressors, and for improving quality of life. However, convincing Canadians that health is good investment, and providing guidance and incentivesa to create a culture that fosters heath, are complex processes. How do we direct efforts to engage people in becoming and staying healthy? There is common belief that happy, possible people are healthier. Numerous research studiesa have established clear links between a positive state of mind and good physical health. There are many other studiesa that suggest deliberately cultivating a positive state of mind can help fight of illness. An individual's typical way of life: his attitudesa and their expression in a self-consistent manner as developing from childhood. (Anspaugh, D. S., Michael, H. H., *et al*, 1994).

Socioeconomic status (SES) is an economic and sociological combined total measure of a person's work experience and of an individual's or family's economic and social position in relation to others, based on income, education, and occupation. When analyzing a family's SES, the household income, earners' education, and occupation are examined, as well as combined income, versus with an individual, when their own attributesa are assessed.

**Objective of the Study**

To study the relationship between socioeconomic status (SES) and lifestyle (LS) of female college going students.

## Methodology

**Selection of Subjects**

The subjects for this study were selected from different departments of Aligarh Muslim University, Aligarh. A total of 40 female students were selected, age ranged between 20 to 25 years.

**Selection of Variables**

Life style (LS) and Socio-economic status (SES) were selected as variablesa for the preset study.

**Criterion measures**

Kuppuswamy's socioeconomic scale questionnaire and Life Style Assessment Inventory by Anspangh Davids, Michael,

H. Hamrich and Frank D. Rosato were adopted to collect data for Socioeconomic Status and Life Style Assessment.

**Statistical analysis of data**

For determining the relationships of selected variables, descriptive statistics and the Pearson's Product Moment Correlation was used, the data analysed with the help of SPSS (20.0 version) software and the level of significance was set at 0.05 level of confidence.

**Result and discussion of the study**

**Table 1 :** Descriptive Statistics & Correlation coefficient of socioeconomic status with Lifestyle of female students.

| Variable | N | Mean | S.D. | Correlation coefficient (r) | Sig. value |
|---|---|---|---|---|---|
| Socioeconomic Status | 40 | 22.25 | 4.31 | 0.59 | 0.00 |
| Lifestyle | 40 | 67.21 | 3.56 | | |

*significant at 0.05 level

Table-1 indicatesa the descriptive statistics i.e Mean and SD of selected variables. The Mean and SD of selected variablesa are i.e. SES (22.25±4.31), and LS (67.21±3.56). Table 1 also indicatesa that there exists a significant relationship of socioeconomic status with Lifestyle (r=0.59), as the p-valuesa were less than 0.05.

**Conclusion and Finding**

On the basis of the result of the study, it

can be concluded that there is significant relationship between the socioeconomic status (SES) and lifestyle (LS). Result of the study shows that the positive relationship between socioeconomic status (SES) and lifestyle (LS) it means those peoplesa have higher socioeconomic status, their lifestyle is greater. On the basis of the result it also can conclude that the selected female college going students fall in average category of lifestyle.

## References

1. Allen C, *et al*. Relationship between Socioeconomic Status, Health Status, and Lifestyle Practicesa of American Indians: Evidence from a Plains Reservation Population. Public Health Reports. 1994;109(3):405- 413.
2. AnspaugÈ DJ. Wellness: concepts and applications. Mosby: Von Hoffmann Press, Inc, 1994.
3. Cartwright M, *et al*. Stress and Dietary Practicesa in Adolescents. Health Psychology. 2003;22:362-369.
4. Choudhary R, Kapri BC. Life style assessment based on responsesa of students of five different teacher education courses. Book of III International Congress on Sports Medicine, Exercise Science, Physical Education & Yogic Science Gwalior: LNIPE, 2008, 42-44.
5. Choudhary R. life style assessment of Indian physical education students. HPE forum. A Bi-Annual Professional Journal. 2006;6(1):18-21. 7.
6. Choudhary R, *et al*. Life style assessment based on responsesa of Indian students delimited to three professions. Indian Journal of Physical Education, sports medicine and exercise science. 2007;5(6):22-25.
7. Yadav SKS, Rathore VS. Comparative study of health related life-style of teachers belonging to public and private sector of Uttar Pradesh, International Journal of Advanced and Innovative Research. 2019;8(1):2278- 7844.

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**

**ISSN (Print) : 3048-6327**

**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# FOLIAGE DAMAGE, FROM THE PADDY CROP FIELD BY ***DICLADISPA ARMIGERA***

- **Nalini Yadav***
- **Dr. Suhail Ahmad Chadoo****

## ABSTRACT

*Dicladispa armigera, commonly known as the leaf beetle, is a significant pest affecting paddy (rice) crops. The impact of this beetle on paddy fields has been a growing concern due to its potential to reduce crop yield and quality. This study aims to assess the extent of foliage damage caused by Dicladispa armigera in paddy crop fields and to evaluate the associated economic implications for rice production. Field surveys were conducted in several paddy-growing regions. Data on infestation levels, typesa of damage, and the resultant impact on crop health were collected. Observations included the percentage of leaf area damaged and the correlation between infestation levels and crop yield reduction. The findings revealed that Dicladispa armigera caused varying degreesa of damage across different fields. On average, foliage damage ranged from 15% to 40% of the total leaf area. High infestation levels were strongly correlated with a notable decrease in rice yield and quality. The study also identified specific patterns of damage, such as defoliation and stippling, which were most prevalent in the mid to late growth stagesa of the crop. Dicladispa armigera's feeding habits significantly affect the photosynthetic capacity of paddy plants, leading to reduced growth and yield. The damage not only impacts the current season's crop but also has potential long-term effects on soil health and future rice production. Integrated pest management strategiesa are recommended to mitigate the damage, including monitoring pest populations, using resistant varieties, and employing targeted insecticide applications. Dicladispa armigera posesa a considerable threat to paddy crops, with significant foliage damage leading to reduced yields. Effective management practicesa are essential to minimize the economic impact and ensure sustainable rice production.*

***Keywords–****Dicladispa armigera, paddy crop, foliage damage, pest management, rice yield, economic impact*

* Research Scholar, Department of Zoology, Shri JJT University, Jhunjhunu Rajasthan-333010
** Assistant Professor, Department of Zoology, Shri JJT University, Jhunjhunu Rajasthan-333010

## INTRODUCTION

India is the world's largest producer of paddy, with around 40 million hectaresa dedicated to this crop. However, its rice yield is significantly lower compared to other countries. The primary reason for this low yield is the extensive damage caused by insect pests and diseases. The rice hispa beetle (Coleoptera: Chrysomelidae: Hispinae) which was hitherto considered as a minor pest of paddy standing crop has of late assumed serious propitious causing extensive damage to paddy crop in India. Lossesa incurred by agriculture after crops are harvested are particular ly significant because all costs of production labor, fuel, fertilizer. etc. are already invested. At this stage, the crop's worth is maximum, and even a little percentage loss may have a big impact on the bottom line. While food is being processed, transported, or stored, stored product insects may wreak havoc on crops. AlthougÈ many insect speciesa are known to feed on grains and grain products, only around fifty of these speciesa really cause harm on a regular or occasional basis (Cotton 1956).

The majority of the insects that are kept as food have a global range. Many speciesa are omnivoresa when it comesa to stored goods, and the same speciesa commit the same kinds of harm everywhere. All grains, processed farinaceous commoditiesa (flour, cornmeal, etc.), dried fruits (such as raisins), and nuts of different sorts are susceptible to attack by the sawtoothed grain beetle, *Oryzaephilus surinamensis (L.*). Species' relative abundancesa may change from one nation to another. Warm and humid regions contain the highest concentrations of storage insects, but these pests may and will ruin any grain storage facility. Regrettably, the majority of rice is grown and kept in tropical or subtropical regions, which provide the perfect environment for the development of pests. It is believed that the hull of rice makesa it considerably more resistant to pests than other grains.

**Material and Methods**

The larval stagesa of *Dicladispa armigera* (Rice hispa) were collected during the month of August to September from the leavesa of rice crop of cultivated field in village Panethi of Aligarh district in U.P. for the morphological investigation.

A culture of *Dicladispa armigera* has been maintained in rearing cazes. The egg laying occurs in captivity by mated female. The mature larvae allow to developing stages.

The successive stage of life cycle pressure in the mixture of K.A.A.D. for ten hours in the ratio of 1:2:7:1 and then preserved in 70% $C_2H_5OH$ for further studies.

For the study of external anatomy and skeleton both pressure and fresh specimen were used. After treating material with 20% KOH solution the alkaline effect was neutralized by keeping the specimen in glacial acetic acid for ten hours. The specimen later on washed, ungrade and mounted in Canada balsam.

**Nature of Damage**

The adult Dicladispa armigera (male, female) and larvae cause damage by feeding upon the lower and upper epidermis and other tissuesa of the young tender and sometimesa old leavesa of rice crops also.

They may feed vigorously on a single leaf or may be scatters on different leaves. The damagesa caused by the larvae being much greater. The growth of the paddy plant is thereby retreaded and consequently the production of flowers and size of yield are reduced considerable.

It was common practice for rice farmers to eradicate this pest beetle every day, regardless of its stage of development. Even thougÈ they kill the bug every day, they still manage to keep it under control by using this method. But if Dicladispa armigera is given full reign to multiply, the whole plantation would be wiped out in no time. **Extent of Damage**

For biological study and economic damage

of paddy crops by Rice Hispa beetle, the immature stage of adult collected during the paddy crops of Panethi village of Aligarh district. The eggs laid in captivity by mated female Rice Hispa beetle hatched under laboratory conditions.

The larvae in separate petridishesa maintained on the leavesa of host plant.

A random sampling for one square area at various spots was done to assess extent of damage done by the larvae and adult. A number of leavesa both healthy and damaged were calculated (Table. 1) on 20 days after plantation.

**Results and discussions**

There were 348.2 leavesa out of which 79.5% were damage after 50 days of plantation. The number of leavesa increase to 934 out of which 241.8 damage and later on 100 days when the seedling was ready the total number of leavesa increase to 2098 out of which 507.1 damage. The percentage of leaf damage at different period after plantation is very interesting (Tab. 1) that is after 20, 50 and 100 days of plantation. The percentage damage was 20.6, 25.9 and 27.8 respectively. These figuresa of damage are more or less uniform excepting first

**Table 1: The extent of foliage damage, from the Paddy crop field by Dicladispa armigera**

(Observation from 1x1 square meter area)

| S. No. | Day after Plant | Average total leaves | Average healthy leaves | Average damaged leaves | Percent damage leaves | Average total leaves | Average total adult | No. of larvae per leaf | No. of adult per leaf |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20 | 348.2 | 268.8 | 79.5 | 20.6 | 33.4 | 3.4 | 0.09 | 0.009 |
| 2 | 28 | 415 | 302.5 | 1136.5 | 26.6 | 47.8 | 5.1 | 0.01 | 0.01 |
| 3 | 39 | 640.3 | 476 | 160.7 | 25.6 | 60.9 | 6.7 | 0.09 | 0.01 |
| 4 | 50 | 934 | 690 | 241.8 | 25.9 | 73.0 | 13.2 | 0.07 | 0.01 |
| 5 | 60 | 1172 | 911.4 | 260.7 | 25.1 | 65.8 | 10.4 | 0.05 | 0.009 |
| 6 | 70 | 1171 | 911.3 | 260.6 | 25.2 | 65.8 | 10.4 | 0.05 | 0.009 |
| 7 | 91 | 1874 | 1397.3 | 436.8 | 27.2 | 60.2 | 15.1 | 0.03 | 0.008 |
| 8 | 100 | 2098 | 1528.7 | 50.71 | 27.8 | 123.6 | 20.1 | 0.07 | 0.007 |

**Table 02 : The maturation period of male and female Dicladispa armigera for copulation in different months**

| S. No. | Date of emergence | No. of females | No. of males | Average days between the date of emergence and date of first matching for female to male | Average days for the attempt of copulation after the date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 07.07.2022 | 10 | 8 | 3.0 | 01 |
| 2. | 25.07.2022 | 15 | 7 | 3.5 | 0.2 |
| 3. | 01.08.2022 | 20 | 5 | 4.0 | 01 |
| 4. | 01.09.2022 | 18 | 12 | 5.0 | 01 |
| 5. | 20.09.2022 | 12 | 15 | 6.0 | 01 |
| 6. | 15.10.2022 | 10 | 15 | 4.0 | 02 |
| 7. | 01.11.2022 | 08 | 06 | 3.0 | 02 |
| 8. | 30.11.2022 | 06 | 06 | 6.0 | 03 |
| 9. | 15.12.2022 | 06 | 04 | 4.0 | 02 |
| 10. | 28.12.2022 | 09 | 07 | 5.0 | 03 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11. | 07.01.2023 | 08 | 08 | 7.0 | 03 |
| 12. | 19.01.2023 | 11 | 10 | 9.0 | 02 |
| 13. | 22.02.2023 | 13 | 10 | 8.0 | 01 |
| 14. | 25.02.2023 | 12 | 11 | 7.0 | 02 |
| 15. | 12.03.2023 | 14 | 10 | 6.0 | 01 |
| 16. | 08.04.2023 | 10 | 07 | 4.0 | 02 |
| 17. | 10.05.2023 | 15 | 10 | 4.0 | 02 |
| 18. | 01.06.2023 | 19 | 12 | 5.0 | 03 |
| 19. | 18.06.2023 | 20 | 13 | 3.0 | 02 |

observation 20 days.

**Oviposition:** The Rice Hispa Beetle oviposit throughout year but the number of eggs laid various througÈ year.

Laying eggs on healthy leavesa is the norm. Following copulation, the female will wander about looking for a good spot to lay her eggs on a leaf. On average, a female spends 8 to 9 minutesa finding a suitable spot to deposit her eggs, 6 to 7 minutesa making the triangle slits, and 1 to 2 minutesa actually laying the eggs. The female lays her eggs, which are generally laid on the initial leaves, on the most succulent and sheltered part of the leaf. Typically, the center portion of the blade of the first, second, and third leavesa was where the female Dicladispa armigera laid her eggs.

Female always prefers mostly healthy leavesa without damages. The female after selecting a suitable leaf for laying the eggs stopped and press her abdomen with the half of middle and hind pair of legs. In this act the head bent downwards the antennae cast downwards.

Just before the ovipositor of the female risesa its abdomen but slightly with head and prothorax downwards and then pressesa the abdomen by means of legs and then lowers its down and deposited the eggs then female Rice Hispa beetle movesa little and again repeating the processes. Eggs are extruding at the interval to one to two minutes.

**Conclusions**

The rice crop's development is severely stunted and the amount of grain per plant is drastically decreased because *Dicladispa armigera*, a phytophagous pest, destroys the leavesa of the crop. The Rice Hispa Beetle are found in large number in months August to September. The seed of paddy are never touch by the beetle and is simply walk over stem and feed over the tender portion of the paddy plant i.e. leaf. July and August may be recorded as the month of appearance of the (Rice Hispa Beetle) *Dicladispa armigera* and the months of January and February appearance on volunteer in the crop field. Thus, there is no hibernation in the beetle. The damage by Dicladispa armigera will have to hold effect firstly on the biological yield and secondly on economic yield. In biological yield is included the damage done to the leaf and economic yield includesa the amount of crop product which is marketable. In the paddy crop fields 27.8 foliage damage has been recorded. The loss on this foliage damage in the acre was ~ 40 mt. The act of copulation depends upon the physiological state of *Dicladispa armigera.* During copulation the male play very important role, when its mouth remains upon the back of the female, it claspers her firmly at the prothorax by its fore legs and at the mesothorax by middle legs. The act of coplation is disturbed by means of any factor and the female doesa not satisfy with male, the female again copulatesa for a long period to complete the act of copulation and for entire satisfaction. The Rice Hispa Beetle oviposits throughout the year but the number of egg laid variesa throughout the year. The average duration of the oviposition period was quite

variable from 7 to 12.5 days and the average number of eggs 70 to 99. The oviposition is generally more during day and less during night.

**REFERENCES**


1. Amit Sethi, M.S. Mahal, Rajwant Singh and Z.S. Dhaliwal (2004): Technique for sampling white ear incidence caused by stem borer speciesa in rice'. J. Insect Sci. 17(1): 5657.
2. Choudhary. A., Indira. dogra, P.K. Sharma and B.K. Kaul (2001) Population buildup of rice hispa, Dicladispa armigera Oliv. (Coleoptera: Chrysomelidae) in Kangra Valley of Himachal Pradesh (India). J. Ent. Res., 25(4): 299 302.
3. Cotton, R.T. 1956. Pests of stored grain and grain products. Revised Edi tion. Burgess Publishing Co., Minneapolis, Minn.
4. Crampton, G.C. (1928): The Labium, mentum, submentum and Gular region of insects. J. Eng. & Zool. 21.
5. DuPorte, E.M. (1946): Observation on the morphology of the face in insects. Jour. Morphol. 79(3): 371403.
6. Hazarika, L.K. Deka, M., Bhuyan, M. (2005): Oviposition behaviour of the rice hispa Dicladispa armigera (Coleoptera: chrysomelidae). Int. J. of Tropical. Insect. Sci. 25(1): 5054.
7. Hazarika. L.K., Puzari. K.C. and Sikia, D.K. (1998): Seasonal and host correlated variation in the susceptibility of rice hispa to Beauveria bassiana in the field. Indian. J. Agric. Sci., 68: 361363.
8. Henson, H. (1950): On the head capsule and mouth parts of forficule auricularia Linn. Proc. R. Ent. Soc. London (A). 25(13).
9. Ishihara, M. and Ohgushi, T. (2006): Reproductive inactivity and prolonged development time induced by seasonal decline in host plant quality in the willow leaf beetle Plagiodera versicolora (Coleoptera: chrysomelidae). Envi. Ento. 35(2): 524530.
10. Razzaque. Q.M.A. and Karim A.N.M.R. (1989): Weed host of rice hispa, Dicladispa armigera Olivier (Coleoptera: chrysomelidae) Int. Rice Res. Newsletter. 14: 3637.
11. Riley (1908) Muscle attachments in insect. Ann. Ent. Soc. Amex. Vol. I: pp. 265269.
12. Sen, P. and S. Chakravorty (1970): Biology of Hispa (Dicladispa armigera) Oliv. (Coleoptera: Chrysomelidae) Indian J. Ento. 32(2): 123126
13. Snodgrass, R.E. (1947): The insect cranium and the cipcranial sulture. Smithsonian Misc. Coll. 107(7): 151.
14. Vadadia, L.D; a.H. Shah and H.V. Pandya (1989): Biology of rice hispa. Oryza, 26: 206208.

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# भारतीय ज्ञान परम्परा और शिक्षा

**❑ डॉ. आनन्द राम पैकरा***

**शोध-सारांश**

***भारतीय ज्ञान परंपरा***–*''यह एक प्राचीन समय से चलती आई भारतीय शिक्षा व्यवस्था है। हजारों सालों से यह प्रवाहित रही है।'' वेद, उपनिषदों से लेकर विविध प्रकार के दर्शन, वेदांग, पुराण, धर्म, नाट्य शास्त्र, श्रुति, स्मृति, लोक वाड़्मय आदि ज्ञान भंडार का मतलब है, भारतीय ज्ञान परंपरा में विविध प्रकार की ज्ञान शाखाओं के बारे में जानकर अपने जीवन का पूर्णतः 'अभ्युदय निरूश्रेयस' ऐसा विकास करना; धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन पुरुषार्थों को अपनाकर जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य हासिल करना; यह भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार है। मेरा जन्म क्यूँ हुआ है? मेरे कर्त्तव्य कौन से हैं? मेरा जन्म सार्थक कैसे होगा? मैं स्वयं के प्रति, परिवार के प्रति, समाज, राष्ट्र और विश्व के प्रति क्या योगदान दे सकता हूँ? मेरा विकास कैसे होगा? इस प्रकार की सारी संकल्पनाओं के बारें में समझकर अपने जीवन का ध्येय निश्चित करना और जीवनभर उस मार्ग पर चलना। इसके लिए नींव के रूप में सदा मार्गदर्शक ऐसा काम भारतीय ज्ञान परंपरा करती है। जीवन का हर एक अंग, हर एक क्षेत्र भारतीय ज्ञान परंपरा से व्याप्त है। सुबह जागने से लेकर भूमि माता का वंदन करते समय, नहाते समय, भोजन करते वक्त, दैनंदिन कामकाज करते वक्त, यूँ कहें कि हर वक्त भारतीय ज्ञान परंपरा विविध रूप में हमें सहायता करती है, मानो कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारे श्वास जैसी है। ''ब्रह्म या आत्मा जैसी है।'' जो सदा हमारे साथ रहती है, इसका अभ्यास हर एक भारतीय को करना होता है, इससे वह अपने जीवन में सर्व प्रकार का आनंद और यश प्राप्त करता है। उपर्युक्त बिन्दुओं को इस आलेख में समाहित करने का मुख्य प्रयास है।''*

***बीज शब्द***– *भारतीय, ज्ञान, परंपरा, मार्गदर्शक, दैनंदिन, कामकाज, संकल्पना आदि।*

* शासकीय राम भजन राय एन. ई. एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर नगर (छत्तीसगढ़)

## प्रस्तावना

ऋग्वेद के समय से ही शिक्षा प्रणाली जीवन के नैतिक, भौतिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक मूल्यों पर केंद्रित होकर विनम्रता, सत्यता, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सभी के लिए सम्मान जैसे मूल्यों पर जोर देती थी। वेदों में विद्या को मनुष्यता की श्रेष्ठता का आधार स्वीकार किया गया था। छात्रों को मानव, प्राणियों एवं प्रकृति के मध्य संतुलन को बनाए रखना सिखाया जाता था। भारतीय ज्ञान परंपरा अद्वितीय ज्ञान और प्रज्ञा का प्रतीक है, जिसमें ज्ञान और विज्ञान, लौकिक और पारलौकिक, कर्म और धर्म तथा भोग और त्याग का अद्भुत समन्वय है। यथा–

**अक्ष्वन्तरू कर्ण्वन्तरू सखायो,**
**मनोजवेष्वस्मा बभूवुः।**
**आद्घ्नास उपकाक्षस उ त्वे,**
**ह्रदा इव स्नात्वा उ त्वे ददृश्रे।।**

(ऋग्वेद 10/71/7)

शिक्षण और सीखने के लिए वेद और उपनिषद् के सिद्धांतों का अनुपालन जिससे व्यक्ति स्वयं, परिवार और समाज के प्रति कर्त्तव्यों को पूरा कर सके, इस प्रकार जीवन के सभी पक्ष इस प्रणाली में सम्मिलित थे। यथा–

**मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्,**
**मा स्वसारमुत स्वसा।**
**सम्यञ्चरू सव्रता भूत्वा,**
**वाचं वदत भद्रया।।2।।**

(अथर्ववेद 3.30.3)

भाई, भाई से द्वेष न करें, बहन, बहन से द्वेष न करें, समान गति से एक–दूसरे का आदर–सम्मान करते हुए परस्पर मिल–जुलकर, कर्मों को करने वाले होकर अथवा एकमत से प्रत्येक कार्य करने वाले होकर भद्रभाव से परिपूर्ण होकर संभाषण करें। उक्त तरह की भावना रखने से कभी गृह–कलह नहीं होता और संयुक्त परिवार में रहकर व्यक्ति शांतिमय जीवन जी कर सर्वांगीण उन्नति करता है।

**मुनिगणनृपवर्यसङ्कुलेऽन्तरू**
**सदासि युधिष्ठिरराजसूय एषाम्।**
**अर्हणमुप्पेद् ईक्षणीयो**
**मम दृषिगोचर एष आविरात्मा।।**

(विष्णु पुराण, 1/9/41)

इस प्रकार की आध्यात्मपरक उत्तम शिक्षा एक दूसरे को जोड़ने तथा शिक्षा प्रणाली ने सीखने और शारीरिक विकास दोनों पर ध्यान केंद्रित किया। कर्म वही है जो बंधनों से मुक्त करे और विद्या वही है जो मुक्ति का मार्ग दिखाए। इसके अतिरिक्त जो भी कर्म हैं वह सब निपुणता देने वाले मात्र हैं–

**सं गच्छध्वम् सं वदध्वम्।।**

(ऋग्वेद 10.181.2)

अर्थात् साथ चलें, मिलकर बोलें। उसी सनातन मार्ग का अनुसरण करो जिस पर पूर्वज चले हैं। इस प्रकार अनेक दार्शनिकों, संतों, साहित्यकारों, नीतिज्ञों और वैज्ञानिकों के विचारों को पढ़कर जीवन में बहुत लाभ मिलता है। मौर्य काल में जहाँ नीतिज्ञों में चाणक्य का नाम विख्यात था, वहीं दार्शनिकों और मनोवैज्ञानिकों में पाणिनी और पतंजलि का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। वैज्ञानिकों में पिङ्गल, वाग्भट्ट, जीवक आदि महान वैज्ञानिक थे। हालाँकि इसके पूर्व महाभारत काल में तो और भी महानतम लोग थे।

**अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।**
**उदारचरितानाँ तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।**

(महोपनिषद्, अध्याय 4, श्लोक 71)

इस तरह के सार्वभौमिक विश्व को एक परिवार की शिक्षा के इस संकल्प को भारतीय परंपरा में अंगीकृत कर तदनुरूप ही विश्वविद्यालयों और गुरुकुलों में शिक्षा दी जाती थी। घर, मंदिर, पाठशाला तथा गुरुकुल में संस्कार युक्त स्वदेशी शिक्षा दी जाती थी। उच्च ज्ञान के लिए छात्र विहार और विश्वविद्यालयों में जाते थे तथा शिक्षण अधिकतर मौखिक था। छात्रों को कक्षा में जो विषय पढ़ाया

जाता था उसको वो याद कर मनन करते थे।

प्राचीन काल की शिक्षा प्रणाली ज्ञान, परंपराएँ और प्रथाएँ मानवता को प्रोत्साहित करती थीं। पुराण में ज्ञान को अप्रतिम माना गया है (ब्रह्म पुराण, 1/4/15)।

भारत के तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, बल्लभी, उज्जयिनी, काशी आदि विश्व प्रसिद्ध शिक्षा एवं शोध के प्रमुख केन्द्र थे तथा यहाँ कई देशों के शिक्षार्थी ज्ञानार्जन के लिए आते थे। वैदिक काल में महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रसिद्धि थी, जिसमें मैत्रेयी, ऋतम्भरा, अपाला, गार्गी और लोपामुद्रा आदि जैसे नाम प्रमुख थे। बोधायन, कात्यायन, आर्यभट्ट, चरक, कणाद, वाराहमिहिर, नागार्जुन, अगस्त्य, भर्तृहरि, शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद जैसे अनेकानेक महापुरुषों ने भारत भूमि पर जन्म लेकर अपनी मेधा से विश्व में भारतीय ज्ञान परंपरा के समिद्धि हेतु अतुल्य योगदान दिया है।

गुरुकुल, शिक्षा के प्रमुख आधार स्तम्भ थे। शिक्षार्थी अठारह विद्याओं– छः वेदांग, चार वेद (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्वेद), चार उपवेद (आयुर्वेद, धनुर्वेद, गन्धर्ववेद, शिल्पवेद), मीमांसा, न्याय, पुराण तथा धर्मशास्त्र का अर्जन गुरु के निर्देशन में ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए अनुष्ठानपूर्वक अभ्यास कर सम्पादन करते थे, जिससे आजीविका निर्वहन में कोई परेशानी नहीं होती थी तथा प्रौढ़ावस्था तक आते–आते अपने विषय के निपुण ज्ञाता बन जाते थे। त्याग, वृत्तिसम्पन्न तथा धन की तृष्णा से परे आचार्य को ही भारतीय शिक्षा पद्धति में शिक्षक माना गया है। शिक्षा को व्यवसाय और धनार्जन का साधन नहीं माना जाता था।

वायु पुराण (77/128) में उल्लेख है कि, गुरु रूपी तीर्थ से सिद्धि प्राप्त होती है तथा वह सभी तीर्थों से श्रेष्ठ है। प्राचीन भारतीय सनातन ज्ञान परंपरा अति समृद्धि थी तथा इसका उद्देश्य धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को समाहित करते हुए व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को विकसित करना था। जब सारा विश्व अज्ञान–रूपी अंधकार में भटकता था, तब सम्पूर्ण भारत के मनीषी उच्चतम ज्ञान का प्रसार करके मानव को पशुता से मुक्त कर, श्रेष्ठ संस्कारों से युक्त कर संपूर्ण मानव बनाते थे।

वर्तमान में प्रचलित शिक्षा प्रणाली शिक्षकों द्वारा अध्यापन और विद्यार्थी को सीखने का पूरा प्रयास परीक्षाओं में अच्छे परिणाम प्राप्त करने पर केंद्रित है। इस प्रकार परीक्षाएँ शिक्षा की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी करती हैं, यह हितधारकों के लिए चिंता का विषय है। शिक्षा की पवित्रता और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए समय–समय पर शिक्षण संस्थान, शिक्षक और विद्यार्थियों का मूल्यांकन आवश्यक है। सामान्य तौर पर शिक्षा में सुधार और विशेष रूप से परीक्षाओं में मूल्यांकन प्रणालियों में सुझाव देने के लिए समय–समय पर कई समितियों और आयोगों का गठन किया गया। कई संस्थानों ने विशेष रूप से आचरण, प्रशासन और मूल्यांकन में अपनी परीक्षा प्रणालियों की विभिन्न प्रक्रियाओं में गुणवत्ता और दक्षता में सुधार के लिए अभिनव प्रयास किये हैं। इन सभी प्रयासों के पश्चात् भी परीक्षा प्रणाली से संबंधित कुछ समस्याएँ जैसे परीक्षाओं का शैक्षिक प्रक्रिया पर हावी होना, परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना शिक्षा प्राप्त करने से अधिक महत्त्वपूर्ण हो गया है, कंठात्मक परीक्षाएँ टकसाली प्रश्नों के कारण चयनात्मक अध्ययन को प्रोत्साहित करती हैं। परीक्षाओं में प्राप्त अंक विद्यार्थी के प्रदर्शन का एक विश्वसनीय और वैध उपाय नहीं है। तीन घंटे में किसी भी विषय की आयोजित होने वाली परीक्षा में विद्यार्थी को वर्ष भर में पढ़ाये गये विषय का मूल्यांकन न्यायोचित एवं सुसंगत नहीं है।

विद्यार्थियों के सीखने और विकास का अनुकूलन करने के लिए शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को लगातार संशोधित करने की बात राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कही गई है। प्रस्तावित राष्ट्रीय कला केंद्र, एनसीईआरटी और एससीईआरटी के मार्गदर्शन में राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों के सभी

विद्यार्थियों के स्कूल आधारित आँकलन के आधार पर तैयार होने वाले और अभिभावकों को दिए जाने वाले प्रगति कार्ड को पूरी तरह से नया स्वरूप देने की योजना है। प्रगति कार्ड एक समग्र 360 डिग्री बहुआयामी कार्ड होगा, जिसमें विद्यार्थियों के संख्यात्मक, भावनात्मक साइकोमीटर डोमेन में विकास का बारीकी से विश्लेषण का विस्तृत विवरण विद्यार्थी की विशेषताओं समेत दिया जाएगा। प्रगति कार्ड के द्वारा शिक्षकों और माता–पिता को बच्चे के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी भी मिलेगी। सभी बोर्ड परीक्षाओं के लिए तत्काल महत्त्वपूर्ण सुधार के रूप में देखे जाने की बात राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में की गई है। बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के तनाव को लगभग समाप्त करने के लिए सभी विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा देने की अनुमति दी जायेगी। एक मुख्य परीक्षा और यदि वांछित हो तो एक सुधार के लिए, इस मायने में कि वे कोचिंग और रटने के बजाय मुख्य रूप से क्षमताओं/योग्यताओं का ही आंकलन करेंगी। वार्षिक/सेमेस्टर/माड्यूलर बोर्ड परीक्षाओं की एक प्रणाली विकसित करने की योजना है, जिससे काफी कम सामग्री से ही प्रतीक टेस्ट लिया जा सके और स्कूल में संबंधित पाठ्यक्रम पूर्ण होने के तुरंत बाद परीक्षा ली जाय। बोर्ड की परीक्षा को दो भागों में तैयार किया जायेगा, बहुविकल्पीय और वर्णानात्मक।

राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद् उच्चतर शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता के लिए अपने प्रयास में नवीन प्रथाओं का प्रचार करना चाहती रही है, जो विभिन्न संस्थानों द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए समयबद्ध मूल्यांकन पर विशेष जोर दिया गया है। वर्तमान में शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन करने के लिए नैक ही अधिकृत एजेंसी है। सरकारों द्वारा काफी प्रयासों के बावजूद भी अधिकतर विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में प्रथम चक्र की नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं हो सकी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में नैक के अतिरिक्त अन्य मूल्यांकन एजेंसी बनाने की भी बात की गई है। शिक्षकों का मूल्यांकन उनके कार्य के आधार पर किया जाएगा, जिसमें भूतपूर्व छात्र, वर्तमान छात्र और उनके अभिभावक प्रमुख भूमिका निभाएँगे। अभी तक विद्यार्थियों के मूल्यांकन के लिए ज्यादातर संस्थान लिखित परीक्षा, बहुविकल्पीय परीक्षा और मौखिक परीक्षा के आधार पर करते हैं, किन्तु अब विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन करने के लिए शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित सभी कार्य जैसे प्रोजेक्ट वर्क, सेमिनार, रोल प्ले, क्विज, पजल, क्लास टेस्ट, प्रैक्टिकल, सर्वे, बुक रिव्यू, स्टूडेंट पार्लियामेंट, स्क्रीनप्ले, निबंध, एग्जीविशन, फेयर, शैक्षणिक भ्रमण आदि के द्वारा आंतरिक मूल्यांकन किया जा सकेगा। विद्यार्थियों को आत्मबल बढ़ाने के लिए स्व मूल्यांकन करने का भी अवसर दिया जाएगा। यह मूल्यांकन ऑनलाइन माध्यम से स्वनिर्देशात्मक सामग्री के अंतर्गत होगा, इसमें पारदर्शिता बनी रहेगी और विद्यार्थियों को अपना सही स्तर पता लगाने में मदद मिलेगी। प्रति माह संस्थानों में आवश्यकतानुसार मनोवैज्ञानिकों की सेवा भी इच्छुक विद्यार्थियों हेतु ली जायेगी।

शिक्षा मंत्रालय (पूर्व में एमएचआरडी) के अन्तर्गत एक मानक निर्धारक निकाय के रूप में राष्ट्रीय मूल्यांकन केन्द्र स्थापित किए जाने की योजना है, जो भारत के सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों के लिए विद्यार्थी आँकलन एवं मूल्यांकन के लिए मानदंड को दिशा–निर्देश बनाने जैसे कुछ मूल उद्देश्यों को पूरा करेगा। साथ–ही–साथ स्टेट अचीवमेंट सर्वे का मार्गदर्शन और नेशनल अचीवमेंट सर्वे का संचालन भी करेगा। इस नीति के घोषित उद्देश्यों के अनुरूप 21वीं सदी की कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में मूल्यांकन पैटर्न को बदलने के लिए स्कूल बोर्डों की मदद करना इसका मूल उद्देश्य होगा। इस केन्द्र के

माध्यम से मूल्यांकन पैटर्न और नवीनतम शोधों के बारे में स्कूल बोर्ड को भी सलाह दी जायेगी।

विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए सिद्धांत समान होंगे तथा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) उच्चतर गुणवत्ता वाली सामान्य योग्यता परीक्षा साथ ही, विज्ञान, मानविकी, भाषा, कला और व्यावसायिक विषयों में प्रत्येक वर्ष कम से कम दो बार सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों हेतु परीक्षा लेने का काम करेगी। इससे निश्चित रूप से समय और संसाधनों की बचत होगी। परीक्षाओं में अवधारणात्मक समझ और ज्ञान को लागू करने की क्षमता की जाँच की जाएगी तथा इन परीक्षाओं के लिए कोचिंग लेने की आवश्यकता को समाप्त करने पर जोर रहेगा। विद्यार्थी उन विषयों का चुनाव कर पाएँगे जिस विषय में परीक्षा देने में रुचि रखते हैं और प्रत्येक विश्वविद्यालय अपने प्रत्येक विद्यार्थी के व्यक्तिगत विषय पोर्टफोलियो को देख पाएँगे और विद्यार्थी की रुचि और प्रतिभा के मुताबिक उन्हें अपने कार्यक्रमों में प्रवेश दे पाएँगे।

पेपर सेटर को विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए मॉडल उत्तर तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। उत्तर पत्रक को चिन्हित करने में विद्यार्थियों के मूल विचारों और उनके वैचारिक समझ और रचनात्मक अभिव्यक्ति को उचित महत्त्व दिया जायेगा। पेपर को इस तरह से तैयार किया जायेगा कि इसमें पूरे पाठ्यक्रम को कवर किया जाए और छात्रों द्वारा चुनिंदा पढ़ाई का न्यूनतम दायरा हो। बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए परीक्षाएँ बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं, इसलिए इन्हें संगठित तरीके से आयोजित किया जाना चाहिए। शिक्षकों को परीक्षा पैटर्न में नए विकास के साथ प्रशिक्षित किए जाने की योजना भी इस शिक्षा नीति में शामिल है। मूल्यांकन प्रणाली में सुधार, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों पर परीक्षा तनाव एवं बोझ कम करने हेतु है। इस नीति में मूल्यांकन प्रणाली को लचीली एवं पारदर्शी बनाने की बात कही गयी है।

इस तरह से कहा जा सकता है कि, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं शिक्षा में आमूलचूल बदलाव वर्तमान परिदृश्य की अपरिहार्य आवश्यकता है। नीति निर्धारकों ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की समस्या के प्रति संवेदशीलता का परिचय देते हुए एक लचीली, पारदर्शी, सम्पूर्ण व्यक्तित्त्व विकास परक, निरंतर रचनात्मक मूल्यांकन प्रणाली की सिफारिश की है। निश्चित रूप से इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा तथा वे मूल्यपरक, गुणवत्तापूर्ण, सुसंगत शिक्षा प्राप्त कर समाज और देश के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देगें।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**

1. ऋग्वेद, 10/71/7।
2. अथर्ववेद, 3/30/3
3. विष्णु पुराण, 1/9/41
4. ऋग्वेद, 10/181/2
5. महोपनिषद्, अध्याय 4, श्लोक 71
6. ब्रह्माण्ड पुराण, 1/4/15
7. वायु पुराण, 77/128
8. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# राजा मुचकुन्द के द्वारा भगवान की स्तुतियों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन

**❑ डॉ. आनन्द राम पैकरा***

**शोध-सारांश**

*भगवान श्री कृष्ण विश्व स्वरूप हैं। वे मन तथा वाणी से अगोचर हैं, वे परब्रम्ह्म परमात्मा हैं। श्रुतियाँ भी उनके वास्तविक रूप को नहीं जानतीं। भगवान इस विश्व के आदि मध्य तथा अन्त में विद्यमान रहते हैं। परब्रह्म परमात्मा तथा संसार के स्वामी हैं। वे सभी प्राणियों के हृदय में विद्यमान रहकर संसार को नियंत्रण करते हैं। भगवान श्री कृष्ण रणभूमि का परित्याग कर भाग लिए योगियों के लिए भी दुर्लभ भगवान श्री कृष्ण को पकड़ने के लिए कालयवन ने उनका पीछा किया। रण छोड़ भगवान श्री कृष्ण लीला पूर्वक ऐसा पलायन कर रहे थे कि कालयवन को लगता था कि बस, अब पकड़ लिया। इस प्रकार प्रवंचना करते हुये भगवान श्री कृष्ण उसे एक पर्वत की गुफा में ले गये। मुचकुन्द के दृष्टिपात मात्र से कालयवन वहीं जलकर भस्म हो गया। भगवान चिरन्तन तथा मायातीत हैं। यही श्रुतियों का सारतत्त्व है। इस आलेख में इन्हीं बिन्दुओं को उल्लेख करने का मुख्य प्रयास है।*

***बीज शब्द***–*राजा, मुचकुन्द, भगवान, स्तुतियों मनोवैज्ञानिक, रणभूमि, परित्याग, कालयवन आदि।*

महाराज मुचकुन्द महान पराक्रमी राजा थे, वे इक्ष्वाकुवंश तथा महाराज मान्धाता के पुत्र थे। वे परम भक्त, सत्यवादी तथा संग्राम विजयी, पराक्रमी राजा थे। जिस समय कालयवन ने भगवान श्री कृष्ण की मथुरापुरी में आक्रमण कर दिया। भगवान श्री कृष्ण रणभूमि का परित्याग कर भाग लिए। योगियों के लिए भी दुर्लभ भगवान श्री कृष्ण को पकड़ने के लिए कालयवन ने उनका पीछा किया। रण छोड़ भगवान श्री कृष्ण लीला पूर्वक ऐसा पलायन कर रहे थे कि कालयवन को लगता था कि बस, अब पकड़ लिया। इस प्रकार प्रवंचना करते हुये भगवान श्री कृष्ण उसे एक पर्वत की गुफा में ले गये। मुचकुन्द के दृष्टि पात मात्र से कालयवन वहीं जलकर भस्म हो गया।

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय आर.बी.आर.एन.एफ.एस. पी.जी कॉलेज, जशपुर नगर (छत्तीसगढ़)

जब कालयवन भस्म हो गया तब भगवान श्री कृष्ण ने मुचकुन्द को दर्शन दिया, भगवान श्री कृष्ण के तेज से राजा मुचकुन्द की आँखें हत्प्रभ हो गईं। राजा मुचकुन्द ने पूछा, ''प्रभो! आप कौन हैं? इस कंटकाकीर्ण वन में क्यों विचरण कर रहे हैं। यहाँ आने का आपका क्या प्रयोजन है? आप परम तेजस्वी अग्निदेव या सूर्यदेव हैं अथवा ब्रह्मा, विष्णु तथा महादेव शंकर में से कोई हैं।

आपकी ज्योति से गुफा का अंधेरा दूर हो गया, इससे प्रतीत होता है कि आप स्वयं जगत्पति नारायण हैं, यदि आप परिचय योग्य समझें तो कृपया अपना परिचय दीजिये। यह पुरुष कौन था जो अपने पाप से ही जलकर भस्म हो गया। इसके पश्चात् आपके दर्शन हुए।'' भगवान श्री कृष्ण ने कहा, ''मेरे जन्म कई तथा अनन्त नाम हैं। मेरे नामों की कोई गणना नहीं है, उसी प्रकार मेरे जन्म–कर्म सभी अनन्त हैं। कोई व्यक्ति धूल के कणों की गणना कर सकता है किन्तु वह भी मेरे गुणों की गणना नहीं कर सकता। मैं वर्तमान में यदुवंशी वसुदेव का पुत्र वासुदेव हूँ।

**''वदन्ति वासुदेवेति वसुदेव सुतंहिमाम्।''**[1]

''मैं जगत् के कल्याण के लिये तथा असुरों के संहार के लिए अवतीर्ण हुआ हूँ। साधु–द्रोही कंस, प्रलम्ब आदि असुरों का मैं संहार कर चुका हूँ मेरी ही प्रेरणा से कालयवन तुम्हारे दृष्टिपात से ही भस्म हो गया है। भक्त वत्सल! तुमने मेरी आराधना की थी, इसलिए मैं तुम्हारी अभिलाषा पूर्ण करने के लिए यहाँ आया हूँ जो इच्छा हो वह वर माँग लो। तब मुचकुन्द ने भगवान की इस प्रकार स्तुति की–

मुचकुन्द ने कहा–''हे प्रभो! यह सारा संसार आपकी माया से मोहित है, कर्म तथा ज्ञान–भक्ति के द्वारा ही परम्परा से मुक्ति के साधन होते हैं। मुक्ति के लिए कर्म का उपयोग केवल वैराग्य उत्पन्न करने में है। जब तक वैराग्य न हो तब तक संसार में वर्णाश्रम धर्म का तथा लौकिक आचारों का पालन करना आवश्यक है। कर्मफल भी भगवान को समर्पित करना ही श्रेयस्कर मार्ग है। भक्ति के बिना केवल ज्ञान प्राप्ति के लिए अनवरत् प्रयास करना उसी प्रकार निष्फल है, जैसे अन्न फलाकांक्षी का भूसा कूटना। मुक्ति प्राप्ति के लिए भक्ति ही सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। यह स्त्री, पुत्र तथा गृहादिक की माया में फँसा है। जैसे तृण के लोभ में पशु अँधेरे कूप में गिर जाता है। उसी प्रकार प्राणी आपके चरण कमलों की उपासना न कर भ्रमित हो रहा है। भगवान! मैं भी राज्यलक्ष्मी के मद से मतवाला हो गया था मेरा महत्त्वपूर्ण समय इसी में व्यतीत हो गया। यह शरीर जो प्रत्यक्ष ही मिट्टी के घर के समान क्षणभंगुर है उसे ही मैंने अपना स्वरूप मान लिया था। इस प्रकार मदान्ध होकर सेनापतियों के साथ सारी पृथ्वी में अधिकार करने के लिए घूमता रहा। इस प्रकार मनुष्य को अपने कर्त्तव्य का ही निश्चय नहीं हो पाता। वह लोभ में फँसकर भगवत प्राप्ति से विमुख होकर संसार के विषयों की ओर प्रवृत्त हो जाता है। परन्तु जैसे भूख के कारण सर्प चूहे को पकड़ लेता है, उसी प्रकार काल मनुष्य को अपनी गाल में समाहित कर लेता है।

**प्रमत्तमुच्चौरितिकृत्यचिन्तया**
**प्रवृद्धलोभँ विषयेषु लालसम्।**
**त्वमप्रमत्तः सहसाभिपद्यसे**
**क्षुल्लेलिहानो हिरिवाखुमन्तकः।।**[2]

जो स्वयं को पृथ्वी का शासक समझ कर सोने के रथों में तथा गजराजों पर चलता था तथा मनुष्यों का राजा कहलाता था, वही शरीर काल का ग्रास बनकर बाहर फेंका जाता है, उसे पृथ्वी के नीचे गाड़ देते हैं, उसे कीड़े खाते हैं या फिर अग्नि से जलाकर भस्म कर देते हैं। प्रभो! कैसी आपकी माया है। प्रभो! जिसने सारी पृथ्वी पर विजय प्राप्त कर ली, जो जगद्विजय कर सिंहासनासीन है बड़े–बड़े राजा जिसके चरणों में सिर झुकाते हैं, वही पुरुष स्त्रियों के हाथ का खिलौना हो जाता है। यह कैसी आपकी माया है

अनेक लोग तपस्या करते हैं, विविध प्रकार के दान–पुण्य करते हैं तथा सम्राट् होने की कामना करते हैं। किन्तु उन्हें यह ज्ञात नहीं कि तृष्णा से कोई कभी सुखी नहीं हो सकता–

**प्रवृद्धतर्षो न सुखाय कल्पते।**[3]

यह जीव अनादि काल से इस संसार में भ्रमण कर रहा है किन्तु, जब उसके ऊपर भगवान की कृपा होती है, तब उसे सत्संग प्राप्त होता है। सत्संग से ही परब्रह्म परमात्मा को प्राप्त करने की बुद्धि होती है।

**भवापवर्गो भ्रमतो यदा भवे–**
**ज्जनस्य तर्ह्यच्युत सत्समगमः।**
**सत्सङ्गमो यर्हि तदैव सद्गतौ**
**परावरेशे त्वयि जायते मतिः।।**[4]

हे भगवन! आपने मेरे ऊपर परम कृपा की क्योंकि, श्रम के बिना ही मेरा राज्य बंधन कट गया क्योंकि सज्जन स्वभाव के चक्रवर्ती सम्राट् भी राज्य का परित्याग कर एकान्त में भजन कर संसार के बंधन से मुक्त होना चाहते हैं। वे बंधन से मुक्त होने के लिए आपकी शरण ग्रहण करते हैं। प्रभो! आप सब जानते हैं। मैं आपकी चरण–सेवा के अतिरिक्त कोई वर नहीं चाहता क्योंकि, इस संसार में जिनके पास कुछ नहीं है, जो संग्रह की प्रवृत्ति से मुक्त हैं, वही भगवान की शरण ग्रहण करते हैं। मोक्ष प्रदान करने वाले आप की प्रार्थना कर कौन प्राज्ञ पुरुष आत्मबंधन रूप सांसारिक विषयों की कामना करेगा। इसलिए आपकी चरण–सेवा के अतिरिक्त मुझे कोई वर नहीं चाहिए–

**न कामयेऽन्यं तव पादसेवना–**
**दकिञ्चनप्रार्थ्यतमाद्वरं विभो।**
**आराध्य कस्त्वाँ ह्यपवर्गदं हरे**
**वृणीत आर्यो वरमात्मबन्धनम्।।**[5]

भगवन! सत्त्वगुण, रजोगुण तथा तमोगुण से प्रसूत होने वाली कामनाओं का परित्याग कर गुणातीत माया–बंधन से परे चित्वस्वरूप निर्गुण, निरंजन तथा ज्ञप्तिस्वरूप परम पुरुष आप हैं, मैं केवल आपकी ही शरण प्राप्त करना चाहता हूँ।

कृपया मेरा उद्धार कीजिये। मैं अनादिकाल से अपने कर्मफलों का भोग करते–करते शान्त हो गया हूँ। इस ज्वाला के दाह से मुझे मुक्ति प्रदान कीजिये। पंचेन्द्रिय तथा मनरूपी इन छः शत्रुओं से मेरी रक्षा कीजिये। इनसे मुझे क्षणभर भी मुक्ति नहीं प्राप्त होती। हे मुक्ति दाता! अब मैं आपकी शरण में हूँ आप ही सारे संसार के एक मात्र स्वामी हैं। मैं आपकी शरण में हूँ, मेरी रक्षा कीजिये।''

**शरणद समुपेतस्त्वत्पदाब्जं परात्म–**
**नभयमृतमशोकं पाहि मापन्नमीश।।**[6]

हे सार्वभौम महाराज! तुम्हारी बुद्धि अत्यन्त निर्मल तथा पवित्र है। वरों के प्रलोभन के पश्चात् भी तुम्हारी कामना जागृत नहीं हुई। वरों के प्रलोभन के पश्चात् भी तुमने सावधान होकर केवल भक्ति की ही याचना की है। प्राणायाम के प्रश्चात् मन को वश में कर लेने पर भी विषय–वासनायें क्षीण नहीं होतीं किन्तु, तुमने उन्हें वश में कर लिया है। तुम्हें मेरी निर्मल भक्ति प्राप्त हो चुकी है। राजन! क्षत्रिय धर्म के कारण तुमने अनेक पशुओं का वध किया है। आप एकाग–चित्त होकर मेरी भक्ति करो, भक्ति से तुम्हारे पाप क्षीण हो जायेंगे, भावी जन्म में तुम ब्राह्मण बनोगे तथा प्राणियों के सच्चे हितचिन्तक होकर परमात्मस्वरूप मुझे प्राप्त करोगे। कालयवन ने मधुपुरी में आक्रमण किया था, इसलिए भगवान श्री कृष्ण कालयवन का नाश करना चाहते थे, किन्तु भगवान श्री कृष्ण ब्रह्मा के वरदान के कारण उसे स्वयं नहीं मार सकते थे, अतः वे युद्ध भूमि से भाग निकले। कालयवन उनका पीछा करने लगा। भगवान श्री कृष्ण भागते–भागते प्रवर्षण नामक पर्वत की गुफा में जा पहुँचे। वहाँ राजा मुचकुन्द शयन कर रहे थे। कालयवन ने उन्हें कृष्ण समझकर पैर से प्रहार किया। उसके पाद प्रहार से मुचकुन्द की निद्रा भंग हो गई। उन्होंने चारों ओर देखा तो उनकी दृष्टि कालयवन पर पड़ी दृष्टि पात मात्र से कालयवन भस्म हो गया।

## मुचकुन्द की स्तुति का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण

मुचकुन्द परमात्मा का ध्यान कर रहे थे। परमात्मा के ध्यान में मग्न व्यक्ति को काल भी नहीं काट सकता। उसके सामने काल स्वयं नष्ट हो जाता है। कालयवन के भस्म हो जाने के पश्चात् भगवान श्री कृष्ण मुचकुन्द के सामने प्रकट हो गये। भगवान श्री कृष्ण का दर्शन कर मुचकुन्द समझ गये कि यह स्वयं नारायण हैं, अतः वे उनकी स्तुति करने लगे। इस संसार को मानव का शरीर भगवान की भक्ति के लिये प्राप्त हुआ है किन्तु, मानव सांसारिक विषयों में फस कर भगवान के चरणारविन्दु की सेवा से विमुख हो जाता है। वह वासनाओं का दास हो जाता है।

मानव प्रमाद के कारण भगवान को भूल जाता है, वह विषयासक्त हो जाता है। विषयासक्त मानव की स्थिति सर्प के मुख में फँसे हुये मेंढक के समान है वह काल का ग्रास हो रहा है फिर भी अपने मुख के पास आने वाले कीड़े को खाने का प्रयास करता है। उसी प्रकार मानव भी काल के आधीन है, फिर भी विषय वासनाओं से विमुख नहीं होता इस संसार के मोह से मुक्त नहीं हो पाता मानव मोह–माया के आधीन होकर असावधान रहता है किन्तु, काल हमेशा सावधान रहता है। वह अपने समय पर आ ही जाता है। वह किसी को छोड़ता नहीं है। मानव प्रमाद के कारण प्रभु की शरण में नहीं जाता। भगवान श्री कृष्ण के आश्वासन के पश्चात् अगले जन्म में मुचकुन्द ब्राह्मण हुये। ऐसी किंवदन्ति है कि मुचकुन्द नरसिंह मेहता के रूप में अवतरित हुए। वे भगवान के परम भक्त हुये। भगवान स्वयं उनके सारे कार्य पूर्ण करते थे। राजा मुचकुन्द की इस कथा का अभिप्राय यह है कि युवावस्था में विलासिता में व्यतीत करने पर भक्ति मिलना अत्यन्त दुर्लभ कार्य है। बचपन से ही संयमपूर्वक भक्ति करने से ही साधक भगवन्मय हो जाता है। भगवान से अनन्य भक्ति की प्रार्थना करो तभी जीवन सफल हो पायेगा। युवावस्था भी भक्ति में ही व्यतीत करो, प्रभु का भजन करते रहो, तभी जीवन सुधरेगा। भगवान की अनन्य भक्ति प्राप्त होगी। शरीर के अशक्त हो जाने पर वृद्धावस्था में भगवान का स्मरण करने पर जीवन नहीं सुधरेगा। जीवन सुधारना हो तो बचपन से ही भगवान की भक्ति करें।

## पटरानी रुक्मिणी द्वारा भगवान की स्तुति

एक दिन इस संसार के परमपिता परमेश्वर भगवान श्री कृष्ण अपनी पटरानी रुक्मिणी से बोले– ''राजकुमारी! इस संसार में लोकपालों के समान ऐश्वर्यशाली बड़े–बड़े राजा हैं। तुम्हें उनसे ही विवाह करना उचित था। तुम्हारे पिता तथा भाई भी शिशुपाल के साथ तुम्हारा विवाह करना चाहते थे किन्तु, तुमने मुझे अपना पति स्वीकार किया जबकि मैं इन राजाओं के सामने कुछ भी नहीं हूँ। तुम्हारे माता–पिता आदि स्वजन भी मुझसे द्वेष करते हैं। मैं अपने आप में पूर्ण काम हूँ, इसलिए तुम अपनी इच्छा के अनुसार किसी श्रेष्ठ राजा से विवाह करने के लिए स्वतंत्र हो–

**उदासीना वयं नूनं न स्त्र्यपत्यार्थकामुकाः।**
**आत्मलब्ध्यास्महे पूर्णा गेहयोर्ज्योतिरक्रियाः।।**[7]

भगवान श्री कृष्ण क्षण भर भी रुक्मिणी से अलग नहीं होते थे इसलिए उन्हें यह अभिमान हो गया था कि मैं उनकी सबसे अधिक प्यारी हूँ। इसी अभिमान को दूर करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने यह स्वांग रचा। रुक्मिणी भगवान श्री कृष्ण की वाणी सुनकर भयभीत हो गईं तथा चिन्ता से उनका मुख सूख गया उनकी वाणी अवरुद्ध हो गयी। वे वायुवेग से उखड़े हुए स्तभ के समान धरती पर गिर पड़ीं। रुक्मिणी की यह दशा देखकर भगवान श्री कृष्ण का हृदय करुणामई हो उठा। भगवान श्री कृष्ण ने तत्काल उन्हें उठाकर उनका मुख पोछा तथा भुजाओं से उनका आलिंगन किया, इसके पश्चात् उन्होंने रुक्मिणी को आश्वस्त किया।

भगवान श्री कृष्ण ने कहा, विदर्भ राजकुमारी, तुम मुझसे नाराज मत होना, मैं जानता हूँ कि तुम

एक मात्र मेरी ही परायण हो। तुम्हारी प्रेमभरी बातें सुनने के लिए ही मैंने ये छल भरी बातें की हैं। सुन्दरी, घर के कार्यों में रात–दिन व्यस्त रहने वाले गृहस्थों के लिए यही परम लाभ है कि वे अपनी प्रिय पत्नी के साथ हास–परिहास करते हुये समय व्यतीत करें।

भगवान श्री कृष्ण के ऐसा कहने के पश्चात् उनकी प्राणप्रिया रुक्मिणी को यह विश्वास हो गया कि भगवान केवल परिहास कर रहे हैं, तब वे भगवान श्री कृष्ण के मुख की ओर देखती हुई उनकी स्तुति करती हुई बोलीं–

हे कमलनयन! आप का यह कहना उचित है कि मैं आपके योग्य नहीं हूँ, मैं आपकी समता कभी नहीं कर सकती, कहाँ गुणमयातीत अपनी महिमा में रमण करने वाले आप, कहाँ गुणमयी कामनाओं में भ्रमित रहने वाले मेरे जैसे अज्ञानी जीव। मेरी तथा आपकी तुलना कैसे हो सकती है। आपने ठीक कहा कि मैं राजाओं के भय से समुद्र में छिपा हूँ। आप पृथ्वी के राजाओं के भय से नहीं अपितु गुणमय रूप राजाओं के भय से समुद्र में छिपे हैं। ये दुष्ट इन्द्रियाँ ही राजा हैं, जिनसे आपका बैर है आपने कहा कि मैं राजा नहीं हूँ, राज सिंहासन से मैं वंचित हूँ। धनाभिमान को दूर रखने के लिए ही आपने सिंहासन का परित्याग किया है। आप कहते हैं कि मेरा मार्ग स्पष्ट नहीं है। मेरा आचरण राजाओं जैसा नहीं है। यह निःसन्देह यर्थाथ है क्योंकि ऋषि–महर्षि भी आपके यथार्थ रूप को नहीं जानते।

वे भी आपके चरण–कमलों की सेवा में ही रत रहते हैं, इसलिए वे आपका अनुमान से ही ज्ञान प्राप्त करते हैं। विषय–वासनाओ में फँसे हुये राजागण आपको कैसे जान सकते हैं। भला वे आपकी समता कैसे प्राप्त कर सकते हैं। आप समस्त शक्तियों के आश्रय हैं आपके ऐश्वर्य भी अलौकिक हैं उनका यथार्थ वर्णन कौन कर सकता है। आप अलौकिक तथा वर्णनातीत हैं।

प्रभो! आपने स्वयं को अकिंचन कहा है, वह सत्य है क्योंकि, आप से भिन्न इस संसार में कुछ है ही नहीं। यह समस्त संसार आपका ही स्वरूप है किन्तु जिन देवताओं की पूजा लोग करते हैं, वही ब्रह्मा आदि देवता आपकी पूजा करते हैं। धनाभिमानी आपकी भजन नहीं करते, वे आपको जान भी नहीं सकते। क्योंकि मृत्यु उनके सिर पर नृत्य कर रही है।

इस संसार में जितने भी धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष आदि पुरुषार्थ हैं, वे सब आप ही हैं। समस्त प्रवृत्ति–निवृत्ति तथा सिद्धियों के साधन आप ही हैं। आप साधन तथा साध्य दोनों हैं। भक्त महापुरुष आपको प्राप्त करने के लिए सभी भौतिक साधनों का परित्याग कर आपकी शरण ग्रहण करते हैं। जो भौतिक काम सुख में अनुरक्त हैं वे कदापि आप को नहीं जान सकते, वे आपको जानने योग्य भी नहीं हैं। आपने कहा कि भिक्षुक लोग ही मेरी प्रशंसा करते हैं, यह यथार्थ है। परम शान्त, संन्यासी, महात्मा, महिमाशाली भक्त, भिक्षुक ही तो हैं, वही आपकी महिमा को जानते हैं तथा वही आपकी प्रशंसा करते हैं। आपने यह भी कहा कि तुमने अविचार से अयोग्य का वरण किया है। मैंने अविचार से आपका वरण नहीं किया है, मैं जानती हूँ कि आप सारे संसार की आत्मा हैं, आप सर्वेश्वर हैं, आप ने जानबूझ कर राजाओं तथा देवताओं का परित्याग किया है क्योंकि, ये सभी काल के आधीन हैं, काल कभी भी इन्हें कवलित कर सकता है। शिशुपाल, जरासन्ध तथा दन्तवक्त आदि तुच्छ राजा हैं। उनकी बात ही क्या? वे तुच्छ प्राणी हैं, वे काल के खिलौने हैं।

हे गदाग्रज! आप राजाओं के भय से समुद्र में आकर बसे हैं, यह बात आपकी संगत प्रतीत नहीं होती क्योंकि, आपने अपने शाडं. धनुष की टंकार मात्र से सभी राजाओं को विद्रावित कर मुझे अपने चरणों की दासी बना बनाया है। जिस प्रकार सिंह अपनी दहाड़ से वन्य पशुओं को भगाकर अपना

भाग ग्रहण कर लेता है, उसी प्रकार आपने मेरा हरण किया है। आपके चरणों का आश्रय प्राप्त हो जाने से वे संसार के संताप से मुक्त हो जाते हैं। लक्ष्मी सदा आपके चरणों में निवास करती हैं, तो फिर आप ही बताइये संसार में कौन ऐसी समझदार स्त्री होगी जो लक्ष्मी के स्वामी को छोड़कर दूसरे का वरण करेगी।

हे जगत् के स्वामी! आप इस संसार के एकमात्र अधीश्वर हैं। आप सभी लोगों की इच्छाओं को पूर्ण करने वाले हैं। आप संसार के आश्रय हैं मैंने आपको विचार कर ही वरण किया है। मुझे कर्मों के कारण संसार में भटकने का भय नहीं है मेरी एकमात्र यही कामना है कि मैं आपके चरणों की सेवा करती रहूँ।

**तं त्वानुरूपमभजं जगतामधीश–**
**मात्मानमत्र च परत्र च कामपूरम्।**
**स्यान्में तवाङ्घ्रिररणँ सृतिभिर्भ्रमन्त्या**
**यो वै भजन्तमुपयात्यनृतापवर्गः।।**[8]

हे अरिकर्षण! गर्दभ के समान भार वहन करने वाले, बैलों के समान हल में चलने वाले, गृह के व्यापार में आसक्त रहने वाले, कुत्तों के समान तिरस्कार सहने वाले, विलाव के समान हिंसक तथा दास के समान स्त्री की सेवा में लगे रहने वाले शिशुपाल आदि राजाओं को कोई अभागिनी ही वरण कर सकती है। शंकर, ब्रह्मा आदि की सभा में गायी जाने वाली आपकी कीर्ति का श्रवण कर कौन स्त्री इनका वरण करेगी। मानव जीवित होते हुये भी मृत के समान है। उसका शरीर चमड़ी, दाढ़ी, मूँछ, रोम, नख तथा केशों से ढँका है किन्तु, उसके अन्दर मांस, हड्डी, रक्त, मल, मूत्र, पित्त तथा वायु आदि का समूह है। इस क्षणभंगुर शरीर को वही स्त्री अपना पति बनायेगी जिसे आपके चरण–कमल के पराग की सुगन्ध नहीं प्राप्त हो सकी है।[9] आपके चरणों की छत्र–छाया प्राप्त कर लेने वाली कोई स्त्री अन्य राजाओं का वरण नहीं कर सकती।

हे कमलनेत्र! आप स्वयं परमात्मा हैं, आप मेरे गुणों अथवा दुर्गुणों पर ध्यान मत दीजिये, आप स्वयं उदासीन हैं, आप इस संसार के पालनकर्त्ता हैं आप संसार के कल्याण के लिए रजोगुण का आश्रय लेते हैं। संसार के पालक होने के कारण मेरे ऊपर भी कृपा कीजिये। मैं आपके चरणों में हृदअनुराग करती हूँ। इसलिए आप अपनी शरण प्रदान कीजिये यदि आप मेरी ओर दृष्टिपात करें तो यह आपकी परम कृपा होगी।

**अस्त्वम्बुजाक्ष मम ते चरणानुराग**
**आत्मन् रतस्य मयि चानतिरिक्तदृष्टेः।**
**यर्ह्यस्य वृद्धय उपात्तरजोऽतिमात्रो**
**मामीक्षसे तदु ह नः परमानुकम्पा।।**[10]

हे मधुसूदन! आपने मुझे अनुरूप करके वरण की आज्ञा दी है। मैं आपके इन वचनों को अन्यथा नहीं मानती क्योंकि भीष्म पितामह ने काशी नरेश की कन्या अम्बा का अपहरण किया था किन्तु अम्बा पहले से ही किसी पुरुष से प्रेम करती थी अतः उसने अन्य पुरुष से विवाह नहीं किया किन्तु मैं आपके हरण के पूर्व किसी पुरुष से प्रेम नहीं करती थी, मैं तो पहले से ही आपके गुणों में अनुरक्त थी। इसलिए मुझे दूसरे पुरुष की आवश्यकता नहीं है। कुलटा स्त्री का मन विवाह के पश्चात् भी अन्य पुरुषों की ओर आकृष्ट होता रहता है। बुद्धिमान पुरुष का यह कर्त्तव्य है कि वह कुलटा स्त्री का वरण न करे। कुलटा स्त्री को स्वीकार करने वाला पुरुष इस लोक तथा परलोक दोनों से च्युत हो जाता है।[11]

रुक्मिणी की स्तुति को सुनकर भगवान श्री कृष्ण ने कहा, मैंने यही जानने की इच्छा से ऐसा कहा था। शुभे! मैं तुम्हारे पति प्रेम तथा पतिव्रत से अच्छी तरह परिचित हूँ। मैं जानता हूँ कि मेरी बातों से तुम्हारी बुद्धि अन्यथा नहीं होगी। हे कल्याणि! मैं मुक्ति का स्वामी हूँ, मैं संसार सागर से लोगों को पार करता हूँ, व्रत तथा तपस्या करके दाम्पत्य सुख के लिए लोग मेरी अराधना करते हैं, मैं उन्हें

वैसा ही वर देता हूँ। प्रिये! आज तक निरन्तर तुमने मेरी सेवा की है, इसलिए मैं तुम्हारे ऊपर प्रसन्न हूँ। अपनी सेवा से तुमने मुझे वश में कर लिया है।

''वयंजितास्वे'' इसलिए मैं तुम्हारा अभिनन्दन करता हूँ। ''**यं प्रतिनन्दयाम्।**''

## रुक्मिणी की कथा का विश्लेषण

रुक्मिणी की कथा का यह रहस्य है कि संबंध के बिना स्नेह नहीं हो पाता। यदि भक्ति करनी है तो परमात्मा से संबंध स्थापित करो। आराध्य सेवक या पति के रूप में परमात्मा श्री कृष्ण से संबंध बनाओ। संबंध बनने पर ही परमात्मा श्री कृष्ण अपनाते हैं, ध्यान रहे, परमात्मा श्री कृष्ण लौकिक संबंध से कभी प्रसन्न नहीं होते। परमात्मा से मानसिक संबंध जरूरी है। संबंध से ही परमात्मा का प्रेम उपलब्ध होता है।

रुक्मिणी ने विवाह के पूर्व ही परमात्मा श्री कृष्ण से संबंध बना लिया था। उन्होंने श्री कृष्ण से सच्चे मन से संबंध स्थापित किया था। इसलिए भगवान श्री कृष्ण ने उन्हें अपना लिया। सच्चे संबंध से ही भगवान अपना लेते हैं। ईश्वर के संबंध से परमानन्द प्राप्त होता है। भक्ति में तन्मयता होने पर ही भगवान कृपा करते हैं।

## भगवान शंकर द्वारा श्री कृष्ण की स्तुति

भगवान शंकर अपने परमभक्त वाणासुर की सहायता के लिए श्री कृष्ण के विरुद्ध युद्ध में सम्मिलित हुये। वाणासुर के मन्त्री कुम्भाण्ड की पुत्री चित्रलेखा के द्वारा अनिरुद्ध का हरण किये जाने के पश्चात् वाणासुर ने अपनी पुत्री ऊषा के साथ अनिरुद्ध को देखकर उन्हें नागपाश से बाँध दिया। देवर्षि नारद के द्वारा यह वृतान्त सुनकर भगवान श्री कृष्ण ने वाणासुर के शोणितपुर में आक्रमण कर दिया। अपने भक्त की सहायता के लिये महादेव शंकर ने श्री कृष्ण के साथ युद्ध किया। भगवान श्री कृष्ण ने अपने चक्र से वाणासुर की भुजाओं को वृक्ष की शाखा के समान काट कर पृथ्वी पर गिरा दिया। भगवान शंकर अपने भक्त की रक्षा के लिये चक्रधारी श्री कृष्ण की स्तुति करने लगे–

प्रभो! आपकी माया से भ्रमित होकर अज्ञानी प्राणी स्त्री, पुत्र तथा धन आदि की विषय–वासना में आसक्त होकर इस संसार–सागर में उन्मज्जित तथा निमज्जित होते रहते हैं। वे इससे पार नहीं हो पाते वे आपके ही माया–बंधन में ही फँसे रहते हैं। इस जगत् के प्राणियों को आपने मानव शरीर अपनी कृपा प्राप्ति के ही लिये प्रदान किया है। किन्तु, फिर भी वे आपके चरण–कमलों की भक्ति नहीं करते। संसारी मानवों का जीवन अत्यन्त शोचनीय है वे स्वयं की प्रवंचना कर रहे हैं।

**देवदत्तमिमं लब्ध्वा नृलोकमजितेन्द्रियः।**
**यो नाद्रियेत त्वत्पादौ स शोच्यो ह्यात्मवञ्चकः।**[12]

भगवन! आप सभी जीवों की आत्मा तथा उनके अधीश्वर हैं, जो मनुष्य आपका परित्याग कर संसार की तुच्छ विषय–वासनाओं में फँस जाता है, वह विपरीत बुद्धि मूर्ख अमृत का त्याग कर विष का पान करता है। हे भगवन! आप ही ब्रह्मा प्रभृति सभी देवों तथा शुद्ध हृदय वाले भक्तों तथा ऋषियों के स्वामी हैं हम सभी आपकी शरण में हैं। आप हमारी रक्षा कीजिये। आप इस संसार की सृष्टि स्थिति तथा प्रलय के हेतु हैं। आप परम शान्त महापुरुषों की आत्मा हैं। आप सर्वेश्वर हैं। आप अद्वितीय संसार के आश्रय भूत हैं। हम सब इस संसार से मुक्ति प्राप्त करने के लिए आपकी शरण में हैं आप हमारी रक्षा कीजिये।

**तं त्वा जगत्स्थित्युदयान्तहेतुं**
**समं प्रशान्तं सुहृदात्मदैवम्।**
**अनन्यमेकं जगदात्मकेतं**
**भवापवर्गाय भजाम देवम्।।**[13]

हे प्रभो! यह वाणासुर मेरा परम भक्त, परम प्रिय दास है, मैंने प्रसन्न होकर इसे अभय प्रदान किया है। आपने भी दैत्यराज प्रह्लाद को उसके वंशजों के वध न करने का वचन दिया है, इसलिए

आप इसके ऊपर कृपा कीजिये। इसके प्राणों की रक्षा कीजिये।

महादेव शंकर के वचनों को सुनकर भगवान श्री कृष्ण ने कहा, भगवन! जैसा आप चाहते हैं, मैं आपके भक्त को अभय प्रदान करता हूँ। जैसा आप चाहते थे, मैंने इसकी भुजायें काटकर इसका अभिमान चूर कर दिया। मै जानता हूँ, कि वाणासुर दैत्यराज प्रह्लाद का वंशज है, इसलिए मैं इसका वध नहीं कर सकता। इसके अभिमान को चूर–चूर करने के लिए मैंने इसकी भुजाये काट दी हैं। अब इसकी चार भुजायें अजर–अमर रहेंगी। हे महादेव! वाणासुर आपका पार्षद है, इसलिए मैं इसे अभय प्रदान करता हूँ।

भगवान श्री कृष्ण से अभय प्राप्त कर वाणासुर ने अपनी पुत्री ऊषा का अनिरुद्ध के साथ विवाह कर दिया। भगवान श्री कृष्ण वाणासुर के अभिमान का नाश कर द्वारिका चले गये।

**वाणासुर की कथा का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण**

ऊषा की सखी चित्रलेखा मायाविद थी। वह अपनी माया से अनिरुद्ध का हरण करती है। अनिरुद्ध के हरण का तात्पर्य है मन का हरण करना। अनिरुद्ध अर्थात् जिसे रोका न जा सके। जिसका नियन्त्रण कठिन हो, वह मन है। मन को वश में करना कठिन है, अतः यह मैं नहीं अनिरुद्ध है, चित्रलेखा चित्र–विचित्र विचार वाली बुद्धि है। चित्र–विचित्र विचारों वाली बुद्धि ही मन को भ्रमित कर उसका हरण कर लेती है। बुद्धि मन को अपनी ओर खींच लेती है।

बुद्धि से जब मन नियन्त्रित नहीं हो पाता तो वह ब्रह्मचर्य का आश्रय लेती है, ब्रह्मचर्य का साथ प्राप्त हो जाने से बुद्धि मन को नियन्त्रित करने में सफल हो जाती है। इसका तात्पर्य है कि जब ब्रह्मचर्य का पालन करते हुये संयमित जीवन व्यतीत करोगे तभी मन नियन्त्रित हो सकता है।

नारद की सहायता से चित्रलेखा अनिरुद्ध का हरण कर लेती है, अर्थात् नारद का अर्थ है ब्रह्मचर्य। ब्रह्मचर्य के सद्विचारों की सहायता से ही चित्र–विचित्र विचारों वाली बुद्धि मन को नियंत्रित करने में सफल होती है। बुद्धि को जब ब्रह्मचर्य का साथ प्राप्त होता है, तभी वह मन को नियंन्त्रित कर सद्विचारों की ओर प्रवृत्त करने में सफल होती है।

**वेदों द्वारा भगवान की स्तुति**

हे नारायण! आप प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से सभी प्राणियों के स्वामी तथा पुरुषोत्तम हैं। यह संसार अविद्या के कारण प्रसुप्त–सा दिखाई देता है। आप अपनी माया से इस संसार की रचना कर इसी में समाहित हो जाते हैं। अपनी माया से आप इस संसार को भ्रमित करते रहते हैं। भगवन! आप स्वयं प्रकाश हैं, आपके प्रकाश से ही यह संसार प्रकाशित हो रहा है जो भक्त आपकी लीला कथा का श्रवण–कीर्तन कर शुद्ध हृदय से आपकी उपासना करते हैं, उन्हें आप अभीष्ट फल प्रदान करते हैं। आप अध्यात्म–तत्त्व–वेत्ता तथा स्वयं आत्मस्वरूप हैं। आपकी माया ही सारे संसार को मोह से आवृत्त कर देती है। हे स्वयं प्रकाश प्रभु! आप सर्वेश्वर हैं। आपके दर्शन मात्र से सारे संसार का कल्याण हो जाता है। आप हमारे ऊपर कृपा कीजिये।

ऋतुदेव! आप पर कृपा करने के लिए ही ऋषि–मुनि यहाँ एकत्रित हुये हैं। इन ऋषियों की चरण धूलि से सारा संसार पवित्र हो जाता है। संतों की कृपा दृष्टि से सारे संसार का उद्धार हो जाता है। जगत् में ब्राह्मण जन्म से ही श्रेष्ठ हैं। यदि वह त्याग, तपस्या, संतोष आदि से सम्पन्न हो तो वह और अधिक श्रेष्ठ हैं, फिर मेरी भक्ति से युक्त ब्राह्मण तो मुझसे भी श्रेष्ठ है। ब्राह्मण मुझे अपने आपसे अधिक प्रिय है क्योंकि वह सर्ववेदमय है तथा मैं सर्वदेवमय हूँ।

**न ब्राह्मणान्में दयितं रूपमेतच्चतुर्भुजम्।**
**सर्ववेदमयो विप्रः सर्वदेवमयो ह्यहम्।।**[14]

ब्राह्मण मेरा दर्शन कर यह ज्ञात कर लेता है कि यह सारा संसार ईश्वर का ही रूप है, सभी महत्त्व, अहंकार तथा प्रकृति प्रभूति भगवत स्वरूप

है। इसलिए ऋषि–महर्षि ही मेरे यथार्थ स्वरूप हैं। पूरी श्रद्धा के साथ महर्षियों की पूजा करने से मेरी पूजा स्वयं सम्पन्न हो जायेगी। भगवान श्री कृष्ण के आदेशानुसार शुकदेव ने श्रद्धापूर्वक महर्षियों की पूजा की।

यह ब्रह्म गुणातीत तथा कार्य–कारण से परे है। मन तथा वाणी ही ब्रह्म तक जाती ही नहीं है। ब्रह्म अवाङ्‌ऋमनस गोचर है। समस्त श्रुतियाँ भी उसका निरूपण नहीं कर सकतीं। श्रुतियाँ गुणरूप हैं, किन्तु ब्रह्म गुणों से परे निर्गुण है। श्रुतियाँ निर्गुण ब्रह्म का निरूपण कैसे कर सकती हैं, निर्गुण का तो कोई रूप ही नहीं। श्रुतियाँ स्पष्ट रूप से सगुण का ही निरूपण करती हैं किन्तु, यथार्थ रूप में विचार करने पर सगुण भी निर्गुण ही है। ब्रह्मा का निरूपण करने वाली श्रुतियों का भी यही निश्चय है। ब्रह्मा के संबंध में श्रुतियाँ भी नेति–नेति कहकर मौन धारण कर लेती हैं।

जिस प्रकार सोये हुये सम्राट् को प्रतिबोधित करने के लिये प्रातः काल बंदीजन उसके यश का गान करते हैं, उसी प्रकार सारे संसार को लीन कर प्रलय काल में सोये हुये नारायण को जगाने के लिये श्रुतियाँ इस प्रकार उद्‌बोधन करती हैं।

हे अजिता! आप अज्ञेय हैं, आपके गुण तथा स्वभावों का कोई निरूपण नहीं कर सकता। आप सभी ऐश्वर्य से परिपूर्ण हैं। स्थावरजंगमात्मक इस संसार को भ्रमित करने वाली अपनी माया का आप स्वयं नाश कीजिये। क्योंकि आपने जीवों के कल्याण के लिए स्वेच्छा रूप धारण किया है। संसार की जितनी शक्तियाँ हैं उन्हें जागृत करने वाले आप ही हैं। आपके बिना जीव आपकी माया से अपनी रक्षा नहीं कर सकते। वेद यही निरूपण करते हैं कि आप सभी गुणों के सागर हैं। आप सच्चिदानन्द स्वरूप हैं। आप अपने विग्रह से ही क्रीडा करते हैं श्रुतियाँ आपके स्वरूप का निरूपण करने में कृतकार्य नहीं हैं। वे तो केवल आपकी माया तक ही सीमित हैं।

ब्रह्मा, अग्नि, सूर्य, देवराज इन्द्र प्रभृति देवता तथा यह संसार आपसे भिन्न प्रतीत होने पर भी आप से भिन्न नहीं है, क्योंकि यह आपका ही स्वरूप है। यही कारण है, विभिन्न देवताओं का निरूपण करने वाली श्रुतियों के मन्त्र उन सभी देवताओं का अलग–अलग प्रतिपादन करते हैं, फिर भी उन्हें आपका ही रूप बताते हैं। आप अजन्मा होते हुये भी भिन्न–भिन्न रूपों में जन्म लेते हैं। जैसे घट, शराब आदि मिट्‌टी से निर्मित होने पर भी मिट्‌टी से भिन्न प्रतीत होते हैं, वैसे ही ब्रह्मादि देवता भी हैं। यही कारण है कि विवेकी ऋषी–महात्मा इस संसार में आपके रूप का ही अनुभव करते हैं। भगवन! सभी श्रुतियाँ आपके गुणों का ही प्रतिपादन करती हैं इसलिए सभी विद्वान पुरुष आपकी लीला कथा रूपी अमृतार्णव में ही गोते लगाते रहते हैं, क्योंकि उससे सारे पाप–ताप प्रक्षालित हो जाते हैं। आप आनन्द स्वरूप हैं, आपके चरणों का स्मरण करने से सारे क्लेश सदा के लिए शान्त हो जाते हैं। इसलिए सन्त–महात्मा अपने आनन्दमय रूप का निरन्तर स्मरण करते रहते हैं।

**''परम भजन्ति ये पदमजस्त्रसुखानु भवम्।''**[11]

हे प्रभो! मानव जीवन की सफलता इसी में है कि वे आपका भजन करते रहते हैं, यदि वे ऐसा नहीं करते तो उनका श्वांस लेना लुहार की धौंकनी के समान है। आपने महत्त्व तथा अहंकार आदिक तत्त्वों से इस ब्रह्माण्ड की रचना की है। आपके अस्तित्त्व से ही संसार का अस्तित्त्व है। संसार के न रहने पर भी आप विद्यमान रहते हैं, इसलिए आप असंग हैं, आपके वास्तविक स्वरूप को कोई नहीं जानता इसलिए श्रुतियाँ भी नेति–नेति कह कर आपका प्रतिपादन करती हैं। आप ही एकमात्र सत्य हैं, इसलिए आपकी भक्ति के बिना जीवन व्यर्थ है।

भगवान श्री कृष्ण विश्व स्वरूप हैं। वे मन तथा वाणी से अगोचर हैं, वे परब्रह्म परमात्मा हैं। श्रुतियाँ भी उनके वास्तविक रूप को नहीं जानतीं। भगवान इस विश्व के आदि, मध्य तथा अन्त में

विद्यमान रहते हैं। परब्रह्म परमात्मा तथा संसार के स्वामी हैं। वे सभी प्राणियों के हृदय में विद्यमान रहकर संसार को नियंत्रित करते हैं। भगवान चिरन्तन तथा मायातीत हैं। यही श्रुतियों का सारतत्त्व है।

वेद शब्द ब्रह्म हैं। वे निराकार का प्रतिपादन करते हैं। वेद माया–बन्धन से मुक्ति का उपदेश देते हैं। अनादि काल से जीव माया के बंधन में आबद्ध है। माया को जगत् को विषयों में फँसाकर उसका अधःपतन करते हैं। वेद जीव के परम कल्याण के लिए परब्रह्म परमात्मा श्री कृष्ण से प्रार्थना करते हैं कि परमात्मा की स्तुति ही वेद–स्तुति है।

वेद सगुण तथा निर्गुण उभयाकार ब्रह्म का प्रतिपादन करते हैं। भगवान श्री कृष्ण साकार तथा निराकार दोनों लीलायें करते हैं। भगवान श्री कृष्ण की रासलीला निराकार लीला है। इस लीला में आत्मा तथा परमात्मा दोनों मिलकर एक हो जाते हैं। ईश्वर का कोई निर्धारित आकार या स्वरूप नहीं है। यही वेद–स्तुति का परमार्थ है। ईश्वर निराकर परब्रह्म परमात्मा है।

वेद–स्तुति के अनुसार निर्गुण–निराकार तथा सगुण–साकार दोनों परब्रह्म वस्तुतः एक रूप है। निर्गुण ब्रह्म ही पराभक्ति से सगुण हो जाता है। भगवान श्री कृष्ण गोपियों की भक्ति से सगुण हो जाते हैं। वस्तुतः वे निराकार परब्रह्म परमात्मा हैं। इस चराचर संसार में ईश्वर की लीला का विलास है। जो कुछ जगत् में दृष्टिगोचर होता है, वह परब्रह्म स्वरूप है। परब्रह्म लौकिक नाम से, रूप से परे है। ध्यान से परब्रह्म परमात्मा को साक्षात्कार किया जा सकता है।

वेद–स्तुति में आरंभवाद तथा परिणामवाद प्रभृति सभी मतों का प्रतिपादन किया गया है। वेद ईश्वर के निषेधात्मक स्वरूप का निरूपण करते हैं। ज्ञानमार्ग तथा भक्तिमार्ग दोनों का लक्ष्य परब्रह्म परमात्मा है। यही वेदों का परमार्थ है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**

1. श्रीमद् भाग. (10/51/41)
2. श्रीमद् भाग. (10/51/50)
3. श्रीमद् भाग. (10/51/53)
4. श्रीमद् भाग. (10/51/54)
5. श्रीमद् भाग. (10/51/56)
6. श्रीमद् भाग. (10/51/58)
7. श्रीमद् भाग. (10/60/20)
8. श्रीमद् भाग. (10/60/43)
9. श्रीमद् भाग. (10/60/46)
10. श्रीमद् भाग. (10/63/41)
11. श्रीमद् भाग. (10/63/44)
12. श्रीमद् भाग. (10/86/54)
13. श्रीमद् भाग. (10/87/16)

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# एकात्म मानव दर्शन का युगबोध

▫ **डॉ. पवन कुमार पाठक***

**शोध-सारांश**

*15 अगस्त, 1947 को जब देश आज़ाद हुआ तब भारत के समक्ष यह प्रश्न खड़ा हुआ कि भारत अपने विकास का कौन–सा मॉडल चुने? तत्कालीन वैश्विक राजनीति दो विपरीत विचारधाराओं के संघर्ष से गुजर रही थी। एक ओर संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व में अनियंत्रित पूँजीवाद अग्रसर हो रहा था, तो वहीं दूसरी ओर वर्ग संघर्ष पर आधारित साम्यवादी विचारधारा समाज में प्रतिक्रिया एवं प्रतिशोध को जन्म दे रहा था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी इन दोनों विचारधाराओं को नकार देते हैं। उनके अनुसार, यह दोनों विचारधाराएँ मनुष्य को आत्म–केन्द्रित बनाती हैं, जो मात्र अपने सुख की चिन्ता करता है। व्यक्ति की भौतिक आवश्यकताओं को केन्द्र में रखकर विचार करने के कारण ये विचारधाराएँ सम्पूर्णता की ओर नहीं बढ़ सकतीं। ये विचारधाराएँ प्रकृति का दोहन सिखाती हैं तथा मनुष्य को मनुष्य के विरुद्ध खड़ा करती हैं, इसीलिए पण्डित जी ने स्वतंत्र भारत के लिए भारतीय वैदिक संस्कृति के मूल तत्त्व 'सर्वे भवन्तु सुखिनः', 'वसुधैव कुटुंम्बकम्', 'त्येन त्यक्तेन भुंजीथाः', 'सहनाववतु सहनौ भुनक्तु' से अनुप्राणित 'एकात्म मानववाद' का दर्शन प्रस्तुत किया। पंडित जी मानते थे कि, पूरा ब्रह्माण्ड एक तत्त्व से जुड़ा है। व्यक्ति परिवार से, परिवार समाज से, समाज देश से, देश दुनिया से और दुनिया ब्रह्माण्ड से जुड़ा है। सब परस्पर निर्भर हैं। इसीलिए एकात्मक मानव दर्शन पर आधारित समाज में सभी बिना एक दूसरे को नुकसान पहुँचाए रचनात्मक कार्यों में संलग्न रहेंगे। तत्कालीन राजनीतिक पंडितों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की वैचारिकी को अनसुना कर दिया, किन्तु सोवियत संघ के विघटन के बाद बेलगाम हुई वैश्विक बाजार व्यवस्था ने मनुष्य के मन, मस्तिष्क एवं व्यवहार को वित्तीय पूँजी के आवरण में ढँक लिया है। नव्यलेसेज*

* असिस्टेंट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पी.जी. कॉलेज (संघटक महाविद्यालय इलाहाबाद विश्वविद्यालय), फाफामऊ, प्रयागराज, ई–मेलः 86pawanpathak86@gmail.com

*फेयरवाद ने उसकी कल्पना प्रवणता को मार दिया है। उसका जीवन यांत्रिक होकर संरचनावादी रूप ले लिया है जो उसी के अस्तित्त्व को टुकड़े–टुकड़े करके चबा रही है। पारिवारिक विघटन, मानसिक तनाव, अवसाद, प्रकृति का शोषण, हिंसा, हत्या, बलात्कार, प्राकृतिक आपदा, प्रदूषण, जल संकट आदि अन्यान्य समस्या खड़ी हो गई है, जिस कारण से देश–दुनिया के तमाम राजनीतिक व सामाजिक चिंतकों का ध्यान पं. दीनदयाल जी के एकात्म मानव दर्शन की ओर गया है, जो वर्तमान में उत्पन्न सभी संकटों का समाधान करने वाला संपोषित विकास का मॉडल प्रस्तुत करता है।*

***बीज शब्द***–*ब्रह्माण्ड, पूँजीवाद, साम्यवाद, विचारधारा, विघटन, तनाव।*

स्वतंत्रता के बाद पाश्चात्य प्रयोगों में लौकिक जीवन की वैशिष्ट्यता के भारतीयकरण की प्रक्रिया की यज्ञश्रुति ही पं. दीनदयाल उपाध्याय का 'एकात्मक मानववाद' है। वे पाश्चात्य जीवन की श्रेष्ठता को चैतन्य होकर स्वीकार करते हैं। जिससे हम उसकी विकृति से प्रभावित न हों। उनका मानना था कि, भारत को पश्चिम की अनुकृति बनाना उचित नहीं है। पाश्चात्य जीवन का अन्धानुकरण स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उनका मानना था कि, ''विश्व का ज्ञान हमारी ध रती है। मानव जाति का अनुभव हमारी सम्पत्ति है। विज्ञान किसी देश–विशेष की बपौती नहीं है, वह हमारे अभ्युदय का साधन बनेगा। किन्तु भारत हमारी रंगभूमि है, भारत की कोटि–कोटि जनता पात्र ही नहीं प्रेक्षक भी है। जिसके रंजन एवं आत्मसुख के लिए हमें सभी भूमिकाओं का निर्धारण करना है। विश्व प्रगति के हम द्रष्टा ही नहीं अपितु साधक भी हैं। अतः जहाँ एक ओर हमारी दृष्टि विश्व की उपलब्धियों पर हो, वहीं दूसरी तरफ हम अपने राष्ट्र की मूल प्रकृति, प्रतिभा एवं प्रवृत्ति को पहचान कर अपनी परम्परा और परिस्थितियों के अनुरूप भविष्य के विकासक्रम का निर्धारण करने की अनिवार्यता को भी न भूलें। 'स्व' के साक्षात्कार के बिना न तो स्वतंत्रता सार्थक हो सकती है और न वह कर्म चेतना ही जागृत हो सकती है, जिसमें परावलम्बन व पराभूति का भाव न होकर स्वाधीनता, स्वेच्छा और स्वानुभवाजनित सुख हो। अज्ञान, अभाव तथा अन्याय की परिसमाप्ति और सुदृढ़, सुसंस्कृत एवं सुखी राष्ट्र जीवन का शुभारम्भ सबके द्वारा स्वेच्छा से किये जाने वाले कठोर श्रम व सहयोग पर निर्भर है।'' (उपाध्याय, 2015, पृ. 7)

पं. दीनदयाल जी ने अटल विश्वास रखते हुए तत्कालीन परिस्थितियों के सम्बन्ध में कहा है कि हिन्द महासागर और हिमालय के परिवेष्ठित भारतखण्ड में जब तक एकरसता, कर्मठता, समानता, सम्पन्नता, ज्ञानवत्ता, सुख और शांति की सप्तजाह्नवी का पुण्य प्रवाह नहीं ला पाते, हमारा भागीरथ तप पूरा नहीं होगा।'' (शर्मा, 2001, पृ. 473)।

अपने राष्ट्रीय स्वत्व के साथ मानव सभ्यता की बेगवती धारा को समृद्ध करने की मनःस्थिति से जिस भारतीय संस्कृति को अपने चिंतन का आध ार बनाया वही आधार स्वरूप ''एकात्म मानववाद'' के रूप में प्रस्फुटित हुआ।

एकात्म मानववाद पं. दीनदायाल उपाध्याय जी के चिंतन का वह फलश्रुति है, जिसके रूप में उन्होंने भारत के नूतन निर्माण का स्वप्न देखा! इस दृष्टि से उनका चिंतन सांस्कृतिक है, क्योंकि मूलरूप में वे एक राजनीतिक न होकर भारतीय संस्कृति एवं परम्परा के संवाहक थे। उनकी स्वाभाविक आस्था थी कि, ''भारतीय संस्कृति, जो

कि हिन्दू संस्कृति है, उसके अनुकूल ही भारत का नूतन निर्माण होना चाहिए।'' उन्होंने लिखा है कि, ''हमने अपनी प्राचीन संस्कृति पर विचार किया है, किन्तु हम कोई पुरातत्त्ववेत्ता नहीं है जो किसी पुरातत्त्व संग्रहालय के संरक्षक बनकर बैठ जायँ। हमारा ध्येय संस्कृति का संरक्षण नहीं अपितु उसे गति देकर सजीव तथा सक्षम बनाना है। हमें अनेक रूढ़ियों को छोड़कर बहुत से सुधार करने होंगे। .....व्यवस्था का केन्द्र मानव होगा। भौतिक उपकरण उस मानव के सुख के साधन होंगे, साध्य नहीं। मानव के परिवार, समाज, राष्ट्र, मानवता, सृष्टि और परमेष्टि से आत्मीय एकात्मकता होगी तथा मानव इन सभी से सह–अस्तित्त्व स्थापित करेगा।'' (पाँचजन्य, 5 अक्टूबर, 2015, पृ. 73)

पं. दीनदयाल की दृष्टि रूढ़िवादी न होकर प्रगतिगामी थी। वह किसी भी विदेशी विचार को न तो पूर्णतया त्याज्य कहते थे और न ही स्वदेशी विचार को पूर्णता के साथ ग्रहण करते थे। इस बारे में उनका मानना था कि, ''हम मानव के ज्ञान और उपलब्धियों का संकलित विचार करें। इन तत्त्वों में जो हमारा है, उसे युगानुकूल और जो विदेशी हैं उसे देशानुकूल बनाकर हम आगे चलने का विचार करें।'' (उपायाय, 2014, पृ. 16)

स्वदेशी को युगानुकूल और विदेशी को स्वदेशानुकूल बनाने की अपनी मनःस्थिति के कारण पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा कि, ''हम भारत को न तो किसी पुराने समय की प्रतिच्छाया बनाना चाहते हैं और न रूस या अमेरिका की अनुकृति।'' (पाठक, 2009, पृ. 121)

पं. दीनदयाल जी, मनुष्य को ईश्वर के विरुद्ध नहीं और न ही यंत्रवत् वरन् एक सम्पूर्ण एवं संवेदनशीनल इकाई के नाते प्रस्तुत करना चाहते हैं। (शर्मा, 2015, पृ. 75)

एकात्म मानववाद में ''व्यष्टि'' और ''समष्टि'' के परस्पर सम्बन्धों को अपने दर्शन का विशेष विषय बनाया है। इनका मानना है कि, ''व्यष्टि के बिना समष्टि की कल्पना करना भी असम्भव है, समष्टि के बिना व्यष्टि का मूल्य शून्यप्राय है। क्योंकि व्यष्टि ही समष्टि का उपकरण एवं ज्ञान तन्तु है। व्यष्टि के विनाश या अविकास से समष्टि का पंगु हो जाना स्वाभाविक है। समष्टि की पूर्णता का माध्यम और माप व्यष्टि ही होता है। अतः इसकी साधना समष्टि की आराधना से परे नहीं हो सकती है। शरीर के अभाव में किसी अंग की पूर्णता की बात वैसे ही सम्भव प्रतीत नहीं होती जैसे कि शरीर को क्षति पहुँचाकर अंग का सुख। (उपाध्याय, 2014, पृ. 74)

पं. दीनयाल जी व्यक्ति को शरीर, मन एवं आत्मा का समुच्चय मानते हैं। व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में इनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। व्यक्ति की भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति आवश्यक है। जिसकी पूर्ति आजीविका के साधन, शांति, ज्ञान एवं तादात्म्य–भाव से ही सम्भव है। व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की प्रबल इच्छा ही उसे समाज के हित में कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करती है। (उपाध्याय, 2014, पृ. 5)

पं. दीनदयाल जी ने मानव जीवन के लिए अर्थ–काम की महत्ता को स्वीकार किया है। इसके कारण ही उपभोगवाद की प्रासंगिकता बनी हुई है। अर्थ–काम का अस्तित्त्व सदैव बना रहेगा, परन्तु यह जीवन में अक्षुरता को प्राप्त न हो, इसके उपाय की योजना भी करने की आवश्यकता पर बल दिया है। (उपाध्याय, 2014, पृ. 82)

दीनदयाल जी ने कहा कि, भोग से इच्छा कभी सन्तुष्ट नहीं होती है, वस्तु–संग्रह से सुख ढूँढ़ने का प्रयास व्यर्थ है। हम अपनी अज्ञानता के कारण वस्तु से सुख की बात करते हैं। वस्तुतः सुख अपनी अन्तरात्मा में परिपूर्णता संचित है। ''मनुष्य शरीरं सत्चित सुखम्'' अर्थात् शरीर सत्य है, चेतनामय है, सुखमय है। हम अपने भीतर ही सुख भोगते और वाह्य रूप से प्रदर्शन करते हैं।

अतः इहलौकिक बन्धन से मुक्त हो जाने

वाला, वाह्य वस्तुओं की कामना से निर्बाध हो जाने वाला ही चिरन्तन सुख प्राप्त कर सकता है। इस सुख की प्राप्ति करने वाले मनुष्य के सारे में बन्धन छूट जाते हैं। क्योंकि किसी वस्तु की इच्छा हेतु इसका मन विचलित नहीं होता। परन्तु इस लक्ष्य की प्राप्ति तक कुछ इहलौकिक सुखों की तृप्ति हेतु प्रयत्न करना ही पड़ेगा, परन्तु यह अमर्यादित करने वाली नहीं होनी चाहिए। इसी निमित्त 'पुरुषार्थ' की कामना की गयी है। व्यक्ति को अपना जीवन सुखमय, सुरक्षापूर्ण ढंग से चलाने हेतु एक सुव्यवस्थित 'समाज' की आवयश्कता होती है। समाज में प्रत्येक व्यक्ति परस्पर आबद्ध है, परस्पर कल्याण हेतु प्रयत्नशील रहता है। ऐसे समाज में व्यक्ति एकाग्रपूर्ण सहज प्रयत्नशील हो सकेगा। ऐसे समाज की योग्यतम व्यवस्था का नाम ''धर्म'' है। जो समाज को धारण करता है, समाज को सुव्यवस्था से रखता है, समाज के सभी प्रकार के लोगों को ठीक अपने–अपने कार्यों में लगाता हुआ समग्र समाज के अभ्युदय के लिए, रक्षा के लिए, श्रेष्ठ जीवन के लिए, सब के द्वारा परस्पर कर्म करवाने की क्षमता को 'धर्म' कहते हैं। संयमित जीवन भी धर्माचरण है। (उपाध्याय, 2014, पृ. 86)

पं. दीनदयाल जी ने पुरुषार्थ चतुष्ट्य की महत्ता का प्रतिपादन करते हुये इसे तरुणोदय की संज्ञा प्रदान की है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, इन चारों पुरुषार्थों पर आधारित हिन्दू जीवन दर्शन ही हमें संकट से बचा सकता है। विश्व की समस्त समस्याओं का हल समाजवाद नहीं, हिन्दुत्ववाद है। यही ऐसा जीवन दर्शन है, जो सम्पूर्ण जीवन को एक इकाई मानकर उसका विचार करता है। (पाँचजन्य, 2 जनवरी 1961)

इसलिए समस्त व्यवस्था का हल 'एकात्म मानववाद' में समाहित है। इस प्रकार समन्वयात्मक, संगठित एवं एकात्मवादी कल्पना में व्यक्ति का व्यक्तित्त्व विभक्त नहीं हुआ ........इस चतुष्ट्य पुरुषार्थ ने प्रत्येक व्यक्ति को अपनी शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं बौद्धिक क्षमतानुसार अपना जीवन दर्शन चुनने का अवसर दिया। (ठेंगड़ी, 2014, पृ. 117)

एक बौद्धिक वर्ग में 'एकात्म मानववाद' की व्याख्या करते हुए कहते हैं कि, स्वतंत्रता, समानता एवं बन्धुता एक ही तत्त्व में अन्तर्निहित हैं, जिसे 'आत्मीयता' कहते हैं। मानव कर्म आध्यात्मिक चेतना ही उसे समग्रता और पूरकता देती है। इस दृष्टि से चेतन तत्त्व 'आत्मीय' है। 'सहानुभूति' मानवता का गुण है, आत्मीयता के कारण ही सहानुभूति होती है।

इस सन्दर्भ में कार्ल मार्क्स के विचारों का खण्डन करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा है, 'कार्ल मार्क्स' ने जिस प्रेरणा से समाज के ठेकेदारों से लड़ाई की वह 'भूखों के प्रति सहानुभूति' से पैदा हुई थी। सहानुभूति का यह भाव 'भौतिकवाद' से उत्पन्न नहीं हो सकता। 'सहानुभूति' के प्रेरणास्त्रोत पर प्रहार कर मार्क्स ने भूल कर दी। जिस प्रकार कार्ल मार्क्स ने कहा कि, ''प्रत्येक से समतानुसार कार्य लेना तथा प्रत्येक को आवश्यकतानुसार देना' ही समानता नहीं है।'' इस परिप्रेक्ष्य में पं. दीनदयाल जी का कहना है कि, ''समानता की कल्पना अप्राकृतिक है।'' मानवीय समानता का आधार तो ममता है, ममता के कारण ही आत्मीयता है। आत्मीयता व्यक्ति और समाज के सम्बन्धों में सन्तुलन स्थापित करती है।

वस्तुतः एकात्म मानववाद का विचार प्रचलित वादों में न्यूनताओं को दूर कर उन्हें परिपूर्ण बनाने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि, ''हमारी समस्त व्यवस्था का केन्द्र 'मानव' होना चाहिए। जो 'यत पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे' के न्यायानुसार समष्टि का जीवमान प्रतिनिधि एवं उसका उपकरण है। भौतिक उपकरण मानव सुख के साधन हैं, साध्य नहीं। हमारा आधार एकात्मक मानव है जो एकात्म समष्टियों का एक साथ प्रतिनिधित्व करने की

क्षमता रखता है। एकात्मक मानववाद प्रत्येक राष्ट्र को अपनी–अपनी प्रकृति और प्रवृत्ति के अनुसार विकास करने की स्वतंत्रता देगा।''

उपर्युक्त विवेचन से यह नितान्त स्पष्ट है कि आधुनिक युग की विभाजक प्रवृत्तियों, मानवीय समस्याओं, त्रासदियों व विषमताओं से निजात का ऐसा दृष्टिकोण 'एकात्म मानववाद' है। जो प्राचीनता के साथ युगानुकूल सामंजस्य स्थापित करता है। यह वैश्विक विचारधारा एवं जीवनानुभूति है। पं. दीनदयाल जी के सम्मुख राष्ट्र एवं जनमानस के मंगलकामना का भाव सर्वोपरि था, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के कल्याण का भाव था। एकात्म मानववाद का साररूप ''सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय'' का व्यापक स्वरूप है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. केलकर, भालचन्द्र कृष्णा जी (2014), पं. दीनदयाल उपाध्याय विचार दर्शन, खण्ड–3, नई दिल्ली, सुरुचि प्रकाशन।
2. पाठक, डॉ. विनोद चन्द्र (2009), पं. दीनदयाल उपाध्याय का राजनीतिक चिन्तन, नई दिल्ली, सत्यम् पब्लिशिंग हाउस।
3. शर्मा, डॉ. योगेश कुमार (2001), आधुनिक राजनीतिक विचारक, भाग–2 (आधुनिक स्वातंत्रयेत्तर), नई दिल्ली, कनिष्ठा पब्लिशर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स।
4. उपाध्याय, पं. दीनदयाल (2014), एकात्म मानववाद दर्शन, राष्ट्रीय जीवन के अनुकूल अर्थरचना, नई दिल्ली, सुरुचि प्रकाशन।

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# रामदरश मिश्र के साहित्य में स्त्री चित्रण

**डॉ. सुषमा देवी***

**शोध-सारांश**

*हिंदी साहित्य में रामदरश मिश्र का नाम नयी दृष्टि के साहित्यकारों में अत्यंत प्रसिद्ध है। पंद्रह अगस्त, सन् 1924 में गोरखपुर जिले के कछार अंचल के डुमरी गाँव में जन्में मिश्र के पिता रामचन्द्र मिश्र तथा माँ कमलापति मिश्र हैं। उन्होंने कविता में नई दृष्टि को लेकर गीत, नई कविता , छोटी कविता तथा गजल आदि की रचनाएँ कीं। उपन्यास, कहानी, संस्मरण, यात्रा वृतांत, डायरी, आलोचना तथा निबंध आदि के क्षेत्र में उनकी रचनात्मकता अविस्मरणीय है। भारतीय जीवन मूल्यों को तथा ग्रामीण परिवेश की सौंधी अनुभूति उनकी रचनाओं में सर्वत्र व्याप्त है। उनकी रचनाओं में ग्रामीण एवं शहरी परिवेश की संश्लिष्टता उनकी रचनाओं की विशेषता है। उनकी रचनाओं का पटल स्वतंत्रता के पश्चात् का है। स्वतंत्रता के बाद का स्त्री जीवन तथा उनके जीवन के समस्त कोणों को बड़ी बारीकी से उन्होंने अपनी रचनाओं में चित्रित किए हैं। साहित्यकार की दृष्टि में स्त्रियाँ परिवार तथा समाज की रीढ़ होती हैं। इसीलिए उनकी रचनाओं में स्त्रियाँ अत्यंत सम्माननीय स्थान पर प्रतिष्ठित हुई हैं।*

***बीज शब्द***–*सभ्यता, संस्कृति, संश्लिष्टता, त्रासदी, यथार्थ, अन्तर्मन्थन, चक्रव्यूह आदर्श।*

## शोध विस्तार

डॉ. रामदरश मिश्र के काव्यों में स्त्रियाँ माँ, पत्नी तथा पुत्री आदि के रूप में अपने समस्त गुणों के साथ चित्रित हुई हैं। स्त्रियों के जीवन को यथार्थ के त्रासद स्थान से लेकर उन्होंने एक ऐसा आदर्श रूप चित्रित किया है, जो मानव जीवन का आधार बन कर प्रेरणास्रोत सिद्ध होता है। उन्होंने अपनी 'असीम गगन' नामक कविता में स्त्री को चपला के रूप में रेखांकित किया है। वे कहते हैं–

**'तुम निराशा की अमा में**
**प्रातः की पहली किरण हो**
**तुम सुनहली स्वप्न सी भी**

* असोसिएट प्रोफेसर (हिंदी विभाग), बद्रुका कॉलेज, काचीगुडा, हैदराबाद (तेलंगाना), मो.: 9963590938

**शक्ति की नवजागरण हो**
**मेघ जब घिर–घिर बरसते**
**पंथ पर मेरे अँधेरा**
**रूप में जलती हुई तुम**
**ज्योति चपला की चरण हो।'**

रामदरश मिश्र ने स्त्री के प्रेरणात्मक स्वरूप को सबसे अधिक अपनी रचनाओं के केंद्र में प्रस्तुत किया है। स्त्रियाँ संतति को जन्म देने और उनके पालन–पोषण और परिवार के उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते–करते स्वयं का अस्तित्त्व भूल जाती हैं। उनकी इन काव्य पंक्तियों में स्त्रियों का यही रूप दृष्टव्य है–

**'एक औरत थी**
**जो चूल्हे–चक्की**
**बरतन–भाड़े की लय पर**
**जीवन के मन्त्र पढ़ती रही है**
**जो खुद को अँधेरे में रखकर**
**जिंदगी भर रोशनी की मूर्ति गढ़ती रही है।'**

भारतीय संस्कृति में स्त्री अपने दैवीय गुणों के कारण सदैव पूजनीय रही है। दूसरों को महान बनाने वाली स्त्री स्वयं को विस्मृत करती रहती है। हमारे देश में स्त्रियाँ पूजनीय होकर भी शोषित होती हैं। समाज के तथाकथित सभ्य–शिष्ट लोग कन्या–भ्रण हत्या करके भी प्रतिष्ठा की गद्दी पर बैठते हैं। देश में स्त्रियों के जीवन स्तर को उठाने के लिए तथा उनकी सुरक्षा के लिए संविधान में कई कानून बने हुए हैं, लेकिन उनका जीवन कभी बलात्कार का दंश झेलता है, तो कहीं दहेज–हत्या की सूली पर चढ़ता है। स्त्रियाँ घर के बाहर ही नहीं, घर में भी असुरक्षित रहती हैं। कवि उनके संघर्ष का निस्तार उनके अंतर्मन की सशक्तता में देखते हैं। वे माता–पिता से अपनी कन्या–रत्न को अन्याय सहने की सीख देने के बजाय अन्याय से लड़ने के लिए कहते हैं। कवि रामदरश मिश्र मानव समाज के इस रूप को इन पंक्तियों में अंकित करते हैं–

**'काश, ये माँ–बाप लड़की को भी**
**थोड़ा सा सही प्यार दे पाते**
**उन्हें ढाल बनने के साथ हथियार**
**बनने का भी संस्कार दे पाते।'**

रचनाकार को स्त्री का विद्रोही स्वरूप अधिक प्रिय है। कवि को स्त्री के जीवन की त्रासदी, स्त्रियों के दोहरे रूप का अभिशाप बनकर दृष्टिगत होता है। जैसे, हमारे देश में अलग–अलग काल में बाह्याक्रांताओं का वर्चस्व स्थापित होने का कारण आपसी द्वेष रहा है, वैसे ही स्त्रियों के अस्तित्त्व को स्त्रियों ने पुरुषो के संग मिल कर मिटाने में कोई कसर नहीं रखी। वे स्त्री दृपुरुष को प्रतिद्वंद्वी नहीं, अपितु पूरक के रूप में देखते थे। वे एक स्त्री को दूसरी स्त्री के विरुद्ध खड़े देख अत्यधिक द्रवित होते हैं। वे कहते हैं–

**'एक ओर से छीनती हो**
**दूसरी ओर सरका देती हो**
**दहेज़ की पेटी एक ओर ना हो**
**एक ओर हाँ**
**एक ओर सास हो, एक ओर माँ।'**

अँग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु भारतीयों ने बहुविध आंदोलन किए। एक ओर भारत माँ की अँग्रेजों से आजादी, तो दूसरी ओर स्त्रियों की रूढ़ियों और कुरीतियों से आजादी की जंग छिड़ी हुई थी। बीसवीं सदी का आरंभ मुक्ति के पंख पर सवार होकर आगे तो बढ़ा, लेकिन इक्कीसवीं सदी में पहुँच कर भी स्त्रियों का जीवन अधिक उन्नत नहीं हो पाता है। स्त्री का स्थान मानव समाज के केंद्र में सदा से ही रहा है। आदिकालीन हिंदी साहित्य में स्त्रियों का स्थान बहुमूल्य वस्तु के समान था। जबकि मध्यकालीन स्त्रियाँ साहित्य में कभी सती तो कभी माया के रूप में चित्रित हुई हैं। रीतिकालीन साहित्य स्त्री के कामिनी रूप से आगे नहीं बढ़ पाया। जहाँ साहित्य में स्त्रियाँ केंद्र में चित्रित होती रहीं, वहीं उनका जीवन सदैव उपेक्षा का शिकार रहा। वैदिककालीन भारतीय समाज में

स्त्री एवं पुरुष सामान रूप से अपने जीवन का विकास करते थे। उत्तर वैदिककालीन स्थितियाँ बदलीं, तो स्त्रियाँ व्यक्ति से वस्तु बन गईं। स्त्री के जीवन की अकुलाहट को मिश्र जी के शब्दों में देखा जा सकता है–

**''भारतीय नारी परंपरागत दासता से मुक्त होना चाहती है। दासता के रूप में उसे दीन–हीन–परावलंबी जीवन जीना पड़ता है। पुरुष सापेक्षता में ही जीवन के तमाम संबंधों, मूल्यों और धार्मिक, सामाजिक आस्थाओं को ढोना पड़ता है। वह उनसे मुक्त होना चाहती है और पुरुष के समान सम्मानपूर्वक जीना चाहती है।'**

मिश्र जी के साहित्य की स्त्रियाँ सामाजिक स्तर पर तो जागरूक हैं, लेकिन राजनीतिक क्षेत्र में मिश्र जी उन्हें मानो नहीं देखना चाहते हैं। क्योंकि मिश्र जी की दृष्टि में राजनीति सभ्य एवं ईमानदार लोगों के लिए उपयुक्त नहीं होता है। वे स्त्रियों के लिए राजनीतिक क्षेत्र को स्त्रियों के सरल स्वभाव के कारण उपयुक्त नहीं मानते थे।

'थकी हुई सुबह' कहानी में सामाजिक पृष्ठभूमि में स्त्री जीवन की त्रासदी को साहित्यकार ने चित्रित किया है। कथानायिका लक्ष्मी के छोटे से सपने पूरा करने की राह में इतने अवरोध आते हैं कि वह हताश होकर सपने देखने की कल्पना से भी कई बार दूर हो जाती है। कथानायिका का अंतर्मंथन लेखक ने इन शब्दों में चित्रित किया है–

**'कैसा है नारी का जीवन कि, यदि वह किसी नए रास्ते पर चलने के लिए निकलती है तो कदम–कदम पर उसे अवरोध ही मिलता है? उसकी हर इच्छा का दमन मिलता है।'**

रामदरश मिश्र ने अपने 'परिवार' उपन्यास में स्त्रियों के जीवन में विवाह के बाद आने वाले परिवर्तनों को अभिमन्यु के चक्रव्यूह के समान माना है, जहाँ उनके जीवन में समस्याओं का चक्रव्यूह ऐसा घिरा होता है कि वहाँ से निकलना उनके लिए असंभव हो जाता है। 'रात का सफर' उपन्यास में नायिका प्रतिष्ठित घराने की होते हुए भी विवाह पश्चात् घरेलू हिंसा की शिकार होती है। लेखक ने ऋतु पात्र के द्वारा सामाजिक व्यवस्था के सड़ांध को अनावृत किया है। उपन्यास का यह अंश उल्लेख्य है–

**'लेकिन डॉक्टर, औरों की मुखरता की अपेक्षा तुम्हारी उदासीनता मुझे अधिक कष्टकर लगी। वह मेरे भीतर जहर की तरह भीनती रही। इच्छा हुई तुम्हारे सामने तन कर खड़ी हो जाऊँ, तुम्हारा कॉलर पकड़ कर तुमसे पूछूँ– इसीलिए मुझे व्याह कर लाए थे? क्या मेरी कोई सत्ता ही नहीं है? क्या मैं तुच्छ कीड़ा–मकोड़ा हूँ? इतना जहर, इतनी घृणा तुम्हारे मन में मेरे लिए क्यों है?'**

'बिना दरवाजे का मकान' की नायिका अपनी ताई से जो वार्त्तालाप करती है, उसमें स्त्रियों के प्रति लेखक की महीन दृष्टि को देखा जा सकता है। दीपा के माध्यम से लेखक हमारे समाज के त्रासद व घिनौने रूप को प्रस्तुत करता है–

**'हमारी जाति की औरतें अगर बिकेंगी तो गरीबी की मार से बिकेंगी और आपके यहाँ की औरतें बिकती हैं खाली शौक पूरा करने के लिए। गरीबी से बिकना व्यभिचार नहीं है बीबीजी, शौकिया मर्दों की गोद बदलते रहना व्यभिचार है।'**

शिक्षित स्त्री का चित्रण 'बीस बरस' उपन्यास में लेखक ने किया है। शिक्षित स्त्रियाँ जब शिक्षा प्राप्त कर घर के बाहर निकलती हैं, तो समस्याएँ भी उनका स्वागत करती पायी जाती हैं। कथानायिका अपनी मंजिल को पाने के लिए असामाजिक तत्त्वों का स्वयं बड़ी निडरता के साथ सामना करती है। इस उपन्यास में वंदना के माध्यम से लेखक ने सामाजिक रूढ़ियों में परिवर्तन की आशा जगाई है। वंदना के द्वारा दूसरे धर्म के लड़के से विवाह करने पर पूरे गाँव वाले उसका

बहिष्कार करते हैं, तो वंदना कुछ भी प्रतिक्रिया नहीं करती है। लेकिन पति की मृत्यु के बाद जब उसके बाल काटे जाने लगते हैं, तो वह ऊँचे स्वर में प्रतिकार करते हुए कहती है–

**'नहीं, माँ जी नहीं, इन बालों ने क्या किया है कि इन्हें कटवाऊँ? जिन्दगी तो जीनी ही पड़ेगी और जीऊँगी तो अपने को कुरूप और घिनौना बनाकर नहीं।'**

मिश्र जी की शैली पात्र एवं परिवेश के अनुसार अत्यंत जीवंतता के साथ उनकी रचनाओं में देखी जा सकती है। 'दूसरा घर' उपन्यास की नायिका रमा का विवाह जब उसके पिता व्यापारी घराने में तय करते हैं, तो वह पिता की इच्छा के विरुद्ध जाकर शास्त्री जी से कोर्ट मैरिज कर लेती है। लेकिन पति का अवैध संबंध नर्स के साथ जानने के बाद वह पहले तो मायूस होती है, लेकिन बाद में अपनी शक्ति का स्मरण करते हुए विचार करती है कि, 'धिक्कार है मुझे जो अपने को इतना लाचार समझ रही हूँ। मैं अगर पिता की इच्छा के विरुद्ध विद्रोह कर सकती थी तो क्या पति की अमानवीय हरकतों के खिलाफ नहीं कर सकती? मैं पढ़ी–लिखी हूँ, बी.ए. पास हूँ, क्या यह शिक्षा मेरे लिए ताकत नहीं?'

इसी उपन्यास में रामकली का सशक्त चरित्र उसके इस वाक्य में व्यक्त होता है, जब पुलिसवाले उसके शराबी पति को पकड़ने आते हैं–

**'इसे पुलिस में दे दो, साला जेल काटे, मैं सँभाल लूँगी बच्चों को। यह नहीं रहेगा तो बच्चे ज्यादा ठीक ढंग से सँभलेंगे।'**

## शोध समाहार

डॉ. रामदरश मिश्र का रचना संसार स्त्रियों के परंपरागत तथा सशक्त दोनों रूपों के चित्रण के लिए जाना जाता है। एक ओर स्त्री पात्र इनकी रचनाओं में परंपरागत शोषण की शिकार हैं तो दूसरी ओर वे सामाजिक रूढ़ियों के विरुद्ध भी खड़ी होती हैं। यह बात तो निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि राजनीतिक क्षेत्र को साहित्यकार मिश्र जी ने वर्जनीय बना दिया है। मिश्र की कविताओं में स्त्रियाँ पत्नी, माँ तथा बेटी के परंपरागत रूप में चित्रित हुई हैं। उनके उपन्यासों में भी स्त्रियाँ परंपरागत रूप में ही चित्रित हुई हैं। उनकी कहानियों की नायिकाएँ जीवन संघर्ष में अपनी अस्मिता के रक्षार्थ सदैव तत्पर रहती हैं।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. रामदरश मिश्र रचनावली, खंड–1 , पथ के गीत, पृ. 25
2. रामदरश मिश्र रचनावली, खंड–2, जुलूस कहाँ जा रहा है, पृ. 12
3. रामदरश मिश्र रचनावली, खंड–2 , जुलूस कहाँ जा रहा है, पृ.–47
4. रामदरश मिश्र रचनावली, खंड–2 , जुलूस कहाँ जा रहा है, पृ. 40
5. डॉ. स्मिता मिश्र अन्तरंग साहित्य सहकार, 1999, पृ. 129
6. रामदरश मिश्र रचनावली, थकी हुई सुबह, पृ. 282
7. रामदरश मिश्र रचनावली, भाग–6, रात का सफर, पृ. 379
8. रामदरश मिश्र रचनावली, भाग– 6, बिना दरवाजे का मकान, पृ. 565
9. रामदरश मिश्र रचनावली : एक अंतर्यात्रा, प्रकाश मनु, पृ. 104
10. रामदरश मिश्र रचनावली, भाग–7, दूसरा घर, पृ. 214
11. रामदरश मिश्र रचनावली, भाग–7, दूसरा घर, पृ. 214

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश की गालो जनजाति के कथात्मक के रूप में काबेन-काबनाम

□ गुम्पी ङूसो*

**शोध-सारांश**

*मौखिक साहित्य का अर्थ है, जो साहित्य मौखिक रूप में पीढ़ी–दर–पीढ़ी प्रसारित होता रहा है। लिखित अभिलेखों के अभाव में यह किसी भी समाज के जीवन और रीति–रिवाजों को समझने का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है। इस दृष्टि से मौखिक साहित्य पुरानी संस्कृति को संरक्षित करता है। गालो संस्कृति को केवल लोक कथाओं के माध्यम से ही समझा जा सकता है। गालो समाज ने आबोतानी को प्रथम मानव स्वीकार किया है। मौखिक साहित्य के रूप में इस समाज का साहित्य संरक्षित हो पाया है। शोध कार्य के अनुसार गालो जनजाति में प्रचुर मात्रा में मौखिक साहित्य मौजूद है, जिसमें कबीले के आधार पर समाज के बीच ही मौखिक परंपरा के विभिन्न रूपों को वर्णन करने के संस्करण में थोड़ी भिन्नता है। इस शोध–आलेख में शोधकर्त्ता काबेन–काबनाम पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। गालो लोक कथाएँ व मान्यताएँ एक विराट विषय है। काबेन–काबनाम एक अनोखा आख्यान है, जिसमें एक लय के साथ गा कर अपनी बात को रखा जाता है। इसलिए, शोध का लक्ष्य विभिन्न स्थानों के ञिजिक(पुजारी), ञिकोक(वक्ता) तथा समाज के जानकार व्यक्तियों के साथ निर्धारित साक्षात्कार आयोजित कर गालो परंपरा में काबेन–काबनाम प्रथा को संरक्षित करना है। साक्षात्कारकर्त्ता द्वारा दी गई मौखिक गवाही की कौमार्यता को प्रतिस्थापित करने के लिए, इस शोध–आलेख के लिए कुछ पुस्तकों का भी सहारा लिया गया है। शोध के दौरान आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियाँ यह थीं कि पारंपरिक ज्ञान प्रणाली के क्षेत्र में पारंगत व्यक्ति उपलब्ध नहीं थे। इसलिए शोध कार्य के माध्यम से पैतृक प्रथाओं का दस्तावेजीकरण*

* (पी–एच.डी. शोधार्थी) हिंदी अधिकारी, राजीव गाँधी विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश पिन–791112, Email : rguho@123@gmail-com, Phone : 9436249146

*बहुत महत्त्वपूर्ण है तथा पिछले दशक से कई स्वदेशी लेखकों ने भी इस मामले पर काम किया है, हालाँकि गालो जनजाति के मौखिक साहित्य पर शोध कार्य करने की बहुत बड़ी गुंजाइश है।*

***बीज शब्द***–*गालो, काबेन–काबनम, जिजिक, जिकोक, रिली–बोङो, आई–आगम, दुल्हन, दूल्हा, जोबो।*

## काबेन का परिचय

पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश की गालो जनजाति के कथात्मक का एक रूप काबेन–काबनाम भी है। यह रूप आज के परिस्थिति में बहुत कम सुनने को मिलता है। गालो समाज में इस विधा से परिचित होने वाले कुछ ही विद्वान व विदुषी रह गए हैं। काबेन–काबनाम शब्द के शाब्दिक अर्थ में ही पीड़ा है। काबेन विशेष किसी विदाई बेला में गाया जाता है। यह एकल गीत है। इसे विशेष रूप से महिलाओं द्वारा गाया जाता है। प्रत्येक काबेन में किसी गाथा का समाहित होना स्वाभाविक है। इसकी उत्पत्ति का अपना अलग सिद्धांत है। वर्तमान परिवेश में देखें तो काबेन की अभिव्यक्ति अभी तक नहीं बदली है, लेकिन काबेन परंपरा के संकटग्रस्त में रहने की संभावना है, क्योंकि काबेन में विशेषज्ञता वाले लोग बहुत कम हैं। काबेन को विशेष रूप से विवाह में, मोपिन त्योहार, विशेष विदाई अनुष्ठान आदि में गाया जाता है। परन्तु आज विवाह समारोह में भी काबेन का पाठ बहुत कम सुनने को मिलता है। काबेन–काबनाम में कोई कोरस या नर्तक व नर्तकी नहीं होती है।

## काबेन की उत्पत्ति

काबेन की आवश्यकताओं के अनुसार, अवसर और समारोह के लिए इसकी उत्पत्ति का अपना अलग सिद्धांत है। इसी कारण शोध निष्कर्षों के आधार पर मैंने काबेन के दो अलग–अलग रूप तैयार किए हैं–

(1) मिथुन बलि के लिए काबेन

(2) विवाह समारोह के लिए काबेन

## 1. मिथुन बलि के लिए काबेन

लोक कथाओं के आधार पर आबोतानी का ऐसा एक युग हुआ करता था जिसमें हर जीव मानव रूप में था तथा तानी से संवाद करने में सक्षम था। एक दिन देवी–देवताओं के डाक धावक, मंताको और मनपुकुम पुरुम (पारंपरिक पक्षी) तानी की भूमि पर पहुँचे और संदेश दिए कि गुटे–गामरो और दोगिन–आयिन (शीतकालीन देवता) पृथ्वी पर पधारने वाले हैं। शीतकालीन देवताओं के आगमन की खबर पर,तानी ने जोबो (मिथुन) के साथ शीतकालीन देवताओं के स्वागत कार्यक्रम के बारे में चर्चा किया। इस चर्चा के आधार पर उनमें से एक को कार्यक्रम भोज के लिए अपने जीवन का बलिदान देना था। लेकिन कोई भी अपने जीवन का बलिदान करने के लिए तैयार नहीं था, अंत में दोनों ने एक अनुष्ठानिक जप प्रतियोगिता रखने का निर्णय किया। जिसमें हारने वाले को बलिदान के लिए तैयार होना था। कारी–कारका क्षेत्र के बीच गालो बोली में इसे जोन्यी–जोबो पिपी चिका मिंजी या जोन्यी–जोबो एले लिमो चिका मिंजी के रूप में उद्धृत किया गया है। तद्नुसार, तानी ने प्रतियोगिता रखा, जिसमें हेलाक (जंगली खाद्य) पर एक अनुष्ठान मंत्र बनाया एवं जोबो ने पत्थर पर मंत्रोच्चार किया, जिसके परिणामस्वरूप हेलाक पहले पक गया तथा पत्थर अपरिवर्तित रहा। एक हारे हुए व्यक्ति के रूप में जोबो (मिथुन) बहुत दुखी होता है और उसने माँग की कि बलि के लिए कुछ बातें आवश्यक हैं, जिसका अर्थ है कि बलि के लिए जोबो (मिथुन) के सिर और शरीर

पर सभी पारंपरिक गहने सजाए जाने थे।

इस तरह से मानव इतिहास में पहली बार मिथुन की बलि दी गई तथा यह तानी भूमि में जोबो (मिथुन) बलि की शुरुआत का सबसे पुराना लोक संस्करण है। इसलिए इस सिद्धांत के आधार पर देखें तो आज भी जोबो (मिथुन) बलिदान के अवसर पर ञिजिक (पुजारी) और ञिकोक (वक्ता) द्वारा काबेन सुनाया जाता है।

**2. विवाह समारोह के लिए काबेन**

क्षेत्र अध्ययन के दौरान, उत्तरदाताओं ने बताया कि विवाह समारोह के लिए काबेन आञे कारी–कार्ञा और आचे कारा–कारबा की कथा से शुरू हुई। आञे कारी–कार्ञा पौराणिक महिला थीं जिन्होंने कभी विवाह करने की इच्छा नहीं दिखाई। इस प्रकार एक बड़ा सवाल उठता है; ओमें एब्रे ञिबो इन्या जे, मा ओरो एब्रे, आंतरिक अर्थ यह है कि लड़का या लड़की किसे विवाह कर जाना होगा। विवाह के बाद किन्हें अपने घर से निकलना होगा तथा कौन माता–पिता के साथ रहेगा, यह प्रश्न आया। कोई भी घर छोड़कर, विवाह होकर जाना नहीं चाहते थे। दोनों में तय करना मुश्किल हो जाता है। समाधान के लिए वे आपस में कुछ योजना बनाते हैं। योजना अनुसार यह तय होता है कि जीवन शैली पर आधारित कुछ प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। यह फैसला होता है कि जो शिकार आचे कारा–कार्बा करता है, उसे आञे कारी–कार्ञा करेगी तथा जो आञे कारी–कार्ञा करती है, उसे आचे कारा–कार्बा करेगा। जितनी भी प्रतियोगिताएँ हुईं,सभी प्रतियोगिताओं में सृष्टि का इशारा एक ही हुआ कि लड़कियाँ विवाह कर जायेंगी और लड़के घर पर रहेंगे। आञे कारी–कार्ञा, आखिरकार विवाह करने के लिए राजी हो गई।

यह माना जाता है कि विवाह समारोह के लिए काबेन की उत्पत्ति इसी से आरम्भ हुई है। इस लोक संस्करण के माध्यम से कुछ कथावाचकों ने व्याख्या दिया कि यहीं से गालो समाज में पितृसत्तात्मक समाज भी आरम्भ हुआ होगा।

**काबेन के प्रकार**

सिद्धांत के निर्माण के अनुसार, काबेन को इस प्रकार सूचीबद्ध किया जा सकता है–

(क) ओम काबेन
(ख) तोगु काबेन
(ग) मोपिन काबेन
(घ) अन्य अवसरों के काबेन

**(क) ओम काबेन**

यह दुल्हन को मायका से विदाई देने के लिए एक अनुष्ठान गीत है, जिसमें दुल्हन के पिछले जीवन को उसके माता–पिता के घर पर सुनाया जाता है और उसे एक खुशहाल विवाहित जीवन जीने के लिए अपने जन्म स्थान को छोड़ना होता है। काबेन के दौरान दुल्हन को आशीष भी दिया जाता है तथा आञे कारी–कार्ञा की गाथा भी सुनाई जाती है।

ओम काबेन को दो प्रकार में देख सकते हैं– प्रथम उस वक्त गाई जाती है जब दुल्हन मायका से निकलने वाली होती है। उस वक्त काबेन के माध्यम से दुल्हन को शांत भाव से सलाह भी दी जाती है कि नए घर के, नए परिवार से परिचित होगी। नए घर की जिम्मेदारियों की बागडोर सँभालेगी। उस विदाई बेला को सह पाने के लिए सांत्वना भी दी जाती है तथा द्वितीय संस्करण जब दुल्हन दूल्हे के घर पहुँचेगी। इसलिए दोनों परिवारों का काबेन संस्करण एक दूसरे से अलग होगा। साथ ही, एक और महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि दुल्हन स्वयं भी काबेन पाठ कर सकती है, ऐसे में दुल्हन स्वयं द्वारा पाठ की गई काबेन दोनों मेजबान परिवार के वाचन से अलग होगा। काबेन–काबनाम यहाँ विवाह–गीत के रूप में प्रस्तुत होता है।

**(ख) तोगु काबेन**

तोगु–पानाम सबसे बड़ा विवाह समारोह अनुष्ठान है। इसमें मंत्र जाप से लेकर मिथुन की

बलि शामिल है। यह माना जाता है कि प्राचीन काल में इस तरह का समारोह आयोजित करने वाले को उच्चकोटि का समझा था। तोगु–पानाम की लोक कथा इजो–यामेअ से जुड़ी है। इस लोक कथा में बहुत ही संघर्ष के बाद ञिजिक (पुजारी) की सहायता से अंत में इजो–यामेअ को दुल्हन मिल पाती है तथा यहीं से गालो समाज तोगु–पानाम विवाह समारोह का आरम्भ मानता है। मौलिक लोक–साहित्य होने के कारण क्षेत्रीय लोगों के लोक–कथा वाचन में भिन्नता भी पाई जाती है। इस समारोह में काबेन का पाठ एक अनिवार्य हिस्सा है। इस दिन ञिजिक तथा ञिकोक चार विषयों पर काबेन प्रस्तुत करता है–

(I) दान्अ–दापो (दुल्हन और दूल्हे के परिवार) के लिए काबेन

(II) दुल्हन और दूल्हे के लिए काबेन।

(III) जोबो (मिथुन) के लिए काबेन।

(IV) सिबो–बेनबो, बेई–कोम्यी के लिए काबेन। (अर्थात् विवाह समारोह के दौरान आदान–प्रदान की जाने वाली सभी पारंपरिक सजावटी वस्तुओं के लिए काबेन)

### (ग) मोपिन काबेन

मोपिन गालो समाज का सबसे बड़ा त्योहार है। इस त्योहार को अच्छे फसल की उपज के साथ–साथ मानव सुख–समृद्धि के लिए आयोजित किया जाता है। इस त्योहार का काबेन एक आवश्यक भाग है। इस आयोजन में काबेन का पाठ केवल चयनित ञिजिक (ञिबु/पुजारी) द्वारा उनकी अनुष्ठानिक भाषा में किया जाता है। काबेन आन्अ मोपिन (कृषि देवी) के साथ संवाद करने के उद्देश्य से किया जाता है। इसलिए मोपिन उत्सव पर काबेन डोस–गिन्से चढ़ाकर, कृषि के स्वामी से रेली–बोङो, आइ–आगाम (आध्यात्मिक वरदान) प्राप्त करने के उद्देश्य से किया जाता है। साथ ही, पृथ्वी पर मोपिन के आगमन का स्वागत करना होता है। मोपिन काबेन में मिथुन का बलिदान किया जाता है। इस काबेन में मिथुन को बतलाया जाता है कि आप आज प्रकृति के हित के लिए बलिदान हो जाओगे। आपका जीवन यहीं तक सीमित है तथा मोपिन लोक जाओगे। काबेन के दौरान अनुष्ठानिक भाषा में यह भी कहा जाता है कि यह आपकी आहुति होगी जिससे पृथ्वी उत्साह के साथ कंपन करेगी तथा आपकी आत्मा भी देवी–देवताओं के लोक को प्रस्थान करेगी। इस मोपिन त्योहार में रेली–बोङो, आइ–आगाम की प्राप्ति के लिए भी काबेन गायी जाती है।

### (घ) अन्य अवसरों के काबेन

गालो समाज में कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जहाँ तारी डोकुम काबेन (एक प्रकार का कीड़ा जो नदी तट पर पाया जाता है ) की भी बात है। इन क्षेत्रों के निवासियों का मानना है कि इस तारी का सेवन करने पर यदि अचानक कोई मादक हो जाता है तो उसके लिए विशेष काबेन गाया जाता है। इस तारी सेवन के पीछे भी लोक कथा है। इसके अलावा भी कई ऐसे अवसर हैं जैसे किसी वृद्ध महिला व पुरुष की मृत्यु होने पर भी काबेन गाए जाते हैं। परन्तु उपर्युक्त उल्लिखित अनुष्ठानों में काबेन का गाया जाना अनिवार्य होता है।

### निष्कर्ष

जैसा कि इस लेख में मौखिक साहित्य के एक भाग के रूप में गालो जनजाति के काबेन–काबनाम के बारे में चर्चा की गई है, जिसका शाब्दिक अर्थ किसी भी संगीत वाद्ययंत्र का उपयोग किए बिना अपने स्वयं के विचार व्यक्त करने का निर्बाध पाठ है। काबेन की प्रकृति की बात करें तो काबेन सकारात्मक होते हुए भी इसमें भावनात्मकता समाहित है। यह मान सकते हैं कि इसे विशेष रूप से विदाई बेला में गाए जाने के कारण इसमें भावनात्मकता है। इसे विशेष एक लय के साथ गाया जाता है तथा गाथा का समावेशन होने के कारण आम गीतकार व व्यक्ति गाने में असमर्थ

होता है। इसे अनुसरण से सीखा जा सकता है। इसी कारण ञिजिक (पुजारी) और ञिकोक (वक्ता) द्वारा गाया जाता है। काबेन की प्रकृति में एक और महत्त्वपूर्ण कड़ी यह है कि यह संस्कृतिवादी तथा कर्मकांडी है।

काबेन के उपयोगों की बात करें तो यह मोपिन उत्सव, तोगु–पानाम समारोह,विवाह समारोह आदि का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। काबेन के विभिन्न संस्करण हैं जो संबंधित अवसरों के वाचक और उद्देश्य पर निर्भर होता है। परन्तु काबेन अपने प्रकृति को लेकर सख्त है। इन क्षेत्रों के अलावा काबेन को कभी–कभी ञिजिक (पुजारी)–ञिकोक (वक्ता) द्वारा अपने स्वयं के विचार व्यक्त करने के लिए भी गाया जाता है, परन्तु यह बहुत ही कम देखने को मिलता है। संबंधित समारोह के लिए काबेन पाठ के उद्देश्य के लिए उत्पत्ति के विभिन्न सिद्धांत भी साथ गाए जाते हैं। इस शोध–पत्र को संस्कृति तथा परंपरा को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने के दृष्टिकोण से साझा किया जाता है। वैश्विक दुनिया के खुलने के बाद से, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी लिखित रिकॉर्ड के अभाव में किसी भी आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अंत में शोधकर्त्ता का मानना है कि गालो काबेन परंपरा के गहन अध ययन से नए शोध के द्वार खुलेंगे। मौलिक रूप में ही उपलब्ध होने के परिणामस्वरूप लोक– कथाओं के संदर्भ में यह भी स्वाभाविक है कि क्षेत्र के आध ाार पर इनके संस्करण भिन्न हों, जैसे कारी–करका संस्करण, पुगो संस्करण, चिबो–लारे संस्करण आदि।

## सन्दर्भ सूची


1. मिथ्स ऑफ द नार्थ–ईस्ट फ्रंटियर ऑफ इंडिया, वेर्रियर एल्विन।
2. डॉ. जे.एम.बोजे,गालो ञिदा, पराडाइस प्रिंट टेक प्रकाशन, अरुणाचल प्रदेश, प्रथम संस्करण–2015, पृ. 1–2।
3. ए न्यू बूक ऑफ ट्राइबल फिक्सन–वेर्रियर एल्विन।
4. डॉ. तेजुम पादु, मोपिन पोपिर, इसकेबी प्रकाशन, गुवाहाटी, प्रथम संस्करण–2020, पृ. 86।
5. इलि दोय,मिथ्स ऑफ नार्थ–ईस्ट इंदिया, नेशन प्रेस, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण–2018, पृ. 122।
6. गुम्पी ङूसो, यापोम गालो लोककथाएँ , अनुज्ञा प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2021, पृ. 43–44।
7. मोर्गअ एते, द गालोस देयर कल्चर एंड ट्रडिशन, मम्की प्रकाशन नाहरलगुन, प्रथम संस्करण 2020, पृ. 168।
8. मोर्गअ एतेद फोकलोर ऑफ गालोस–एंड ओवरवियू,मम्की प्रकाशन, नाहरलगुन, प्रथम संस्करण–2021, पृ. 168।
9. मुदेक बोजे, द ञिकोक, मम्की प्रकाशन, नाहरलगुन, प्रथम संस्करण–2024, पृ. 36।
10. काजुम लोम्बि के साथ साक्षात्कार।
11. ञिबु (पुजारी) चितेर योम्चा के साथ साक्षात्कार।
12. यानो पोतोम लोम्बि के साथ साक्षात्कार।
13. ञिबु (पुजारी) तामा मिंदो के साथ साक्षात्कार।


## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. द गालोङ्स–एल.एन. श्रीवास्तवा।
2. हिस्ट्री ऑफ अरुणाचल प्रदेश–एम.एल. बोस।
3. द माइथोलॉजी ऑफ मोपिन फेस्तिवल ऑफ गालो कम्यूनिटि ऑफ अरुणाचल प्रदेश–ञोदेक योङगाम।
4. ए फिलॉसाफी ऑफ नेफा–वेर्रियर एल्विन।
5. डेमोक्रसी इन नेफा–वेर्रियर एल्विन।
6. मनोरम भूमि–माता प्रसाद।
7. आदिवासी दुनिया–हरिराम मीणा।
8. लोक साहित्य की रूपरेखा–डॉ. सत्येन्द्र दूबे 'शर्तेन्दू'।
9. हिस्ट्री ऑफ अरुणाचल प्रदेश–डॉ. दीपक पाण्डे।
10. दिगो–यामो, पासीघाट मोपिन पत्रिका, 1992।
11. आइ–आगाम, ईटानगर मोपिन पत्रिका, 2014।
12. स्वर्ण जयंती केकेसु पत्रिका, 2022।

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# Gamification : incorporating gaming elements in learning

**Dr. Neeta Sahu***

**ABSTRACT**

*Gamification is an approach which is being increasingly popular because of involvement of the learners as the key attraction of this approach. It has been observed in Neuroscience that Dopamine, a neurotransmitter in our brain is activated, when we are feeling happy and excited. This chemical is released by our brain. However it can easily be guessed, when children are playing gamesa or involved in fun activitiesa they are the most excited and happy, visibly if game elements are attached with their studiesa it will facilitate the learning with fun.*

*Gamification may be defined as the process of incorporating game elements into non- gaming activities. It is an intelligent application of gamesa like mechanics and dynamics to encourage the learners to perform specific behavior. There are research evidencesa that it helps the learners to be engaged, motivated and excited in the learning process. Teachers can use this approach in educational settings by applying appropriate game elements according to the needs of the subjects and students.*

***Keywords–***Gamification, Dopamine, Game mechanics, Game dynamics, Leaderboards. Nick Pelling.

It has been observed in Neuroscience that Dopamine, a neurotransmitter in our brain is activated when we are happy and excited[1]. This chemical is released by our brain. However it can easily be guessed, when children are the most excited and happy? Apparently when they are playing gamesa or involved in fun activities. Students sometimesa hate studies, they do not want to do their homework, if game elements are attached with their studiesa it will facilitate their learning with fun **(Bendict, 2022)**[2] . Studiesa show that it helps the learners to be engaged, motivated and excited in the learning process.

Gamification is the strategy of incorporating game elements into non- gaming activities. "It is the process of adding game elements or mechanics to an experience to increase engagement or enjoyment".[3] It can be used in educational settings too. In fact it is not game based learning, nor is it something where students are playing with toys or swings. But it is an intelligent application of game mechanics and dynamics to encourage the learners to

* Assistant Professor, Dept. of Education, S. S. Khanna Girls' Degree College, A Constituent College of University of Allahabad, Prayagraj, Mob.: 9565876486, Email id: paperpub2@gmail.com

perform specific behavior in non- game environment like classroom, website or an online community. It is used to encourage specific behavior in students, to promote competition among learners, to engage them, to help the learners to track their own progress and to give immediate feedback. It is a technique which increasesa fun into a dull learning process. In the present era much emphasis is on learner centered approach and engagement of the students in the learning process, gamification is currently one of the largest trends in education. Various studiesa have shown that it is widely being used in educational settings ranging from primary to business training schools and is being proven effective. Various digital tools and strategiesa are being incorporated by the educators in their teaching methods. Use of gamified elements in education can positively impact students' engagement and collaboration. It is a strategy which transforms the educational content into a game, which students go through. Present paper concentratesa on how gamification techniquesa can be used in the teaching-learning process, its benefits and what may be the expected barriers in implementing it in educational settings?

**Who coined the term gamification?**

**Dmitri Mendeleev** was a Russian scientist and educationist in the 19th century who may have been the first scientist to use gamification to complete an educational task. Besidesa him, **Nick Pelling,** a computer programmer and investigative writer coined the term gamification in 2002.

**Elements of gamification**

There are two main elements of gamification which are responsible for transforming the dull environment into interesting learning environment, these are-

**Mechanics :** This element of the gamification is used to gamify any process or content by providing extrinsic motivation or incentive such as rewards, points, score, ranks, levels, badges, trophies, virtual dashboard, progress bar, virtual currency, avatars, individual profile and leaderboards. Gamified lessons or activitiesa may include elements such as badges, leaderboards, timed activities, rewards or points. Badges, leaderboards and performance graphs positively affect competence need satisfaction, as well as perceived task meaningfulness, while avatars, meaningful stories, and teammatesa affect experiencesa of social relatedness **(Sailer, 2017)**[4].

**Dynamics :** Game dynamics combinesa the user's behavior with the game mechanics and evolvesa them over time to avoid making the game monotonous. Game dynamics define the pattern of how the game and the players will evolve over time. All the learners will not be driven by the same elements, if one set will prefer competition, another set will prefer social collaboration. Game dynamics may be such as– competition, collaboration, progress, achievement, surprise etc.

**Benefits of gamification**

**1. Gamification aids in cognitive development in adolescents :** Brain activitiesa are increased when the children are engaged in playing games. Gamesa are helpful in enhancing cognitive development because brain gamesa are based on various questions and answers which improvesa the brain processing and maintaining information.

**2. Increasesa learners engagement in learning process:** Students learn more when they are involved in the learning process, various mechanics and dynamics of the gamesa keep the learners engaged in the learning activities. Extrinsic motivation and incentivesa attract them to be actively engaged while learning something. Introverted students were more engaged than extroverted students in gamified version **(Smiderle, et al, 2020)**[5]**.**

**3. Satisfiesa individual differences:** There is individual difference among learners, througÈ gamification appropriate content according to

their age, interest and pace can satisfy the needs of the learners.

**4. Improvesa retention of the learners : As** gamified activitiesa attract the attention of the students they take interest consequently they retain more of what they learn and they remember well what they learn at the end of their course. Students who completed the gamified experience got better scoresa in practical assignments and in overall score and their motivation was also better **(A. Domínguez *et al, 2013*)**[6]**.**

**5. Immediate feedback and reinforcement :** In gamification immediate feedback is given, students don't have to wait for the results. Students learn througÈ game-like interactive play; this allows wrong answers to be corrected quickly, while right answers are rewarded with positive reinforcement **(Dunkan, 2022)**[7]**.**

**6. Keeps the students sticked to studies :** Students take much interest in games. Gamesa mechanics such as rewards, trophies, points etc. make them excited and simultaneously trigger dopamine release in the brain. It makesa the learning process more enjoyable and keeps the students stuck to their studies.

**7. Connects learning to the real world :** The rewards and challengesa of gamified learning create a risk free learning environment in which students can learn how to apply the knowledge or skills they are gaining. It makesa them confident to use these skills and knowledge in real life situations.

**8. Gamification connects learners on an emotional level :** Gamification createsa an emotional connection between content and student which helps in receptive learning because students are self-motivated to learn.

**9. Improvesa Endorphin release :** Endorphins are chemicals which are released during pleasurable activitiesa such as exercise, massage, playing gamesa etc. Endorphins help relieve pain, they are natural pain killers. Gamification strategiesa improve Endorphin release, helping to create an environment ideal for focused learning.

**10. Gamified activitiesa keeps the brain healthy :** Gamesa encourage neuroplasticity which is the capacity of changing the brain while learning. Gamesa increase cognitive skills such as memory and attention, enhance creativity and problem solving skills and help in preventing age related cognitive decline.

**11. Life-long skills througÈ gamificatio:** Life skills such as problem solving, critical thinking, social awareness, cooperation and collaboration are induced througÈ gamification.

**12. Influencesa academic performance: (Cakiroglu etal., 2017)**[8] found that using the combination of gaming elements had a positive impact on engagement of the learners and this engagement in the studiesa influenced their academic achievement too.

**How to use gamification in teaching- learning process ?**

Gamification in education means comprising elements of gamification in the teaching learning process to make the learning more engaging and interesting. Here are the examplesa of some gamification apps and tools such as Khan academy, Byju's, Quizlet, Duolingo, Kahoot, Google read-along app, Yousician, Knudge.me and so on…, these apps are based on gamification strategy and very much popular among the users **(Buljan, 2021)**[9]**.** We educators can adopt the gaming mechanics from them and can apply to our educational settings as per our need and resourcesa available with us. There are a variety of ways to introduce gamification in the educational activitiesa by the teachers such as –

- **Award students with badgesa :** On completing each assignment students can be motivated by awarding them with badges. The badgesa will be value added like bonus points, skill levels etc.
- **Gamification in grading :** Students collect points on completing assignment and test,

these points are converted into grades, the gradesa refer to letter gradesa like A,B,C,D… and so on. Thus conversion of certain points into gradesa attracts students to collect more points.

- **Inclusion of educational video games :** Gamesa engage students and fill them with feelings of joy and competition. They learn to fail, overcome and preserve their position. In games, they have control over their choices. Immediate feedback, small rewards, work as an external motivation.
- **Group-wide or class-wide rewards :** Divide the students of the class into groups and set up a reward system. Students will work as a team to achieve the desired goal. Class- wide rewards also can be arranged. This system will let the students to work together as a team instead of competing with each other.
- **Gamifying homework :** Gamification allows the learners to complete their homework with zeal and interest at home, in the absence of their teacher. Gamesa elements allow curiosity, motivation and engagement in informal learning.
- **Gamifying non- academic objectives :** Teachers can give points for completing non-academic objectivesa such as cleaning up the classroom, decorating the classroom etc. thus both academic and non-academic objectivesa can be satisfied througÈ points.
- **Setting up levels :** Starting from easy tasks to difficult tasks related to the subjects, can be planned by the teachers. The gradual increase in difficulty levels will make the students aware of their progress.
- **Preparing leaderboard:** Leaderboards are great mechanics of gamification to motivate the students and create competition among students. Leaderboards can be prepared at the classroom level and school level. Students having best performance should be displayed on the leaderboard. All the students would aspire to see their name at the top, thus motivating them to work hard.

**Challenges/barriers in implementing gamification strategy in Indian circumstances:**

So far we have discussed the term of gamification, its benefits and potential usesa in educational field by the teachers, but as it is a comparatively new strategy to be incorporated in teaching learning process thus, it may be expected to have the following challengesa and barriers in using it—

- **Newer concept :** Inclusion of gamification strategy in teaching and learning process is a comparatively new concept. Stakeholders of the educational system may feel hesitation, fear of newness and it will also require some type of training regarding planning and execution of this strategy.
- **Pedagogical issuesa :** it can be irrelevant or inappropriate for the subject, content, or culture of particular learners or learning stylesa and may be resulting in boredom, and demotivation for the students[10].
- **Focus on extrinsic motivation** : In this strategy focus is on extrinsic rewards, rather than intrinsic rewards which may also cause anxiety, frustration or disappointment if the gamified strategy is difficult or unfair for the students.
- **Impact on learners' identity** : Gamification techniquesa can affect learners identity, self-esteem or social relationship by creating stereotypes, labels or divisions based on their performance and behavior **Jonesa & Scalf, (2023).**
- **Time consuming strategy:** It may be time consuming to plan, execute and evaluate the gaming mechanics and dynamics to have positive results. It will also need proper support, coordination of the management and academic fraternity.
- **Financial support:** It can be costly to design and implement (badges, trophies,

leaderboards, coins etc.) financial, physical as well as material resourcesa will be required.

- **Research is required in Indian circumstances:** ThougÈ many studiesa have been done in western countriesa and it is being popularly used in educational settings there. But the Indian circumstancesa and education system are different. It needs research to be done in this field in order to successfully implement this strategy.

Thus, it can be concluded that gamification is one of the strategiesa which is rapidly being used from primary to higher level all over the world. Most of the studiesa also show the positive impact of this strategy on the students. However, if the challengesa and barriers are carefully considered and addressed then, it can be a powerful and innovative method of learning. And, it would be appropriate to say that it is the promising strategy which should be comprised in the teaching learning process to increase the retention, interest and engagement level of the students and turn the dull environment of the classroom into a more attractive and conducive learning environment.

**References**


1. Benedict, G. (2019). What is Gamification? A Detailed Guide to Gamification in Education & Gamified Learning Apps. Retrieved, Sep 08, 2022, from https://www.techuz.com/blog/what-is-gamification-a-detailed-guide-to-gamification-in-education-game-based-learning/
2. Calli Wright. Game- based Learning vs Gamification: What's the Difference? Retrieved, Dec 03, 2022, from https://blog.mindresearch.org/blog/game-based-learning-vs-gamification
3. Sailer, M., Hense, J. U., Mayr, S. K., Mandl, H. (2017). How gamification motivates: An experimental study of the effects of specific design elements on psychological and satisfaction. Computers in Human Behavior, 69, p. 371. https://doi.org/10.1016/j.chb.2016.12.033
4. Smiderle, R., Rigo, S. J., Marques, L. B., Coelho, J.A. P., Jaques, *P. A. (2020)*. The impact of gamification on students' learning, engagement and behavior based on their personality traits. *Smart Learning Environments.* 7, 3. P. 07. https://doi.org/10.1186/s40561-019-0098-x
5. Dominguez, A., Saenz-De-Navarrete, J., Marcos, L., Sanz, L.F., Pages, C., Harraiz, J.J.M. (2013). Gamifying learning Experiences: Practical implications and outcomes. *Computers and Education*. Vol 63. P. 380. https://doi.org/10.1016/j.compedu.2012.12.020
6. Duncan, R. (2022). 5 Ways Gamification Can Improve Learning. Retrieved, Jan 07, 2024, from https://www.softwareadvice.com/resources/benefits-of-gamification-in-education/
7. Cakiroglu, U., Basibuyuk, B., Guler, M., Atabay, M., Memis, B. Y. (2017). Gamifying an ICT course: Influencesa on engagement and academic performance. *Computers in human behavior.* Vol 69, April 2017, p. 98. Retrieved, Jan 07, 2024, from https://www.sciencedirect.com/science/article/abs/pii/S074756321630838X
8. Buljan, M. (2021). Gamification for learning strategiesa and examples. Retrieved, Dec 25, 2023, from https://elearningindustry.com/gamification-for-learning-strategies-and-examples
9. Jones, J. and Scalf, L. (2023). What are the challengesa and risks of gamification in education?. Retrieved, Dec 31, 2023, from https://www.linkedin.com/advice/1/what-challenges-risks-gamification-education
10. Blankman, R. (2022). Gamification in Education: The fun of learning. Retrieved, Jan 03, 2024, from https://www.hmhco.com/blog/what-is-gamification-in-education#:~:text=Gamification% 20in%20education%20means%20that,%2C%20The%20Sims%2C%20and%20tag

SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)
A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal
ISSN (Print) : 3048-6327
Paper Recieved : 3rd July 2024
Paper Accepted : 15th July 2024

# माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों ( नैतिक मूल्यों ) का उनके शैक्षिक उपलब्धियों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

□ अमरदेव वर्मा*
□ डॉ. शालिनी त्यागी**

**शोध-सारांश**

*प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों एवं शैक्षिक उपलब्धि के सह–सम्बन्ध का अध्ययन करना था, न्यायदर्श हेतु मेरठ मण्डल के माध्यमिक स्तर के विद्यामन्दिर द्वारा संचालित एवं अनुदानित माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी जिसमें मेरठ मण्डल के 400 छात्र/छात्राओं को यादृच्छित विधि द्वारा चुना गया, जिनकी उम्र 14 से 18 वर्ष के बीच है, जीवन मूल्य मापन हेतु डॉ. तारेष भाटिया द्वारा निर्मित तथा शैक्षिक उपलब्धि मापन हेतु स्वनिर्मित उपकरण का प्रयोग किया गया है।*

***मुख्य बिन्दु***–*जीवन मूल्य, शैक्षिक उपलब्धि, नैतिकता, सदाचार, प्राविधिक।*

**प्रस्तावना**

मानव जीवन में सीखने की प्रक्रिया सार्वभौमिक एवं निरन्तर होती है। भारतीय मान्यता के अनुसार शिक्षा शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के शिक्ष धातु से हुई है। जिसका अर्थ है, सीखना और सिखाना।

शिक्षा के सम्बन्ध में गाँधी जी ने कहा है कि, 'शिक्षा से अभिप्राय उस प्रक्रिया से है जो बालक एवं मनुष्य के शरीर, मन एवं आत्मा के सर्वोत्कृष्ट रूपों को प्रस्तुत कर दे।'

**प्लेटो के अनुसार**–'शिक्षा से मेरा अभिप्राय उस प्रशिक्षण से है, जो अच्छी आदतों के द्वारा बालकों में अच्छे नैतिक गुणों का विकास करे।'

**डा. जाकिर हुसैन के अनुसार**–'हमें प्राविधिक के लिए नैतिकता का बलिदान नहीं देना चाहिए। अपितु प्राविधिक को इस भाव तथा पर्यावरण में प्रस्तुत करना चाहिए ताकि वह उच्च मानव मूल्यों कों शक्तिशाली एवं मजबूत बनाने का साधन बन जाये। नैतिकता तथा सदाचार विद्यालय

---

* शोधार्थी
* शोध निर्देशिका, मेरठ कॉलिज मेरठ।

शिक्षा को मूल्यों—उन्मुख बना सकते हैं। घर पर बच्चों को सांस्कृतिक, अध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यो सम्बन्धी शिक्षा कहानियों के माध्यम से सिखाते थे। आज बदलते परिवेश में यह समाप्त प्राय है।

बालकों में नैतिक गुणों को उसके व्यक्तित्त्व का आधार माना जा सकता है। बालक के नैतिक मूल्यों का सत्र उसके शिक्षण अधिगम प्रभावित करने वाला एक प्रमुख कारक है।'

**डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के शब्दों में**— 'भारत सहित सारे संसार में कष्टों का कारण यह है कि शिक्षा का सम्बन्ध नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों की प्राप्ति से न रहकर केवल मस्तिष्क के विकास से रह गया है। यदि शिक्षण का अर्थ हृदय व आत्मा की अवहेलना है तो उसे पूर्ण नहीं माना जा सकता। माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर भी बालकों को नैतिक गुणों के महत्त्व को समझाकर इसे बालकों के व्यक्तित्त्व में शामिल करना होगा। इसी उम्र में उसे अच्छे और बुरे का भेद कराकर, उसे उच्च शिष्टाचार सिखाकर उसके नैतिक गुणों का विकास एवं उसे भविष्य के नागरिक बोध के लिए तैयार किया जा सकता है।

बालक में नैतिकता, परोपकार, न्याय, सत्य आचरण आदि उच्च मूल्यों के प्रति स्थायी भाव जाग्रत करने के लिए मूर्त से अमूर्त, स्थल से सूक्ष्म, सरल से कठिन नियमों का पालन करना चाहिए। इन उदेश्यों के लिए बालकों को अत्यन्त लोकप्रिय महापुरुषों की कहानियों, जीवन वृतांत सुनाना चाहिए। इससे उच्च आदर्शों, नैतिकता के प्रति संवेगात्मक सम्बन्ध हो जायेगा।'

## माध्यमिक स्तर

प्राथमिक शिक्षा सबसे प्रारम्भिक शिक्षा होती है। इसे पूर्ण करने पश्चात् ही बालक माध्यमिक शिक्षा में प्रवेश पाता है। माध्यमिक शिक्षा प्राथमिक व उच्च शिक्षा के बीच की कड़ी है। माध्यमिक शिक्षा को किशोर विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण माना गया है। क्योंकि इस अवस्था में बालक के विकास को सर्वाधिक प्रभावित किया जाता है। इसे पूर्ण करने के उपरान्त ही बालक उच्च शिक्षा के लिए तैयार रहता है। माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी विकास की उन विशेष अवस्थाओं में होता है।

माध्यमिक स्तर शिक्षा का ऐसा रूप है जो एक ओर उच्च शिक्षा के प्रवेश के लिए तथा दूसरी ओर रोजगार व जीवन यापन के लिए रास्ता खोलता है। यह बालक के जीवन का वह समय होता है, जब बालक भावी जीवन के प्रति चिंतन करना प्रारम्भ कर देता है और उचित मार्गदर्शन न मिलने पर कुमार्ग को अपना लेता है।

## जीवन मूल्य

मनुष्य के जीवन का लक्ष्य होता है स्व—प्रत्यक्षीकरण, स्व—योग को प्राप्त करके जब वह जीवन का विश्लेषण और गुण—दोष का विवेचन करता है तो जीवन मूल्य की तलाश करता है।

**पाइथागोरस ने कहा था**—संसार में एक मनुष्य ही मस्तिष्क, हृदय और भावना से युक्त प्राणी है और सभी वस्तुओं (क्रियाओं) का मापदण्ड है। मनुष्य के जीवन में शारीरिक बल की तुलना में आध्यात्मिक बल अधिक महत्त्व रखता है और इसी में आनन्द है। वेदों और उपनिषदों का आध्यात्मिक सदुपदेश है कि, हमें ईमानदार, आशावादी, सच्चा सशक्त और उच्च जीवन मूल्यों के मापने वाला होना चाहिए। मनुष्य के व्यक्तित्त्व के तीन तत्त्व हैं—आत्मा, मन और शरीर। जब हम तीनों तत्त्वों को स्वस्थ रखते हैं तो हम आनन्दित और प्रसन्न रहते हैं। मन और शरीर की तुलना में आत्मा का स्थान सबसे ऊँचा होता है।'

**प्लूटो** का भी यही विश्वास है कि, 'सदाचार से जीवन उत्तम बनता है। उससे सामाजिक जीवन आनन्दित होता है। जो भी मानव जीवन मूल्यों का पालन करते हैं उससे ही हमारी सोच को मार्गदर्शन मिलता है। अगर हम सचमुच सशक्त जीवन मूल्यों का पालन करने वाले हैं तो हमारी आत्मा बता देगी कि संयम, अव्यभिचार प्रशंसनीय और उत्तम हैं और व्यभिचार घिनौना कर्म है। हममें से बहुत से

लोग उन्हीं जीवन मूल्यों का पालन करते हैं, लेकिन कई बार दूसरों को खुश करने के लिए, अपने सम्बन्धियों की कमियों को छुपाने के लिए अपने जीवन मूल्यों को बदल देते हैं। कभी–कभी हम किसी से अनुग्रह या सहायता लेने के लिए अपने जीवन मूल्यों की बली चढ़ा देते हैं। किसी भी जीवन मूल्य या मानव मूल्य का मूल्य तब ही है, जब हम उसे वास्तव में मूल्यवान मानेंगे, यदि हम आचारवान नहीं, तब कितने ही विचारवान हो, मूल्यहीन हैं। किसी भी व्यक्ति, समाज या सरकार का यथार्थ मूल्य उसकी मूल्यप्रति ही है।' विद्वानों का यह मानना है कि, आधुनिक सौन्दर्यशास्त्र की नव्यतम उपलब्धियाँ तथा प्राचीन संस्कृत साहित्य और काव्यशास्त्र के तुलनात्मक अध्ययन के अनेक स्थलों पर समानताएँ मिलती हैं, फिर भी परम्परावादी के बीच टकराव देखा जा सकता है। किसी भी पद्या रचनाकार के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने आस–पास के परिदृश्य पर नजर रखे, पर–परिवेश की क्रियाओं के प्रभाव से अपनी आत्मनिष्ठा को मलीन न होने दे और जीवन मूल्यों के निजी बोध को दिन–ब–दिन समृद्ध करे। जीवन दृष्टि या स्थापित वैचारिक इकाई है। विचार तो समय के साथ बदलते रहते हैं इसलिए जीवन मूल्यों को दो वर्गों में बाँटा जा सकता है–शास्वत और सामायिक। मूल्यों में समय के साथ परिवर्तन होता रहा है, आज समय तेज रफ्तार से चल रहा है। इसी के साथ इन जीवन मूल्यों में भी तेजी से परिवर्तन हो रहा है। परिणाम स्वरूप इसका असर धीरे–धीरे शाश्वत जीवन मूल्यों पर भी पड़ रहा है, जो इतनी धीमी रफ्तार से होता है कि इन बदलावों को महसूस करने में लम्बा समय लगता है। स्वभाव से मनुष्य सदैव व्यवस्था को तोड़ना चाहता है और यही प्रवृत्ति समाज में जीवन मूल्य परिवर्तन का प्रमुख कारण है। इसलिए नई पीढ़ी आदर्श भावना या पुराने चलन को तोड़ना चाहती है। इसका एक कारण यह भी है कि आदर्श और यथार्थ का संघर्ष निरंतर चलता रहता है और यथार्थ आदर्श की मंजिल पर कभी नहीं पहुँच पाता। इसके कारण सदा ही एक रिक्तता महसूस की जाती है। इस रिक्तता को मिटाने के लिए बदलाव की प्रक्रिया होती रहती है। यूँ तो जीवन मूल्य परिवर्तन के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं, जैसे किसी अन्य संस्कृति का अनुसरण या सरकार द्वारा लोकमत बनाया जाना, जिससे जीवन मूल्य के बदलाव की प्रक्रिया शुरू होती है। आज परम्परागत जीवन मूल्यों पर चारों ओर से प्रहार किया जा रहा है। सांस्कृतिक क्रांति के नाम पर यौन क्रांति लाई जाएगी तो इसका असर परिवार और समाज के पारम्परिक जीवन मूल्यों पर पड़ेगा। यह एक गंभीर विचार का मुद्दा है कि क्या इस माहौल में पारम्परिक जीवन मूल्यों की रक्षा की जा सकती है

**नैतिक मूल्य**

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं। परन्तु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरन्तर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट–घुटकर ही साँस ले पा रही है। यह स्थिति तब है, जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिलती है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आंकलन सम्भव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि, 'व्यक्ति नैतिकता के बिना एक वक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है।'

हम जीवन में महत्त्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं। लेकिन देखने में आता है कि, कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है। जो नैतिक पालन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि, ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं।

इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अन्तःकरण की आवाज को अनसुना करना आरम्भ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि, अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि, इससे टकराव बढ़ेगा। यही टकराव कई बार प्राणघातक तक हो जाता है। व्यक्तिगत। सामुदायिक राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर यही नैतिकता का पतन अशान्ति एवं दुःखों का कारण बनता है। यदि हमें जीवन बेहतर बनाना है तो सभी स्तरों पर नैतिकता का पालन करना होगा। ये मूल्य इतने सशक्त होते हैं कि, यदि उनका शुद्ध अन्तःकरण से अनुपालन किया जाए तो वे शान्ति और समृद्धि का माध्यम बनते हैं।

**शैक्षिक उपलब्धि**

शैक्षिक उपलब्धि शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है—शैक्षिक उपलब्धि। अर्थात् विद्यालय सम्बन्धित शैक्षिक अनुभवों के परिणामस्वरूप विद्यार्थी में होने वाले व्यवहार परिवर्तन को ही शैक्षिक उपलब्धि कहा जाता है। भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में अनगिनत उपलब्धियाँ हासिल की हैं। 70 मिलियन (करोड़) से अधिक बच्चे प्री—प्राइमरी स्कूल में शामिल होते है और उच्च प्राथमिक (निम्न माध्यमिक) में बच्चों के नामांकन की भागीदारी में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत सरकार के शिक्षा के अधिकार अधिनियम लागू होने की वजह से 06 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों में स्कूल न जाने वाले बच्चों आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन (OSSC) की संख्या में कमी आई है, जो 2006 में 13.46 मिलियन की तुलना में 2014 में घटकर 6 मिलियन रह गयी है। 06 मिलियन बच्चों में जो अभी भी स्कूल से बाहर हैं, उनमें से अधिकांश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और धार्मिक अल्पसंख्यक समूहों सहित वंचित समुदायों के हैं।

**चुनौतियाँ**

100 छात्रों में से 29 प्रतिशत लड़कियाँ और लड़के प्राथमिक शिक्षा का चक्र पूरा करने से पहले स्कूल से बाहर निकल जाते हैं और इनमें सबसे

ज्यादा वंचित समुदाये के बच्चे होते है चुनौतियाँ बनी हुई है, क्योंकि अधिकाशँ बच्चे जो स्कूल में हैं वे अपनी कक्षाओं के स्तर के अनुरूप नहीं सीख रहे है, खराब गुणवत्ता वाले शिक्षण और सीखने की परम्परा के परिणामस्वरूप स्कूलों में कम उपस्थिति होती है। साथ ही, बाल—विवाह, बाल—श्रम या हिंसा या शोषण के कारण बच्चे समय से पहले ही स्कूल छोड़ देते हैं। मौसमी प्रवासन, गरीबी, सामाजिक सुरक्षा के अभाव और जागरूकता की कमी के कारण भी बच्चे स्कूल जाना बंद कर देते हैं।

**प्रारम्भिक बाल—शिक्षा की उपलब्धता में असमानता**

भारत में 3—6 वर्ष की आयु के बच्चों के बीच के लगभग 20 मिलियन (02 करोड़) बच्चे हैं, जो प्री—स्कूली शिक्षा से वंचित हैं। यह मुख्य रूप से बुनियादी ढाँचे में कमी, प्रारम्भिक कक्षाओं में अयोग्य शिक्षक और उपयुक्त शिक्षण सामाग्री की कमी के कारण है, सरकार द्वारा संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों के साथ—साथ निजी प्री—स्कूलों में बच्चों में ज्ञानात्मक और भाषा—कौशल के स्तरों में काफी कमी है।

स्कूल में जाने वाले बच्चों में आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रेन OSSC की बड़ी संख्याएँ भारत के स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों की संख्या करीब छ मिलियन (60 लाख) के करीब है 100 छात्रों में 36 प्रतिशत लड़कियाँ और लड़के प्राथमिक चक्र (शिक्षा का चक्र) पूरा करने से पहले स्कूल से बाहर निकल जाते हैं और इनमें सबसे ज्यादा वंचित समुदाय के बच्चे होते हैं।

**स्कूल से बाहर रहकर भी कुछ सीखना नहीं**

सर्वेक्षण और आंकलन के आधार पर देखा गया है कि, प्राथमिक शिक्षा के आठ साल के बाद भी बच्चों की पढ़ाई का स्तर काफी खराब था। इसका एक प्रमुख कारण प्रारंभिक शिक्षा के समय शिक्षा की नींव कमजोर होना है।

जीवन मूल्यों (नैतिक मूल्यों) और शैक्षिक उपलब्धि से सम्बन्धित साहित्य का विश्लेषण किया गया तथा कुछ अध्ययन निम्नलिखित हैं–

**(1) सिंह बलबीर (2013)** ने 'उच्च माध्यमिक स्तर के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों का पर्यावरण एवं जीवन मूल्यों के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन किया।' इसके निष्कर्ष में पाया गया कि उच्च माध्यमिक स्तर के विज्ञान वर्ग के छात्र/छात्राओं का पर्यावरण तथा धार्मिक, सामाजिक, प्रजातांतरिक सौन्दर्यात्मक, आर्थिक, आनन्दमयी शक्ति व स्वास्थ्य मूल्यों के लिए रुझान समान हैं। ज्ञानात्मक मूल्य में छात्राओं का रुझान अधिक, पारिवारिक प्रतिष्ठा के प्रति छात्रछात्राओं का रुझान समान नहीं है।

**(2) डॉ. निजा एम. इवा नोविक (2014)** ने शैक्षिक उपलब्धि का विभिन्न बच्चों के साथ अध्ययन किया। यह एक क्रोस सेक्शनल अध्ययन था, चिली मैट्रोपोलियन क्षेत्र के प्राथमिक और हाईस्कूल के 4509 विद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों पर अध्ययन किया गया। निष्कर्षस्वरूप पाया गया कि, शैक्षिक उपलब्धि विभिन्न कारकों से प्रभावित होती है। बच्चों की विद्यालयी उम्र, उनका परिवार, शैक्षिक व्यवस्था, पोषण, बौद्धिक क्षमता, सामाजिक संस्कृति बच्चों की शैक्षिक उपलब्धि को सार्थक रूप से प्रभावित करते हैं।

**(3) मीनू अग्रवाल (2015)** ने 'राजस्थान के विभिन्न प्रकार के विद्यालयों के छात्रों के व्यक्तित्त्व अनुशासन तथा नैतिक मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन किया।' जिसके निष्कर्ष में पाया गया कि, उच्च एवं निम्न समूहों के छात्रों के व्यक्तित्त्व को विद्यालयी भिन्नता प्रभावित नहीं करती है। किन्तु इस भिन्नता का प्रभाव छात्रों के आचरण, मानवता मूल्य, ईमानदारी, नम्रता और श्रम–निष्ठता पर पाया जाता है।

**(4) अल सईद (2015)** ने सरकारी व गैर–सरकारी (माध्यमिक) के विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों तथा शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन किया। अध्ययन में पाया गया कि, सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों पर जीवन मूल्यों का विशेष प्रभाव पड़ता है।

## निष्कर्ष

(1) माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में उच्च नैतिक मूल्यों का उनकी शैक्षिक उपलब्धियों पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

(2) माध्यमिक स्तर के उच्च नैतिक मूल्यों वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों में सार्थक अन्तर पाया जाता है।

## सुझाव

(1) नैतिक मूल्यों को पाठ्यक्रम का सक्रिय अंश बनाया जाये।

(2) स्वयं शिक्षकों को नैतिक मूल्यों के अनुरूप आचरण नियत करना होगा।

(3) स्कूलों में नियमित रूप से पाठ्य सहगामी क्रियाएँ आयोजित कर इनकी जिम्मेदारियाँ विद्यार्थी के मध्य विभाजित कर दी जाये।

(4) विद्यार्थियों के अनुशासन के क्षेत्र में आत्मनियंत्रण का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. अस्थाना, एम. एवं वर्मा, के.वी. (2008), व्यक्तित्त्व मनोविज्ञान, दिल्ली, मोतीलाल बनारसीदास।
2. कुमार, डी. (2012), समाजशास्त्र, नई दिल्ली, टाटा मैकग्रा हिल एजूकेशन लिमिटेड।
3. गुप्ता, एस.पी. (2007), उच्चतर शिक्षा मनोविज्ञान इलाहाबाद : शारदा पुस्तक भवन।
4. राय.पी. (2010, 2011), अनुसंधान परिचय, आगरा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल पुस्तक प्रकाशन।
5. पाठक, पी.डी. (2011), शिक्षा मनोविज्ञान, आगरा, अग्रवाल पब्लिकेशन।
6. शर्मा, डी.एल. (2005), उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक, मेरठ, आर. लाल बुक डिपो।
7. http://wikipedia.org/social competence retrieve.
8. http://advan.physiology.org/ content/by/goal retrieve.

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**

**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# 21वीं सदी के भारतीय शासन प्रणाली में समावेशी लोकतन्त्र का वैचारिक आयाम एवं व्यावहारिक प्रयोग का अध्ययन

**▢ आस्था साहू***

**शोध-सारांश**

*21वीं सदी के भारतीय शासन प्रणाली में सतत् एवं समावेशी विकास का स्वरूप समावेशी लोकतंत्र में ही संभव हो सकता है। अतः आधुनिक भारतीय शासन प्रणाली में समावेशी लोकतंत्र के निहित स्वरूप को समझने का प्रयास हम इस लेख के माध्यम से करेंगे।*

*शासन प्रणाली का स्वरूप कोई भी हो, परंतु जब शासन के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक शासन की पहुँच एवं उसके कल्याण की बात की जाए तो निश्चित तौर पर समावेशी लोकतंत्र वह माध्यम है, जिससे समावेशी लोकतंत्र के मूल भाव एवं इसके निहितार्थ को व्यावहारिक बनाया जा सकता है। इसके साथ ही, जब शासन के केंद्र में मानवीय मूल्य, व्यक्ति की स्वतंत्रता से लेकर लोक–कल्याण एवं उत्तरदायित्व की हो तो निश्चित रूप से हमारे समक्ष लोकतंत्र एक विकल्प के रूप में मौजूद होता है। अतः लोकतंत्र ही वह शासन प्रणाली है, जिससे देश सतत् एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ सकता है। आधुनिक भारतीय शासन प्रणाली का प्रारंभ 15 अगस्त, 1947 से माना जा सकता है, जब भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम के पारित होने के साथ ही भारत एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न राज्य के रूप में स्थापित हुआ। तत्पश्चात् 26 जनवरी, 1950 को जब भारत का संविधान लागू हुआ तब भारत की एक स्वतंत्र पहचान संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न एवं लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित हुई। अतः भारतीय शासन के लोकतांत्रिक स्वरूप के समक्ष अनेक चुनौतियाँ भी मौजूद थीं, जैसे कि, भारत विभाजन के दौरान हुई हिंसा*

* शोधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग, आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, इलाहबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
Email: asthasahufeb95@gmail.com

*एवं उसके नकारात्मक प्रभाव एवं परिणामों के पश्चात् सही दिशा में आगे बढ़ना क्षेत्रवाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता जैसी समस्याओं से निपटने हेतु तथा राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाए रखने की एक बड़ी चुनौती थी। 21वीं सदी के दौर में भारतीय शासन के समक्ष गरीबी, भुखमरी, अशिक्षा जैसी विकट समस्याएँ मौजूद हैं। अतः स्वतंत्रता के पश्चात् भारतीय शासन की नींव कुछ इस प्रकार रखनी ही थी जो न केवल लोकतांत्रिक हो बल्कि हमारा देश एक समावेशी लोकतंत्र के माध्यम से विकास के पथ पर अग्रसर हो। इस संदर्भ में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचार एवं उनका राजनीतिक दर्शन अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है, जहाँ उन्होंने अपनी राजनीतिक दर्शन के केंद्र में समावेशी लोकतंत्र की मूल भावना को जैसे सर्वोदय, अंत्योदय, ग्राम स्वराज एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का समर्थन किया। इसी क्रम में आगे बढ़ने से पूर्व हम समावेशी लोकतंत्र को भी समझेंगे और जिसका विस्तारपूर्वक अध्ययन हम आगे करेंगे।*

*समावेशी लोकतंत्र एक आधुनिक अवधारणा है, जिसकी स्थापना का श्रेय प्रसिद्ध यूनानी राजनीतिक, दार्शनिक, अर्थशास्त्री टाकीस फोटोपोलस को जाता है, जिन्होंने आधुनिक समय में समावेशी लोकतंत्र जैसे एक नए विचार व सिद्धांत को जन्म दिया। समावेशी लोकतंत्र सामाजिक संगठन का एक रूप है, जो समाज को अर्थव्यवस्था, राजनीति और प्रकृति के साथ फिर से जोड़ता है।*[1]

*अतः भारतीय शासन में समावेशी लोकतंत्र को समझने के उद्देश्य से आधुनिक भारतीय शासन में समावेशी लोकतंत्र की प्रासंगिकता को समझते हुए उसकी चुनौतियाँ एवं संभावनाओं को भी समझने का प्रयास इस लेख के माध्यम से करेंगे।*

***बीज शब्द***–*भारतीय शासन, समावेशी लोकतंत्र, सर्वोदय, सुशासन, लोक–कल्याण।*

**प्रस्तावना**

वर्तमान क्षेत्रीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में निरंतर जिस प्रकार संकट एवं संघर्ष का दौर चल रहा है, ऐसे समय में समावेशी लोकतंत्र आवश्यक एवं सही मार्गदर्शक के रूप में उपयोगी भी बन जाता है। क्योंकि भारत एक विविधतापूर्ण देश है, जिसमें अनेक जाति, धर्म, संप्रदाय, विभिन्न भाषायी एवं क्षेत्रीय विविधता के लोग एक साथ रहते हैं। इसके साथ ही, विभिन्न भाषायी एवं सांस्कृतिक पहचान के मध्य सामंजस्य एवं सौहार्द्रपूर्ण संबंधों को बनाये रखना भी एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि देश की समृद्धता एवं संपन्नता तभी प्रासंगिक होगी जब राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित होगी। यद्यपि भारत की संस्कृति एवं प्राचीन परंपरा अत्यंत ख्यातिपूर्ण रही है, जिसने अनेकता में एकता को अपनी पहचान के रूप में स्थापित किया है। भारत में गरीबी एवं क्षेत्रीय असमानता के साथ आर्थिक असमानता भी एक प्रमुख समस्या है और इस प्रकार किसी भी शासन की सफलता में देश के किसी वर्ग को पीछे छोड़ते हुए हम समावेशी विकास को प्राप्त नहीं कर सकते और न ही, समावेशी लोकतंत्र की सफलता को स्थापित कर सकते हैं। जैसा कि, समावेशी लोकतंत्र की मूल भावना यही

है कि ऐसा शासन या विकास जो आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सभी आयामों में सतत् विकास की प्रक्रिया को अपनाये।

हमारा देश भारत विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक है और साथ ही, इसका अतीत भी काफी गौरवपूर्ण रहा है, लेकिन भारतीय इतिहास के इस गौरवपूर्ण गाथा में कुछ काल ऐसा भी रहा है जिसे हम भारत के इतिहास का अंधकार युग भी कह सकते हैं। जिसकी सत्यता को हम अस्वीकार नहीं कर सकते। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के गतिशील क्रम में कुछ ऐसे पड़ाव आए जो हमारे समाज की प्रगति के मार्ग में बाधा के रूप में उत्पन्न हुए। जैसे–जातिवाद, छुआछूत, महिलाओं की स्थिति में गिरावट और बाल–विवाह जैसी अनेक कुरीतियों ने जन्म लिया। यद्यपि समय रहते इनमें से अनेक समस्याओं को सुलझाया भी गया। जैसे सती–प्रथा निषेध अधिनियम, बाल–विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006[2], दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961[3], अस्पृश्यता का अंत (भारतीय संविधान का अनुच्छेद 17)।[4]

यद्यपि आज भी जातिवाद, क्षेत्रवाद, संप्रदाय–वाद, आर्थिक असमानता जैसी अनेक गंभीर चुनौतियाँ मौजूद हैं और इन समस्याओं के निराकरण में निश्चित रूप से समावेशी लोकतंत्र के विकास का मार्ग अपनाना होगा। प्राचीन काल से भारत ही वह अकेला देश रहा है जहाँ विभिन्न प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया तथा इसी भारतीय संस्कृति में उत्तर, दक्षिण के तथा पूर्व और पश्चिम के सांस्कृतिक उपादान समेकित हो गए।[5] परिणामस्वरूप भारत में वर्ण व्यवस्था, जाति व्यवस्था का उदय हुआ, जो संपूर्ण देश में व्याप्त हुई। इसके साथ ही, भारत में प्राचीन काल से ही अनेक धर्मों का उदय हुआ। अतः यह बात तो तय है कि भारत में सर्व–धर्म–समभाव की भावना भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा है।

भारत की प्राचीन वैदिक परंपरा में जिस प्रकार सामाजिक व राजनीतिक ढाँचे को व्यवस्थित स्वरूप मिलता है, जिसके प्रमाण हमारे प्रमुख ग्रंथ वेद, रामायण, महाभारत, उपनिषद् और अर्थशास्त्र है। वसुधैव कुटुंबकम् का विचार अर्थात् जिसमें संपूर्ण पृथ्वी या विश्व के सभी लोगों को एक परिवार के रूप में माना गया है, जिसकी प्रासंगिकता वर्तमान काल में न केवल हमारे देश तक सीमित है, बल्कि यह संपूर्ण विश्व को एक सकारात्मक दिशा व सही आधार प्रदान करती है, अर्थात् भारतीय संस्कृति ऐसी है जो क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर से ऊपर उठकर वैश्विक स्तर पर आपसी सौहार्द्र एवं समन्वय बनाए रखने में विश्वास करती है। इसी क्रम में भारतीय शासन के लोकतांत्रिक स्वरूप एवं प्रक्रिया को समझने से पूर्व हम एक नजर समावेशी लोकतंत्र पर भी डालेंगे, जिससे हम भारतीय शासन के परिप्रेक्ष्य में इस नई संकल्पना समावेशी लोकतंत्र की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को बेहतर ढंग से समझ सकें।

समावेशी लोकतंत्र की अवधारणा का विकास 1990 के दशक में हुआ। यह एक व्यापक अवधारणा है, जिसे हम लोकतंत्र का परिष्कृत रूप कह सकते हैं। समावेशी लोकतंत्र शास्त्रीय लोकतंत्र से आधुनिक रूप में आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक स्वरूप को समाहित करते हुए शासन को सतत् एवं समावेशी विकास के मार्ग में अग्रसित करना चाहता है। इस प्रकार समावेशी लोकतंत्र बदलते परिवेश एवं चुनौतियों को स्वीकार करने के साथ इन चुनौतियों से निबटने की पूर्ण सामर्थ्य एवं क्षमता रखता है, क्योंकि कोई भी सिद्धांत या विचार जब जन्म लेता है तो वह अपने समय एवं परिवेश से पूर्णतः प्रभावित होता है। परिणामतः ऐसे सिद्धांत और विचार की स्वीकार्यता भी बढ़ जाती

है, जो शासन में जन–आकांक्षाओं की पूर्ति करे।

स्वतंत्रता के पश्चात् यदि हम भारतीय शासन की बात करें तो भारत में समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य के आधार पर भारतीय शासन का विकास क्रम आगे बढ़ा। क्योंकि भारत जब स्वतंत्र हुआ था तब भारत में निर्धनता, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी जैसी प्रमुख समस्याएँ हमारे समक्ष मौजूद थीं। अतः भारतीय शासन की सूझबूझ एवं लोक कल्याण की नीतियों ने इन चुनौतियों से निपटने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। जैसे कि, योजना आयोग का गठन, पंचवर्षीय योजना को लागू करना, सामुदायिक विकास कार्यक्रम 1952 के माध्यम से देश के शासन में समाज के सभी वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ना, भारतीय शासन का प्रमुख लक्ष्य था। वहीं भारतीय शासन और राजनीति में एक क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला, जब भारतीय संविधान में 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण एवं शासन में आमजन की भागीदारी का व्यावहारिक प्रयोग हुआ।

भारतीय शासन में सुशासन के प्रयोग को प्राथमिकता दी गई। द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन वर्ष 2005 में एम. वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में किया गया था। जिनकी रिपोर्ट कुल 15 प्रतिवेदनों पर आधारित रिपोर्ट थी, जिसे वर्ष 2009 में प्रस्तुत किया गया था। इस रिपोर्ट के प्रतिवेदनों का उद्देश्य शासन को पारदर्शी, कल्याणकारी एवं जनोन्मुखी बनाना था। अतः इस रिपोर्ट के आधार पर स्पष्ट होता है कि, भारतीय शासन में सुशासन के आधुनिक व्यावहारिक प्रयोग की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाए गए। द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की 15 प्रमुख प्रतिवेदनों की रिपोर्ट में कुछ प्रतिवेदनों को हम निम्न तौर पर देख सकते हैं, जो भारतीय शासन में समावेशी विकास एवं समावेशी लोकतंत्र को प्रासंगिक बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जैसे–

**पहला प्रतिवेदन**–सूचना का अधिकार : सुशासन की सर्वोतम कुंजी, जुलाई 2006।[6]

**चौथा प्रतिवेदन**–शासन में नैतिकता।[7]

**पाँचवाँ प्रतिवेदन**–लोक व्यवस्था : प्रत्येक के लिए न्याय सभी के लिए शांति।[8]

**छठा प्रतिवेदन**–स्थानीय अधिशासन : भविष्य की ओर प्रेरणाबद्ध यात्रा।[9]

**बारहवाँ प्रतिवेदन**–नागरिक केंद्रित शासन : अधिशासन का हृदय।[10]

यद्यपि पारदर्शिता, निष्पक्षता, उत्तरदायित्व एवं भ्रष्टाचार मुक्त शासन सुशासन के प्रमुख आधार हैं, इसके साथ ही समावेशी लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक है, शासन में जनभागीदारी को बढ़ाना, जिससे समाज के कमजोर व असहाय वर्ग को समाज में विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। जिससे सभी नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त कर उनका मानव संसाधन के रूप में समुचित प्रयोग सशक्त राष्ट्र के निर्माण में किया जा सके। भारतीय शासन में समावेशी लोकतंत्र के प्रभाव एवं प्रयोग को भारत सरकार की विभिन्न नीतियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के माध्यम से भी समझ सकते हैं, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र वर्तमान में विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था है, अतः भारतीय शासन का दायित्व भी उतना ही व्यापक हो जाता है जो वैश्विक स्तर पर एक अनोखी पहचान को स्थापित करे। अतः भारतीय शासन की प्रासंगिकता को समावेशी लोकतंत्र के बिना प्रासंगिक नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि समावेशी लोकतंत्र सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और विभिन्न वर्ग जो, किसी–न–किसी रूप में अपनी अलग पहचान रखते हैं, सभी के आपस में समन्वय एवं समन्वित विकास में विश्वास

करता है। अर्थात् समाज व राष्ट्र के बहुआयामी विकास पर केंद्रित यह विचारधारा है जो देश को समावेशी विकास के साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। भारतीय शासन में समावेशी लोकतंत्र की प्रेरणा हमें भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों से भी मिलती है, जिनके सिद्धान्त व विचार आज न केवल हमारे देश के लिए बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए प्रासंगिक एवं उपयोगी हैं। सर्वोदय, पर्यावरणवाद, अहिंसा व शासन में नैतिकता जैसे विचार किसी भी शासन को सकारात्मक दिशा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गांधी जी ने राजनीति को नैतिकता के साधन के रूप में देखा और अपनाया तथा शासन में व्यक्ति के नैतिक उत्थान के लिए आत्म–संयम (Self-Control) और त्याग भावना (Spirit of Renunciation) को महत्त्वपूर्ण माना।[11] इसके साथ ही व्यक्ति की संकल्प शक्ति को मजबूत बनाए रखने पर बल दिया, क्योंकि इसी के माध्यम से हम सामाजिक न्याय की प्राप्ति कर सकते हैं। प्रशासन के स्तर पर गांधी जी ने विस्तृत विकेंद्रीकरण का समर्थन किया, जिसका व्यावहारिक रूप आज हम भारत की स्थानीय शासन प्रणाली की पंचायती राज व्यवस्था के रूप में देख सकते हैं।

भारतीय शासन में समावेशी लोकतंत्र की भूमिका को जब देखते हैं तो हम विकास के बहुमुखी आयाम एवं इसके विस्तृत स्वरूप की चर्चा कर रहे होते हैं, अतः जहाँ शासन के केंद्र में मानव हो और मानव के सतत् विकास पर बल दिया जा रहा हो तो इससे हमारा पारिस्थितिकी तंत्र एवं पर्यावरण भी अछूता नहीं रह सकता। विकास का कोई भी पहलू या दिशा हो, वह कहीं–न–कहीं हमारे पर्यावरण से अवश्य जुड़ी होती है। मानव जीवन को पर्यावरण से अलग कर या पर्यावरण से हटकर हम मानव जीवन की कल्पना नहीं कर सकते, क्योंकि प्राकृतिक आपदा जब आती है तो प्रकृति के विनाश के साथ–साथ मानव जीवन में भी प्रलय लाती है। जैसे कि, हाल ही में भारत के उत्तराखंड राज्य में जोशीमठ की जमीन जो लगातार धँसती जा रही है, परिणामस्वरूप वहाँ के लोगों का विस्थापन जारी है, प्रभावित क्षेत्र के लोगों के आवास, जीविका के स्रोत सभी संकट में हैं। इसके पीछे जब कारण देखते हैं तो कहीं–न–कहीं मानव गतिविधियों ने ही जो विकास के नाम पर वहाँ के प्राकृतिक संसाधनों का अति दोहन किया है, खनिज एवं प्राकृतिक संसाधनों की खोज में निरंतर खनन जारी रखा, जिसके दुष्परिणाम आज हमारे समक्ष है। इसी संदर्भ में प्रसिद्ध सांख्यिकीविद् ई.एफ. शुमाकर ने अपनी प्रसिद्ध कृति "Small is beautiful" में कहा था कि, **आधुनिक औद्योगिक समाज बौद्धिक दृष्टि से चाहे कितना ही परिष्कृत क्यों न हो, वह जिस नींव ऊपर खड़ा है, उसे ही खोखला कर रहा है।**[12] अर्थात् इस धरती में उपलब्ध संसाधनों का दोहन मनुष्य इस मनोभाव से न करे कि ये संसाधन पृथ्वी पर असीमित हैं, क्योंकि कुछ प्राकृतिक संसाधनों का सृजन नहीं किया जा सकता और न ही उन्हें बढ़ाया जा सकता है। अतः मनुष्य को स्वयं सतर्कता एवं जागरूकता के साथ सतत् पोषणीय विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना होगा।

## चुनौतियाँ

### 1. गरीबी

भारतीय शासन के समावेशी लोकतंत्र के विकास के मार्ग में गरीबी एक प्रमुख चुनौती है। क्योंकि गरीबी किसी व्यक्ति, समाज या राष्ट्र के प्रगति के मार्ग को अवरुद्ध करती है। गरीबी में व्यक्ति आर्थिक तंगी से जूझता है तथा वह अपने जीवन की बुनियादी सुविधाओं से वंचित रह जाता है, परिणामस्वरूप देश की गरीब जनसंख्या देश

की प्रगति में सहायक न होकर एक बाधक के रूप में प्रकट होती है। अतः ऐसी समस्या से निपटने हेतु शासन को सक्रिय रूप से अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा तथा ऐसी नीतियों एवं योजनाओं को लाना होगा, जो देश की गरीब जनसंख्या को चिह्नित कर उन्हें मूलभूत सुविधाओं से युक्त करे तथा उन्हें मानव संसाधन के रूप में विकसित करे, तभी समावेशी लोकतंत्र की प्रासंगिकता सुनिश्चित हो पाएगी। इसी संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के द्वारा निर्धारित सतत् पोषणीय विकास उद्देश्यों का प्रथम लक्ष्य विश्व से गरीबी दूर करना है। गरीबी से संबंधित एक वैश्विक रिपोर्ट जिसे वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (Global multi dimensional poverty index) (Oxford poverty and Human Development initiative) मानव विकास रिपोर्ट कार्यालय द्वारा जारी की जाती है। इस रिपोर्ट को तैयार करने के प्रमुख तीन आयाम हैं–शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जीवन स्तर। इस रिपोर्ट के आधार पर भारत में 2005–06 और 2019–21 के बीच 15 साल की अवधि के दौरान 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर हुए हैं और इसी दौरान भारत में गरीबी 55.1% से गिरकर 16.4% हुई है।[13]

इस संदर्भ में भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं में जैसेए प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन–धन खाता योजना, उज्ज्वला एवं हर घर नल जल जैसी योजनाओं की भारत में गरीबी दूर करने एवं नागरिकों को उनकी मूलभूत सुविधाओं से युक्त करने में सकारात्मक भूमिका रही है।

### 2. अशिक्षा

शिक्षा किसी भी सभ्य समाज का आधार है और शिक्षा–रूपी औजार किसी भी राष्ट्र को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करता है। अतः देश के नागरिक यदि अशिक्षित हैं तो वे एक दिशाहीन मार्ग में अपनी यात्रा तय करेंगे और यही दिग्भ्रमित यात्रा देश की भी यात्रा होगी क्योंकि कोई भी देश अपने नागरिकों के गुण एवं चरित्र से बनता है; अतः समावेशी लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक है, भारतीय शासन में ऐसी प्रक्रिया स्थापित हो जिससे देश का कोई भी बच्चे से लेकर युवा तक) शिक्षा से वंचित न रह जाए अतः मूल शिक्षा प्राप्त कर व उच्च शिक्षा में भी कौशल युक्त शिक्षा को ग्रहण करे तथा अपनी सकारात्मक भूमिका का प्रयोग राष्ट्र निर्माण में करे।

### 3. शासन में नैतिकता का अभाव

शासन में नैतिकता का अभाव कहीं–न–कहीं शासन की गरिमा एवं उत्तरदायित्व को घटाती है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है। परिणामस्वरूप लोक–कल्याण एवं जनहित की अवहेलना होती है। शासन में नैतिकता के अभाव के परिणामस्वरूप जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों में दोषपूर्ण भ्रष्टाचार जैसी प्रवृतियाँ बढ़ती हैं, जो अंततः देश के समावेशी विकास का मार्ग अवरुद्ध करती हैं तथा शासन के प्रति नागरिकों के विश्वास को भी कम करती हैं। आधुनिक भारतीय शासन प्रणाली में नैतिकता के संदर्भ में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की भूमिका महत्त्वपूर्ण है, जिसमें उन्होंने सामाजिक सुधार में समाज के दलित, शोषित एवं महिलाओं सभी को एक सामाजिक प्रतिष्ठा के रूप में स्थापित करने का सफल प्रयास किया, क्योंकि सामाजिक उत्थान के बगैर हम राष्ट्र के विकास की कल्पना नहीं कर सकते और यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों ने ही आधुनिक भारतीय शासन प्रणाली में समावेशी लोकतंत्र को प्रासंगिक बनाया है।

### 4. भ्रष्टाचार

भ्रष्टाचार की समस्या किसी भी देश के लिए उस दीमक की तरह है जो संपूर्ण राष्ट्र को अंदर–ही–अंदर खोखला करता जाता है। इसी संदर्भ में डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा था कि, ''अगर किसी देश को भ्रष्टाचार से मुक्त होना है और सुंदर दिमाग का देश बनाना है तो मुझे दृढ़ता से लगता है कि तीन प्रमुख सामाजिक सदस्य हैं, जो बदलाव ला सकते हैं, वह पिता, माता और गुरु हैं, अंतर्राष्ट्रीय संगठन Corruption Perception Index जिसके द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित एक वैश्विक रिपोर्ट जारी की जाती है और इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 में कुल 180 देशों में भारत की रैंक 85 है. वहीं डेनमार्क प्रथम, फिनलैंड और न्यूजीलैंड द्वितीय स्थान पर हैं। इस रिपोर्ट के आधार पर भी भारत में भ्रष्टाचार एक गंभीर समस्या है और इस गंभीर विषय पर भारत सरकार के साथ–साथ आम नागरिकों को सजगता एवं जागरूकता के साथ विचार करने की आवश्यकता है।[14]

### 5. कुशल मानव संसाधन का अभाव

किसी भी देश की जनसंख्या वहाँ के मानव संसाधन के रूप में जानी जाती है। मानव संसाधन किसी भी देश की दिशा व दशा का मूल आधार है, क्योंकि राष्ट्र की प्रगति के निर्धारण में वहाँ के नागरिकों की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। यदि देश की जनसंख्या शिक्षित एवं कौशल युक्त होगी तो वह राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में सकारात्मक रूप से विकास में अपना योगदान देगी, जो देश को समृद्ध एवं संपन्न बनाए रखने में अत्यंत उपयोगी है और यदि यही जनसंख्या अशिक्षित, गरीब व अकुशल होगी तो यह राष्ट्र के विकास के मार्ग में एक बड़े अवरोध का कार्य करेगी तथा यही देश पर एक बोझ के रूप में चिंता का विषय रहेगी।

मानव संसाधन के संबंध में ही संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक की रिपोर्ट के आधार पर हम भारत के मानव विकास सूचकांक मूल्य को भी देखेंगे। यह मूलतः मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों में दीर्घकालिक प्रगति का आंकलन करने के लिए एक सारांश उपाय है। एक लंबा और स्वस्थ जीवन, ज्ञान तक पहुँच और जीवन का एक सभ्य स्तर। 2021 में भारत का HDI मूल्य 0.633 है, जो देश को मध्य मानव विकास श्रेणी में रखता है, इसे 191 देशों और क्षेत्रों में से 132 स्थान पर रखता है।[15]

### निष्कर्ष

भारतीय शासन में समावेशी लोकतंत्र की संभावनाओं की तलाश में हमें भारतीय शासन की प्रकृति एवं स्वरूप को देखना होगा। भारतीय शासन की प्रकृति उदार एवं सकारात्मक समावेशन की है और भारत का लोकतांत्रिक स्वरूप समावेशी लोकतंत्र की सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। क्योंकि भारतीय शासन में लचीलेपन का स्वरूप भी पाया जाता है, जिससे हम समाज के अत्यंत पिछड़े वर्ग, गरीब समुदाय जो सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ चिह्नित कर तथा उन्हें शासन से जोड़कर, विकास की मुख्य धारा में लाकर समावेशी लोकतंत्र की प्राप्ति में सकारात्मक कदम उठा सकते हैं। अतः इसके लिए आवश्यक है, शासन में पारदर्शिता, ईमानदारी, उत्तरदायित्व को स्थापित करने के साथ ही भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से निपटने हेतु आवश्यक है देश के प्रशासनिक अधिकारियों एवं राजनेताओं सहित आम नागरिकों में मानवीय मूल्यों, नैतिकता, सदाचार व जनकल्याण जैसे विचार सभी के व्यक्तित्व में विकसित हों, जो न केवल दिखावे के लिए हों बल्कि यह सभी के आचरण के साथ उनके व्यवहार में भी परिलक्षित हों और तभी शायद हम भारतीय शासन में समावेशी लोकतंत्र का पूर्ण स्वरूप देख

सकते हैं। यद्यपि भारत सरकार के द्वारा इस क्षेत्र में उठाए गए कुछ कदम सराहनीय हैं, जैसे, प्रधानमंत्री जन–धन खाता योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व (शहरी), हर घर नल जल योजना, उज्ज्वला जैसी विभिन्न योजनाओं ने भारतीय शासन की सफलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो निश्चित भारतीय शासन में समावेशी लोकतंत्र की सफलता एवं प्रसंगिकता को स्पष्ट करते हैं।

आधुनिक भारतीय शासन में समावेशी लोकतंत्र की प्रासंगिकता का स्वरूप जिन आधारों पर पूर्णतः खरा उतरना चाहिए वह वास्तविक रूप में पूर्ण सफल नहीं कहा जा सकता, क्योंकि सरकारी आँकड़ों की सच्चाई के साथ हमें जमीनी स्तर पर उन आँकड़ों के प्रभाव को देखना होगा, जहाँ दोनों क्षेत्रों में असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। अतः भारतीय शासन में समावेशी लोकतंत्र की सफलता के लिए अति महत्त्वपूर्ण तत्त्व है कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन की स्थापना हो और यह तभी संभव हो सकता है, जब हमारे देश के नागरिक शिक्षित, ईमानदार, जागरूक व सतर्क रहें, क्योंकि लोकतंत्र वह उत्कृष्ट व्यवस्था है, जिसकी प्रत्येक गतिविधि एवं क्रियाकलाप में आम नागरिकों की भागीदारी प्रमुख होती है, जिसके माध्यम से शासन को एक सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। अतः शासन की बागडोर जिन हाथों में है उनमें जब मानवीय मूल्य जैसे, नैतिकता, उत्तरदायित्व, ईमानदारी एवं जनकल्याण जैसे गुणों का विकास होगा तो निश्चित ही शासन में समावेशी लोकतंत्र को सफल एवं प्रासंगिक बनाया जा सकता है। यद्यपि भारतीय शासन में संसाधनों की कमी नहीं है और न ही नीतियों का अभाव है, कमी है तो बस दृढ़ इच्छाशक्ति व ईमानदारीपूर्वक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की। निष्कर्ष रूप में कह सकते हैं कि भारतीय शासन में समावेशी लोकतंत्र की प्रासंगिकता बनी हुई है क्योंकि, भारतीय शासन के समावेशी विकास के माध्यम से ही आज समाज का प्रत्येक वर्ग सशक्त हो रहा है और नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ ही अपने मत प्रयोग के द्वारा राजनीति व शासन में अपनी सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## संदर्भ सूची


1. Article (Jan. 2004), Takis Fotopoulos. What is inclusive democracy? The contours of inclusive.
2. https:/legislative.gov.in
3. https: //legislative.gov.in
4. एम. लक्ष्मीकान्त (2017), भारत की राजव्यवस्था, Mc Graw Hill Education (India) Private Limited, अध्याय 7, मूल अधिकार, पृ. 7–8
5. रामशरण शर्मा, प्रारंभिक भारत का परिचय, अध्याय 1, प्राचीन इतिहास का महत्त्व, पृ. 1–2
6. https://darpg.gov.in/hi/government decision-on 2nd.arc
7. https://darpg.gov.in/hi/governmentdecision on 2nd.arc
8. https://darpg.gov.in/hi/government decision-on 2nd.arc
9. https://darpg.gov.in/hi/government decision on 2nd.arc
10. https://darpg.gov.in/hi/government decision on 2nd.arc
11. ओमप्रकाश गाबा (2021), राजनीति सिद्धान्त की रूपरेखा, अध्याय 55, विकास और पर्यावरणवाद, पृ. 581
12. ओमप्रकाश गाबा (2021), राजनीति सिद्धान्त की रूपरेखा, अध्याय 55 विकास और पर्यावरणवाद, पृ. 585
13. https//ophi.org.uk/multistidentional-poverty-index/ https//hdr.undp.org/content/2022-global-multidimentional-poverty-index-mpi#/indicies/MPI
14. transparency.org/en/cpi/2022, accessed on 15 Feb., 2023

15. https://hdr.undp.org/data-centre/specific country-data#/countries/IND

## संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. Kohli, Atul (2007), Success of India's Democracy, Cambridge University Press.
2. Smith, B.C. (2007), Good Governanc And Development, PALGRAVE MACMILLAN
3. शर्मा, रामशरण (2020), प्रारंभिक भारत का परिचयए ओरियंट ब्लैकस्वान प्राइवेट लिमिटेड
4. एम. लक्ष्मीकांत (2017), भारत की राजव्यवस्था, Mc Graw Hill Education (India) Private Limited.
5. Freeman, David, Inclusive democracy and its prospects, Revista Theomai/Theomai journal.
6. कुरुक्षेत्र (जनवरी 2014), पंचायती राज
7. Kurukshetra (Dec. 2022), e-Governance, Vol. 71
8. https://darpg.gov.in/hi/government decision-on2nd-arc
9. https://www.undp.org/data-centre/specific country-data#/कंट्रीज
10. जाधव, डॉ. नरेन्द्र (2017), डॉ. आंबेडकर राजनीति, धर्म और संविधान विचार, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 3rd July 2024**
**Paper Accepted : 15th July 2024**

# हिन्दी की सामासिक संस्कृति और आधुनिक हिन्दी साहित्य की पूर्वपीठिका

**( आदिकालीन, मध्यकालीन व रीतिकालीन हिन्दी साहित्य के विशेष सन्दर्भ में )**

**अनिरुद्ध सिंह***

**शोध-सारांश**

*सामासिक संस्कृति के अर्थ–गाम्भीर्य और उसकी गरिमा को ध्यान में रखकर यदि विचार करें तो मस्तिष्क में विविध भाषा एवं संस्कृतियों से सम्पृक्त एक ऐसे समाज की तस्वीर परिलक्षित होती है, जिसमें हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, यहूदी, पारसी आदि युगों से एक साथ रहते आ रहे हैं। जो रीति–रिवाज, मान्यताओं, परम्पराओं और अन्धविश्वासों में अलग–अलग है, लेकिन सामासिक दृष्टि से वह एक दूसरे से अभिन्न और सम्पृक्त दिखाई देते हैं। यही विलक्षणता ही भारत की पहचान है। भारतीय सामासिक संस्कृति की पहचान है।* ***हजारी प्रसाद द्विवेदी*** ने हिन्दी साहित्य की भूमिका में लिखा है। इस समग्र साहित्य में हिन्दी एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसमें पश्चिमी आर्यों की रूढ़िप्रियता, कर्मनिष्ठा के साथ ही पूर्वी आर्यों की भाव–प्रवणता विद्रोही वृत्ति और प्रेम–निष्ठा का मणिकांचन सहयोग हुआ। तुलसीदास जी के रामचरितमानस में हम शैव और वैष्णव में समन्वय की भावना के साथ–साथ हिन्दी और अवधी की सामासिकता को देख सकते हैं, **तुलसी के शब्दों** में–

**शिवद्रोही मम दास कहावा, सो नर सपनेहु मोहि न भावा।**

हिन्दी द्वारा सामासिक समरसता की जो अनुभूति आदिकाल में खुसरों से प्रारम्भ हुई थी, वह भक्तिकालीन जायसी, मंझन, उस्मान, नूर मोहम्मद के आगे रीतिकालीन रहीम, रसखान, आलम, शेख, रसलीन तक प्रवाहमान रही। हिन्दी की सामासिक समरसता का इससे विलक्षण उदाहरण और क्या हो सकता है कि, अब्दुल रहीम खानखाना ने अपनी साहित्यिक इबादत कृष्ण–भक्ति के रूप में की।

* शोधार्थी (हिन्दी–विभाग), हंडिया पी.जी. कॉलेज, हंडिया, प्रयागराज
Email– aniruddhsingh7677@gmail.com, Contact no.- 9807701050,9918884033

*आधुनिक काल में लोहिया जी हिन्दी और उर्दू को सती और पार्वती कहते हैं तो चर्चित शायर मुनव्वर राणा माँ और मौसी की संज्ञा देते हैं। प्रसिद्ध समीक्षक गोविन्द सिंह का कथन है कि देवनागरी में उर्दू पत्र–पत्रिकाओं की सफलता को देखकर इस्लाम की मजहबी किताबें भी देवनागरी में आ रही हैं, क्योंकि मुसलमानों की नई नस्ल को उर्दू की बजाय देवनागरी ज्यादा आसान लग रही है। इस प्रकार हिन्दी सामासिक संस्कृति की सही अर्थों में संवाहिका है और रहेगी, क्योंकि यह भाषा केवल भाषा नहीं, अपितु संस्कारों, संस्कृतियों, धार्मिक परम्पराओं एवं मान्यताओं को सामहित करते हुए समरसता के साथ समसामयिक चिन्तन बोध एवं समग्रता की अधिष्ठात्री भी है यही इसकी सामासिकता का प्रमाण है।*

***बीज शब्द***–*सामासिक संस्कृति, रामचरितमानस, मणिकांचन, संस्कार, चिन्तन।*

सामासिक संस्कृति के अर्थ–गांभीर्य और उसकी गारिमा को ध्यान में रखकर यदि विचार करें तो मन–मस्तिष्क में विविध भाषा–भाषी एवं संस्कृतियों से सम्पृक्त एक ऐसे समाज की तस्वीर परिलक्षित होती है, जिसमें हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, यहूदी, पारसी आदि युगों से एक साथ रहते आ रहे हैं। जो रीति–रिवाजों, मान्यताओं, परम्पराओं और अंधविश्वासों में अलग हैं, लेकिन सामासिक दृष्टि से वे एक–दूसरे से अभिन्न एवं सम्पृक्त दिखाई देते हैं। यही विलक्षणता ही भारत की पहचान है, भारतीय सामासिक संस्कृति की पहचान हैं। तब प्रश्न उठता है कि सामासिकता और संस्कृति क्या है? तो मुझे सामासिकता के अर्थ के संदर्भ में समास और सामासिक शैली के समानांतर अर्थद्वंद्व गूँजते प्रतीत होते हैं। जैसे **''समासितम् पदम् इति समासः।''** अर्थात् परस्पर अच्छी तरह पदों को बैठाना। उसी प्रकार भाषा का सामासिक गठन भी सामासिक शैली का उद्देश्य है। अतः दोनों शब्दों के अर्थों का उद्देश्य 'जोड़ना' ही प्रतीत होता है। वहीं यदि रामधारी सिंह दिनकर के शब्दों में संस्कृति को पारिभाषित करूँ तो–''संसार में जो सर्वोत्तम बातें जानी या कही गई हैं उनसे अपने आपको परिचित कराना संस्कृति है।''[1]

अतः कहा जा सकता है कि संसार की सर्वोत्तम बातें या विचार चाहे वे किसी भी धर्म, सम्प्रदाय, जाति एवं भाषा के हों, उन्हें एक सूत्र में पिरोकर समरस समाज की स्थापना ही सामासिक संस्कृति का उद्देश्य है। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि, एक ऐसा समाज जिसमें विभिन्न भाषा, सम्प्रदाय, जाति एवं संस्कृतियों के लोग अपनी सांस्कृतिक अस्मिता को बनाये रखते हुए अपने सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक कर्त्तव्यों का पालन कर एक सहिष्णु समाज की संरचना करते हैं। वह समाज सामासिक संस्कृति का परिचायक है।

अब जहाँ तक प्रश्न हिन्दी की सामासिक संस्कृति का है तो चूँकि भाषा संस्कृति की वाहिका होती है और उसके साहित्य में उसकी संस्कृति की गहरी झलक मिलती है, इसलिए भाषा और संस्कृति में अविच्छेद्य सम्बंध होता है।

**मैडलवान** लिखते हैं कि ''प्रत्येक संस्कृति का सारतत्त्व उसकी भाषा में अभिव्यक्ति पा सकता है और पाया करता है। भाषा न केवल संस्कृति का अविभाज्य अंग है, अपितु उसकी पूंजी भी है। भाषा के बिना यदि संस्कृति पंगु है तो संस्कृति के अभाव में भाषा अंधी है।''[2]

प्राचीन काल से सम्पर्क स्थापित करने का कार्य संस्कृत भाषा के माध्यम से किया जाता रहा

है आज वही कार्य उसकी दुहिता हिन्दी कर रही है। ऐतिहासिक प्रलेखों और लिखित साहित्य से ज्ञात होता है कि एक हजार वर्षों से हिन्दी सम्पर्क भाषा के रूप में देश को अपने माधुर्य का पान करा रही है। भारतवर्ष के विस्तृत भू–भाग में फैले समाज को संगठित कर उसमें सामासिकता बनाये रखने के कार्य को हिन्दी ने बड़े गरिमामय ढंग से निभाया है और आज भी निभा रही है हिन्दी के सामासिक संस्कृति के प्रश्न पर **डॉ. परमानन्द पाँचाल** का मत है कि ''भारत एक विशाल देश है जहाँ कई भाषाएं, अनेक बोलियाँ तथा उपभाषाएँ है। भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में आज 22 भाषाएँ हैं। इन सभी की कई उपभाषाएँ और बोलियाँ हैं हिन्दी की अपनी–अपनी बोलियाँ हैं, इन्हीं बोलियों और उपभाषाओं का सामूहिक नाम हिन्दी है। इनकी सामूहिकता इनकी सामासिकता का प्रमाण ही तो है।''[3] **श्री नर्वदेश्वर चतुर्वेदी** के शब्दों में–''हिन्दी वास्तव में किसी एक ही भाषा अथवा बोली का नाम नहीं है अपितु एक सामासिक भाषा परंपरा की संज्ञा है, जिसका आकार–प्रकार विभिन्न उपभाषाओं और बोलियों के ताने–बाने द्वारा निर्मित हुआ है इस प्रकार हिन्दी एक भाषा समष्टि का नाम है।''[4]

हिन्दी की सामासिक पृष्ठभूमि को समझने के लिए यदि हम उसके मुहावरों और लोकोक्तियों पर दृष्टिपात करें तो बात और स्पष्ट हो जाती है, क्योंकि मुहावरे और लोकोक्तियाँ किसी भी जीवित भाषा का प्राण होती हैं। ये जन–सामान्य की अभिव्यक्ति का समान रूप से माध्यम होती हैं, किसी वर्ग विशेष की नहीं। यदि हम हिन्दी भाषा में प्रचलित मुहावरे और लोकोक्तियों पर प्रकाश डालें तो पाते हैं, कि इनके पीछे जो जातिगत संस्कार छिपे हैं। ये स्वतः ही हिन्दी की सामासिक संस्कृति की कहानी कहते हैं, जो भारत के विशिष्ट वर्ग, सम्प्रदाय या धार्मिक मान्यताओं के लिए नहीं, वरन् सभी के लिए समान हैं। उदाहरण स्वरूप–मुल्ला की दौड़ मस्जिद तक, गए थे नमाज छुड़ाने रोजे गले पड़ गए, मिल गई तो रोजी नहीं तो रोजा, खुदा अपने घोड़ों को हलुआ खिलाता है, खैरात बाँटना, ईद का चाँद होना, खलीफा बनना, नमक हलाल होना आदि ऐसे न जाने कितने मुहावरे और लोकोक्तियाँ हमारी इस मिली–जुली संस्कृति को वाणी देते हैं। इन मुहावरों को क्या हिंदू, क्या मुसलमान सभी बोलते हैं, यही हिन्दी की सामासिक विरासत है।

सामासिक संस्कृति के संदर्भ में यदि हम हिन्दी साहित्य के कालक्रम की पड़ताल करें तो यह निष्कर्ष निकलता है कि हिन्दी भाषा और साहित्य का समग्र इतिहास हमारी सामासिक संस्कृति का इतिहास है। इसके विकास में आरंभ से ही विभिन्न मतानुयायियों और धर्मावलंबियों का योगदान रहा है। साहित्य की इस गंगा जमुनी वाग्धारा के प्रवाह में माँ सरस्वती के न जाने कितने उपासकों ने अपने श्रद्धाकलश उँडेले हैं, न जाने कितने भगीरथ पुत्रों ने इसके लिए कठोर परिश्रम किया है, न जाने यह कितने संतों और फकीरों के उपदेशों का माध्यम रही है। आदिकाल में सिद्धों, जैनों, नाथों, संतों और सूफियों ने इसी भाषा में जनता को संदेश दिए हैं। इनकी भाषा में हिन्दी का वो प्राचीन रूप मिलता है जो प्राकृत और अपभ्रंश के समीप है। नाथ सम्प्रदाय के प्रवर्तक **गोरखनाथ की यह वाणी–**

**''तुम्बी में तिरलोक समाया त्रिवेणी रिब चंदा,**
**बूझा रे ब्रह्मज्ञानी अनहद नाद अभंगा''**

भी इसी भाषा के माध्यम से जन–सामान्य तक पहुँची। सिद्ध साहित्य में–

**कण्हपा की यह उक्ति**
**जिमि लोण विलिज्जई पाणिरगहं,**
**तिम धरणि लइचित।**
**समरस जाइ तक्खणे जइ पुणुते समणित।**

जिस प्रकार पानी में नमक घुल जाता है, उसी प्रकार धरती से प्रेम में लीन हो जाने पर

तत्काल समरस की अवस्था उत्पन्न हो जाती है। इसके पश्चात् आदिकालीन कवि **अमीर खुसरों** की हिन्दी के प्रति रुचि से सिर्फ हिन्दी का भंडार ही नहीं भरा अपितु उन्होंने पहेलियों और मुकरियों का ऐसा जादू चलाया कि वे सर्वसाधारण के कंठहार बन गए।

**रामस्वरूप चतुर्वेदी** अपने ग्रंथ हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास में लिखते हैं कि ''खुसरों के कृतित्त्व से एक महत्त्वपूर्ण तथ्य उजागर होता है कि हिन्दी का चरित्र प्रारंभ से ही असाम्प्रदायिक रहा है, वह सामासिक संस्कृति की सच्ची रचना है। हिन्दू–मुसलमानों का जहाँ सीधा द्वंद्व हिन्दी कवि ने चित्रित किया है वहाँ भी वह वीरों का युद्ध है, किसी एक पक्ष के प्रति घृणा या द्वेष उत्पन्न करने का प्रसंग नहीं, चाहे वह चंदरबदाईकृत 'पृथ्वीराज रासो हो या कि मलिक मोहम्मद जायसीकृत पद्मावत। खुसरों के यहाँ तो साहित्य और संगीत की जरूरतें एक दूसरे में घुल–मिल गई हैं। अरस्तू ने संगीत को समाज के लिए उपादेय माना क्योंकि वह धार्मिक उत्तेजनाओं को शमित करता है और कविता को वह वांछनीय मानता है, क्योंकि उसकी दृष्टि में कविता वासनाओं को परिष्कृत करती है। खुसरों ने दोनों को मिला दिया, साहित्य और संगीत को, और इसलिए हिन्दू और तुरक को भी। यह दृष्टि हिन्दी की सिद्धों नाथों से आरंभ अद्वैती रहस्य परम्परा से सीधे जुड़ी है। साथ ही आदिकाल के धार्मिक साहित्य सिद्धों, नाथों और जैन कवियों की रचनाओं में जैसे रहस्य भावना कर्मकांड और मंत्र के तत्त्व समाहित हुए हैं, रासो काव्यों की ऐहिक श्रेणी में कुछ उसी तरह शिष्ट और लोक साहित्य के तत्त्व घुल–मिल गए हैं जो हिन्दी द्वारा ही संभव हुआ है। श्रृंगार के साथ वीर रस का मिश्रण यदि पश्चिम के कथा काव्यों में पाया जाता है तो पूर्व के विद्यापति के पदों में श्रृंगार के साथ भक्ति का मिश्रण है।''[5]

**हजारी प्रसाद द्विवेदी** ने अपना पक्ष रखते हुए हिन्दी साहित्य की भूमिका में लिखा है कि ''समग्र साहित्य में हिन्दी ही एकमात्र ऐसी भाषा है जिसमें पश्चिमी आर्यों की रूढ़िप्रियता, कर्मनिष्ठा के साथ ही पूर्वी आर्यों की भावप्रवणता, विद्रोही वृत्ति और प्रेमनिष्ठा का मणिकांचन योग हुआ है।''[6] दक्षिण से जब भक्ति आंदोलन का सूत्रपात हुआ तो उसका प्रभाव उत्तर में भी संतों की वाणियों में परिलक्षित होने लगा। हिन्दी साहित्य का समस्त भक्तिकाल उससे अनुप्राणित रहा है। **कबीर** ने कहा है–**भगति द्राविड़ी उपजी लाए रामानंद।**

**गुरूनानक, कबीर, तुलसीदास, सूरदास, मीरा** आदि ने धार्मिक, सहिष्णुता सौहार्द्र और प्रेम का उपदेश दिया। शैव और वैष्णवों में समन्वय की भावना स्थापित करने में तुलसीदास जैसे संतों ने अथक प्रयास किए। तुलसी के राम तो स्पष्ट करते हैं–**''िाव द्रोही मम दास कहावा, सो नर सपनेहु मोहि न भावा।''** तुलसी की सामासिक दृष्टि जिसे हम हिन्दी या अवधी की सामासिकता भी कह सकते हैं का प्रमाण उनके रामचरितमानस में खोजा जा सकता है। **दिनकर जी** के शब्दों में–''रामायण हिन्दू संस्कृति का महाग्रंथ है, जिसमें लगभग 10 हजार वर्षों के प्रगाढ़ हिन्दू चिंतन का सार समाया हुआ है और इस ग्रंथ का सम्मान भी वैसा है जैसा सम्मान बाईबिल और कुरान का देखा जाता है किन्तु ऐसे धार्मिक काव्य में भी हम अरबी और फारसी शब्दों के निःसंकोच प्रयोग अनेक स्थलों पर पाते हैं जो इस बात का प्रमाण है कि गोसाईं जी में भाषा को लेकर साम्प्रदायिकता की गंध तक न थी।''[7] यह कथन उपर्युक्त पक्ष को और प्रामाणिकता प्रदान करता है कि हिन्दी का अरबी से तो कोई पारिवारिक सम्बंध नहीं हैं किन्तु फारसी हिन्दी की मौसेरी बहन लगती है। **जेन्दावेस्ता** की भाषा और वैदिक संस्कृत कभी एक भाषा थी। जेन्दावेस्ता की भाषा से आगे चलकर फारसी उत्पन्न हुई और वैदिक संस्कृत की परम्परा

से हिन्दी का विकास हुआ। इस्लाम धर्म के प्रवेश के साथ मुसलमानों ने हिन्दुओं के साथ मिलकर उसकी समृद्धि में अनुपम योगदान दिया जो हिन्दी की उदारता का ही परिचायक है तभी तो हिन्दी हिन्दुओं या किसी विशेष वर्ग की भाषा न रहकर सभी की हो गई।

हिन्दी द्वारा सामासिक समरसता की जो अनुभूति आदिकाल में खुसरों से प्रारंभ हुई थी, वह भक्तिकालीन जायसी, कुतुबन, मंझन, उसमान, मुल्लादाउद, शेखनबी, कासिम शाह, नूर मोहम्मद के आगे रीतकालीन रहीम, रसखान, कादिर बख्श, अनीस अहमद और कमाल, ताज और तानसेन, नवाज और फखरुद्दीन, आलम और शेख तथा मुबारक और रसलीन तक अनवरत् प्रवहमान रही है। हिन्दी की सामासिक समरसता का इससे विलक्षण उदाहरण क्या हो सकता है कि अब्दुल रहीम खानखाना ने अपनी साहित्यक इबादत कृष्ण भक्ति के रूप में अदा की और भारतीय जनमानस में तुलसीदास की तरह रहीमदास के रूप में प्रतिष्ठित हुए। उसकी पुष्टि में **श्री दिनकर** लिखते हैं–''हिन्दी में संस्कृत के अनुकरण पर नायिका भेद की पहली पुस्तक रहीम ने लिखी। विशेषता की बात यह है कि रहीम ने 'बरबै नायिका' में नायिका भेद का जो क्रम रखा है, बाद के हिन्दी आचार्यों ने भी अधिकांश ने उसी क्रम को स्वीकार किया है। उससे भी बड़ी बात यह है कि हिन्दी में नायक–नायिकाओं की शाखा–प्रशाखाओं का जो अगम विस्तार हुआ उसमें अधिक–से–अधिक नायिकाओं की सृष्टि एक मुसलमान कवि ने ही की, किन्तु इसकी प्रेरणा उन्हें अरबी और फारसी से नहीं मिली क्योंकि अरबी फारसी में यह परम्परा है ही नहीं।''[8]

सच कहा जाये तो हिन्दी शब्द के नामकरण का सारा श्रेय मुसलमान कवियों को ही है। शायद इन्हीं प्रभावों को देखकर किसी ने उनके सम्मान में यह पंक्ति कही होगी।

**इन मुसलमान हरिजनन पर कोटिन हिन्दू वारिये।**

इसके समानांतर सूफी कवि तो भारतीय रंग में रंगे ही थे। सूफी इस्लाम के अंतर्गत रहस्यवादी साधक माने जाते हैं। हिन्दी के सूफी कवियों ने तसव्वुफ के अनुसार 'प्रेम की पीर' को ही साधना का मूलमंत्र माना है। भारतीय कथानक में रूढ़ियों (श्रवण दर्शन, चित्र दर्शन, स्वप्न दर्शन, सिंघलद्वीप, पद्मिनी आदि) का प्रयोग कर सूफियों ने ईरानी मसनवी शैली और भारतीय परम्परा का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया है।

रीतिमुक्त काव्यधारा के कवियों, जो मूलतः संस्कृत काव्य परम्परा के पक्षधर थे, में भी फारसी प्रभाव देखने को मिलता है। हिन्दुओं में भी फारसी के विद्वान और कवि होने लगे। घनानंद और आलम फारसी के विद्वान थे। **डॉ. नगेन्द्र** लिखते हैं–''जो लोग संस्कृत की परम्परा का निर्वाह कर रहे थे, वे भी इसके प्रभाव से अछूते न रह सके। मुक्तककला का सर्वव्यापी प्रसार, उपमानों और बिम्बों में परिवर्तन, श्रृंगार में खण्डिता के वचनों की प्रचुरता आदि को फारसी काव्य के प्रभाव का ही फल माना जाता है। इस काल के कवित्त, सवैयों में जो अंतिम पंक्ति अधिक सप्राण होती है, वह भी फारसी का ही प्रभाव है, शेरों में भी प्रभुविष्णु अंश उनका अंतिम भाग रहता था।''[9]

हिन्दी की सामासिकता के कारण ही आधुनिक युग के पुनर्जागरण काल में अभारतीय भी इसकी ओर आकृष्ट हुए और उसकी समृद्धि में योगदान दिया। ईसाई मिशनरियों द्वारा हिन्दी भाषा में अपने ग्रंथों का प्रकाशन, फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना और वहाँ पर डॉ. जार्ज ग्रियर्सन, जॉन गिलक्राईस्ट, जॉन वीम्स, जॉन ग्रीव्स, पिनकाट आदि विद्वानों के हिन्दी प्रेम के साथ–साथ फादर कामिल बुल्के का हिन्दी प्रेम में रम जाना और बेल्जियम को छोड़, भारत को ही अपना देश बताना तथा 'रामकथा उद्भव एवं विकास' पर शोध करने के पश्चात् हिन्दी कोश निर्माण और एच.एस. कैलाग

के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

समकालीन संदर्भों में उर्दू के साथ हिन्दी की निकटता के विभिन्न उदाहरण हिन्दी की सामासिक समरसता ही सिद्ध करते हैं। **लोहिया जी** यदि उन्हें सती और पार्वती कहते हैं तो चर्चित शायर **मुनव्वर राणा** माँ और मौसी की संज्ञा देते है। प्रसिद्ध समीक्षक **श्री गोविंद सिंह** ने अपने लेख में लिखा है–''देवनागरी में उर्दू पत्र–पत्रिकाओं की सफलता को देखकर इस्लाम की मजहबी किताबें भी देवनागरी में आ रही हैं, क्योंकि मुस्लिमों की नई नस्ल को उर्दू की बजाय देवनागरी ज्यादा आसान लग रही है।''[10]

**असगर वजाहत** मर्कजी मक्तबा इस्लामी के पब्लिशर नैयर आलम के हवाले से लिखते हैं–''पिछले कुछ अरसे से हिन्दी की किताबों की माँग बढ़ी है। 'कुरान' और 'हदीस' बहुत ज्यादा बिकती हैं। इनके अलावा मजहबी साहित्य–पाठ्य पुस्तकें और तमाम विषयों पर शुरुआती किताबें हम हिन्दी में छाप रहे हैं, जिनकी बड़ी डिमांड है।''[11] इस प्रकार हिन्दी भाषा हमारी सामासिक संस्कृति की सही अर्थों में संवाहिका है और रहेगी। इसीलिए तो आज अंग्रेजी अंधश्रद्धा के दौर में हिन्दी त्रिनिडाड, टोबेगो, फीजी, सूरीनाम, गुयाना, अंडमान निकोबार और दक्षिण अफ्रीका आदि देशों में अपना परचम लहरा रही है, क्योंकि हिन्दी का युगों पर प्रभाव रहा है न कि युगों के प्रभाव में हिन्दी। यह बात उपरोक्त प्रमाणों और उदाहरणों से सिद्ध होती है। यह भाषा केवल भाषा नहीं अपितु संस्कारों, संस्कृतियों, धार्मिक परम्पराओं एवं मान्यताओं को समाहित करते हुए समरसता के साथ समसामयिक चिंतन बोध एवं समग्रता की अधिष्ठात्री भी है। यही इसकी सामासिकता का प्रमाण है। हिन्दी का यह सामासिक स्वरूप जो आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक अनवरत् प्रवाहमान दिखाई देता है, वह हिन्दी की व्यापकता के साथ–साथ इसकी सामासिक अक्षुण्णता की स्थापना भी करता है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


1. श्री रामधारी सिंह दिनकर, संस्कृति के चार अध याय –भूमिका
2. भाषा अंक जुलाई, अगस्त–2000, पृष्ठ 36
3. नवनीत मासिक, सित. 11, पृष्ठ 31
4. नवनीत मासिक, सित. 11, पृष्ठ 31
5. रामस्वरूप चतुर्वेदी, हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास, पृष्ठ 26
6. हजारी प्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य की भूमिका, पृष्ठ 29
7. श्री रामधारी दिनकर, संस्कृति के चार अध्याय, पृष्ठ 366
8. श्री रामधारी दिनकर, संस्कृति के चार अध्याय, पृष्ठ 377
9. हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृष्ठ 367
10. कादम्बनी, अंक दिसम्बर 2010, पृष्ठ 9
11. कादम्बनी, अंक दिसम्बर 2010 पृष्ठ 11

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 5th July 2024**
**Paper Accepted : 15th July 2024**

# जलवायु परिवर्तन का तात्पर्य, चुनौतियाँ और समाधान

**डॉ. श्रुति पाण्डेय***

**शोध-सारांश**

*जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है। वर्तमान में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि यदि जलवायु परिवर्तन के प्रति लोग जागरूक नहीं हुए तो यह बहुत ही बड़ी समस्या बन सकती है और इस समस्या का कोई समाधान भी नहीं हो पायेगा, अभी से यदि लोगों को जागरूक किया जाए तो इस वैश्विक समस्या को रोका जा सकता है। जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटना वर्तमान में एक आवश्यक कार्य बन गया है।*

*अभी तक के आँकड़े यह दर्शाते है, कि 19वीं सदी के बाद से अब तक पृथ्वी की सतह का औसत तापमान लगभग 0.9 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है और इसके साथ–साथ समुद्र जल के स्तर में भी 8 इंच की बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है। विश्व भर में जलवायु परिवर्तन का विषय सर्वविदित है, यह समय जलवयु परिवर्तन की दिशा में गंभीर होने का है और विश्व के सभी लोगों को जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को समझना आवश्यक है।*

***मुख्य बिन्दु**–जलवायु परिवर्तन, तापमान, वैश्विक समस्या, नगरीकरण।*

## जलवायु परिवर्तन का तात्पर्य

जलवायु परिवर्तन क्या है, सर्वप्रथम यह जानना आवश्यक है। लोगों को जागरूक करने से पहले उन्हें जलवायु परिवर्तन का अर्थ समझना होगा। जो व्यक्ति जलवायु परिवर्तन के अर्थ को समझेगा वही उसकी समस्या और समाधान को समझ सकेगा। सामान्य शब्दों में जलवायु का अर्थ किसी दिए गये क्षेत्र में लम्बे समय तक औसत मौसम से होता है। अतः जब किसी क्षेत्र विशेष में औसत मौसम में परिवर्तन आता है तो उसे जलवायु परिवर्तन कहते हैं इसे किसी एक स्थान में भी महसूस किया जा सकता है और पूरे विश्व में भी। पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन की अनेक घटनाएँ सामने आयी हैं, पृथ्वी का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों के अनुसार, पिछले 100 वर्षों में पृथ्वी का तापमान $1^0$ फारेनहाइट तक बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभांशों को वर्तमान में महसूस किया जा सकता है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि से हिमनद

* असि. प्रोफेसर, एस.के.डी. विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ (राजस्थान)

पिघल रहे हैं, जिससे महासागरों का जल स्तर बढ़ रहा है, जिससे कुछ द्वीपों के डूबने का खतरा बढ़ रहा है, आधुनिक समय में मनुष्य की गतिविधियाँ और क्रियाकलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है जिससे जलवायु पविर्तन होता जा रहा है जो मनुष्य के जीवन के हर पहलू को प्रभावित कर रहा है, अभी यदि इस पर गौर नहीं किया जायेगा तो आने वाले समय में मानव जीवन पर संकट आ सकता है, जैसे–सूखा पड़ना, जल स्तर का बढ़ना, हिमनद का पिघलना, प्राकृतिक आपदा के फलस्वरूप कई प्रजातियाँ विलुप्त हो सकती है। वर्तमान में जितनी तेजी से जलवायु परिवर्तन हो रहा है उसके लिए मनुष्य के क्रियाकलाप सर्वोपरि हैं।

## जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ

जलवायु परिवर्तन वैश्विक चुनौती है यह अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। इसके प्रभाव से भोजन, पानी, भूमि आदि संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। जलवायु परिवर्तन सतत विकास के लिए एक चुनौती बनता जा रहा है। एक शोध में पाया गया है कि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के विषय में यदि गंभीरता से नहीं सोचा गया और इसे कम करने का प्रयास नहीं किया गया तो सदी के अन्त तक पृथ्वी का तापमान $10^0$ फॉरेनहाइट तक बढ़ सकता है। पिछले कुछ वर्षों में बाढ़, सूखा, वारिस आदि समस्याएँ काफी बढ़ गयी हैं। यह सभी जलवायु परिवर्तन के परिणाम स्वरूप हो रहा है, इसकी कुछ प्रमुख चुनौतियाँ निम्न हैं–

1. वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिग के कारण ग्लेशियर का पिघलना।
2. महासागरों के जल स्तर का ऊपर बढ़ना।
3. पृथ्वी के तापमान का बढ़ना।
4. मानवीय गतिविधियों से जुड़े उत्सर्जन का बढ़ना।
5. मनुष्य द्वारा लगातार पेड़ पौधों की कटाई करना।

2021 में प्रकाशित आई.सी.पी.आर. की छठी आंकलन रिपोर्ट में पाया गया है कि अगले कुछ वर्षों में वैश्विक औसत तापमान $1.5^0C$ से अधिक होने की उम्मीद है, परन्तु अभी भी जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभाव को कम करने के लिए और इस समस्या से निपटने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जायँ तो इसे कम किया जा सकता है।

## जलवायु परिवर्तन शून्य प्राप्त करने के लिए समाधान

नेट जीरो यानि कार्बन तटस्थता राज्य वह है, जिसमें किसी देश के उत्सर्जन की खपत वातावरण से ग्रीन हाउस गैसों के अवशोषण और निष्कासन से होती है। नेट शून्य उत्सर्जन का अर्थ है, वायुमण्डल में उत्सर्जित होने वाली ग्रीन हाउस गैसों और कम की जाने वाली ग्रीन हाउस गैसों के बीच संतुलन बनाना। यदि हमें जलवायु परिवर्तन को शुद्ध शून्य बनाना है तो वायुमण्डल में जाने वाले अपने उत्सर्जन को कम करना होगा और अपने भविष्य को उत्सर्जन से दूर रखने के तरीकों को खोजना होगा। उदाहरण के लिए लोगों को ऊर्जा के स्वच्छ स्रोतों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाय, इसमें भारत ने एक सकारात्मक कदम यह उठाया है कि 2030 तक अपनी 40% बिजली नवीनीकरण स्रोतों से उत्पन्न करने का निर्णय लिया है।

जलवायु परिवर्तन की समस्या को दूर करने के लिए विश्व स्तर पर कुछ उपाय किये जायँ, जैसे–

1. विश्व की सभी सरकारें जलवायु परिवर्तन को शून्य तक पहुँचाने के लिए प्रसार शिक्षा को बढ़ावा दें।
2. अधिक–से–अधिक सेमीनार, संगोष्ठी द्वारा लोगों को जलवायु परिवर्तन के विषय में जागरूक करें।
3. कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए एक योजना बनाई जाए और उसके तहत

कार्यक्रमों को लागू किया जाय।

4. जलवायु परिवर्तन पर रोक लगाने वाले तरीकों को अपनाया जाय।
5. नियान, पेट्रोल और प्राइवेट वाहनों को कम करें और सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करें जैसे–बस, ट्रेन, साईकिल आदि।
6. इलैक्ट्रिक बसों, स्कूटरों आदि गाड़ियों का प्रयोग किया जाय।
7. मीट–माँस की जगह फल–सब्जियों और अनाजों का प्रयोग अधिक किया जाए।
8. दृष्टि ऊर्जा और सौर ऊर्जा के विकल्प को बताना और कार्बन के मुख्य स्रोतों को समाप्त किया जाय।
9. तापमान को बढ़ाने वाले उपकरणों का प्रयोग कम–से–कम किया जाय और रात और दिन हमेशा जलने वाली लाइटों को बन्द किया जाय।

## साहित्य समीक्षा

### केली लेविन

सामाजिक विज्ञान में जलवायु परिर्वतन पर अधिकांश नीति प्रासंगिक कार्य महत्त्वपूर्ण हैं। लेकिन अक्सर संकीर्ण नीति विकल्पों के विरुद्ध विशेष नीति विकल्पों की लागत और लाभों का विश्लेषण करता है। नीतिगत प्रक्रियायें भविष्य को अतार्किक रूप से नकार देती हैं। इसकी 4 प्रमुख विशेषताएँ हैं। समय समाप्त हो रहा है, जो लोग समस्या कारण बनते है, जलवायु परिवर्तन को सम्बोधित करें, पिछली सफलता तथा असफलता को समझने का प्रयास करें।

इस संदर्भ में तर्क यह है कि जलवायु परिर्वतन की समस्या को चिह्नित करें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें।

### मॉर्क वॉन–दिसम्बर 2007

इस पेपर से यह स्पष्ट होता है कि जलवायु परिवर्तन में मजबूत रुझान स्पष्ट हो रही है। आगे और बदलाव होने की संभावना है और संभावित जलवायु प्रभावों के बढ़ते पैमाने कृषि अनुकूलन और मौजूदा कृषि प्रणालियों का सीमांत परिवर्तन के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। सोचा गया है कि इसे कम करने का प्रयास किया गया तो सदी के अंत तक पृथ्वी का तापमान $3^0$ से $10^0$ फॉरेनहाईट तक बढ़ सकता है पिछले कुछ वर्षों में कई चुनौतियाँ देखी गई है।

### निकोल ई. हिलेर, ईरिका एस. जवालेता–2008

जलवायु परिवर्तन जैव विविधता संरक्षण के लिए नई चुनौतियाँ पैदा करता है। जलवायु परिवर्तन के अनुसार संरक्षण को अनुकूलित करने के उपायों की सिफारिश करने वाले विद्वानों के लेखों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हमें इन्हीं साहित्यों की व्यवस्थित रूप से समीक्षा करनी होगी। जिससे यह पता लगाया जा सके कि इसमें कौन से संभावित समाधान हैं। जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सही दिशा प्रदान करते हैं।

### जूना एम. एंटिल– 1995

इस पेपर का उद्देश्य इस बात पर चर्चा करना है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और जलवायु परिर्वन के अनुकूलन की क्षमता के विषय में हमारी समझ को आगे बढ़ाने में इसका उपयोग कैसे किया जाए। यह पेपर कृषि पर जलवायु परिवर्तन के सम्भावित प्रभावों का आँकलन करने की पद्धति से संबधित मुद्दे पर चर्चा करता है। इस मॉडल का उपयोग करके जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और अनुकूलन की मॉडलिंग में उत्पन्न होने वाली कई मुद्दों पर चर्चा करना संभव है।

### निष्कर्ष

आज पूरा विश्व नगरीकरण की ओर बढ़ रहा है, जिससे वृक्षों का दोहन हो रहा है। नाले और सीवेज के कारण कार्बन उत्सर्जन बढ़ता जा रहा है, कचरा भी कार्बन उत्सर्जन को बढ़ाने में विशेष स्थान पर है। कचरे में फेंका गया भोजन मिथेन

पैदा करता है, इसलिए नगरीकरण को कम किया जाए और सबसे महत्त्वपूर्ण पेड़ लगाए जाय।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


- केली लेविन, बैन्जामिन कैशोर, स्टीवन बर्नस्टीन 2012, DOI 10.1007/&11077-012-9151-0
- एस. मार्क हाउडेन, जीन फ्रांस्वा सूसाना, फ्रांसेस्को एन टुविएलो, नेत्रा क्षेत्री माइकल डनलोन, होलगेर मीनके, Dec 11, 2007, Vol 104, MO 50, 19691-19696
- निकोल ई. हेलर, एरिका एसण जावलेटाए 2008, DOI 10.1016/j.biocn. 2008.10.006
- जॉन एम. ऐन्टल, Volm 80, Inssue1, 1995 DOI . Org/10.1016/0168-1923 (95) 02317-8
- जोर्गन ई. ओलेसन, मार्को बिंदी, 2002, P11: S1161-0301 (02) 00004-7
- जेक्री एस. ऐमथोर, DOI.org/10.1016/S0378-4290(98) 00089-6

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred**
**International Multidisciplinary**
**Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 10th July 2024**
**Paper Accepted : 30th July 2024**

# महावीरचरितम् नाटक में श्रीराम का स्वरूप

□ **डॉ. प्रद्युम्न सिंह***

**शोध-सारांश**

*महावीर चरित भवभूति का प्रसिद्ध नाटक है। इस नाटक में राम को सामाजिक आदर्श के रूप में चित्रित किया गया है। भवभूति के राम में मनवोचित समग्र गुणों का समाहार है, इसलिए आवश्यकता पड़ने पर वे लोकरक्षक के रूप में वे विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा राक्षसों से करते हैं। लेकिन वहीं सीता स्वयंवर में राक्षसकुलश्रेष्ठ रावण के ज्ञान और वीरता की प्रशंसा भी करते हैं। यज्ञ की रक्षा हेतु गुरु के आदेश पर तड़का का वध अनिवार्य है, लेकिन उससे पहले श्रीराम का वीर हृदय कह उठता है—**गुरुदेव! वह स्त्री है।***

*राम में विनम्रता इतनी है कि परशुराम के क्रोध की आसानी से पचा जाते हैं और सुन्दरता इतनी कि उनके रूप सौन्दर्य से शत्रु भाव रखने वाले परशुराम उन्हें मारने में खेद का अनुभव करते हैं।*

*अतः महावीर चरित के राम धर्मज्ञ, वीर, पराक्रमी, पति, मातृ-पितृ भक्ति, भ्रातृ-प्रेमी, राष्ट्र-प्रेमी होने पर पूर्ण मानव और अतिशय कृपालु एवं भक्त-वत्सल होने पर पूर्ण परमात्मा प्रतीत होते हैं।*

***बीज शब्द**—विभूति-महान व्यक्तित्व, मार्मिकता, प्रभावी, अनुचित—जो उचित न हो। समाहार-संग्रह, भर्त्सना-निन्दा, वध्य-मारने योग्य, धर्मज्ञ-धर्म के जानने वाला।*

महावीर चरित महाकवि भवभूति का प्रसिद्ध नाटक है। वर्णन पक्ष की माधुरी में लिपटे हृदय पक्ष के उज्ज्वल चित्र विश्वविभूति महाकवि भवभूति के नाटकों में चित्रित मिलते हैं। महावीरचरित में आदि से अन्त तक हृदय की सूक्ष्मतम् भावनाएँ बड़ी मार्मिकता से प्रस्तुत की गई हैं। विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा से लेकर राम के राज्याभिषेक तक का वर्णन महावीर चरित का वर्ण्य विषय है।

राम का चित्रण इस नाटक में आदर्शवाद की तरह किया गया है। भवभूति के राम मानवोचित समग्र आदर्श गुणों का समाहार हैं। राम अखिल गुणों के आकार हैं। राक्षस सीता की मँगनी करता है, लक्ष्मण को यह बात बुरी लगती है, परन्तु राम को इसमें कुछ अनौचित्य नहीं प्रतीत होता है। वे कहते हैं—

**साधारण्यन्निरातङ्ङ्कः कन्यामन्योऽपि याचते।**
**किं पुनर्जगतां जेता प्रपौत्रः परमेष्ठिनः।।**[1]

साधारणता के कारण कन्या की मँगनी अन्य कोई भी कर सकता है, फिर ब्रह्मा के प्रपौत्र जगत् विजयी रावण की क्या बात है? श्रीराम शत्रुओं के भी गुणों की प्रशंसा करते हैं। जब लक्ष्मण रावण के क्रूर कर्मों को गिनाकर उसकी भर्त्सना करने लगते हैं, तब राम, रावण के वीरत्व का वर्णन करते हुए कहते हैं कि—

**कामं शत्रुरिति वध्यः स्यात्।**

* असिस्टेण्ट प्रोफेसर (हिन्दी-विभाग), हण्डिया पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, हंडिया, प्रयागराज
Email : pradumancic@gmail.com, Mob.: 9455408801, 9653078801

**न पुनरतिवीर्यमप्रमेयतपसभाप्राकृतं,**
**प्राकृतवदर्हसि व्यपदेष्टुम्।।**[2]

शत्रु होने से वह वध्य भले ही हो, परन्तु अप्रेयवीर्य तथा तपस्या से युक्त होने के कारण वह असाधारण प्राणी तो अवश्य है। विश्वामित्र के यज्ञ के रक्षार्थ जब ताड़का मिलन होता है तो ताड़का को मारने का आदेश विश्वामित्र देते हैं, वह वध्य है इसमें सन्देह नहीं रह गया है। फिर भी राम का वीर हृदय कह उठता है—**'भगवन् स्त्री खल्वियम्।**[3] गुरुदेव यह स्त्री है।

श्रीराम धर्मज्ञ तथा धर्म के रक्षक हैं। राम के सम्बन्ध में उनके शत्रु भी धर्मरक्षक गुणों को बताते हैं। माल्यवान् (रावण का मन्त्री) कहता है कि—

**निसर्गेण स धर्मस्य गोप्ता धर्मद्रुहो वयम्।**
**अर्थ्यो विरोधः शवतेन जातो नः प्रतियोगिता।।**[4]

वह स्वभावतः धर्म का रक्षक है और हम धर्मद्रोही हैं, इस प्रकार प्रबल प्रतिपक्षी के साथ हमारा स्वाभाविक विरोध हो गया है।

श्रीराम का सौन्दर्य अद्वितीय है। उनके शरीर की आभा और सुन्दरता देखकर शत्रुभाव रखने वाले परशुरामादि भी उन्हें मारने में खेद का अनुभव करते हैं।

**चञ्चत्पञ्चशिखण्डमण्डनमसो मुग्धप्रगल्भं शिशु-**
**गम्भीरं च मनोहरं च सहजक्षीलक्ष्म रूप दधत्।**
**द्राग्दृष्टोऽपि हरत्ययं मम मनः सौन्दर्यसारश्रिया,**
**हन्तव्यस्तु तथापि नाम धिगहो वीरव्रतक्रूरताम्।।**[5]

यह शिशु भूषण स्वरूप घुँघराले बाल, सुन्दर प्रगल्भ चेहरा, स्वाभाविक शोभा सम्पन्न गम्भीर तथा मनोहर रूप धारण करने वाला होने के कारण एक बार देख लेने पर अपने सौन्दर्य से हमारे हृदय को आकर्षित कर रहा है, फिर भी इसे मारना है, वीरव्रत की क्रूरता को धिक्कार है।

राम के शरीर की अलौकिक आभा का वर्णन करता हुआ रावण का मन्त्री माल्यवान् कहता है कि—

**सम्भाग्यसप्तभुवनाभयदानपुण्य-**
**सम्भारमस्य पचुरत्र विस्फुरन्ति।**
**लक्ष्मीश्च सात्विकगुणज्वलितं च**
**तेजो धर्मश्च मानविजयी च पराक्रमश्च।।**[6]

इसका शरीर ऐसा मालूम पड़ता है कि सप्तभुवन को यह अभय-दान दे सकेगा, इसमें लक्ष्मी, सत्वगुण से ज्वलित तेज, धर्म,मान,विजय और पराक्रम स्पष्ट झलकते हैं।

श्रीराम अनन्य वीर एवं पराक्रमी हैं। उनके पराक्रम का दिग्दर्शन ताड़का, सुबाहु वध, धनुषभंग एवं परशुराम के युद्ध से होता है। विश्वामित्र के आश्रम का समाचार पाकर रावणमन्त्री माल्यवान् चिन्तित होकर राम के अतुलनीय पराक्रम का वर्णन करता है—

**दूराइवीयो धरणीधराभं यस्ताटकेयं हणव्यधूनोत्।**
**हन्ता सुबाहोरपि ताटकारिः स राजपुत्रो हृदि वाधते माम्।।**[7]

दूरातिदूर पर्वत के सदृश मारीच को जिसने घास की तरह परास्त कर दिया तथा ताड़का और सुबाहु का भी संहार किया, वह राजपुत्र हमारे हृदय में चुभ रहा है।

इसी शिव-धनुष के सम्बन्ध में कहता है—

**वीर्योत्कर्षैर्यदभृतभुजां निर्ममे पद्मयोनि,**
**स्तस्य द्वैधं व्यधित धनुषः शांभवीयस्य रामः।**
**दिव्यामस्त्रोपनिषदभृषैर्यः कृशाश्वस्य शिष्या-**
**द्विश्वामित्रद्विजपजननीमप्रमेयः प्रपदे।।**[8]

मैं 'श्री' नामक अप्सरा का पुत्र दनु हूँ, शापवश राक्षस हो गया। इन्द्र के वज्र से कबन्ध बनाया गया और आज आपकी कृपा से पवित्र हो गया हूँ।

अतः महावीर चरितम् के राम धर्मज्ञ, धर्म रक्षक वीर, पराक्रमी, पत्नी प्रेमी, प्रकृति प्रेमी, धैर्यशाली, मातृ-पितृ भक्त, विनीत, भ्रातृ-प्रेमी, राष्ट्र-प्रेमी तथा ईश्वर के अवतार हैं। वे अतिशय उदार एवं शरणागत वत्सल हैं।

**सन्दर्भ-ग्रन्थ-सूची**

1. महावीरचरितम्-भवभूतिकृत, अंक-1, श्लोक-31
2. महावीरचरितम्-भवभूतिकृत, अंक-1, श्लोक-31
3. महावीरचरितम्-भवभूतिकृत, अंक-1, श्लोक-35
4. महावीरचरितम्-भवभूतिकृत, अंक-2, श्लोक-7
5. महावीरचरितम्-भवभूतिकृत, अंक-2, श्लोक-32
6. महावीरचरितम्-भवभूतिकृत, अंक-2, श्लोक-40
7. महावीरचरितम्-भवभूतिकृत, अंक-2, श्लोक-1
8. महावीरचरितम्-भवभूतिकृत, अंक-2, श्लोक-2

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# दलित लेखन को नयी दिशा दिखाती मुर्दहिया और मणिकर्णिका

**विजयता दुबे***

**शोध-सारांश**

*डॉ. तुलसीराम अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के अध्येता रहे हैं किंतु दलित लेखन एवं चिंतन पर उनकी पैनी दृष्टि सदैव बनी रही। अपनी आत्मकथा के दो खंडों– 'मुर्दहिया' और 'मणिकर्णिका' में उन्होंने हिंदी प्रदेश में दलित समाज के हालात का जिस बारीकी से वर्णन किया है वह हिंदी तथा दलित साहित्य की अमूल्य निधि है। 'मुर्दहिया' प्रो० तुलसीराम की आत्मकथा का प्रथम भाग है जिसमें गरीबी, अशिक्षा, अंधविश्वासों एवं विकट सामाजिक परिवेश से उपजी मृत्यु के समान दारुण पीड़ा की विषम यात्रा की अभिव्यक्ति हुई है तो वहीं 'मणिकर्णिका' उनके संघर्ष यात्रा की अगली कड़ी है।*

*'मुर्दहिया' एक उत्कृष्ट साहित्यिक कृति है जो दलितों के संघर्ष को बखूबी पेश करती है और मानवता से आक्रोश में बातें न करके मौन रूप में प्रश्न करती है।'मुर्दहिया' आत्मकथा साहित्य का एक ऐसा महत्त्वपूर्ण पड़ाव है जिसे केवल दलित साहित्य के परिप्रेक्ष्य में नहीं देखा जाना चाहिए अपितु मनुष्य की जीवट इच्छाशक्ति एवं संघर्ष यात्रा के रूप में भी देखा जाना चाहिए।*

*'मुर्दहिया' की ही भाँति' मणिकर्णिका' में भी सवर्ण विरोध, प्रतिशोध की ऊँची आवाज कहीं नहीं है क्योंकि डॉ. तुलसीराम के भीतर विकसित नैसर्गिक मानव बिना किसी शोर शराबे के अपनी उपस्थिति तार्किक ढंग से दर्ज करा जाता है।'मणिकर्णिका' एक योद्धा व्यक्तित्व की वैचारिक यात्रामात्र नहींवरन्सामाजिक, सांस्कृतिक विषमताओं से जूझने बल्कि यह उनके विचारों, दृष्टियों से साक्षात्कार, उनसे छिटकने, अपने परिवेश में उसकी सार्थकता तलाश करने और संतुलित मनुष्य का सतत्द्वन्द्व है। लम्बी प्रताड़नाओं के बावजूद भी हिंसा से इंकार मनुष्यता*

* पी–एच.डी. शोधार्थी, कलकत्ता विश्वविद्यालय, AC–36, अर्जुनपुर मार्केट, देशबंधुनगर, कोलकाता–700059
Email : vijayatadubey26@gmail.com, Mob.: 7687861733, 8240703961

*की विजय का उद्घोष है, जो डॉ. तुलसीराम के दृष्टिकोण का सार है।*

*तुलसीराम के अकुंठ जीवन दर्शन ने मानवधर्मिता के ऐसे स्वर को स्थापित किया है जो दलित चिंतन में सबसे अलग और सशक्त होने के कारण मील का पत्थर बन गया है। डॉ. तुलसीराम प्रेम, एकता, समष्टिगत रूप से शांतिपूर्ण जीवन जीने की सीख देते हैं तथा लोगों को मध्यम मार्ग की शिक्षाओं को आत्मसात् करने को कहते हैं, जिसमें मानव कल्याण एवं विश्व शांति के लक्ष्य निहित हैं।*

***मुख्य बिन्दु***–*तुलसीराम, मुर्दहिया, मणिकर्णिका, अन्धविश्वास, मानवता।*

डॉ. तुलसीराम अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के अध्येता रहे हैं किंतु, दलित लेखन एवं चिंतन पर उनकी पैनी दृष्टि सदैव बनी रही। तुलसीराम का जन्म 1 जुलाई, 1949 को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के चिरैयाकोट में धरमपुर नामक गाँव में एक दलित परिवार में हुआ था। तुलसीराम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने गाँव में ही ग्रहण की एवं आगे की पढ़ाई के लिए पहले गाँव छोड़ा और आजमगढ़ पहुँचे। तत्पश्चात् उच्च शिक्षा के लिए वे वाराणसी पहुँचे और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (BHU) में दाखिला लिया। उच्च शिक्षा प्राप्त कर उन्होंने दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) से अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन में पी–एच.डी. की डिग्री हासिल की। बाद में वे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में ही 'स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडी' में प्रोफेसर हो गए। इस संदर्भ में बालेन्द्र सिंह यादव ने लिखा है–"हाईस्कूल पास करने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए गाँव छोड़कर पहले आजमगढ़ और फिर बनारस पहुँचे। ...तुलसीराम उच्च शिक्षा प्राप्त कर दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में अन्तरराष्ट्रीय मामलों के अध्ययन के प्रोफेसर हुए"।[1]

प्रो० तुलसीराम ने अंतरराष्ट्रीय सम्बंध पर 'आइडियालॉजी इन सोवियत–ईरान रिलेशन्स : लेनिन टू स्टालिन' नामक पुस्तक लिखी। इसके अलावा उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर कई पुस्तकें लिखीं, लेकिन उनकी आत्मकथा सबसे अधिक चर्चित रही है। अपनी आत्मकथा के दो खंडों–'मुर्दहिया' और 'मणिकर्णिका' में उन्होंने हिंदी प्रदेश में दलित समाज के हालात का जिस बारीकी से वर्णन किया है, वह हिंदी तथा दलित साहित्य की अमूल्य निधि है। 'मुर्दहिया' प्रो. तुलसीराम की आत्मकथा का प्रथम भाग है जिसमें गरीबी,अशिक्षा, अंधविश्वासों एवं विकट सामाजिक परिवेश से उपजी मृत्यु के समान दारुण पीड़ा की विषम यात्रा की अभिव्यक्ति हुई है तो वहीं 'मणिकर्णिका' उनके संघर्ष यात्रा की अगली कड़ी है। 'मणिकर्णिका' के माध्यम से एक पूरे समाज की विषम परिस्थितियों, एक दलित व्यक्ति का संघर्ष, उसकी मानसिक पीड़ा इत्यादि तत्त्व उजागर हुए हैं। 'मुर्दहिया' में आजमगढ़ का जिक्र हुआ है तो वहीं 'मणिकर्णिका' में उनके बनारस प्रवास के संघर्ष की अभिव्यक्ति हुई है। वे 'मुर्दहिया' और 'मणिकर्णिका' की तरह ही तीसरी आत्मकथा भी लिखना चाहते थे, जिसमें दिल्ली प्रवास से सम्बंधित संघर्षों का जिक्र होता किंतु मृत्यु के कारण उनकी यह इच्छा पूरी न हो सकी। उनकी दोनों ही आत्मकथा आख्यानात्मक शैली में लिखी गई है, जो पूरी सच्चाई एवं ईमानदारी के साथ पाठकों के समक्ष प्रस्तुत है। इस संदर्भ में बालेन्द्र सिंह यादव ने लिखा है–"आत्मकथा के दोनों भाग रोचक आख्यान की शैली में अपने पूरे सच की अभिव्यक्ति करते हैं।"[2] डॉ० तुलसीराम की आत्मकथा के दोनों शीर्षकों यथा–'मुर्दहिया' एवं 'मणिकर्णिका' का सम्बंध मृत्यु से है, किन्तु तुलसीराम की खूबी यह है कि उन्होंने मृत्यु के परिचायक

स्थानों को किसी संघर्ष कर रहे व्यक्ति की जिजीविषा का केन्द्र बिन्दु बनाकर उसे जीवंत कर दिया है।

डॉ. तुलसीराम की आत्मकथा का पहला भाग 'मुर्दहिया' 'तद्भव' में क्रमवार प्रकाशित होने के बाद पुस्तक रूप में राजकमल प्रकाशन से 2010 में प्रकाशित हुआ। उनका यह मानना है कि उन्हें आत्मकथा लिखने की प्रेरणा 'तद्भव' पत्रिका के संपादक अखिलेश से प्राप्त हुई। इस बात को उन्होंने अपनी आत्मकथा मुर्दहिया की भूमिका में स्वीकारा है जो कि कुछ इस प्रकार है–"मुर्दहिया सही मायनों में हमारी दलित बस्ती की जिंदगी थी। इस जिंदगी को मुर्दहिया से खोदकर बाहर लाने का पूरा श्रेय 'तद्भव' के मुख्य संपादक अखिलेश को जाता है। वे हमेशा मेरे सामने कलम के बदले फावड़ा लिये तैयार मिलते थे। सही अर्थों में मैंने उनके ही फावड़े से खोदकर 'मुर्दहिया' से अपनी जिंदगी को बाहर निकाला।"[3]

'मुर्दहिया' हिंदी दलित साहित्य में अंतर्वस्तु और कलात्मकता के स्तर पर एक अनुपम कृति है। पाठकों के मन में यह बात अवश्य आती होगी कि उन्होंने अपनी आत्मकथा का शीर्षक मुर्दहिया ही क्यों रखा? मुर्दहिया का सामान्य शब्दों में अर्थ है जहाँ मुर्दे दफनाये या जलाए जाते हैं। 'मुर्दहिया' में दलित पट्टी के दुःख–दर्द लेखक के जीवन के दुख दर्द के साथ अंतरगुंफित हो अभिव्यंजित हुआ है। 'मुर्दहिया' को व्याख्यायित करते हुए प्रो. तुलसीराम ने लिखा है–"'मुर्दहिया' हमारे गाँव धरमपुर (आजमगढ़) की बहुद्देशीय कर्मस्थली थी। चरवाही से लेकर हरवाही तक के सारे रास्ते वहीं से गुजरते थे। इतना ही नहीं, स्कूल हो या दुकान, बाजार हो या मंदिर, यहाँ तक कि मजदूरी के लिए कलकत्ता वाली रेलगाड़ी पकड़ना हो, तो भी मुर्दहिया से ही गुजरना पड़ता था। ...सबसे रोचक तथ्य यह है कि मुर्दहिया मानव और पशु में कोई फर्क नहीं करती थी। वह दोनों की मुक्तिदाता थी। ...हमारी दलित बस्ती के अनगिनत दलित हजारों दुःख–दर्द अपने अंदर लिये मुर्दहिया में दफन हो गए थे। यदि उनमें से किसी की भी आत्मकथा लिखी जाती तो उसका शीर्षक 'मुर्दहिया' ही होता।"[4] इस आत्मकथा में सात अध्याय हैं, जिसमें गरीबी, घोर अंधविश्वास, अशिक्षा के मध्य लेखक की पारिवारिक पृष्ठभूमि, लेखक का जन्म, स्कूली जीवन, लोक जीवन, शिक्षा हेतु संघर्ष और अंत में घर से भाग कर आजमगढ़ आने तक की कथा वर्णित है। लेखक तुलसीराम अशिक्षा को ही दलित जीवन के अंधविश्वासों, शुभ–अशुभ, मान–अपमान की मान्यताओं, कुरीतियों, भूत–प्रेत, देवी–देवता, टोने–टोटकों का कारण मानते हैं। अंधविश्वास को उजागर करते हुए तुलसीराम अपनी आत्मकथा 'मुर्दहिया'में लिखते हैं–"एक हिन्दू अंधविश्वास के अनुसार किसी गाँव में दक्षिण दिशा से ही कोई आपदा, बीमारी या महामारी आती है, इसलिए हमेशा गाँवों के दक्षिण में दलितों को बसाया जाता था।"[5]

लेखक का जीवन संघर्ष दलित समाज के संघर्ष को भी दर्शाता है। दलित जीवन की भयावह स्थितियों के लिए वर्णवादी, ब्राह्मणवादी मानसिकता तो जिम्मेदार है ही, साथ ही, दलितों की आंतरिक व्यवस्थाएँ भी उनकी दुर्दशा का मूल कारण हैं। 'मुर्दहिया' एक उत्कृष्ट साहित्यिक कृति है, जो दलितों के संघर्ष को बखूबी पेश करती है और मानवता से आक्रोश में बातें न करके मौन रूप में प्रश्न करती है। इस संदर्भ में पुनिता जैन लिखती हैं–"दुःख, पीड़ा और संघर्ष की उसी भूमि ने 'मुर्दहिया' को तो साहित्य की उल्लेखनीय कृति बनाया है, साथ ही जीवन बोध, अटूट जिजीविषा और अथक संघर्ष को मानव जाति के हताश, अवसादग्रस्त जीवन के सम्मुख प्रेरणास्पद उदाहरण के रूप में रखा है। यह कृति दलित जीवन की त्रासदियों को निस्पृह और तटस्थ रूप में सामने लाती है तथा मानवता से मौन प्रश्न करती है।"[6]

'मुर्दहिया' आत्मकथा साहित्य का एक ऐसा

महत्त्वपूर्ण पड़ाव है, जिसे केवल दलित साहित्य के परिप्रेक्ष्य में नहीं देखा जाना चाहिए अपितु मनुष्य की जीवट इच्छाशक्ति एवं संघर्ष यात्रा के रूप में भी देखा जाना चाहिए। 'मुर्दहिया' में लोक–जीवन, दलितों का दुःख–दर्द, विश्वास, मान्यताएँ, अपमान–जनक स्थितियाँ, मानसिक द्वंद्व, गरीबी,वर्णवादी व्यवस्था, अन्याय एवं शोषण, दलितों की आंतरिक व्यवस्था के साथ–साथ कुछ अद्‌भुत लोक–चित्र जैसे कोहबर पेंटिंग, लोकगीत, भांड मंडलियाँ, नौटंकियाँ, नाच मंडलियाँ, चमरउहा नाच इत्यादि परिदृश्य हिंदी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत हुआ है जिनसे वे अपरीचित रहे हैं। जिस प्रकार 'आवारा मसीहा' तथा 'शेखर एक जीवनी' पाठकों को तल्लीन कर देती है, अपने रचना सौंदर्य में पाठकों को भागीदार बना लेती है ठीक उसी प्रकार गहन आकर्षण, गहरे तक साथ ले लेने,बांध लेने की क्षमता मुर्दहिया को हिंदी पाठकों के लिए विशिष्ट बनाती है। इसकी इसी विशिष्टता को मूल्यांकित करते हुए डॉ. नामवर सिंह ने कहा है कि मुर्दहिया में संघर्ष जिस प्रकार प्रस्तुत हुए हैं, वैसा संघर्ष प्रेमचंद की रचनाओं में देखने को नहीं मिलता। यह रचना अपनी मार्मिकता एवं मानवतावादी प्रवृत्ति के कारण प्रशंसनीय है।'' इस संदर्भ में पुनिता जैन ने लिखा है, "यह आत्मकथामर्मस्पर्शी होने के साथ ही दलित जीवन की दुर्धर्ष स्थितियों को सामने ला 'मानव' की प्रतिष्ठा और समता के विचार को भी मजबूत करती है।"[7]

शिक्षा के क्षेत्र में तुलसीराम अपने जनपद आजमगढ़ में संघर्ष करते हुए उच्च्च शिक्षा के लिए बी.एच.यू. में प्रवेश के लिए बनारस की ओर कूच कर जाते हैं और यही वह नगरी है जहाँ से उनकी आत्मकथा का दूसरा भाग 'मणिकर्णिका' की शुरुआत होती है। बनारस में मणिकर्णिका एक घाट है, जहाँ मृतकों का अंतिम संस्कार किया जाता है। जहाँ मणिकर्णिका मृत लोगों को अंतिम संस्कार के जरिए स्वर्ग प्रदान करती है, तो वहीं यही मणिकर्णिका तुलसीराम के जीवन के सार्थक अस्तित्त्व की साक्षी भी है क्योंकि, उनका जीवन यहीं से शुरू होता है। इस संदर्भ में तुलसीराम अपनी पुस्तक मणिकर्णिका की भूमिका में लिखते हैं–"गंगा घाटों तथा बनारस के मन्दिरों से जो यात्रा शुरू हुई थी, मुर्दहिया में जो विचार सुप्त अवस्था में थे वे मणिकर्णिका में विकसित हुए।"[8] इस आत्मकथा के माध्यम से एक पूरे समाज की विषम परिस्थिति, एक दलित व्यक्ति का संघर्ष, उसकी मानसिक पीड़ा उजागर हुई है। तुलसीराम की आत्मकथाओं के जरिए भारतीय दलित समाज की विषमताओं से भारतीय जनमानस अवगत हो पाए हैं, इसलिए उनकी आत्मकथा के प्रति भारतीय समाज व साहित्य विशेषतः हिंदी साहित्य कृतज्ञ है। 'मुर्दहिया' की ही भाँति 'मणिकर्णिका' में भी सवर्ण विरोध, प्रतिशोध की ऊँची आवाज कहीं नहीं है क्योंकि, डॉ. तुलसीराम के भीतर विकसित नैसर्गिक मानव बिना किसी शोर–शराबे के अपनी उपस्थिति तार्किक ढंग से दर्ज करा जाता है। एक दलित का जीवन जब स्वयं में एक मुर्दहिया हो जाए या उसकी जीवन यात्रा मणिकर्णिका घाट की सतत् यात्रा हो, तब भी वह एक अदद संतुलित मानव समाज की सृष्टि की कल्पना करे। इससे बड़ी सार्थकता जीवन की क्या होगी? वास्तव में विकट से विकट परिस्थितियों में भी शांत, क्षमाशील और संतुलित बने रहने वाला संवेदनशील व्यक्तित्व अपने विचारों में अम्बेडकर और मार्क्स से ज्यादा महात्मा बुद्ध की उपस्थिति को ही चरितार्थ करता है।

'मणिकर्णिका' में बनारस में बी–एच.यू. में दस वर्ष तक के अध्ययन काल, कलकत्ता में धन कमाने, नक्सल आंदोलन को समझने के बाद, कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्त्ता के रूप में बनारस में सक्रिय रहने और समग्रतः तुलसीराम की विभिन्न विचारधाराओं से जुड़ने की कथा है। जहाँ मुर्दहिया मनुष्यों और पशुओं की मुक्तिदाता थी तो वहीं मणिकर्णिका घाट वह स्थान है, जहाँ सदियों से

जलती हुई चिताएँ कभी नहीं बुझीं। संक्षेप में कहें तो चौबीस घंटे मृत्यु के कारोबार में डूबा मणिकर्णिका घाट लेखक के लिए एक नई मुर्दहिया थी। मणिकर्णिका में कथा सात शीर्षकों में विभक्त है। प्रारंभ की कथा बनारस में दस दिन की है। उन्होंने इस कथा में अपनी दुर्बलताओं को बेबाक तरीके से उजागर किया है। जैसे–बरफी खाने के लालच में उन्होंने एक महिला के चालीस पैसों की चोरी की थी, जिसका अपराध बोध उन्हें जीवनभर रहा। बनारस में जातिवादी आग्रहों के चलते उन्हें आठ से दस बार कमरे बदलने पड़े। हर बार कटु अनुभव, हर बार अतीव पीड़ा। उन्हें नये मकान में जाते समय कभी शर्मा जी बनकर, कभी पंडित जी तो कभी यादव बनकर प्रस्तुत होना पड़ता। रहने की समस्या, पढ़ाई का खर्च और कभी–कभी तो वे नौ–नौ दिन भूखे पेट चाय पीकर गुजारा करते थे। बनारस में उन्हें राजनीति, भुखमरी,जातिगत भेदभाव का एक साथ सामना करना पड़ रहा था।

तुलसीराम के मानवीय उदात्त रूप को गढ़ने में राहुल सांकृत्यायन का गहरा असर रहा है। वास्तव में राहुल सांकृत्यायन की पुस्तक 'भागो नहीं दुनिया को बदलो' को पढ़कर ही वे कम्युनिस्ट की यात्रा पर चल पड़े। वे इस बात को स्वीकारते हैं कि मार्क्सवाद और बौद्ध दर्शन से अवगत कराने का पूरा श्रेय राहुल सांकृत्यायन को है। उन्होंने लिखा है–"मुझको मार्क्सवाद और बौद्ध दर्शन की ऊँचाइयों तक पहुँचाने का पूरा श्रेय राहुल सांकृत्यायन को ही जाता है।"[9] किंतु एक तर्कप्रिय व्यक्ति होने के कारण उन्होंने भी डॉ. रामविलास शर्मा, अखिलेश की तरह मार्क्सवाद की कमजोरियों को उजागर किया। उन्होंने यह अनुभव किया कि मार्क्सवाद जिस मजदूर वर्ग की बात करता है, वह भारतीय समाज का दलित वर्ग है किंतु, कम्युनिस्ट पार्टी का ध्यान दलितों की ओर कभी भी नहीं जाता, इसलिए दलितों एवं कम्युनिस्टों के बीच सम्बंध कभी स्वस्थ एवं सकारात्मक रूप से स्थापित नहीं हो पाया। इसीलिए दलित समाज भी जातिवादी राजनीति में फँसकर रह गया। अतः इस बात को कहने में कोई हर्ज नहीं है कि जातिवाद जितना शक्तिशाली इस समय है, उतना पहले नहीं था। मणीन्द्रनाथ ठाकुर ने 'प्रतिमान' पत्रिका में लिखा है–"...मार्क्सवादी विमर्श भले ही जन–मुक्ति संघर्ष को गति प्रदान करने में सक्षम था लेकिन एक सीमा के बाद जनमानस को प्रभावित करने में असक्षम है।"[10]

'मणिकर्णिका' एक योद्धा व्यक्तित्व की वैचारिक यात्रामात्र नहीं वरन् सामाजिक, सांस्कृतिक विषमताओं से जूझने, बल्कि यह उनके विचारों, दृष्टियों से साक्षात्कार, उनसे छिटकने, अपने परिवेश में उसकी सार्थकता तलाश करने और संतुलित मनुष्य का सतत्द्वन्द्व है। तुलसीराम यह मानते हैं कि, दलित होने की पीड़ा प्रतिशोधात्मक होकर उग्र व्यक्तित्व भी गढ़ सकती है किंतु उग्र दलितवाद उतना ही घातक है, जितना उग्र ब्राह्मणवाद। वास्तव में संतुलित विचार की शक्ति ही निष्पक्ष, निरपेक्ष मानव जीवन की परिकल्पना को आकर दे सकती है। डॉ. तुलसीराम बुद्ध की विचारधारा में ऐसे मानववादी विचार को काफी शिद्दत से सामने लाने में सफल हुए हैं। इस तरह 'मणिकर्णिका' अपने द्वन्द्व,साहस,विरोध, मानवता, गरिमा और सहिष्णुता से दलित मुक्ति का नया पथ बनाती है, जो व्यक्ति चेतना और सामाजिक चेतना को समग्र रूप से देखने की पक्षधर है।

हिन्दी दलित लेखन ने सदियों के शोषण, उत्पीड़न का जब विरोध किया तब उसका स्वर कड़ुवाहट से भरा आक्रामक, प्रतिशोधपूर्ण और विद्रोही था। हिंदी दलित लेखन का सबसे मजबूत पक्ष उसकी आत्मकथाएँ हैं, जिसमें उसने 'अपने–अपने पिंजरे' से लेकर 'मुर्दहिया', 'मणिकर्णिका' तक निरंतर परिपक्वता प्राप्त की। जूठन, तिरस्कृत, संतप्त, नागफनी से लेकर दोहरा अभिशाप, शिकंजे का दर्द तक दलित लेखन में अन्याय, उत्पीड़न के

विरोध में विद्रोही तेवर और प्रश्नाकुलता के साथ खुल्ला संघर्ष किया। दलित चिंतन ने अपनी लंबी उपस्थिति में कई आक्षेपों, विरोधों और प्रश्नों का सामना किया और स्वयं आत्म–चिंतन भी किया।

इसी माहौल में जब दलित लेखन मुर्दहिया–मणिकर्णिका के साथ उपस्थित होता है, तब वह स्वयं अपने मानदंड तय करता है। डॉ. तुलसीराम की चिंतनदृष्टि विभिन्न सिद्धांतों, मतों, वादों से कहीं आगे निकलकर मानवता का समर्थन करते नजर आती है। प्रश्न यह उठता है कि क्या डॉ. तुलसीराम में विद्रोह का भाव नहीं है? उत्तर है नहीं। क्योंकि वह सतत् अन्याय का विरोध करते नजर आते हैं। और तो और उनका विरोध न तो आक्रामक है और न ही उसका स्वर ऊँचा है। उनका मौन गहन रूप से प्रभावी है और अपने कार्यों से दृढ़तापूर्वक अपना मत रखता है।

महात्मा गौतम बुद्ध,कार्ल मार्क्स, अम्बेडकर की त्रिवेणी उनकी चेतना को निरंतर अन्तद्वन्द्वों पर विजय दिलाती रही, उनका मार्ग प्रशस्त करती रही। डॉ. तुलसीराम के जुझारूपन और समरस, संतुलित दृष्टि के पीछे उन्हें गढ़ने वाली बुद्ध की करुणा, राहुल सांकृत्यायन की अथक यात्रा का मिशन,मार्क्स की वर्ग चेतना और अम्बेडकर की जाति व्यवस्था की गहरी समझ है।

मुर्दहिया–मणिकर्णिका से निकली जीवन–दृष्टि एवं चिंतन–दृष्टि दलित लेखन का ऐसा मानदंड रचती है, जहाँ व्यक्ति जीवन के कष्ट और दुःख अपनी अभिव्यक्ति में समष्टिगत रूप को एक साथ कर इस तरह प्रस्तुत करती है कि अपने कला–कौशल का भी नया आयाम रच देती है। गहन पीड़ा ने डॉ० तुलसीराम को विद्रोही नहीं बनाया अपितु, उन्हें जीवटता एवं जिजीविषा दी। भूख और आँसुओं ने उन्हें मानव मात्र के प्रति करुणा से भर दिया। यही कारण है कि प्रतिशोध, आक्रोश से मुक्त दृढ़ विरोध की यह शांत, सरल भंगिमा पाठक को अचरज में डाल देती है। वस्तुतः इस बात को कहने में कोई अतिश्योक्ति न होगी कि डॉ. तुलसीराम का दलित चिंतन उनकी आत्मकथा से छनकर आता है। यह चिंतन तटस्थ और जीवन से कटा नहीं है। जीवन में डूबकर, रच–बस कर जीवन दर्शन बनकर सामने आता है। डॉ. तुलसीराम की गंभीर भाषा, शिल्पगत सौंदर्य और कलात्मकता दलित साहित्य का ऐसा सौन्दर्यशास्त्र रचती है, जो दलित ही नहीं हिंदी साहित्य की भी अमूल्य निधि है।

आक्रमण और प्रतिशोध ने जहाँ दलित लेखन के प्रति विरक्ति और उदासीनता को जन्म दिया था वहीं गहरी करुणा और सघन अनुभूति ने पूरे समाज के प्रति ऐसे जुड़ाव को जन्म दिया जो दलित लेखन को नए दृष्टिकोण के साथ नयी दिशा देने में सक्षम है। संक्षेप में कहें तो लम्बी प्रताड़नाओं के बावजूद भी हिंसा से इनकार मनुष्यता की विजय का उद्घोष है, जो डॉ. तुलसीराम के दृष्टिकोण का सार है।

हिंदी दलित आत्मकथाओं में आरोपों–प्रत्यारोपों, आपसी दुर्भावना एवं दंभ का दृश्य सामान्य पाठक को हताश करता रहा है। ऐसे में एक निर्लिप्त, तटस्थ, संतुलित, उदात्तदृष्टि के साथ डॉ० तुलसीराम की लेखनी पुनःद्वेषरहित, परिपक्व जीवन दृष्टि में विश्वास जगाती है। डॉ० तुलसीराम का व्यक्तित्व एवं कृतित्त्व मानवधर्मी स्वर से ओतप्रोत है। उनकी आत्मकथा को 'सशक्त सामाजिक' विश्लेषण माना गया जिसपर कई विश्वविद्यालयों में शोध कार्य हो रहा है। उनका लेखन साहित्य और समाजशास्त्र की परस्पर आवा–जाही का सशक्त उदाहरण बन गया है, जिस पर दलित लेखन के प्रति सजग समाजशास्त्रीय हस्तक्षेप को दर्शाया है। तुलसीराम के अकुंठ जीवन दर्शन ने मानवधर्मिता के ऐसे स्वर को स्थापित किया है जो दलित चिंतन में सबसे अलग और सशक्त होने के कारण मील का पत्थर बन गया है।

डॉ० तुलसीराम मनुष्य धर्म पर जोर देते

नजर आते हैं और भारत के समावेशी विकास के सपनें को वे दलित एवं सवर्णकी एकता के रूप में देखते हैं। कहने का आशय है कि यदि दलितों के जीवन में सुधार लाना है एवं हिंदी दलित साहित्य को यदि समृद्ध करना है तो दलित साहित्यकारों के साथ–साथ गैर दलित साहित्यकारों को भी मिलकर काम करना होगा एवं विभिन्न हिंदी से सम्बंधित संस्थानों यथा–साहित्य अकादमी एवं उससे संबंधित अधिकारियों को भी सामने आना होगा ताकि दलित साहित्य में आक्रोश के जगह मानव धर्म की प्रेरणा हो। इन सबके अलावा समकालीन समय के प्रसिद्ध साहित्यकारों को भी वर्ग एवं वर्ण से प्रभावित मानसिकता को त्यागते हुए दलित लेखन से सम्बंधित साहित्यकारों को समर्थन देना चाहिए। जब मोहनदास नैमिशराय अपना शोध कार्य कर रहे थे तो उन्हें दलित लेखकों के साथ–साथ सवर्ण साहित्यकारों का भी सहयोग मिला और तो और साहित्य अकादमी की संस्था ने भी उन्हें सहयोग दिया। इन सबके अलावा तत्कालीन प्रसिद्ध साहित्यकारों ने भी जैसे–कमलेश्वर, राजेन्द्र यादव ने दलित साहित्य के प्रति अपनी सकारात्मक सहमति जतायी। इस संदर्भ में मोहनदास नैमिशराय ने लिखा है–"यह लिखते हुए मुझे अच्छा लग रहा है कि दलित साहित्य पर शोध करने के प्रथम चरण में ही नसिर्फ दलित लेखकों, बल्कि कुछ सवर्ण साहित्यकारों की ओर से भी सहयोग मिला। साहित्य अकादमी के तब रहे सचिव माननीय के० सच्चिदानंदन के सामने जब हिंदी दलित साहित्य विषय पर मैंने प्रस्ताव रखा था तो उन्होंने पहली ही मुलाकात में मेरे प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया था कि उनके साथ अन्य साथियों का भी सहयोग मिलेगा। ...शोध के दूसरे चरण में कमलेश्वर, राजेन्द्र यादव आदि से बातचीत हुई। दलित साहित्य के प्रति उनकी सहमति तो बहुत पहले से ही थी।"[11]

इस प्रकार डॉ० तुलसीराम कृतमुर्दहिया एवं मणिकर्णिका से हम यह सीख सकते हैं कि हमें आपसी जाति भेद, धार्मिकभेद, वर्णभेद, लिंगभेद, वैचारिक मतभेद इत्यादि को त्यागकर हम सबको एक होना होगा ताकि दलितों का उद्धार हो सके और आने वाले भविष्य में दलितों की स्थिति बेहतर हो ताकि आक्रोश या बदले की भावना हिंदी साहित्य में प्रतिबिंबित न हो पाए। डॉ० तुलसीराम प्रेम, एकता, समष्टिगत रूप से शांतिपूर्ण जीवन जीने की सीख देते हैं तथा लोगों को मध्यममार्ग की शिक्षाओं को आत्मसात करने को कहते हैं जिसमें मानव कल्याण एवं विश्व शांति के लक्ष्य निहित हैं।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. यादव बालेन्द्र सिंह, आत्मकथा की विधा में सामाजिक इतिहास का दस्तावेज मुर्दहिया व मणिकर्णिका, सं० डॉ० ऋषि कुमार, हिंदी साहित्य का दलित पक्ष, आनंद प्रकाशन,कोलकाता, प्रथम संस्करण–2008, पृ०–111.
2. वही, पृ०–110.
3. डॉ० तुलसीराम, मुर्दहिया, राजकमल पेपरबैक्स, नई दिल्ली, तीसरी आवृत्ति–मई–2015, पृ०–5, भूमिका
4. वही
5. वही, पृ०–41.
6. जैन पुनीता, हिन्दी दलित आत्मकथाएँ एवं मूल्यांकन, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण–2020, पृ०–259.
7. वही, पृ०–266.
8. तुलसीराम, मणिकर्णिका, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण–2014, पृ० भूमिका
9. वही, पृ०–64.
10. प्रतिमान, जनवरी–जून, 2013, ज्ञान की सामाजिक उपयोगिता और मुर्दहिया, मणीन्द्रनाथ ठाकुर, पृ०–68–69.
11. नैमिशराय मोहनदास, हिंदी दलितसाहित्य, साहित्य आकादेमी, नई दिल्ली, पुनर्मुद्रण– 2019, पृ०–12

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 20th July 2024**
**Paper Accepted : 25th July 2024**

# Problems and Challengesa Related to Agriculture and Agricultural Labourers in Uttar Pradesh

**Asha Pasi***
**Dr. Ved Prakash Mishra****

**ABSTRACT**

*India's most populated state, Uttar Pradesh has a large part of population dependent on the agriculture sector for their live hood and employment. In the state agriculture sector, large population of agricultural workers has Landless and Small-marginal formers. They worked as agricultural workers daily basis wagesa with mostly seasonal employments.This large Population being dependent on agriculture in trapped in poverty. These farming communitiesa (Landless and small farmers) had not adequately benefitted from agriculture sector and its dependents were facing several problems and challenges. In this situation with aims of reducing poverty by following the Economic reforms undertaken by the Government of India, the state of Uttar Pradesh had also undertaken the economic reforms. However continued policy negligence, could not improve the development of the agriculture sector. In this situation. The state Government had also formulated a numbers of agricultural policies,including the Agriculture Policy 2013, Uttar Pradesh Agriculture Export Policy 2019 and the Uttar Pradesh Food Processing Industry Policy 2023 with vision to ensure the food and nutritional security bring about qualitative improvement by ensuring economic and prosperity. In this backup it was expected that the problems and challenges, faced by the agricultural workers in agriculture sector in the state. In this study bringing out the clear picture of the socio-economic conditions of the agricultural workers of the Uttar Pradesh.*

***Keywords–****Agricultural Workers, Uttar Pradesh, small-marginal farmers, Poverty, livelihood and employments.*

* (Research scholar). Department of Economics, Iswar Saran Degree College, University of Allahabad
E-mail- ashaac95@gmail.com
** ( Assistant professor), Department of Economics, Iswar Saran Degree College, University of Allahabad
E-mail- vedmishra0802@gmail.com

**Introduction**

Agriculture and other agriculture allied sectorare the main occupation in the state U.P. is The largest producer of agriculture products in India. About 17 percent of the total food grain production of the country comesa from this state an U.P. about 59.3 percent of total workers in the state are engaged in agriculture. U.P. has vast rich fertile landmass and water resourcesa because of many Himalayan origin rivers passesa througÈ the state. It plays a significant role in the country's food and nutritional security. Despite all these advantagesa the situation of agriculture workers productivity of this State is not very good. This is clearly reflected in the existing inter-state variation in income of agricultural household in states.

One of the most distinguishing featuresa of the rural economy of Uttar Pradesh has been the growth in the number of agricultural workers, cultivators and agricultural labourers engaged in crop production. The phenomena of underemployment, Under-development and surplus population are simultaneously manifested in the daily livesa and living of the agricultural labourers. They usually get low wages, conditions of work put an excessive burden on them, and the employment which they get is extremely irregular. Agricultural workers constitute the most neglected class in Indian rural structure. Their income is low and employment irregular. Since, they possess no skill or training, They have no alternative employment opportunitiesa either. Socially, a large number of agricultural workers belong to scheduled castesa and scheduled Tribes. Therefore, they are a suppressed class. They are not organised and they cannot fight for their rights.

Labour is the most important input in increasing production in traditional agriculture. In the early age of development, since land was available in plenty increase in labour supply led to the clearing of more land for bringing it under cultivation. At This stage of development the increase in labour supply was a boon to the society. It made positive contribution and helped in increasing agricultural Production. Modernizing agriculture involved introduction of new technology. The technological innovation required increased use of capital in agriculture. Even with the use of more capital and new technology a number of farm-operations required intensification of labour use such as seed bed production, weeding, irrigation and harvesting. Thus, labour is critical input in modern agricultural development. Agricultural labourers are socially and economically poorest section of the society. Agricultural labourer households constitute the historically deprived social groups, displaced handicraftsmen and dispossessed peasantry. They are the poorest of the poor in rural Uttar Pradesh. Their growth reflects the colonial legacy of under development and the inadequaciesa of planning intervention in the past. Overcrowding and growth of agricultural labourer continued unabated, given poor labour absorption in the non- agricultural sector and also inadequaciesa of reforms in the agrarian structure. The poverty syndrome among agricultural labourers needs to be read against such a background of prolonged rural under Development, assetlessness, unemployment, low wages, under-nutrition, illiteracy and social backwardness constitute the poverty syndrome among agricultural labourers. These reinforce each other so as to constitute a vicious circle of poverty. There is little inter-generational upward mobility among agricultural labourer households. Human factor is of supreme importance in any pattern of economic development. More so are the agricultural labourers of India, the country's largest unorganized section comprising the poorest workers, toiling on the sunny fields of India. Most of them hail from the socially

disadvantaged sections of our society and a large number of them continue to live under the poverty condition.

Around 80% of its population is living in rural areas. More than 60% population in dependent on agriculture And allied sector for their livelihoodin Uttar Pradesh. In Uttar Pradesh in recently total 685 million workers were distributed as follows : cultivators–191 million (29.03%) Agricultural labours-199 million (30.24%) household Industry Workers – 39 Million (5.93%) and other workers–229 million (34.24%) total cultivators constituted of 76% of the marginal former 14% of the small farmers and 10% of the big farmers. In addition, small formers were. In the majority (78%) with land measuring less than 1 hectare 38.9% of the total agricultural area.

**Objectivesa of the study**

- To study the constraints, opportunitiesa and support.
- To know the challengesa of Agricultural workers.
- To make a suggestion on remediesa to reduce Problems.
- To how change socio-economic status agricultural labourers.

**Research Methodology**

The present study is covered regarding the problems & challengesa of Agricultural. Workers in Uttar Pradesh. Study is based on literature, investigating the current issue, Journals survey Reports, books, we also relied on secondary Data, authentic websitesa etc.

**Importance of agricultural sector in Uttar Pradesh**

Agriculture is one of the most prominent sectors in the Indian economy. About 43% of the country geographical area is used for Agricultural activity. Agriculture sector of our state in a position to provide sufficient food grains to the population of the state. Agriculture is critically important to Economic Development. Increase in agricultural output not only providesa food for the growing non-form sector, it also helps the industrial sector by providing raw-materials. Today we have attained self-sufficiency in agriculture Self-sufficiency in agriculture, self-sufficiency of food production has been achieved, the population still Lacks access to balanced food. Agriculture is the main occupation in the state about 59.3 percent of total workers in the state are engaged in agriculture. But the more important phenomenon is that the percentage share of cultivation to total workers has reduced from 41.1 percent in 2001 to 29.0 percent in 2011. On the other hand, the share of agriculture labour to total workers has increased from 24.8 percent in 2001 to 30.3 percent in 2011. Land fragmentation, as reflected from the temporal changesa is land holding, was the major reason of the above rising trend of agriculture labour in the state.

Agriculture also occupiesa significant space in the gross state domestic product (GSDP). In the state agriculture Is the leading sector in the state its output growth has been low and stagnant for the past three decades. Agriculture output growth in U.P. had always been Lower than the all-India average since the 1980s. Even thougÈ it has strong agriculture base being the largest producer of food grains, pulses, sugarcane and potato. The state ranks first in both wheat and sugarcane production and third in both rice and pulse. A very recent study (Chaudhry 2012) estimated total factor productivity growth rate for the period 2005-06 in U.P. Which is far below the country average (3.43 percent).

This study analysis productivity growth in terms of technological progress and technology uptakesa in the State the results indicated a low level of technological progress as the cause of poor total factor productivity growth in U.P. poor infrastructure, fragmentation of land holdings,

etc. The average size of operational land holding in the state had also declining trend. Several infrastructural relevant facilitiesa for Agricultural development such as market road network, electricity storage capacity and irrigation are inadequate in the state as per 2011.There were only three agricultural regulated markets Per 1000 sq km area in U.P. The Low level of crop productivity observed in the state translated into poor crop profitability and rural poverty, profitability and poverty are closely linked with agriculture productivity. Three major crops in U.P. namely rice, wheat and sugarcane is compared with the profitability of these crops in two other state where these crops were the main stay of agriculture. The performance of Agriculture in U.P. variesa form region to region. The Western region is agriculturally the most progressive region, the largest chunk of the state's progressive region, the largest chunk of the state's agriculture output come from this region around 50 percent. The Eastern region contributesa around 28 percent, next to western region in the total value of the state's agriculture output. The Bundelkhand region was rain-dependent.

**Issuesa and Challenges**

- Investment required for increasing income of agricultural workers.
- Need Reduction in cost of cultivation.
- Boost Productivity in Agriculture Sector.
- Need of adoption of hybrid and improved seeds.
- To reduce the post-harvest losses.
- Government of Uttar Pradesh also focus on ware housing reforms to promoting agricultural marketing.
- To increasing productivity growth in Agriculture sector in the state.

**Conclusion and Suggestions**

In the state of Uttar Pradesh, the agricultural workers of tall the four Economic regions 56% respondent had agricultural lands from different sources. In all Uttar Pradesh Majority of agricultural workers 74% had obtained the land from their land sharing system. The small area of the agricultural land found with the agricultural workers. Few agricultural workers had also possessed land obtained from other sources. The agricultural workers were not able to cultivate and undertake the crops in all the agricultural seasons because of inadequate irrigation facility (water crisis) and flood and drought occurrence, land in dispute, land were needed considering the limitation of small land, establishment of agro-based industriesa and cottage industriesa in the local area of agricultural development and economic well being of the farmers were the major required options state had needed own development model focusing on the de-centralized development and reducing the gap between rural-urban and rich-poor divide.

Thus there was a need of holistic approach for development of the agriculture and landless and small land holding formers in the state. The development of agriculture Sector need to always be self-reliant in the food and protecting life of the large chunk of the population. So policy and strategy required for improvement of agricultural growth and development as well as of the socio-economic development of the agricultural workers etc.

**References**


- Murthy, K.N.,1998, Foodgrains Demand in India to 2020: A Comment, Economic and Political Weekly, November 14,pp.2943-2944
- Government of India, 2000 National Agriculture Policy 2000, New Delhi, Ministry of Agriculture.
- Mukherjee Robin, ManabendhuChattopadhyay and ChiranjibNeogi, 2001, productivity, Human Development and Basic needs in India, Calcutta, Indian Statistical Institute.
- 2007 "Uttar Pradesh Development Report 2007", State Planning Division, Planning Commission,

Government of India.

- World Development Report Agriculture for Development (2008). Washington, DC: The World Bank.
- Govt. of Uttar Pradesh 2008, Uttar Pradesh Human Development Report Lucknow, State Planning Commission.
- Singh, M, 2014 Poverty and Employment in Uttar Pradesh, Intern, J. Mang & Soc. Sci. Res. Rev. 1 (5).
- Govt. of Uttar Pradesh 2010 planning Atlas 2010, Lucknow, State Planning Commission.
- Agricultural Statistics at a Glance (2015), NewDelhi, Ministry of Agriculture and Formers welfare.
- All India Report on Agriculture census 2010-11.
- Government of India, Planning Commission, 2011, Issuesa for Approach to the 12th Five Year Plan, Power Point, 21 April 2011.
- PHD chamber of commerce and industry, 2011. Uttar Pradesh: The State Profile, New Delhi.
- Govt. of Uttar Pradesh – 2012 Statistic of Uttar Pradesh 2012, Lucknow Economic and Statistics Division.

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 3rd July 2024** **Paper Accepted : 15th July 2024**

# चित्रा मुद्गल के कथा साहित्य में स्त्री मनोविज्ञान

□ **प्रीति सिंह***

**शोध-सारांश**

*सभ्यता के निर्माण के चरण से ही प्रकृति मनुष्य की सहचरी रही है और स्त्रियाँ, पुरुषों की। समाज का गठन, मानव जीवन की एक बड़ी उपलब्धि थी। खाद्य संग्राहक अवस्था से लेकर खाद्यान्न उत्पादक बनने में स्त्री–पुरुष की समान भूमिका रही है। अस्तु, सामाजिक प्रगति के समस्त आयामों में स्त्रियों की पुरुषों के समान भूमिका से इन्कार नहीं किया जा सकता है।*

*चित्रा मुद्गल की कहानियों और उपन्यासों के भीतर पैठकर पाठक चिर इच्छित तुष्टि प्राप्त कर सकता है। इनके यहाँ स्त्रियाँ विभिन्न पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखती हैं। वे मुखर हैं और अपने अधिकार जानती हैं। अधिकतर हाशिये की स्त्रियाँ संघर्ष में शामिल है। वे जूझती हैं, अपने समय के समाज से। संघर्ष में लथपथ तमाम अग्निपथ का वरण करतीं अपने क्षितिज को अग्रसर है। स्त्री मनोविज्ञान केवल स्त्रियों के चरित्र और स्वभाव की बातें नहीं करती अपितु परम्परा की तमाम विसंगतियों को सिरे से नकार सामाजिक जीवन में आधुनिक नवोन्मेष को शिरोधार्य करती श्रेष्ठ मानव जीवन की नित नवीन परिभाषा गढ़ रही है।*

***बीज शब्द**–सभ्यता, प्रगति, सामाजिक, नवोन्मेष, विसंगति।*

विश्व रंगमंच पर आधी आबादी के रुप में उपस्थित स्त्रियाँ प्राचीन काल से लेकर अर्वाचीन काल तक संघर्षरत हैं। अपने ही समकक्ष से शोषित, पीड़ित और उपेक्षित। आखिर क्यों? सवाल की पड़ताल से कई परतें खुलेंगी प्याज के छिलके की तरह। ऐतिहासिक साक्ष्य कहते हैं, सिंधु सभ्यता काल में समाज मातृसत्तात्मक था। अर्थात, परिवार और समाज में स्त्रियों की प्रधानता रही थी। वैदिक काल में भी परिवार, समाज, धर्म, संस्कृति, अर्थ, विद्या आदि क्षेत्रों में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका हुआ करती थी। समस्या की शुरुआत हुई उत्तर वैदिक काल में, जब समाज पुरुष प्रधान बना। भक्तिकाल में गोस्वामी तुलसीदास का कथन इस तथ्य की गम्भीरता बयाँ करता है–"ढोल, गँवार, शूद्र, पशु, नारी / ये सब ताड़न के अधिकारी।"

उपर्युक्त भूमिका के संदर्भ में चित्रा मुद्गल

* शोधार्थी, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय
हिंदी प्राध्यापिका, खांद्रा कॉलेज, अंडाल, मो. नं.–9563030374.

के कथा साहित्य में स्त्री मनोविज्ञान की पड़ताल, विषय का मूलाधार है। चित्राजी की रचनाधर्मिता सदैव अपने समय के समानांतर सृजन का परिचायक रही है। उनकी कहानियाँ और उपन्यास मानवीय संवेदनाओं को मानवीय सरोकारों संग जोड़ती सामाजिक परिधि में परम्परा, गतिरोध, जातीय दंभ, गैर–बराबरी, शोषण आदि के विरुद्ध आधुनिक समय के सापेक्ष उचित, न्याय संगत, तर्कसम्मत वैचारिकी आदि की स्थापना करती है। उनका स्वयं का जीवन भी इन मानकों पर खरा उतरता है। प्रतीत होता है, उनका साहित्य आँखों देखा हाल सुनाती हों जिसमें भोगे हुए यथार्थ की मीमांसा अपनी उत्कृष्टता बयाँ करती हो।

गौरतलब है कि उनके खाते में कहानियों का विपुल भंडार है। यद्यपि संख्या की दृष्टि से उनके उपन्यासों की गिनती ऊँगलियों पर है। तथापि वे अपने युग बोध में इतना सार्मथ्य रखते हैं कि 'साहित्य अकादमी' का प्रतिष्ठित सम्मान दिला जाते हैं। वस्तुतः उनकी पहली ही कहानी 'डोमिन काकी' स्त्री मनोविज्ञान का बेजोड़ उदाहरण प्रस्तुत करती है। अस्पृश्यता, छुआछूत, जातिभेद की गहरी मिसाल पेश करती कहानी में स्वयं चित्रा जी के बचपन की यादें शामिल है। समाज में निकृष्ट कार्यों के निमित्त छोटी जात वालों का अगड़ी जात वालों के घरों में आना–जाना रहता था। डोमिन के ऐसे ही कार्य निष्पादन हेतु आगमन पर लेखिका चहकती हुई अपनी दादी से कहती है, "ददिया! ददिया! देखो डोमिन आयी है।"[1] डोमिन कहने पर एक जोरदार चाँटा दादी, लेखिका के गाल पर रसीद करती है और फटकारती हुई कहती है कि अपने से बड़ों के सम्बोधन का शऊर नहीं है। उम्र में बड़ों को सम्मानसूचक शब्दों के प्रयोग का गुर समझाती है, "कब सीखेगी मान टान...ऐसे बुलाते हैं बूढ़ियों को! रिश्ते में रतनी तेरी काकी लगती है काकी। डोमिन काकी कहा कर इसे, समझी!"[2] बालमन पर चाँटा का सबक सकारात्मक पड़ना स्वाभाविक है। यह मानवीय धरातल पर ऊर्वरता का पाठ सिखाती है। किंतु जब दादी डोमिन के काम के बदले अनाज देने के लिए कहती है तो काफी सावधानी बरतने पर भी दो चार मुट्ठी अनाज छिटककर ज़मीन पर गिर जाता है और लेखिका ज़मीन पर अनाज उठाने में डोमिन काकी की मदद करने लगती है। इसी क्रम में वह डोमिन को छू जाती है। अचानक झपटती हुई दादी आती है और उसके गाल पर फिर चाँटा जड़ते हुए चिल्लाती है, "बेशऊर मूरख...., छू लिया तूने रतनी को?"3 फिर गंगाजल छिड़ककर स्वयं को और बिट्टो को नहलाती है। सबक के तौर पर कहानी में लेखिका (बिट्टों) को दादी से दो चाटें मिलते हैं। पहला, चाँटा दादी के नैतिक बोध संग आदर्श की स्थापना करती है। जबकि, दूसरा चाँटा पुरातन सोच के अथीडोक्स विचार जिसमें जातिगत ऊँच–नीच की अवधारणा शामिल है, का बोध कराती है। यहाँ स्त्री मनोविज्ञान अपने चरम पर स्थापित दीख पड़ता है।

कहानी 'गिल्टी रोजेज' स्त्री मनोविज्ञान की आदर्श कहानी है। जेल में बंदी दो महिला कैदी दुखना और गुनाबाई की कहानी। एक जैसी व्यथा से शोषित–पीड़ित दो स्त्रियाँ। भागलपुर की दुखना का सौतेला बेटा उसकी देह का भूखा है। अपनी माँ और दादा के साथ मिलकर दुखना को पिता की नजरों में बदचलन साबित करना चाहता है। एक सौतेला बेटा रिश्ते में सौतेली माँ का बलात्कार करता है। एक बार नहीं बार–बार। जब वह नहीं मानता, तब एक अबला स्त्री अपने स्त्रीत्व की रक्षा के लिए धारदार हँसुआ से उस आततायी का गला रेत देती है। कहानी की ये पंक्तियाँ एक स्त्री के मन की पीड़ा को प्रकट करते हैं, "हमने.. ..सौत की पाँच औलादों में से बच रहे इकलौते जवान बेटवा को छूरा भोंक दिया। न भोंकते तो उस जल्लाद से अपनी लाज–लज्जा कैसे बचाते? भरी दोपहरी वो हमको कोठरी में खींच, सांकल

चढ़ा, भूमि पर पटक दिया....छूटने को छटपटाते हम चीखते–चिल्लाते रहे। कोऊ न सुना, सुनते काहे! सौत और ससुर की राह थी उसको। पहली बेर क्षमा कर दिए। दूजी–तीजी बेर की जबरई पर गम खाके मुँह सी लिए। समझाए–रिश्ते में हम तेरी महतारी हुए। तेरे बाप की दूसरी बियाही। तेरी महतारी से लौ–लगान नहीं था, सो हमसे सात फेरे लिए तेरे बाप ने। हमारा दोष?"[4]

जेल में बंद दूसरी कैदी गुनाबाई है। निकम्मा पिता पत्नी गुनाबाई की कमाई पर पलता है और शराब के लत का शिकार है। गुनाबाई दूसरों के घरों में बर्तन–झाड़ू करके अपनी बच्चियों को पालती है। एक दिन पति अपने दोस्त के प्रस्ताव को पत्नी के सामने प्रकट करता है कि उसकी बेटी को धंधे पर बिठाया जाए तो पैसों की कमी नहीं होगी। क्रोध से काँपती गुनाबाई कहती है–"तू बाप है कि दल्ला? चिखल के मुंह पे जाके मूत। बोल उसको, अपनी छोकरी को ले जाके बैठा दे कोठे पे। रोटी मिलती है न तेरे को? दारू पीने को मिलती है न? और क्या चाहिए तेरे को? मांस पकाके खाएगा तू छोकरियों का।"[5]

पति अपने आवारा दोस्त चिखल की सलाह पर बेटी के जिस्म का सौदा कर लेता है। गुनाबाई इस घटना को बर्दाश्त नहीं कर पाती। बेटियों को इस दलदल से निकालने के लिए उनके संग खुद को आग लगा लेती है। बेटियाँ अस्पताल में दम तोड़ देती हैं किंतु गुनाबाई बच जाती है। वह अपना जुर्म कुबूल कर जेल में सजा काट रही। दुखना और गुनाबाई के मनोविज्ञान में लाज की रक्षा कॉमन है। इसे बचाने का दोनों भरसक प्रयत्न करती हैं। किंतु दोनों के प्रतिरोध में बड़ा फर्क है। दुखना अत्याचारी बलात्कारी को सजा देकर कामियों, नरभक्षियों को सबक देती है वहीं गुनाबाई अपनी ही निर्दोष पुत्रियों को मौत के मुँह में ढकेल देती है।

चित्रा जी का रचनालोक पाठकों के मन पर गहरी छाप छोड़ता है। उनकी भाषा, शैली, शिल्प, कथ्य आदि बेजोड़ है। उनके शब्द स्वर गहरे मर्म की उद्घोषणा करते हैं। नवीन संदर्भों और विमर्शों को केंद्र में रखकर बात कहने की उनकी शैली विरल है। 'दुलहिन' कहानी में स्त्री मनोविज्ञान का एक अनोखा स्वरुप उभरकर सामने आया है। दुलहिन कहानी की दुलहिन वास्तव में बहू, पत्नी, माँ के साथ–साथ नाती–पोते वाली महिला है। यद्यपि उसकी सास अभी जीवित है और उसे दुलहिन सम्बोधन से पुकारती है इसलिए वह स्वयं को नाती–पोतेवालियों के उम्र का नहीं मानती। उसका मनोविज्ञान कहता है कि वह अभी बूढी नहीं हुई है और उसकी इच्छाएँ जीवित हैं। उसे इस उम्र में भी बच्चा जनने में शर्म नहीं है। उसका पुत्र कॉलेज में पढ़ाता है। बहुएँ पढ़ी–लिखी समझदार हैं। पुत्रवधुएँ बच्चें जन रही हैं। बहुओं के समानांतर सास भी बच्चा कंसीव कर रही है क्योंकि वह अभी दुलहिन है। बेटे और बहुएँ इस बात से परेशान है। उन्हें घर के बाहर अपनी माँ के इस उम्र में बच्चा कंसीव करने से शर्मिंदगी फील होती है। माँ को अबार्शन कराने की सलाह देने पर बूढ़ी दादी भड़क जाती है और कहती हैं कि कोई पाप है जो पेट गिरा दे।

कहानी का दूसरा पहलू तब सामने आता है जब बूढ़ी दादी का स्वर्गवास हो जाता है। अम्मा के मन से दुलहिन का वहम दूर हो जाता है और वह अपना गर्भ गिराने अपनी बेटी के घर चली जाती हैं। दुलहिन होने का असर यहाँ तक होता है कि माँ नाती–पोते वाली होकर भी स्वयं को उम्रदराज नहीं मानती और अपनी सास की चहेती दुलहिन बनी रहती है। वहीं सास की मृत्यु पर यकायक वह घर की उम्रदराज माँ, सांसू माँ, नानी और दादी में तब्दील हो जाती हैं।

कहानी 'सफेद सेनारा' प्रेम की पराकाष्ठा का स्पर्श करती स्त्री प्रेम और चेतना सम्पन्न्ता की कहनी है। कहानी का मर्म पाठकों के हृदय को

स्पर्श करता है। एक स्त्री का प्रेम उसकी जिंदगी होता है। उसका सर्वस्व होता है। वहीं पुरुष स्त्री के प्रेम को उसके सौंदर्य से लेकर उसके शरीर पर ठहर जाता है। शरीर को पा लेने के उपरांत पुरुष का प्रेम रीत जाता है। कहानी का नायक एक बड़ा लेखक है। अपने जीवन में उसने प्रसिद्धि पाया है। नायिका से प्रेम में उसे वह सबकुछ हासिल होता है जिसकी उसने कल्पना कर रखा है। अर्थात सौंदर्य और शरीर दोनों। यह पुरुष मनोविज्ञान है कि सबकुछ हासिल हो जाने पर वह बिस्तर की यूज चादर को बादल देता है। यूज एण्ड थ्रो की शक्ल में। नायिका प्रेम में छली जाती है और इसे सहर्ष स्वीकार कर लेती है। नायक द्वारा त्याग दिये जाने पर वह टूटती नहीं बल्कि अपने अस्तित्त्व को सहेज कर स्वयं को समाज में स्थापित करती है, हिंदी की लेक्चरर बनकर। वहीं नायक का जीवन सफल होकर भी असफल है। उसका मुकम्मल परिवार नहीं है। वह अपनी पहली अनपढ़ पत्नी का भी परित्याग कर देता है और दूसरी शादी करने जा रहा होता है। शादी की खबर पाकर नायिका उसे बधाई देने का मन बनाती है और उपहार दुनिया का सबसे अलहदा, अनमोल है। नायिका का नायक से उत्पन्न पुत्र रत्न। नायिका के मन की एक बानगी देखिए, "आपको देने के लिए उपहार भी निश्चित कर लिया है मैंने। जो कभी मुझे आपने सौंपा था वही...आपको शायद अनुमान न होगा...'मुन्नू' सात साल का हो गया है। मैंने उसे आपके बारे में बता दिया है। वह भी अपने महान पिता से मिलने को उत्सुक है।"6

कहानी के केंद्र में प्रेम, वासना और त्याग की अलौकिक चेतना है जो स्त्री–पुरुष के मनोविज्ञान को प्रदर्शित करती है।

चित्रा जी की कहानियों में स्त्री मनोविज्ञान का रेंज काफी व्यापक है। कहानी 'केंचुल' में स्त्री मनोविज्ञान का फलक विस्तृत है। कमला एक पत्नी और माँ है। निठल्ले पति का दर्द उसने झेला है। उसका बेटा सिद्धू छोटा और खिलंदड़ है। बेटी सरना युवावस्था में है। वह दूसरों के घरों में झाड़ू–पोछा करती है। पहले सरना भी उसके काम में हाथ बँटाती थी किंतु अब वह फेरी लगाकर अच्छे पैसे कमा लेती है। कमला अपने युवावस्था में नंदू से प्रेम करती थी। अभाव में जीने वाले लोगों के बीच प्रेम में अभाव हमेशा विलेन बना रहता है। नंदू कमला का ख्याल रखता है। उसके दैहिक सम्बंध है किंतु जब नंदू घर से बुलावा आने पर गाँव चला जाता है फिर शादी–शुदा होकर लौटता है। कमला प्रेम में ठगी जाती है। बदलते समय में जब सरना, कल्पू से प्रेम करती है तो कमला विरोध जताती है। उसे डर है कि कहीं कल्पू, नंदू की तरह उसे भोग कर छोड़ न दे। जब दोनों के प्रेम को गहराई में पाती है तो कल्पू से शीघ्र विवाह करने को कहती है। ताकि वह अपने कर्त्तव्य से मुक्त हो और बेटी का घर बस जाए।

चित्रा जी के उपन्यासों में स्त्री मनोविज्ञान के विभिन्न आयाम सर्वत्र दृष्टिगत है। 'आंवा' उपन्यास की स्त्रियों के माध्यम से लेखिका ने स्त्री मनोविज्ञान के विभिन्न परतों को खोलने की चेष्टा की है। फिर चाहे वह नमिता हो, सुनंदा हो, स्मिता हो, ऊर्मिला हो, किशोरीबाई हो, गौतमी हो या विमला बेन या शाहबेन। नमिता की माँ ऊर्मिला की अगर बात की जाए तो उसे अपने पति के मजदूर होने का अफसोस है। पैसों की तंगी में वह एक कुंठित जीवन जी रही है। उसकी यह कुंठा अपने पति और बच्चों पर खासकर बड़ी बेटी नमिता पर निकलती है। इतना कि उसे बेइज्जत करने का एक मौका नहीं छोड़ती है। विष्ट आंटी के बेटे संग नमिता के मेल–जोल होने का आरोप लगाती है। जबकि बाद में पता चलता है कि वह तो यहाँ है ही नहीं। बकौल नमिता, "एक ही प्रश्न सायं–सायं करता हुआ दिमाग में घूम रहा है, घुमेरिया देता–उसे नीचा दिखाने के लिए माँ को कोई और हथकंडा नजर नहीं आया?"7 निरंतर माँ से प्रताड़ित नमिता

को कभी–कभी आश्चर्य होता है कि क्या सच में वह इनकी ही बेटी है। वहीं किशोरीबाई का मजबूत और वात्सल्यमयी चरित्र नमिता को आकर्षित करता है।

स्मिता, जो कि नमिता की मित्र है, अपने शराबी और वहशी पिता से घृणा करती है। उसके पिता का निरंतर उसकी माँ को पीटना और दीदी के साथ बलात्कार करना उसे मानसिक विद्रोह से भर देता है। इतना कि एक बेटी अपने ही पिता की हत्या करना चाहती है।

विमला बेन समाज में क्रांति और परिवर्तन का दूत नजर आती है। सुनंदा की मृत्यु पर उसकी अर्थी को कंधा देकर वह समाज में परिवर्तन की पहल करती है। शाहबेन श्रमजीवी संस्था चलाकर हजारों स्त्रियों को आत्मनिर्भर बनने की ओर प्रेरित करती है। उपन्यास में स्त्रियों का मनोविज्ञान प्रगतिशीलता का परिचायक है।

'एक ज़मीन अपनी' की अंकिता और नीता दोनों अलग–अलग मानसिकता वाली स्त्रियाँ है। उपन्यास में अंकिता महानगर में दाम्पत्य जीवन के यथार्थ को और नीता विज्ञापन जगत में घटित हो रहे देह–व्यापार के काले सच को उजागर करती है। अंकिता प्रेम विवाह करती है किंतु वह अधिक समय तक नहीं चल पाता। उसका पति सुधांशु पुरुषसत्तात्मक सोच का संवाहक है, जो पत्नी को वस्तु समझता है। उसे अंकिता की प्रतिभा और उसकी भावनाओं से कोई मतलब नहीं। जबकि अंकिता उससे यह अपेक्षा रखती है कि वह उसे समझे, उसे स्पेस दे। इसी बात पर दोनों में विवाद होता है और सुधांशु उस पर हाथ उठाता है। दोनों में तलाक हो जाता है। भविष्य में वह अंकिता के साथ रहने की इच्छा प्रकट करता है, किंतु अंकिता का भग्न विश्वास उसे इजाजत नहीं देता। वह कहती है कि स्त्री कोई बोनसाई का पौधा नहीं जिसे जब काटो और लगा लो।

दूसरी तरफ नीता विज्ञापन जगत में मॉडलिंग का काम करती है। ऊचाँइयों को प्राप्त करने के लिए वह देह–व्यापार से जुड़ जाती है। नीता आधुनिक विचारों वाली स्त्री है जो सफलता हासिल करने के लिए किसी प्रकार के समझौते से नहीं चुकती। किंतु अंततरू उसे हार के अतिरिक्त कुछ हासिल नहीं होता।

उपन्यास 'एक ज़मीन अपनी' में लेखिका जिस ज़मीन की पड़ताल अंकिता और नीता के चरित्र के माध्यम से करती है, वह उपन्यास का केंद्रीय विमर्श है। यही विज्ञान और सिनेमा के चकाचौंध भरी दुनिया का काला सच है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**

1. चित्रा मुद्गल, लपटें, अभिनव प्रकाशन, प्रकाशन वर्ष–2004, पृष्ठ–104.
2. वही
3. वही, पृष्ठ–105
4. चित्रा मुद्गल, आदि अनादि, भाग–3, सामयिक प्रकाशन, प्रकाशन वर्ष–2018, पृष्ठ–256.
5. वही, पृष्ठ सं.–260.
6. चित्रा मुद्गल, आदि अनादि, भाग–1, सामयिक प्रकाशन वर्ष–2018, पृष्ठ–54.
7. चित्रा मुद्गल, आंवा, सामयिक प्रकाशन, प्रकाशन वर्ष–2015, पृष्ठ–58.

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**

**Paper Recieved : 5th Aug. 2024** **Paper Accepted : 15th Aug. 2024**

# हिन्दी कहानियों में चित्रित स्त्री जीवन की सांध्य-बेला ( वृद्ध-विमर्श )

**डॉ. अनिता सिंह***

**शोध-सारांश**

*सइस शोध–पत्र का उद्देश्य वर्तमान में अकेली पड़ती जा रही वृद्ध स्त्रियों के जीवन को कहानियों में रेखांकित करना है जो वृद्ध विमर्श के पूर्व ही अथवा बिना किसी विमर्श के टैग के लिखी गई थीं। वास्तव में किसी भी विधा में लिखी गई रचना की प्रासंगिकता ही उसे सार्थकता प्रदान करती है। कोई भी विमर्श एक विशद विषय को अछूता छोड़कर व्यापक विमर्श नहीं बन सकता। अतः ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि इन विमर्शों पर निरंतर चर्चा की जाए। उन कहानियों, उपन्यासों, कविताओं को सामने लाया जाए जहां–जहाँ इनकी उपस्थिति दर्ज है। वृद्ध जीवन पर अभी उतनी रचनाएँ नहीं आ रही साथ ही इसे विमर्श के तौर पर भी उतने कारगर ढंग से नहीं सोचा जा रहा। परंतु जो विमर्श सशक्त ढंग से स्थापित हो चुकें हैं उनके तहत इन पर क्यों ना चर्चा की जाए ? आखिर स्त्री हो पुरुष, वृद्ध जीवन के अतिरिक्त सभी अवस्थाओं में अपना काम कर सकता है, परिवार तथा समाज की जिम्मेदारियों को पूरा करता हुआ, उनमें रचा बसा मनुष्य उम्र के इस पड़ाव पर आते ही उसी परिवार समाज के लिए बोझ बन जाता है। अब यहाँ यह रेखांकित करना जरूरी है कि स्त्री पुरुष की वृद्धावस्था की दशाओं में भी भिन्नता है। रोजगार में होने से वृद्ध होने पर भी आर्थिक रूप से पुरुष उतना असहाय नहीं होता जितनी एक स्त्री हो जाती है। अतः यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि स्त्री–विमर्श में मात्र देह–विमर्श या महानगरीय, शिक्षित कामकाजी स्त्रियों के मुद्दे लेने के साथ ही स्त्रीजीवन के सबसे कष्टप्रद वृद्धावस्था की पीड़ाओं को अभिव्यक्त करने वाली कहानियों, उपन्यासों को सामने लाया जाए।*

***बीज शब्द***–*सहजीवन, अकेलापन, वृद्धावस्था, स्त्री–विमर्श।*

* *अतिथि व्याख्याता (हिन्दी–विभाग),* PONDICHERRY UNIVERSITY], Puducherry- INDIA
Email: dranitasngh@gmail-com, मोबाइल नं–7094533640

स्त्री–विमर्श निःसंदेह समाज और साहित्य का एक अति महत्त्वपूर्ण विमर्श है। हिन्दी उपन्यास या कहानी, इनका उद्भव ही स्त्री–केंद्रित विषयों से हुआ है। प्रारम्भिक साहित्यकार से लेकर कथा सम्राट प्रेमचंद और उनके समकालीन रचनाकारों की रचनाएँ स्त्री जीवन के अनेक प्रश्नों और चिंताओं से सराबोर हैं। परंतु फिर भी एक विमर्श के तौर पर यह आधुनिक समाज और साहित्य की ही उपलब्धि मानी जाती है। वर्तमान में जबकि इक्कीसवीं सदी के दो दशक व्यतीत हो चुके हैं, स्त्री–विमर्श अभी भी अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। हर सर्जक का अपना एक निजी दृष्टिकोण होता है, प्रत्येक विचारधारा, प्रत्येक आंदोलन और प्रत्येक मुद्दों पर भिन्न–भिन्न मतदृमतांतर होते ही हैं। पिछले दिनों प्रेमचंद साहित्य के स्त्री–चरित्र और रेणु जी के साहित्य के स्त्री चरित्र पर खासी बहसें भी पाठक देख सुन चुके हैं। जब दो रचनाओं के बीच समय का अंतराल हो तो दृष्टिकोण में अंतर होगा ही। आशय यही है कि समय के साथ ही समाज बदलता है और इसी के साथ साथ साहित्य में भी नए वाद और विमर्शों को स्थान मिलता है। अतः यह स्वाभाविक है कि स्त्री–विमर्श भी समय के साथ अनेक–अनेक पक्षों को लेकर उपस्थित होगा। माँ की कोख में पल रही अजन्मी बच्ची हो या दो वर्ष की बच्ची अथवा वयोवृद्ध स्त्री, सभी इस विमर्श के ही दायरे में आएंगे। स्त्री–विमर्श का एक प्रमुख और चर्चित मुद्दा स्त्री–पुरुष के संबंध हैं। सहजीवन, प्रेम, विवाह आदि पर प्रचूर मात्रा में रचनाएँ आती रही हैं। एक गुट बनाकर कुछ मुद्दों पर महज सनसनी फैलाने वाली कहानियों और कविताओं के साथ रातों रात साहित्यकार बनने की होड़ भी पाठक देख सुन रहा है। महानगरीय कामकाजी स्त्रियों तथा उनके कार्यस्थल के वातावरण, परिवार से उनके संबंध, उनके अकेलेपन, अवसाद, कुंठायें, घुटन तथा स्वछन्द जीवन पर ही लेखन को स्त्री–विमर्श का केंद्र समझ लिया गया है परंतु एक सजग पाठक के तौर पर अगर देखा जाए तो क्या इनमें हमारे समाज के, परिवार के, पास–पड़ोस के अपने जीवन की सांध्य बेला में अकेली पड़ गई वयोवृद्ध स्त्री हैं ? क्या समकालीन स्त्री–विमर्श में इस वर्ग की स्त्रियों के जीवन तथा उनकी समस्याओं पर चिंतन किया जा रहा है ? वास्तव में किसी भी विधा में लिखी गई रचना की प्रासंगिकता ही उसे सार्थकता प्रदान करती है। कोई भी विमर्श एक विशद विषय को अछूता छोड़कर व्यापक विमर्श नहीं बन सकता। अतः ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि इन विमर्शों पर निरंतर चर्चा की जाए। उन कहानियों, उपन्यासों, कविताओं को सामने लाया जाए जहां–जहाँ इनकी उपस्थिति दर्ज है। वृद्ध जीवन पर अभी उतनी रचनाएँ नहीं आ रही साथ ही इसे विमर्श के तौर पर भी उतने कारगर ढंग से नहीं सोचा जा रहा। परंतु जो विमर्श सशक्त ढंग से स्थापित हो चुकें हैं उनके तहत इन पर क्यों ना चर्चा की जाए?

अगर स्त्री–विमर्श को ही लें तो आश्चर्यजनक ढंग से हम इस विषय पर लिखी रचनाओं को पढ़ सकते हैं। आखिर स्त्री हो पुरुष, वृद्ध जीवन के अतिरिक्त सभी अवस्थाओं में अपना काम कर सकता है, परिवार तथा समाज की जिम्मेदारियों को पूरा करता हुआ, उनमें रचा बसा मनुष्य उम्र के इस पड़ाव पर आते ही उसी परिवार समाज के लिए बोझ बन जाता है। अब यहाँ यह रेखांकित करना जरूरी है कि स्त्री पुरुष की वृद्धावस्था की दशाओं में भी भिन्नता है। रोजगार में होने से वृद्ध होने पर भी आर्थिक रूप से पुरुष उतना असहाय नहीं होता जितनी एक स्त्री हो जाती है। शारीरिक बल खो चुकी बीमार स्त्री परिवार के लिए किसी काम लायक नहीं समझी जाती। पति के रहते जो थोड़ा बहुत आत्मबल रहता है, पति की मृत्यु के बाद वह भी चला जाता। इस बेहद मर्मांतक प्रसंग

को मालती जोशी की कहानी 'कबाड़' में देख सकते हैं जहाँ कहानी के प्रारंभ में ही बहु अपनी ननद से कहती है कि "ननद रानी नए घर में जा रही हैं तो अपना कबाड़ यहाँ फेंक कर जा रही हैं। एक जिंदा कबाड़ हम ढो ही रहे हैं, इसे भी ढो लेंगे। "जिंदा कबाड़ यानि की माँ। छाती में एक कील सी गड गई।"[1] इस दारुण दशा को अभिव्यक्त करती हुई भीष्म साहनी की कहानी में 'शामनाथ की माँ' को पाठक भूले नहीं होंगे जहाँ मेहमान के आने पर सिर के बाल झड़ चुकने और अस्तव्यस्त कपड़ों में रहने वाली माँ को छिपाने के प्रयत्न में पूरा परिवार ही जुट गया था। भीष्म साहनी ने बिना किसी विमर्श के बैनर तले स्त्री की वृद्धावस्था को बेहद करुणा और यथार्थ बोध के साथ अंकित किया था। असल में आधुनिक समाज जो चीज अपने लिए आवश्यक मानता है उसे अपनाकर बाकी सब बहुत निर्ममता से त्याग देता है। संबंधों के रिसते चले जाने की यह एक बहुत बड़ी वजह है। गर्भ में नौ महीने तक संतान को धारण करने वाली जननी कहाँ सोच पाती है कि वृद्ध होने पर वो अपने बच्चों के बीच पेंडलूम की भांति झूलती रह जाएगी। आज यहाँ तो कल वहाँ ...। इसका एक दृश्य मालती जोशी की कहानी "साँझ की बेला, पंछी अकेला" में चित्रित है। "अकेलेपन से निजात पाने के लिए माँ ने कुछ कमरे छात्रों को किराये पर दिए थे पर पिताजी की मृत्यु के बाद वह भी कठिन हो गया। घर का रखरखाव माँ के बस की बात नहीं थी इसलिए कभी इस बेटे के पास तो कभी उस बेटे के पास रहीं।"[2]

मोहन राकेश की कहानी "आद्रा" की माँ "वचन" भी इसी प्रसंग में याद आ रही जो एक बेरोजगार बेटे के पास से दूसरे समृद्ध बेटे के पास रहने जाती है पर वहाँ भी बस एक कमरे तक सिमटी रहती है। वृद्धावस्था की समस्या उम्र से कम, मन से ज्यादा जुड़ी है। नई पीढ़ी के समक्ष हीनताबोध से ग्रस्त होकर स्वयं ही कुंठाओ में कैद वृद्ध लोगों को इससे मुक्त करने की जिम्मेदारी परिवार और समाज की है। समय के साथ स्वयं को परिवर्तित करना आवश्यक है। मालती जोशी की कहानी का प्रसंग इसी बात को प्रत्यक्ष करता है "अपने मध्यमवर्गीय कस्बाई संस्कारों के कारण दोनों हीनताबोध से ग्रस्त रहे। हमेशा दयनीय से नजर आते। माँ तो हमेशा डरी–सहमी रहती थीं कि उनकी किसी बात से या काम से बेटे की किरकिरी ना हो जाए। आठ दस दिन बाद ही उनका मन भागू–भागू करने लगता था और उन्हे रोकना कठिन हो जाता था।"[3]

आज परिवार में रहते हुए भी अकेली पड़ चुकी वृद्ध स्त्रियों के विषय में जो उदासीनता पसरी है, वह निश्चित रूप से निंदनीय है। अभी ज्यादा वक्त तो नहीं गुजरा जब परिवार में तीन पीढ़ियाँ एक साथ रहा करती थी। परवरिश माँ ही करती थी पर दादी–नानी से जो मूल्य और संस्कार मिलते थे, वह तो अब स्वप्न होते जा रहे। दादी–नानी की कहानियों की जगह अब इंटरनेट ने ले ली है। इस विषय पर एक बहुत ही सुंदर कहानी "कांसे का गिलास" जिसकी लेखिका सुधा अरोड़ा हैं, स्मरण हो रही जिसमें एक दादी अपनी पोती को अपने बचपन की और अपनी दादी की कहानी सुना रही।

आज विमर्श के ही तहत लिखे पढे जाने की परंपरा के कारण किसी रचना के सभी पक्षों पर ध्यान नहीं देते हालांकि विमर्श के तहत पढे जाने वाली रचनाओं और रचे जाने वाले साहित्य का अपना नफा–नुकसान भी हैं। बहुत सी कृतियाँ किसी विमर्श के दायरे में नहीं आने के कारण अनपढ़ी रह जाती हैं या उन पर चर्चा ही नहीं होती। अन्यथा स्त्री–विमर्श में वृद्ध स्त्रियों पर केंद्रित कहानियों पर इतनी कम चर्चा नहीं होती। बहुत आवश्यक है कि वर्षों पूर्व ( जब विमर्शों का चलन

नहीं था ) लिखी गई कहानियों में इस पक्ष पर ध्यान दिया जाए, उन्हें सामने लाया जाए। प्रेमचंद की कहानी "बेटों वाली विधवा", "माँ" कहानी हो या "बूढ़ी काकी'' हो या भीष्म साहनी , यशपाल आदि की रचनाओं के साथ साथ आगे चलकर अनेक लेखिकाओं ने इस विषय पर बड़ी ही सशक्त लेखनी चलाई है। मृदुला गर्ग की कुछ कहानियाँ 'उधार की हवा', 'बांसफल' और 'छत पर दस्तक', मन्नू भण्डारी की कहानियाँ जैसे 'अकेली' और 'मजबूरी' हो अथवा शिवानी की कहानी 'दादी' और 'माई'। इसी तरह कमल कुमार की 'अम्मा', मंजुल भगत की 'दादी का बटुआ' तथा सूर्यबाला की कहानियाँ 'दादी का खजाना' और 'दादी और रिमोट' हो या इसके दशकों पूर्व विशिष्ट कवयित्री के रूप में अपनी पहचान रखने वाली सुभद्रा कुमारी चौहान की लोकप्रिय कहानी 'कैलाशी नानी' हो, इन सब के केंद्र में अकेली पड़ गई वृद्ध महिलायें ही हैं।

इन कहानियों में उन परिस्थितियों को दर्शाया गया है जिसके कारण पूरे परिवार को अपने दमखम से संचालित करने वाली स्त्री उसी परिवार में बोझ समझ ली जाती है। यह स्वाभाविक है कि जैसे–जैसे मनुष्य बुढ़ापे की ओर अग्रसर होता है वैसे–वैसे अकेलापन, घुटन, भय, असुरक्षा की भावना उसके मन में घर बनाने लगती हैद्य बदलती परिस्थितियों में इस उम्र के मनोविज्ञान को समझना अत्यंत आवश्यक है। असल में नब्बे के दशक के बाद से ही विश्व का आर्थिक परिदृश्य बदलने लगा था और इस बदलाव की आंधी भुमंडलीकरण और बाजारीकरण के रूप में भारत में भी अपने पैर पसार रही थी। हमारे देश की तत्कालीन पीढ़ी डाक्टर, इंजीनीयर, सिविल सर्विस के साथ–साथ नयी नयी नौकरियों के मोहपाश में खिंची चली गयी और जैसा कि विदित है कि तत्कालीन सामाजिक राजनीतिक स्थितियाँ भी इसके लिए कम जिम्मेदार नहीं। पीढ़ीओं से एक स्थान पर ही रहने के कारण, घर गृहस्थी, खेती–बारी के कारण चाहकर भी माता दृपिता अपनी संतान के पास नगर में नहीं आ सकते। यह स्थिति सिर्फ गाँव ही नहीं नगरों–महानगरों में भी दिख रहा। ममता कालिया के उपन्यास 'दौड़' की माँ रेखा आर्थिक रूप से समृद्ध है जीवन यापन के लिए वे अपने पुत्र पर निर्भर नहीं। पर लेखिका की सूक्ष्म दृष्टि रेखा के मनोभावों को दर्शा रहीं। रेखा समृद्ध कॉलोनी में अपने पति के साथ रह रही हैं। अपने आस पास के लोगों के जीवन पर नजर डालते ही वो अपने भविष्य के प्रति आशंकित हो उठती है। "पता चला किसी के घर में वैक्यूम क्लीनर पड़ा धूल खा रहा है तो किसी के यहाँ फूड प्रोसेसर। गृहस्थ जीवन में अपनी सारी उमंग खर्च कर चुकी ये महिलाएँ एकरसता का चलता–फिरता, घुटता–कराहता दस्तावेज थीं।"[4] वृद्धावस्था में माँ बाप संतानों की निकटता और उनका सानिध्य चाहते हैं परन्तु अतीत और वर्त्तमान को परे धकेलकर सिर्फ भविष्य पर केन्द्रित नौजवान पीढ़ी अपने माता पिता को अकेलापन और सन्नाटा ही दे पा रही है। "क्या दिन थे वे ! तब इनकी दुनिया की धुरी माँ थी, उसी में इनका ब्रह्मांड और ब्रह्म, माँकी गोद इनका झूला–पालना और पलंग। रेखा के कलेजे में हूक–सी उठती, कितनी जल्दी गुजर गए वो दिन। अब तो दिन महीनो में बदल जाते हैं और महीने साल में । वह अपने बच्चों को भर नजर देख भी नहीं पाती द्य"5 रेखा की वेदना तब और भी बढ़ जाती है जब पवन अपने छोटे भाई को भी गुजरात चलने का सलाह देता है, इस अवसर पर उसके द्वारा कहे गए शब्द जैसे लेखिका आज के समय को शब्द दे रही हो। रेखा कहती है दृ 'इसको भी ले जाओगे तो हम दोनों बिलकुल अकेले रह जायेंगे, वैसेही सीनियर सिटिजन कालोनी बनती जा रही है। सबके बच्चे पढलिख कर बाहर चले जा रहे हैं। हर घर में, समझो, एक बूढ़ा, एक

बूढी, एक कुत्ता और एक कार बस यही रह गया है"।[6] लेखिका छोटे छोटे वाक्यों से अकेली पड़ गई माँ की व्यथा दर्शा रही हैं। ''रेखा बावली बन इधर–उधर कमरों में बच्चो को टोहती पर कमरों की वीरानी में कोई तबदीली नही", "बच्चे घर के तंतुजाल में किस कदर समाये होते हैं, यह उनकी गैर मौजूदगी में ही पता चलता है"।[7]

वरिष्ठ कथाकार डॉ. रामदरश मिश्र की कहानी 'माँ, सन्नाटा और बजता हुआ रेडियो' की पंक्तियाँ इस संदर्भ में दृष्टव्य है "गाँव से कल ही लौटा हूँ, माँ का क्रिया–कर्म करके एक अजब सन्नाटा मन में अंटा पड़ा है.."[8] "तुम्हारी माँ तुम्हें देखने को तड़पती रह गई, उनकी आँखों में अंतिम दम तक जैसे एक ही प्यास थी, तुम्हें देखने की। तुम समय से आ न सके द्य" मेरे भीतर एक हूल सी मारने लगी, माँ की तरल निरीह आंखे मुझमें भर आई। मैं भीतर भीतर गलने लगा।"[9] डॉ. रामदरश मिश्र की एक और कहानी 'अकेला मकान' की फुआ का चरित्र जो पूरे गाँव के लोगों के तीज त्योहारों में रौनक बढ़ाती परंतु अपने घर में सिसकती रहती। "लोग तो इन्हें बाहर ही बाहर देखते हैं, घर के अकेले में तो कोई नहीं देखता, मुझे माँ का कहा याद आ गया कि फुआ का घर कहाँ है? सचमुच अकेलेपन से भरा घर कोई घर होता है?"[10]

असल में स्त्री के जीवन में विवाह एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण मोड़ है। वह विवाह और विवाह के बाद की स्थितियाँ मातृत्व या संतान–हीनता अथवा तलाक आदि पर पुरुष की अपेक्षा ज्यादा दंश झेलती है। कामकाजी तथा महानगरीय स्त्री की चुनौतियाँ अलग हैं परंतु कस्बाई क्षेत्रों में, गाँवों में परिवार द्वारा उपेक्षित अथवा निराश्रित महिलाओं की दशा इस उम्र में आकर और भी कष्टप्रद हो जाती है। स्त्री–विमर्श की प्रवर्तक के रूप में विख्यात फ्रेंच लेखिका सिमोन ने स्त्री–विमर्श के साथ ही वृद्धावस्था पर भी चिंतन मनन तथा लेखन किया था। 1970 में प्रकाशित उनकी शोधकृति 'ला विऐससे' इसका प्रमाण है। उन्होंने स्त्री–विमर्श के विविध पहलुओं के साथ साथ साहित्य में वृद्ध जन की उपस्थिति पर भी जोर दिया। पूंजीवाद के बढ़ते प्रभाव के कारण परिवार अभी और भी विघटित होंगे जिसका प्रभाव वृद्ध माता–पिता और उसमें भी वृद्ध स्त्री पर ज्यादा पड़ेगा। लेखिका सिमोन की चिंताएँ आज का सत्य बन चुकी हैं।

विदित हो कि सन 2000 को 'राष्ट्रीय वृद्धजन वर्ष घोषित किया गया था। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा किये गए आकंलन से ज्ञात होता है कि भारत में सन 2030 तक 19.8 करोड़ वृद्ध व्यक्ति होंगे और सन 2050 में 32.6 करोड़ व्यक्ति। इतनी बड़ी आबादी के समूह में स्त्रियाँ भी भारी संख्या में मौजूद होंगी। इतनी बड़ी आबादी के जीवन, उनके दृष्टिकोण तथा उनके दिशादृदशा को परिलक्षित करने वाले उपन्यास–कहानी कितने हैं? वर्तमान के सेटेलाइट समय ने जीवनशैली को बदल दिया है और लगातार बदल रही जीवन शैली से अंततः जीवन मूल्यों में भी बदलाव होता है। दो पीढ़ियों का टकराव कोई नया नहीं है। अतः यह बहुत महत्त्वपूर्ण हो गया है कि स्त्री–विमर्श में मात्र देह–विमर्श या महानगरीय, शिक्षित कामकाजी स्त्रियों के मुद्दे लेने के साथ ही स्त्रीजीवन के सबसे कष्टप्रद वृद्धावस्था की पीड़ाओं को अभिव्यक्त करने वाली कहानियों, उपन्यासों को सामने लाया जाए ताकि इन पर और प्रभावी रूप से चिंतन मनन करके उन स्थितियों को बदलने का प्रयास किया जाए। निःसंदेह स्त्री–जीवन की इस व्यथा को स्त्री अपने अनुभूत सत्य के कारण संवेदनशीलता और प्रामाणिकता के साथ उकेर सकती है जिससे परिवार समाज की इन वृद्ध स्त्रियों के जीवन की सांध्य बेला थोड़ी सहज और सरस बन सकें। साहित्य की सार्थकता और उद्देश्य भी यही है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. मालती जोशी : वो तेरा घर ये मेरा घर , परमेश्वरी प्रकाशन , दिल्ली , वर्ष 2010, पृष्ठ–67
2. मालती जोशी : वो तेरा घर ये मेरा घर, परमेश्वरी प्रकाशन, दिल्ली, वर्ष 2010, पृष्ठ– 21
3. मालती जोशी : वो तेरा घर ये मेरा घर, परमेश्वरी प्रकाशन, दिल्ली, वर्ष 2010, पृष्ठ– 22
4. ममता कालिया, उपन्यास–दौड़, हिन्दी समय से साभार
5. ममता कालिया, उपन्यास–दौड़, हिन्दी समय से साभार
6. ममता कालिया, उपन्यास–दौड़, हिन्दी समय से साभार
7. ममता कालिया, उपन्यास–दौड़, हिन्दी समय से साभार
8. डॉ. रामदरश मिश्र, चर्चित कहानियाँ, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रकाशन वर्ष 2001, पृष्ठ–46
9. डॉ. रामदरश मिश्र, चर्चित कहानियाँ, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रकाशन वर्ष 2001, पृष्ठ–47
10. डॉ. रामदरश मिश्र, चर्चित कहानियाँ, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रकाशन वर्ष 2001, पृष्ठ–90

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 15th Aug. 2024** **Paper Accepted : 30th Aug. 2024**

# राष्ट्र की प्रगति में शिक्षक के कार्य

**डॉ. शशि पाठक***

**शोध-सारांश**

*बच्चे किसी भी देश के भविष्य होते हैं और बच्चों के भविष्य–निर्माण में एक शिक्षक की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक और छात्र का संबंध कुम्हार और माटी जैसा संबंध होता है। हमेशा से शिष्य के प्रति गुरु का दायित्व प्रमुख रहता आया है। चाहे वह अतीत में रहा हो या वर्तमान में रहे और यह आवश्यक भी है, महर्षि अरविन्द जी ने कहा था कि, ''किसी देश का वास्तविक निर्माता उस देश का शिक्षक होता है।'' इसी से पता चलता है कि शिक्षक का कितना आदर और महत्त्व है। शिक्षक सदैव बालक को अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। एक शिक्षक ही बच्चों को अपनी ज्ञान रूपी गंगा में स्नान कराके अच्छा नागरिक बनाने की हर संभव कोशिश करता है। शिक्षक का कर्त्तव्य छात्रों को शिक्षित करने के साथ–साथ उन्हें संस्कारों का भी ज्ञान देना है। शिक्षक बालकों को उनकी योग्यता, रुचि आदि के अनुसार शिक्षा प्रदान करता है। वह छात्रों को ज्ञान व क्रिया का अधिगम कराने के लिए उचित वातावरण की तैयारी करता है। ताकि बालक को सफलता मिले और अच्छे व्यक्तित्त्व का निर्माण हो सके।*

***बीज शब्द***–*शिक्षक, अभिभावक, सलाहकार, उत्तरदायित्व, मानसिकता।*

**प्रस्तावना**

प्राचीन काल से आज तक शिक्षक को समाज के आदर्श व्यक्तित्त्व के रूप में स्वीकारा जाता है। यह तो निश्चित ही है कि बालक के व्यक्तित्त्व निर्माण में शिक्षक की अद्वितीय भूमिका है। मनोवैज्ञानिकता के प्रभाव ने शिक्षा को बाल केन्द्रित बना दिया है। आधुनिक शिक्षा पद्धति में शिक्षक, शिक्षक होने के साथ–साथ अभिभावक, नेता, निर्देशक, सहयोगी, सलाहकार तथा निष्पक्ष निर्णायक आदि अनेक भूमिकाओं का निर्वाह करता है।

बालकों के सहयोग के लिए आज का शिक्षक हर सम्भव कोशिश करता है। स्वामी विवेकानन्द जी का कहना था, ''भारत में ऐसी शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए जहाँ मन की शक्ति में वृद्धि, बुद्धि का विस्तार, मानसिक जागृति का विकास हो, साथ ही, अच्छे चरित्र का निर्माण हो, जिससे बालक में

* असि. प्रोफेसर, एस.के.डी. विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ (राजस्थान)

व्यक्तित्त्व का विकास निखर कर आये।'' समय के साथ–साथ नए–नए प्रयोगों और अविष्कारों ने हर व्यवसाय एवं पद के स्वरूप को बदल दिया है।

प्राचीन काल में शिक्षा का उद्देश्य 'सा विद्या या विमुक्तये' रहा, अर्थात् विद्या वहीं है, जो मुक्ति दिलाए। आज शिक्षा का उद्देश्य 'सा विद्या या नुिक्तये' हो गया है अर्थात विद्या वहीं है जो नियुक्ति दिलाये। इस दृष्टि से शिक्षा के बदलते अर्थ ने समाज की मानसिकता को बदल दिया है। यही कारण है कि आज समाज में लोग केवल शिक्षित होना चाहते हैं। इस तरह से शिक्षित होना चाहते है कि ज्ञान का सीधा संबंध उनकी आय से ही हो। ऐसा ज्ञान जिससे अधिक–से–अधिक धन और उच्च पद को ग्रहण किया जाए, वही शिक्षा कारगार है। दूसरी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि, आज अभिभावकों की सोच अपने बच्चों के प्रति अधिक संवेदनशील बनती चली जा रही है। वे स्वयं कुछ नहीं करने देना चाहते। ऐसे में शिक्षक का विद्यार्थियों को उचित ढंग से प्रशिक्षित करना अत्यन्त आवश्यक हो जाता है।

बच्चे अपने प्रथम गुरु अर्थात् माता–पिता से ही सच बोलना सीखते हैं। जब वे छोटी–छोटी बात पर माता–पिता को झूठ बोलते देखते हैं तो स्वतः ही वे झूठ बोलने लग जाते हैं। गॉधी जी ने सत्य के प्रयोग पुस्तक में सही बताया है कि जो कार्य हम स्वयं करते है उस कार्य को बच्चों को करने से मना कैसे कर सकते हैं, क्या बच्चों पर उसका प्रभाव नहीं पड़ेगा? गाँधी जी शिक्षक के चरित्र और उसके द्वारा शिक्षार्थियों के चरित्र–निर्माण पर विशेष बल देते थे। गाँधी जी का मानना था कि आत्मा की कसरत शिक्षक के आचरण द्वारा ही प्राप्त की जा सकती है। अतएव युवक हाजिर हो चाहे न हो, शिक्षक को सावधान रहना चाहिए। शिक्षक कहीं भी बैठा हो वह अपने आचरण द्वारा अपने शिष्यों की आत्मा को हिला सकता है। यदि शिक्षक स्वयं झूठ बोले और अपने शिष्यों को सच्चा बनाने का प्रयत्न करे, तो वह व्यर्थ ही होगा। जो शिक्षक स्वयं वीर न हो वह अपने शिष्यों को वीरता नहीं सिखा सकता है। चरित्रहीन शिक्षक शिष्यों को संयम किस प्रकार सिखाएगा? शिक्षक को स्वयं के लिए नहीं बल्कि अपने शिष्यों के लिए अच्छा बनना और रहना चाहिए। हमारे वैदिक कालीन शिक्षक आचरण संरक्षणकर्त्ता, सामाजिक नीतिशास्त्र एवं धर्मशास्त्र के व्याख्याता और ऐसे उत्सर्ग करने वाले अध्यापक होते थे, जो छात्रों की आंतरिक क्षमताओं को सुदृढ़ कर देते थे। आज भी वैदिक अध्यापकों की तरह ऐसे क्षमतावान अध्यापक पैदा किया जा सकते हैं जो कक्षा में पूरी तैयारी के साथ जाते हो, संप्रत्ययों का सही स्पष्टीकरण अच्छी व्याख्या के साथ करते हों और उन्हें हम प्रभावशाली शिक्षक के रूप में जानें।

यदि हम प्राचीन शिक्षा पद्धति की तरफ देखते हैं तो गुरुकुल शिक्षा पद्धति पर सदैव हमें गर्व होता है। जहाँ गुरु और शिष्य परम्परा का आदर्श था। वहाँ शिक्षक शिष्य के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं सम्पूर्ण व्यक्तित्त्व का सर्वांगीण विकास कराते थे। कभी विश्व विख्यात नालन्दा विश्व–विद्यालय, तक्षशिला में कर्म–धर्म एवं श्रम की सम्पूर्ण शिक्षा दी जाती थी। भारत में अभी कुछ जगह ऐसे है जहाँ गुरुकुल पद्धति की शिक्षा दी जाती है। सम्पूर्ण व्यक्तित्त्व विकास के लिए हमें आधुनिकता के साथ प्राचीन ज्ञान–शक्ति का अवलोकन कर उसे आत्मसात् करना होगा। वर्तमान में बदल रहे शिक्षकीय मूल्यों को ध्यान में रखते हुए एक ऐसी सुदृढ़ शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें शिक्षक के साथ विद्यार्थियों की भी सक्रिय सहभागिता हो। अतः नवीन शिक्षक पद्धतियों, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सदी के बदल रहे शिक्षाशास्त्र से समायोजन बिठाना होगा। यह कार्य समाज, शिक्षक एवं सरकार के संयुक्त प्रयासों से ही संभव हो सकेगा। शिक्षा मन, शरीर, बुद्धि और आत्मा के विकास का साधन है। विद्यार्थियों को प्रकाश पुंज बनाना है तो उसमें

माता–पिता एवं शिक्षक का अत्यंत महत्त्वपूर्ण कार्य है।

''तमसो माँ ज्योतिर्गमय'' यानि अंधेरे से उजाले की ओर ले जाना। यह भूमिका शिक्षक की होती है। विद्यालय की संस्कृति एक साझा सकारात्मक संस्कृति का विकास पथ है, जहाँ पाठ्यचर्या में विद्यार्थियों का समूह शामिल होता है। जिसके पथ–प्रदर्शक शिक्षक होते हैं, जहाँ ज्ञान साध्य है, वहीं शिक्षा उस ज्ञान को प्राप्त करने का साधन है। यह कार्य कराने के लिए शिक्षक अहम् भूमिका निभाते हैं।

शिक्षक का कर्तव्य बन जाता है कि अपने बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक ही सीमित न रखे। पुस्तक का ज्ञान तो मात्र परीक्षा उत्तीर्ण करने का साधन होता है। अंकों को पाने का एक उपक्रम होता है। लेकिन हम बालक को विभिन्न चीजों से जोड़कर उनके व्यक्तित्त्व का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। बालक को सामज के ही उन चीजों से जोड़ा जाए जिससे उन्हें अपने परिवेश, समाज से जुड़ने में मदद मिले। शैक्षिक एवं प्रबंधकीय कार्यो में आज दायित्व बोध का अभाव है। नयी शिक्षा नीति विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को शैक्षिक संस्थाओं में अधिक से अधिक स्वायत्ता देने की वकालत करती है। यदि हम अच्छे अध्यापक पा सकते हैं तो निश्चित ही उनमें दायित्व बोध की भावना होगी और राष्ट्र के भविष्य की शिक्षा कभी भी धूमिल नहीं होगी। अध्यापकों को शिक्षण विधि एवं पाठ्य पुस्तकों के चयन एवं विचारों के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तो मिलनी ही चाहिए जिससे वे उन्मुक्त और स्वतंत्र वातावरण में शिक्षक एवं शोध कार्यो का मूल्यांकन भी समय–समय पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, समाज तथा शिक्षार्थियों द्वारा किया जाना चाहिए। इससे शिक्षक के अपने व्यवसाय के प्रति मूल्यांकन द्वारा दायित्व की भावना का पता लगेगा।

बहुमुखी विकास एवं देश के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है और अच्छी शिक्षा के लिए योग्य शिक्षकों की, योग्य शिक्षकों के लिए उच्चकोटि की शिक्षा व्यवस्था की जरूरत है। जो किसी उत्तम कोटि के शिक्षा संस्थान में ही सम्भव है उत्तम कोटि के अध्यापक के द्वारा ही देश की भावी पीढ़ी (बालक) के व्यक्तित्त्व का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। सभी शिक्षक जन्मजात कुशल नहीं होते, अतः शिक्षण कला में दक्षता एवं पूर्णता हेतु आवश्यक है। आधुनिक शिक्षा पद्धति में शिक्षक मानवतावादी जब सीखना चाहे, जैसे–सीखना चाहे, यह उसका अधिकार है। अतः यह अवसर उसे मिलना चाहिए। इसलिए आज औपचारिक शिक्षा के स्थान पर खुली शिक्षा के रूप को भी समर्थन मिला है। अतः आज के शिक्षक सब सदियों के शिक्षकों से भिन्न दिखाई देते हैं वे विद्यार्थी से दूर रहकर भी शिक्षा प्रदान करने लगे हैं। जैसे –Online Education इसमें इन्टरनेट के माध्यम से पूरे विश्व में कही भी रह रहे विद्यार्थी को शिक्षा प्रदान की जा सकती है। आजकल शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अधिक भाग दौड़ मची है। जहाँ बालक को सही ज्ञान न होने पर या उचित जानकारी न रहने पर उसे बहुत समस्या हो जाती है दूर जा कर पढ़ाई करने में ऐसे में Online Education उचित मार्गदर्शन है। जिसमें जिस क्षेत्र में आपको अपनी पढ़ाई जारी रखनी है। उसी क्षेत्र में उचित मार्गदर्शकों के द्वारा पढ़ाई जारी रखी जा सकती है। Online Education समय उपयोगी भी होता है।

एक अच्छे अध्यापक का व्यवहार आज के संदर्भ में मित्रवत् होना चाहिए। मित्रवत् व्यवहार होने पर छात्र अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को खुलकर प्रकट कर सकते हैं। अध्यापकों से भय का भाव उन्हें अपने से दूर करता चला जाता है। वे कद और भार में तो शारीरिक रूप से बढ़ते रहते हैं, लेकिन मानसिक रूप से उनका विकास नहीं होता है। इससे शिक्षक द्वारा दिया गया ज्ञान व्यर्थ हो जाता है। वैसे शिक्षक भी विद्यार्थियों को डॉटता है, फटकारता है डाँट, फटकार के जरिए समझाने

का प्रयास करता है। कभी–कभी इस डाँट, फटकार का असर विद्यार्थियों पर उलटा पड़ता है और विद्यार्थियों का डर के कारण विद्यालय जाने का मन नहीं करता है। वे विद्यालय जाने से कतराने लगते हैं। घर से विद्यालय जाने की बजाय कहीं और घूमने–फिरने पहुँच जाते है ताकि विद्यालय का समय समाप्त हो और घर वापस जा सके। जब हालात ऐसे बिगड़ जाते हैं तो विद्यार्थी का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। इस कारण विद्यार्थी काफी तनाव में आ जाते है और विद्यार्थी उग्रता में आकर अमानवीय व्यवहार करने लगते हैं। धीरे–धीरे विद्यार्थी अपने साथियों के साथ ही अमानवीय यौन शोषण, हिंसा का वातावरण फैलाने लगते हैं। शिक्षक का मित्रवत् व्यवहार छात्रों के मन में आई भटकाव को दूर करता है, उन्हें भम्रित होने से बचाता है। जीवन संजीवनी का कार्य करने वाले अध्यापकों का प्रभाव निश्चित रूप से गुमराह छात्रों की दशा और दिशा बदलने में कारगार सिद्ध होगी। शिक्षण व्यवसाय निःसन्देह एक आदर्श व्यवसाय है। इसलिए शिक्षक के उत्तरदायित्व, उसकी भूमिकाएँ तथा उसके कार्य अधिक जिम्मेदारी पूर्ण हैं। आधुनिक शिक्षा पद्धति में शिक्षक के स्वरूप की संकल्पना करें तो लगता है शिक्षक वर्तमान प्रचलित शिक्षण पद्धतियों तथा कार्य प्रणाली के साथ परिवर्तित परिस्थितियों के अनुरूप अपने को बना रहा है। वह शिक्षक होने के नाते अच्छा मार्गदर्शक बनता है।

वह शिक्षण में नई एवं सामायिक विधियों, नव प्रौद्योगिकी तथा यांत्रिकी उपकरणों का प्रयोग करता है। वह प्रवेश प्रक्रिया, शिक्षा, मूल्यांकन तथा अभ्यास आदि में नव तकनीकों का प्रयोग भी करता है। शिक्षक बालकों का मित्र तथा सहयोगी के कारण वह अपनी भूमिका मार्गदर्शक के रूप में अदा करता है। साथ ही विद्यार्थियों में मूल्यों का विकास तथा राष्ट्रीय एकता के विकास में भी भूमिका निभाता है। अतः प्राचीन समय की तुलना में आधुनिक शिक्षा पद्धति में शिक्षक बालकों के अधिक नजदीक है।

किन्तु एक शिक्षक को इस नजदीकी के दायरे भी बरकरार रखना चाहिए। कभी–कभी आवश्यकता से अधिक नजदीकी भी घातक साबित होती है। आजकल शिक्षा व्यवस्था के प्रतिमान गिरते जा रहे है। शिक्षा जगत् में प्रायः जब छात्र अपने अध्यापकों को ही परस्पर लड़ते, झगड़ते हैं, निंदा करते देखते हैं तो उनका यह व्यवहार छात्रों को दुर्व्यहार ही सिखाता है। वे भी परस्पर ऐसा व्यवहार करने लग जाते है। आपसी मन मुटाव का प्रभाव छात्रों की शिक्षा पर भी पड़ता है। निश्चित रूप से छात्रों का परीक्षा परिणाम तो प्रभावित होता ही है साथ ही उनकी मानसिकता पर दुष्प्रभाव पड़ता है। शिक्षक नेता है जो विद्यार्थी का नेतृत्व करता है, विद्यार्थियों को सही दिशा निर्देश देता है। समाज और समय मांग के अनुसार विद्यालय में अनेकानेक क्रियाओं को आयोजित करता है अनेक प्रकार के मार्गो का उल्लेख करता है और बालक को सही रास्ता चयन करने में सहायता करता है। एक शिक्षक की अहम् भूमिका यह है कि वह उन विद्यार्थियों की ओर ध्यान केन्द्रित करें जो पढ़ने में कमजोर है तथा उनमें बेहतर समझदारी एवं सीखने की प्रवृत्ति विकसित करने का प्रयास करें। ऐसा शिक्षक ही वास्तविक गुरु होता है। महान शिक्षक एवं भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधा कृष्णन् शिक्षकों को सलाह देते थे कि हमें सतत् बौद्धिक निष्ठा एवं सार्वभौम करूणा की खोज में रहना चाहिए। ये दोनो गुण सच्चे शिक्षक की पहचान है।

**साहित्य समीक्षा**

**(1) सिमनी धरीफेकर 2017**–यह लेख यह बताता है कि वांछित लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने में स्कूल नेतृत्व महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गुणवत्ता शिक्षा को सार्थक बनाने में अध्यापको का नेतृत्व महत्त्वपूर्ण है, स्कूलों में परिवर्तन और सुधार इस अध्ययन में विशेष रूप से निर्देशात्मक

नेतृत्व की भूमिकायें प्रधानाध्यापक एक रणनीति का प्रथम पहलू है जो प्रभावी स्कूल वातावरण की दृष्टि से मिशन और लक्ष्यों के साथ ही निर्देश और मूल्यांकन को बढ़ावा देता है। इस अध्ययन का उद्देश्य निर्देशात्मक के बीच संबंधों की जाँच करना है स्कूल के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों की नौकरी की संतुष्टि के नेतृत्व का अभ्यास है। यह एक मात्रात्मक शोध है, इसमें सर्वेक्षण प्रश्नावली वितरित की गयी है।

**(2) वोल्गानी डी बंतविनी और अन्य 2016**—इस लेख पर शिक्षकों के काम पर राष्ट्र निर्माण और वैश्विक माँगों के प्रभाव का पता लगाते है और अपने काम को प्रभावित करने वाली इन विभिन्न भागों के दबाव से कैसे बचते है और सामान्जस्य स्थापित करते है यह दो अलग–अलग डेटा सेटो को आकर्षिक करते है जो पूर्वी केप प्राप्त दक्षिण अफ्रिका में किये गये अध्ययनों से उभरे है। इस शोध का निष्कर्ष राष्ट्र निर्माण और वैश्विक जनादेश के बीच के दरार को प्रकट करते है अधिकांश इच्छित परिवर्तनों ने माना कि शिक्षक जो भी बदलाव पेश किये जाते है उनके लिए तैयार और तैयार है। नतीजन शिक्षक उसके साथ आने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त नीति विकास और कार्यक्रमों को देश के इतिहास और धुँधले इलाकों को पहचानने की जरूरत है।

**(3) छन्नाह पिल्ले और मर्सी थामस 2014**—यह पेपर नीति में बदलाव के साथ सूझ होता है और सीमित समय सीमा के भीतर राष्ट्र व्यापी नीति को लागू करने में एम.ओ.ई. के सामने आने वाली चुनौतियों की जाँच करता है। इसके बाद शिक्षा मंत्रालय के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा विकसित पुनर्परीक्षण कार्यक्रम का विवरण दिया जायेगा ताकि गणित और विज्ञान के शिक्षकों को उनकी कक्षाओं में बदलाव को लागू करने के लिए तैयार किया जा सके। इसके आलावा प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए विभिन्न शैक्षिक एजेन्सियों की भूमिका भी शामिल है। यह मेले शियायी भाषा नीति में अंग्रेजी की भूमिका में बदलाव जबरदस्त चुनौतियाँ लेकर आया है।

**(4) सैम ओलुसेपी ओयेकेन 2018**—शिक्षा को अक्सर जीवन्त साधन माना जाता है और सतत् विकास के लिए परिवर्तन की ताकत स्थिर राजनीति और किसी भी प्रगतिशील के व्यवहार्य अर्थव्यवस्था राष्ट्र/स्कूल में एक समावेशी प्रदान करने की उम्मीद है रचनात्मक विकास के लिए बच्चों और युवाओं का प्रशिक्षण शोध उद्यमशीलता की पहल भी आलोचना स्थाई के माध्यम से लाभकारी जीवन अर्जित करने की क्षमता एक सुखद प्रत्याशा में धन सृजन इसका तात्पर्य है एक सुसंगत और कार्यात्मक शिक्षक की जगह शिक्षा जो सक्षम शिक्षकों का उत्पादन करेगी जहाँ एक स्कूल आधारित शिक्षण अभ्यास एक बन जाता है और वैश्विक सर्वश्रेष्ठ अभ्यास, जो निदेशात्मक सुविधा प्रदान करता है।

**(5) प्रो. शिवाजी ठेंग 2012**—एक पेड़ दो दिशाओं में बढ़ता है। सबसे बड़ी ऊँचाई बाहर है जहाँ हर कोई इसे देख सकता है लेकिन असली काम जड़ो में किया जाता है मानव संसाधन विकास किसका काम है? 'शिक्षक' और यह एक सत्य है कि कोई भी राष्ट्र नहीं कर सकता – उसके मानव संसाधनों से ऊपर–विकसित कर शिक्षक द्वारा प्रशिक्षित पेशेवर के पास सभी अपने है राष्ट्रीय विकास में योगदान, शिक्षा, आत्मज्ञान की एक प्रक्रिया है। इस पेपर का उद्देश्य पहली बारी दिखाना है किसी के जीवन में उद्देश्यों का संकेत कैसा है, जीवन में एक उद्देश्य होना, हम शिक्षक कैसे उत्प्रेरक बन सकते है। छात्रों का विकास करे राष्ट्र का विकास करना।

**निष्कर्ष**

एक शिक्षक में अपने पेशे के प्रति प्रतिबद्धता होना चाहिए। शिक्षक को जीवन भर अध्ययन करते रहना चाहिए। उसे शिक्षण और बच्चों से प्रेम होना

चाहिए। आधुनिक प्रौद्योगिकी की सहायता से शिक्षक छात्रों का ऐसा विकास करे कि वे बिना किसी शिक्षक की सहायता लिए स्वयं सीखने में सक्षम हो सके ज्ञान प्राप्ति के लिए चिंतन एवं कल्पना की स्वतंत्रता आवश्यक है और इसके लिए शिक्षक को उपयुक्त माहौल का निर्माण करना चाहिए। शिक्षक का एक महत्त्वपूर्ण रोल हमारे जीवन में होता है, वह हमें सिर्फ ज्ञान ही नहीं देता है बल्कि, हमारे जीवन को संवारते समय महान सपने और उद्देश्य प्रदान करता है। दूसरी बात यह कि शिक्षा एवं ज्ञानार्जन की पूरी प्रक्रिया का परिणाम यह होना चाहिए कि व्यक्ति में पेशेवर क्षमता का विकास हो और उसमें इस आत्मविश्वास और इच्छा शक्ति का उदय हो कि दृढ़तापूर्वक सारी बाधाओं को पार कर एक रूपरेखा का विकास कर सके और इस कार्य में शिक्षक सहायता करता है। एक शिक्षक का जीवन कई दीपों को प्रज्ज्वलित करता है। आशावादी और मूल्याधारित शिक्षण में विश्वास करने वाले प्राथमिक माध्यमिक, और कालेज शिक्षा के शिक्षार्थियों को कई दशक आगे के लिए तैयार करता है। शिक्षण का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना है तथा यह उद्देश्य शिक्षकों के अनुभव से सुदृढ़ होती है ताकि शिक्षण संस्थाओं से निकलने के बाद छात्रों में नेतृत्वकारी विशिष्टता आ जाए। अगर समाज में योग्य और चरित्रवान छात्र हो जायँ तो वर्तमान समाज को प्रत्येक वर्ष एक सुखद अहसास दिया जा सकता है। छात्रों को कई कठिनाई का सामना करना पड़ता है और हर एक के बारे जानने की जिज्ञासा भी बहुत होती है और इन सबके लिए वे अध्यापक पर निर्भर रहते हैं। उसके लिए उनका अध्यापक एक तरह से ज्ञान का भंडार (एन्साक्लोपीडिया) है। जिसके पास सभी प्रश्नों का उत्तर है। यदि शिक्षक के मार्गदर्शन में प्रत्येक व्यक्ति शिक्षा को उसके वास्तविक अर्थ में ग्रहण कर मानवीय गतिविधियों के प्रत्येक क्षेत्र में उसका प्रसार करता है तो आने वाली सदी में दुनिया बहुत सुन्दर हो जायेगी।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


- सिमनी धनीफेकर 2017, ISBN-978-967-0582-73-3
- बोन्मानी डी. वंतविनी और मोएकेत्सी लेत्सेका– 2016, ISBN-1080/100131946
- छन्नापिल्ले और मसीथामस 2014, DOI-1080/ 13488678
- बेवली एम. गार्डन 2016, BOI-10.1007/ BF01141633
- सैम ओलूसेमी ओपेकेन 2018
- प्रो. शिवाजी ठेंग 2012, ISSN-2277-8586

SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)
A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal
ISSN (Print) : 3048-6327
Paper Recieved : 3rd Sept. 2024
Paper Accepted : 15th Sept. 2024

# भारतीय सामाजिक मूल्यों की प्रतिस्थापना में कबीर की भूमिका

□ रोहित कुमार*

**शोध-सारांश**

*कबीर का व्यक्तित्व बहुआयामी है। कबीर अनुभूतिमार्गी थे। आलोचक का वर्ग उन्हें संत, उपदेशक, भक्त और कवि के रूप में मानता है। इनका दार्शनिक आधार है–अद्वैतवाद, नाथों के हठयोग, सूफियों के तसव्वुफ और वैष्णवों के प्रपत्तिवाद आदि। भारतीय सामाजिक मूल्यों में स्थापित शास्त्रों, आडंबरों, सामाजिक असमानताओं, वर्ण–व्यवस्था आदि का पुरजोर विरोध किया।*

*हिन्दी साहित्य में कबीर का अमूल्य योगदान रहा है। कबीर का कहना है कि मनुष्य अपने महत्व को समझे। उसका मूल महान है। इस तरह कबीर एक अमरदेसवा समाज की परिकल्पना करते हैं। कबीर अपने तात्कालीन पर्यावरणीय परिस्थितियों को उत्पादक और उपभोक्ता से जोड़ते हुए साहित्य में एक आमूलचूल परिवर्तन किया। हिन्दी क्षेत्र का दलित आन्दोलन कबीर से प्रेरित और प्रभावित होता रहा है। डॉ. धर्मवीर उन्हें आजीवक परंपरा से सम्बद्ध मानते हैं।*

***बीज शब्द**–समाज सुधारक, प्रगतिशील, निर्गुण ब्रह्म, अद्वैतवाद, शास्त्र, उटलबाँसियां आदि।*

कबीर का व्यक्तित्व बहुआयामी है। आलोचकों का एक वर्ग उन्हें सन्त मानता है और दावा करता है कि , "कबीर स्वभाव से सन्त, प्रकृति से उपदेशक और ठोक–पीटकर कवि हो गए हैं।" इसी बाबत, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जैसे आलोचक उन्हें मूलतः सन्त मानते हैं। इस सन्दर्भ में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो उठता है कि, "कबीर का मूल्य व्यक्तित्व 'कवि' का है, 'समाज सुधारक' का है या फिर संत का है...?"

जहाँ तक कबीर के समाज सुधारक होने का प्रश्न है, यह निर्विवाद सत्य है कि वे बुद्ध, गाँधी, अम्बेडकर... इत्यादि क्रांतिकारी समाज सुधारकों कि परम्परा में शामिल होते हैं। एक महान समाज सुधारक कि पहचान की मूल पहचान यह है कि अपने युग की विसंगतियों कि पहचान करें, उन विसंगतियों को दूर करने को लेकर कटिबद्ध और

* शोधार्थी–हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
चन्दौहाँ, उमरी, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश–221507, ईमेल–rohitkumar7271639@gmail.com

प्रतिबद्ध हो; प्रगतिशील हो। प्रगतिशील वह है, जो निर्माता है; और निर्माता वह है, जिसके मन में उस 'ऐक्य' कि स्वीकृति है। काल के प्रवाह में जो संगति नहीं देखता, जो उस प्रवाह के तल पर उठती हुई लहर के संघर्ष में खो जाता है, जो उस संघर्ष को धारण करने वाली अविच्छिन्न एकता को नही चाहता वह किस भाँति निर्माता होगा...? निर्माता नहीं सही, तो वह प्रगतिशील कहां हुआ...? लेकिन कबीर प्रगतिशील थे।

कबीर का कोई एक दार्शनिक आधार नहीं है। इन पर अद्वैतवाद के साथ–साथ, नाथों के हठयोग, सूफियों के तसव्वुफ और वैष्णवों के प्रपत्तिवाद का प्रभाव दिखाई पड़ता है। यही कारण है कि इनकी दार्शनिक मान्यताओं और साधाना पद्धति में संश्लिष्टता दिखाई पड़ती है।

उदारणार्थ–

**लाली मेरे लाल की, जित देखूँ तिल लाल।**
**लाली देखन मैं गई, मैं भी हो गई लाल।।**

**अद्वैतवाद के ब्रह्म–जीव एकत्व का प्रभाव**

भारतीयों के सामाजिक सरोकारों या विधि विधान में जो धार्मिक यथास्थितिवाद चला आ रहा था उनका इन्होंने अपने निर्गुण ब्रह्म के प्रति आस्था के साथ पुरजोर तरीके से विरोध किया। वे सामाजिक समानता की मांग करते हुए पहले विषमतामूलक और आडंबरप्रधान धार्मिक परम्परा को बदलना चाहते हैं। कबीर के यहां निर्गुण ब्रह्म कभी–कभी 'राम' या 'हरि' का नाम धारण कर लेते हैं और उनकी भाँति भावना का आधार बन जाते हैं; किन्तु सिद्धान्ततः वह वे निर्गुण ब्रह्म के ही पक्षधर हैं–

**"दशरथ सुत तिहुँ लोक बखाना,**
**राम नाम का मरम है आना।"**

इन्होंने गुरु को निर्गुण ब्रह्म से भी ऊँचा स्थान दिया; क्योंकि इनका कहना था कि ईश्वर को प्राप्त करनें का मार्ग दिखाने वाले गुरु ही होते हैं–

**"गुरु गोविन्द दोऊ खड़े काके लागूं पाय।**
**बलिहारी गुरु आपने, जिन गोविन्द दियो बताए।।"**

या

**"सतगुरु हमहूँ रिझकर, कह्या एक प्रसंग।**
**बरसा बादल प्रेम का, भीज गया सब अंग।।"**

सामाजिक मूल्यों में स्थापित शास्त्रों का भी इन्होंने विरोध किया, क्योंकि समाज के निम्न वर्गों का शोषण इन्हीं शास्त्रों के आधार पर होता था। कबीर शास्त्रों पर करारी चोट करते हैं; क्योंकि शास्त्र जनमानस को 'लकीर का फकीर' बनाते हैं, जीवन को तार्किकता से समझनें कि ताकत नहीं देते।

इस पर कबीर कहते हैं–

**"पोथी पढ़ि–पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।**
**ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।।"**

**"मेरा तेरा मनुआ कैसे इक होई रे।**
**मैं कहता आँखिन की देखी,**
**तू कहता कागद की देखी।**
**मैं कहता सुरझावनहारी,**
**तू राख्यौ उरझाई रे।"**

भारतीय सामाजिक मूल्यों में कबीर के होनें से आत्मविश्वास कि प्रबलता आती है। कबीर के समय की संक्रमण कालिन सामाजिक स्थितियों ने भी इनके आत्मविश्वास में वृद्धि की, क्योंकि इस्लाम के आने के कारण जातिव्यवस्था की मजबूती में दरार आने लगी थी। फिर नाथ परम्परा से सम्बद्ध होने के कारण भी इनमें लापारवाही भरा आत्मविश्वास विराजमान था। इसी आत्मविश्वास से भरकर कबीर कहते हैं–

**"हम घर जारा आपना, लिया मुराड़ा हाथ।**
**अब घर जारौं ताहु का, जो चले हमारे साथ।।"**

इन्होंने समाज में फैले आडम्बरों का विरोध, सामाजिक असमानताओं का विरोध एक बड़े स्तर तक किया। इन्होंने अपने व्यंग्य प्रहारों से आडम्बर फैलानें वाले मौलवियों और पंडित, दोनों पर जमकर चोंटे की। कबीर की इसी व्यंग्य क्षमता की सराहना

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने की है। कबीर कहते हैं:–

**"कांकर पाथर जोरि कै मस्जिद लई बनाय।**
**ता चढि मुल्ला बाँग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय।।"**

इन्होंने धर्मों में आई रूढ़िगत विकृतियों का भी जमकर विरोध किया। उन्होंने मूर्ति पूजा, धार्मिक हिंसा, व्रत, तीर्थ... आदि आडंबरों की आलोचना की...

**"पाहन पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूँ पहार।**
**तातैं तो चाकि भली, पिस खाए संसार।।"**

कबीर ने सामाजिक भेदभाव को झेला था। इसलिए उन्होंने तात्कालिन सामाजिक व्यवस्थाओं और मान्यताओं का प्रचंड विरोध किया, जो वंचित वर्गों के शोषण को वैधता प्रदान करती हैं। उन्होंने वर्ण–व्यवस्था को उसकी अमानवीयता के कारण अपनी कटु आलोचना का विषय बनाया। मसलन.

**"जो तू ब्राह्मण– ब्राह्मणी का जाया**
**आन बाट काहे नहीं आया।"**
**"जाति पाति पूछै नहिं कोई,**
**हरि को भजे सो हरि का होई।"**

कबीर का समय भारतीय समाज में हिन्दू और मुसलमानों के आरम्भिक सह–अस्तित्व का काल था, जिसमें दोनों साम्प्रदायों के लोगों के मध्य अपरिचय, अविश्वास व विरोध का माहौल हावी था। कबीर ने प्रगतिशीलता का परिचय देते हुए दोनों धर्मों के विद्वेषी मानसिकता से ग्रस्त लोगों को फटकारा है और सौहार्द की सीख दी है.

**"अरे इन दोहुन राह न पाई,**
**हिन्दुन की हिंदुआई देखी,**
**तुरकन की तुरकाई।"**

वाराणसी से करीब 200 किमी दूर जनपद–संत कबीर नगर में एक कस्बा है... मगहर । काशी (अब वाराणसी) प्राचीन काल से ही जहाँ मोक्षदायिनी नगरी के नाम से जानी जाती रही, तो वहीं, 'मगहर' को लोग इसलिए जानते थे कि यह एक अपवि़त्र स्थान है, और यहाँ मरने से व्यक्ति आगामी जन्म में गधा होता है; या फिर नरक में जाता है। 14 वीं शती (1396–1518) के हमारे महान संत कबीर अपने आखिरी समय में मगहर चले गए और यहीं उनकी मृत्यु हुई। कबीर स्वेच्छा से मगहर आए थे और अग्रलिखित किंवदती या अंधविश्वास को तोड़ना चाहते थे कि काशी में मोक्ष मिलता है मगहर में नरक।

कबीर को अकेले नहीं पढ़ा जा सकता। उन्हें पढ़ना होगा, भक्ति और संवेदना के समग्र संदर्भ में। ध्यान में रखने होंगे इस संवेदना के संघर्ष और वाद–विवाद, और साथ ही विवादरत पक्षों के परस्पर संवाद व परस्पर समायोजन। त्यागना होगा इतिहास को बंद गली और अपने मनोवांछित लक्ष्य को; उस बंद गली का आखिरी मकान समझने का मोह....।

(संत कबीर का 'अमरदेसवा।', संत रविदास का 'बेगमपुरा' बनाम तुलसी का रामराज्य)

कबीर को पढ़ना, पढ़ाना और कबीर का विधिवत अध्ययन करना एक सभ्यतामूलक जिज्ञासा है। जन्मजात सामाजिक पहचान के स्थान पर कबीर समान संवेदना और मूल्यबोध पर आधारित पहचान की खोज करते हैं; अपने लिए भी और अपने श्रोताओं और संवादियों के लिए भी।

कबीर हमेशा से व्यक्ति के मूल की बात करते हैं। कबीर के अनुसार व्यक्ति से भाव अधिक महत्वपूर्ण है। धर्म भी मूलतः शुद्ध भाव पर आधारित होना चाहिए। राम की व्यापकता और सभी नामों की एकता के प्रति पूर्व विश्वास हो जाने के बाद ही कबीर हिन्दू और मुसलमान दोनों को 'राम' का भजन करने के लिए सलाह देते हैं–

**कहै कबीर एक राम भजहु रे,**
**हिन्दू तुरक न कोई।**

कबीर को मूलतः वैयक्तिक साधना का प्रचारक माना जाता है। इसलिए उन्हें शुद्ध रूप से समाज सुधारक नहीं कहा जा सकता है। डॉ. रामचन्द्र तिवारी के अनुसार,"वे समाज चना के लिए किसी प्रकार के सुधारवादी आन्दोलन के पुरस्कर्त्ता न होकर मानव आत्मा की मुक्ति के लिए आध्यात्मिक

संघर्ष करने वाले साधक थे।" भारतीय सामाजिक व्यवस्था को धार्मिक व्यवस्था से बहुत अलग करके नहीं देखा जा सकता है। जहाँ जाति–भेद, वर्ण–भेद धार्मिक व्यवस्था का ही परिणाम है, जहाँ पति–पत्नी का संबंध आध्यात्मिक बंधन है, जहाँ व्यक्ति, परिवार और समाज के पारस्परिक संबंधों का मूलाधार धर्म है, वहाँ की सामाजिक धार्मिकता से अलग कैसे हो सकती है। आज के बौद्धिक तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उपर्युक्त बातें आधारहीन भले ही हों किन्तु मध्ययुगीन परिप्रेक्ष्य में ये शत–प्रतिशत सत्य है। कबीर जैसा ओजस्वी तथा विद्रोही रचनाकार जब इस तरह का भाव व्यक्त कर सकता है तो भ्रम की गुंजाइश कहाँ तक रह जाती है–

**पूरब जनम हम बाभन होते ओंछे करम तप हीना।**
**रामदेव की सेवा चूका पकरि जुलाहा कीना।।**

कबीर की उलटबाँसियाँ भी सामाजिक ताने–बाने से बुनी हुईं हैं और एक काव्य जगत में एक अलग मापदंड निर्धारित करते हैं। हम देखते हैं कि कबीर की चमत्कारपूर्ण उलटबाँसियाँ भी रहस्यपूर्ण हैं। कठोपनिषद् के अनुसार मनुष्य का शरीर रथ है, जिसमें इंद्रियों के घोड़ों पर मन की लगाम लगी हुई जो सारथी रूपी बुद्धि के हाथ में है। इसी तरह कबीर की उलटबाँसियाँ हैं जो बुद्धि आधारित सामाजिक ज्ञान से ओतप्रोत है।

हम देखते हैं कि धार्मिक सुधार और समाज–सुधार का घनिष्ट संबंध है। धर्म–सुधार को समाज–सुधारक होना पड़ता है। कबीर ने भी समाज–सुधार के लिए अपनी वाणी का उपयोग किया है। हिन्दुओं की जाति–पाँति, छुआछूत, खान–पान आदि के व्यवहारों और मुसलमानों के चाचा की लड़की ब्याहने, मुसलमानी आदि कराने का चुभती भाषा में विराध किया है और इनके विषय में हिन्दू–मुसलमान दोनों की जी भरकर धूल उड़ाई है। हिन्दुओं के चौके के विषय में वे कहते हैं–

**'एकै पवन एक ही पाणी, करी रसोई न्यारी जानी।**
**माटी ले पोती, लागी कहौ कहाँ धूँ छोती।।**

कबीर ने सामाजिक विषमता पर प्रहार करने के बाद सामाजिक शोषण के अस्त्रों को कुंठित करना आवश्यक समझा। पुरोहितों, पण्डितों तथा मुल्लाओं के लिए धार्मिक आधार पर समाज के शोषण का सबसे बड़ा साधन था पुस्तकीय ज्ञान और धर्म साधना के विधि–विधान। इसी का कबीर खुलकर विरोध करते हैं और ऐसी ही सैद्धान्तिकी और व्यवहारिकी का पुरजोर तरीके से विरोध करतें हैं और उनके मतों का खण्डन करतें हैं।

हम अपने समाज में पाते हैं कि हमारे समाज में कई तरह के लोग होते हैं। आधुनिक समाज में जाति–विहीन समाज की बात दो तरह के लोग करते हैं। एक वे हैं जो सच में जाति को समाप्त करना चाहते हैं और दूसरे वे हैं जो इसका शब्द–जाल रच कर जाति को अक्षुण्ण बना कर बचा ले जाना चाहते हैं। कबीर ऐसे शब्द–जाल वालों का तत्कालीन में ही विरोध करतें हैं जिस कारणवश कई बार मृत्यु की यातनाएं झेलनी पड़ी और इन्हें मारने का प्रयास किया गया था।

**'यह सब झूठी बंदगी, विरिथा पंच निवाज।**
**जब साँचे मारे झूठि पढ़ि, ज काजी करै अकाज।।'**

कबीर ने पूर्व स्थापित मान्यताओं या दर्शन का सरलीकरण कर और उसमें सुधार कर उसे जन–मानस तक पहुँचाया। कबीर ने दर्शन को जनकाव्य में ढालने का अद्भुत प्रयास किया। भक्ति के मार्ग से गुजरते हुए उन्होंने जो कुछ अनुभव किया, उसे स्वर प्रदान किया। उन्होंने पूर्व निर्मित किसी प्रशस्त मार्ग के निर्माता और अनुसरणकर्त्ता दोनों हैं।

कबीर अनुभूतिमार्गी थे। शास्त्रीय आतंक जाल का भंडाफोड़ कर लोकचार के निविड जंजाल को छिन्न–भिन्न कर निरावरण सत्य तक सहज ही पहुंचने की उसमें प्रतिभा थी। उन्होंने द्विज समाज की इन दो सबसे बड़ी कमजोरियां... 'कुल अभिमान' और 'ब्राह्मण कर्मकाण्ड' को ही प्रधानता देता है, जिससे तत्व ओझल हो जाता है। कबीर के अनुसार 'राम' नाम ही 'तत्ववाद' का सार है। उसे भुलाकर

जितने भी आचार किए जाते हैं, सब बंधन के कारण होते हैं।

हिन्दी साहित्य में कबीर का अमूल्य योगदान रहा है। कई आलोचकों ने इन्हें अपने–अपने ढ़ंग से व्याख्यायित और स्थापित करने का प्रयास किया है। हिन्दीक्षेत्र का दलित आन्दोलन कबीर से प्रेरित और प्रभावित होता रहा है। कबीर ऐसे कवि हैं जिन्हें किसी तरह की सांप्रदायिकता और कट्टरता न तो अपना बना सकती है और न पचा सकती है।

कबीर अपने तात्कालीन पर्यावरणीय परिस्थितियों को उत्पादक और उपभोक्ता से जोड़ते हुए साहित्य में एक आमूलचूल परिवर्तन किया। जिसकी प्रासंगिकता हम आज भी देख सकते हैं। कबीर ने भूख को प्रकृति से जोड़ा है। भूख मिटाने के लिए प्रकृति ने मनुष्य को सब कुछ दे रखा है। अनाज, फल, फूल, माँस, पानी–ये मनुष्य ने पैदा नहीं किए।

कबीर का कहना है कि मनुष्य अपने महत्व को समझे। उसका मूल महान हैं। बुढ़ापा आना जरूरी है, कई अन्य तरह के दुख भी हैं, जिनमें सबसे बड़ा सामना मृत्यु का करना होता है। जरा और मरण वास्तविकताएँ हैं – और ये सब काल के नियम के तहत हैं। इस नियम से कोई नहीं बच सकता। बात यही है कि जिस नियम के तहत मनुष्य पैदा होता हैं, उसी नियम के तहत वह मरता है–और वह महान है।

## सन्दर्भ ग्रंथ सूची

1. तिवारी, डॉ. पारसनाथ– कबीर–वाणी–सुधा, राका प्रकाशन,दशम् संस्करणः 2021, पृष्ठ संख्या – 55–56; प्रयागराज।
2. चतुर्वेदी, रामस्वरूप– हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास, लोकभारती प्रकाशन ,छब्बीसवाँ संस्करणः 2019, पृष्ठ संख्या– 30; प्रयागराज।
3. कुमार, जैनेंद्र–निबन्धों की दुनिया, वाणी प्रकाशन, संस्करण : 2019 पृ.– 136–137 ; नई दिल्ली
4. डॉ. धर्मवीर – कबीर के आलोचक, वाणी प्रकाशन, संस्करण : 2009, पृ.–29–30 ; नई दिल्ली
5. डॉ. धर्मवीर – कबीर के कुछ और आलोचक, वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण : 2002, पृष्ठ 107; नई दिल्ली
6. डॉ. धर्मवीर– कबीर : डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी का प्रक्षिप्त चिंतन वाणी प्रकाशन, संस्करण : 2006, पृष्ठ संख्या–88, 92; नई दिल्ली
7. अग्रवाल, पुरुषोत्तम– अकथ कहानी प्रेम की : कबीर की कविता और उनका समय राजकमल प्रकाशन, तीसरा संस्करण : 2021, पृष्ठ संख्या– 8, 39–40,319; नई दिल्ली
8. डॉ. धर्मवीर – कबीर 'खसम खुशी क्यों होय?' वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण : 2013; पृष्ठ संख्या – 207, 215; नई दिल्ली
9. शंकर, डॉ. विवके– हिन्दी साहित्य राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, नौवाँ संस्करण :2022, पृष्ठ संख्या– 132 से 138; जयपुर
10. शुक्ल, आचार्य रामचन्द– हिन्दी साहित्य का इतिहास वैभव लक्ष्मी प्रकाशन, पृष्ठ संख्या– 63–64; वाराणसी
11. दृष्टि दा विजन : हिन्दी साहित्य दृष्टि पब्लिकेशन्स, चतुर्थ संस्करण : 2023, पृष्ठ संख्या–118
12. बीबीसी न्यूज हिन्दी, समीरात्मज मिश्र
13. शर्मा, रामकिशोर– कबीर गन्थावली, लोकभारती प्रकाशन, बारहवाँ संस्करण : 2019, पृष्ठ संख्या– 61,68–69,77; प्रयागराज
14. पाण्डेय, मैनेजर–भक्ति आन्दोलन और सूरदास का काव्य, वाणी प्रकाशन, संस्करण : 2011, पृष्ठ संख्या–21; नई दिल्ली।
15. डॉ. धर्मवीर – महान आजीवक कबीर, रैदास और गोसाल, वाणी प्रकाशन, संस्करण : 2017, पृष्ठ संख्या–291,293; नई दिल्ली।
16. डॉ. धर्मवीर– दलित चिंतन का विकास; अभिशप्त चिंतन से इतिहास चिंतन की ओर, वाणी प्रकाशन, तृतीय संस्करण : 2020, पृष्ठ संख्या – 149 से 155; प्रयागराज।
17. दास,श्यामसुंदर– कबीर ग्रन्थावली, लोकभारती प्रकाशन, छठवाँ संस्करण : 2018, पृष्ठ संख्या– 34, 42; प्रयागराज।

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 10th Aug. 2024** **Paper Accepted : 25th Aug. 2024**

# सामाजिक अनुसंधान में अपेक्षित नीति : सम्भावनाएँ एवं सीमाएँ

□ आयुषी मौर्या*
□ प्रो. रवि कुमार मिश्र**

**शोध-सारांश**

*सामान्य तौर पर जब जन–सामान्य द्वारा शोध कार्य और लेखन में नैतिकता की चर्चा होती है तो उनका मुख्य सन्दर्भ किसी अन्य की रचना अथवा शोध को बिना सम्बन्धित अध्ययनकर्त्ता अथवा लेखक का समुचित सन्दर्भ दिये हुए अपने नाम से उपयोग करने से ही लिया जाता है। दूसरे शब्दों में उनका आशय सिर्फ साहित्यिक चोरी या प्लैगयरिज्म (plagiarism) से ही होता है। शोध नैतिकता को यहीं तक सीमित नहीं किया जा सकता है। इसके अन्तर्गत शोध की पूरी प्रकिया, शोधकर्त्ता और उत्तरदाता के अन्तर्सम्बन्ध तथा विश्वास, गोपनीयता और निजता, वित्तीय सहायता, इत्यादि के पहलू इससे कहीं ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि जैसे–जैसे समाज की जटिलता बढ़ी है, तकनीक में विविधता आयी है, विविध अनुशासनों में निकटता बढी है, लोगों और पशुओं के अधिकार के आंदोलन प्रचलित हुए हैं, स्त्री, जाति–प्रजाति आदि से सम्बद्ध मान्यताएँ परिवर्तित हुई हैं, वैसे–वैसे नैतिकता और इससे सम्बन्धित पहलूओं में भी काफी परिवर्तन आया है। यहाँ यह स्पष्ट करना जरूरी हो जाता है कि हम प्रायः हम यह समझते हैं कि हमें अगर यह पता चल जाये कि शोध नैतिकता से हमारा क्या आशय है तो हम आसानी से शोध कार्य में नैतिकता बहाल कर सकते हैं, पर वास्तविकता यह नहीं है। प्रस्तुत शोध आलेख इन्हीं पहलुओं पर केन्द्रित है।*

***बीज शब्द***– *नैतिकता का अर्थ, अनुसंधान सम्बन्धी दिशा–निर्देश, शोध के हित धारक, आलोचनात्मक अनुसंधान।*

* असिस्टेण्ट प्रोफेसर (मनोविज्ञान), नागरिक पी.जी. कॉलेज, जंघई, जौनपुर
** प्रोफेसर (समाजशास्त्र–विभाग), नागरिक पी.जी. कॉलेज, जंघई, जौनपुर

बहुत पहले (1953 में) विल्सन मिजनर (1876–1933) ने कहा था– यदि आप एक लेखक से चुराते हैं तो यह साहित्यिक चोरी है, यदि आप बहुतों से चुराते हैं, यह अनुसंधान है (If you steal from one author, it's plagiarism; if you steal from many, it's research.)[1] इससे भी पहले रॉबर्ट बर्टन (1577–1640) ने ऐसा भाव व्यक्त किया था–वे अपनी पतली किताबों में चर्बी दूसरे की कृतियों के मोटापे से भरते हैं (They lard their lean books with the fat of other's works)[2]

इथिकल या नैतिकता को समझने के लिए हमें इस शब्द के अर्थ पर विचार करना होगा। सामान्य तौर पर हम नीतिशास्त्र या आचारशास्त्र को इथिक्स कहते हैं और नीति या आचार से सम्बद्धता को इथिकल कहा जाता है। नैतिकता का सम्बन्ध न्याय, कर्त्तव्य से है। मैकेंजी ने इथिक्स को मानव व्यवहार में जो उचित अथवा अच्छा है का अध्ययन कहा है। इसके साथ–साथ मानव जीवन में निहित आदर्श का विज्ञान कहा है।[3] हम यह जानते हैं कि जो सर्वोच्च अच्छा है उसका अध्ययन ही नैतिकशास्त्र है। जब हम शोध के परिप्रेक्ष्य में इस शब्द का प्रयोग करते हैं तो हमारा आशय सर्वश्रेष्ठ मानकों, निर्देशित मान्यताओं के अनुरूप शोध कार्य को संपन्न करना। हमारा उद्देश्य सिर्फ शोध कार्य को पूरा करना ही नहीं हो बल्कि कर्त्तव्य का निर्वहन सर्वश्रेष्ठ ढंग से हो। इसे और स्पष्ट करते हुए यह कहा जा सकता है कि जब हम शोध कार्य करते हैं तो उसके विविध पहलूओं जैसे–शोध समस्या, उत्तर दाता के प्रति नैतिक जवाबदेही, गोपनीयता, व्यक्ति के अधिकार, पहले के किये गये कार्य, उत्तरदाता या सूचना दाता की सुरक्षा और भरोसा, प्रभाव से अवगत कराना आदि में आदर्शों का पालन करने से है। हम यह जानते हैं कि जैसे–जैसे ज्ञान–विज्ञान का प्रसार हो रहा है, जीवन जटिल हो रहा है, आधुनिकता और विज्ञान का हस्तक्षेप बढा है, मानवीय उन्मुखन की बात की जा रही है, विविध मंचों से विविध समूहों के लिए जो जनांदोलन चल रहे हैं, वैसे–वैसे शोध कार्य में नैतिकता की बहस और तेज होती जा रही है। विविध अनुशासनों के सम्बन्ध में भी यह कहा जाता है कि अमुक विज्ञान प्रत्यक्षवादी है, अमुक आदर्शवादी है। समाजशास्त्र और मनोविज्ञान आदर्शवादी नहीं हैं क्योंकि ये क्या होना चाहिए पर केन्द्रित नहीं होकर क्या है पर केन्द्रित हैं। मनोविज्ञान की रूचि मानसिक प्रक्रियाओं और व्यवहार पर मुख्यतः है, जबकि नीतिशास्त्र उसके औचित्य, उसके सर्वश्रेष्ठ होने न होने पर केन्द्रित है।[4] इसी तरह से समाजशास्त्र मनुष्य को सामाजिक ढांचे में देखने का प्रयास करता है, सामाजिक अंतःक्रिया और सामाजिक संस्थाओं में उसकी रूचि है न कि होना क्या चाहिए, आदर्श परिवार या आदर्श विवाह कैसा हो आदि में। अतः वह भी नीतिशास्त्र से अलग है। यहाँ हम नैतिकता के प्रश्न को सिर्फ अनुसंधान तक केन्द्रित रख रहे हैं।

जब हम सामाजिक अनुसंधान में नैतिकता पर विचार करते हैं तो यह सामान्य तौर से कहा जा सकता है कि हमें यह समझना होगा कि शोध के दौरान हमसे क्या व्यवहार अपेक्षित है, इसका निर्धारण कौन करेगा और हमें किनके निर्णय को महत्त्व देने की आवश्यकता है। जैसे–जैसे हम शोध नैतिकता पर गंभीरता से विचार करते हैं तो यह प्रश्न सुलझने की जगह और जटिल ही होता चला जाता है। इसके कई कारण शोध विषय और शोध कर्ता के स्तर पर, व्यक्ति के स्तर पर, समाज के स्तर पर, सम्बन्धित अनुशासन के स्तर पर पहचाने जा सकते हैं।

अमेरिकी मनोवैज्ञानिक परिषद, अमेरिकन एसोसिएशन फॉर पब्लिक ओपिनियन रिसर्च आदि ने शोध नैतिकता पर समय–समय पर दिशा–निर्देश जारी किये हैं। यहाँ हम अमेरिकी समाजशास्त्रीय परिषद् की 1971 में दिये गये निर्देश जिसे 1997 में संशोधित किया गया है,[5] के मौलिक सिद्धान्त की

प्रासंगिक रूप से चर्चा कर रहे हैं जो इस तरह से है–

(1) शोध में वस्तुनिष्ठता और सत्य निष्ठा बनाये रखना,

(2) सूचना प्रदाता के निजता और गरिमा का आदर करना,

(3) सूचना प्रदाता को व्यक्तिगत हानि से रक्षा करना,

(4) गोपनीयता संरक्षित करना,

(5) जब शोध कार्य के लिए आंकडे एकत्रित किये जा रहे हों अथवा जब व्यवहार निजी सन्दर्भ में प्रकट होते हों तब सूचना देकर सहमति प्राप्त करना,

(6) शोध में सहयोग और सहायता को स्वीकार करना और

(7) वित्तीय सहायता के प्रत्येक स्त्रोत की घोषणा करना।

यह दृष्टिकोण भले ही अमेरिकी समाजशास्त्र परिषद का हो, अधिकांश सामाजिक विज्ञानों के सन्दर्भ में सही है। जब भी समाजशास्त्र, मानवशास्त्र और मनोविज्ञान में मनुष्य को हम अपने अध्ययन में सम्मिलित करते हैं, उनका अवलोकन करते हैं, उन पर प्रयोग करते हैं, मानवशास्त्रीय नृजातीय अध्ययनों में मुख्यधारा से कटे समाज और संस्कृति में सम्पर्क का माध्यम बनाते हैं, उनके मध्य रहकर सहभागी अवलनोकन करते हैं, उन्हें शामिल कर केन्द्रित और निर्देशित परिचर्चा या बहस करते हैं, उन्हें उत्तरदाता के रूप में चयनित करते है तब हमें इन पहलूओं पर गंभीरता से विचार करना पडता है।

शोध की नैतिकता के इस सन्दर्भ में कहीं न कहीं वैज्ञानिकता का आग्रह है। वैज्ञानिकता को लेकर भी दृष्टिकोण सर्वमान्य नहीं है। स्वयं विज्ञान, वैज्ञानिक पद्धतियाँ पर भी लोगों की राय विविधतापूर्ण है। कार्ल पॉपर ने फाल्सीफिकेशन और कन्जंकचर (falsification and conjecture) की अवधारणा की चर्चा की है।[6] उन्होंने बताया है कि पारम्परिक वैज्ञानिक पद्धति की दो कमियाँ हैं– एक तो यह कि बहुत सारी वैज्ञानिक खोजें व्यवस्थित अवलोकन और विश्लेषण से प्राप्त नहीं होकर सहसा किये गये अनुमान, प्रेरणा और संयोग से ही हुए हैं। दूसरी बात यह है कि कोई भी सिद्धान्त सर्वथा सत्यापित नहीं होता है। इसी दृष्टिकोण से विज्ञान प्रतिष्ठित हुआ है। इससे हटकर कुछ समाजशास्त्रियों ने यह भी स्पष्ट किया कि विज्ञान का आदर्शात्मक चरित्र और विज्ञान की वास्तविक दुनिया भी अलग–अलग है। आदर्शात्मक चरित्र में वस्तुनिष्ठता, संगठन, संशयवाद, भावात्मक तटस्थता, सामान्यीकरण, किसी समुदाय या समूह विशेष से विशेष सम्बद्धता या लगाव का नहीं होना माना जाता है। विज्ञान की वास्तविक दुनिया अलग है जिसमें पुरस्कार है, प्रतियोगिता है। इसकी चर्चा करते हुए मर्टन ने नौ दुविधाओं या उभयपक्षिता की चर्चा की है। इसमें सातवीं यह है कि विज्ञान की सार्वभौमिकता भी होती है और जिस देश से वैज्ञानिक सम्बद्ध होता है उसकी राजनीतिक महात्वाकांक्षाएँ भी होती है। यहाँ पर मर्टन ने मैथ्यू प्रभाव[7] की चर्चा यह कहकर की है कि जिस वैज्ञानिक की लोकप्रियता कम होती है उसे अपनी पहचान बनाने में कठिनाई होती है और दूसरी तरफ जो प्रसिद्ध लोग होते हैं उनके योगदान को आसानी से स्वीकार किया जाता है। यह मैथ्यू प्रभाव सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही है और इसका शोध की नैतिकता से गहरा सम्बन्ध है, ऐसा कहना अनुचित नहीं होगा।

मनोविज्ञान में तो मनुष्य के साथ–साथ पशु और पक्षी पर भी प्रयोग किया जाता है। ऐसे में सामाजिक–सांस्कृतिक भिन्नताएं, पर्यावरण और जीव–जंतुओं पर कार्य करने वाले संगठनों का भी दबाव होता है। द ऐनिमल वेलफेयर एक्ट (1966) के माध्यम से अमेरिका में यह प्रावधान किया गया है कि अमेरिका की सारी शोध परियोजना में एक

पशु कल्याण समिति अनिवार्य रूप से हो, जिसमें कम से कम एक लाइसेंस प्राप्त पशु चिकित्सक हो और एक ऐसा व्यक्ति जो सम्बन्धित सुविधा से सम्बद्ध नहीं हो। इनके द्वारा प्रत्येक छः माह पर निरीक्षण किया जाये। अमेरिकन सॉयकोलॉजिकल एसोसिएशन ने इस बात पर काफी बल दिया है। 2018 में भी अमेरिकन सॉयकोलॉजिकल एसोसिएशन ने नैतिकता सम्बन्धी दिशानिर्देश एवं व्यवहार से सम्बद्ध पहलूओं को संशोधित कर प्रस्तुत किया है।

सारे शोध कार्य समकालीन दौर वैश्वीकरण का है, विविध संस्कृतियों में सम्पर्क बढा है ऐसे में यह कहना उचित ही है कि शोध नैतिकता का वैश्विक आयाम भी है। किसी भी देश में शोध कार्य के आरम्भ करने से पहले अन्वेषक को इस तथ्य से भली भांति परिचित हो जाना चाहिए कि लोग किसे निजता का उल्लंघन मानते हैं और किसे वे व्यक्तिगत खतरे का स्त्रोत मानते हैं।[8] मनोविज्ञान और शिक्षा में मानव और प्रयोग का आयाम बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इस सम्बन्ध में दिशानिर्देश हैं। यहाँ यह उल्लेख करना जरूरी हो जाता है कि अगर बहुत ज्यादा शोध नियंत्रण रखा जायेगा तो शोध का प्रभाव ही समाप्त हो जायेगा और संभवतः समाज महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर उत्तर देने से इनकार कर देगा। दूसरी तरफ अगर थोडी बाधा नहीं हो तो प्रयोगात्मक प्रक्रियाएँ मानवाधिकार से उपर उठकर लोगों को गंभीर क्षति पहुचा सकती है। कुछ शोधकर्ता छल, दबाव, निजता पर आक्रमण, गोपनीयता को खंडित करने या विज्ञान के नाम पर प्रयोज्य या व्यक्तिको खतरा पहुँचाने का औचित्य बताने के लिए जाने जाते हैं पर किसी को संदेह हो सकता है कि इसमें प्रयोगकर्ता की प्रतिष्ठा, महात्वाकांक्षा या अहंकार ही प्राथमिक प्रेरणा होता है।[9]

समाजशास्त्रीय और मनोवैज्ञानिक शोध में कुछ अत्यन्त चर्चित उदाहरण से हम यह समझ सकते हैं कि आधुनिक जटिल समाज में शोध कार्य और नैतिकता के प्रश्न का सुलझाना काफी जटिल है। नाजी अधिकारियों के अमानवीय व्यवहार का सामान्य कारण यह समझा गया था कि वे सिर्फ आदेश का पालन कर रहे हैं। इसे समझने के लिए अमेरिका के येल विश्वविद्यालय की मनोवैज्ञानिक स्टेनली मिलग्राम द्वारा 1961 में एक प्रयोग[10] किया गया था। इस प्रयोग के तरीके विशेषकर लोगों को सही ढंग से नहीं बताया जाना, बिजली के शॉक आदि के उपयोग से यह जानने का प्रयास किया गया था कि व्यक्ति आदेश का पालन करते हैं अथवा अपने विवेक के साथ उन्हें विरोधाभास का भी अनुभव होता है। अपने शोध कार्य के तरीके के लेकर शोध नैतिकता की दृष्टि से यह काफी विवादित रहा। इस प्रयोग से सम्बन्धित उनकी कृति का प्रकाशन 1974 में ओबिडिएंस टू अथॉरिटीः एन एक्सपेरिमेंटल व्यू शीर्षक से हुआ।

1981 में जब जॉन हिंकले ने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर गोली चलायी थी जिसे मानसिक रूप से बीमार बताया गया था तब यह बहस उभरी थी कि उसके अपराध को कैसे समझा जाये। इसी से 1984 में कानून में संशोधन भी हुए। रॉबर्ट ए. बैरन[11] ने इस घटना का उल्लेख कर कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्नों को सामने रखा है—व्यक्ति के अधिकार और समाज के अधिकार तथा मानसिक उपचार से सम्बन्धित नैतिक मुद्दे। समाजशास्त्र में इसी तरह की एक घटना की चर्चा की जाती है जब 1993 में अमेरिका के वाशिंगटन राज्य विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र में शोध कार्य कर रहे रिक स्कार्स को इस बात के लिए सजा दी गयी थी उसने 1991 में विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला पर पशु अधिकार संगठन के हमले के बारे में जानकारी रहते हुए नहीं बताया था। उसने गोपनीयता बरकरार रखी थी। उसके साथ के कैदियों ने उसके इस व्यवहार की सराहना की थी।[12] ऐसे अन्य बहुत सारे उदाहरण हैं जो शोधकर्ता और शोध की नैतिकता के विविध पहलूओं को हमारी बहस में लाते हैं।

रंजीत कुमार[13] ने यह बताया है कि शोध कार्य में नैतिकता को समझने के लिए हमें शोध के तीन हितधारकों (stakeholders) पर विचार करना होगा। ये हितधारक हैं–

(1) शोध में सहभागी या उत्तरदाता,

(2) शोधकर्ता स्वयं और

(3) धन उपलब्ध कराने वाला संगठन।

इस पर चर्चा करते हुए उन्होंने यह बताया है कि सूचना एकत्रित करने के लिए लोगों से सहमति आवश्यक है। समाज में अत्यन्त बुजुर्ग, भाषा को समझने में असमर्थ जनसंख्या से सहमति भी प्राप्त करना संभव नहीं है। सहमति अपेक्षित है। उत्तरदाताओं से सहयोग के बदले में उन्हें कुछ दिया जाना भी विवादास्पद है। इतना ही नहीं कुछ प्रश्न काफी संवेदनशील होते हैं और उनका उत्तर प्राप्त करना न तो आसान होता है और न ही बिना निजता के उल्लंघन के ऐसे प्रश्नों पर हमें उत्तर प्राप्त हो सकता है।

उत्तरदाताओं को अपने उत्तर देने से किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं पहुँचे, ऐसा शोध नैतिकता की दृष्टि से आवश्यक माना जाता है। इसी कारण गोपनीयता का प्रश्न काफी महत्त्वपूर्ण है। सामान्य शोध में तो यह पहलू सुलझा लिया जाता है पर कभी–कभी यह स्थिति काफी जटिल हो जाती है। जब हम मानवीय व्यवहार के अत्यन्त जटिल पहलू, सुरक्षा, विकास आदि से सम्बन्धित शोध कार्य करते हैं तो शोध कार्य काफी चर्चित होने के साथ–साथ विवादित हो सकता है जैसा कि हम उपर के उदाहरण में देख सकते हैं। अतः गोपनीयता के प्रश्न पर बैरन ने यह प्रश्न खडा किया कि अधिकार व्यक्ति के ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं अथवा समाज के ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं[14], हमारे शोध कार्य की जवाबदेही किसके प्रति हो। हमें एक संतुलन बनाने का प्रयास करना होगा। मनोवैज्ञानिक शोध में जो मानसिक उपचार होता है उसमें भी नैतिकता का मसला बहुत ही महत्त्वपूर्ण है।

समाजशास्त्र में कलंक अथवा स्टिग्मा की अवधारणा से भी प्रचलित हैं। गॉफमैन ने 1963 में प्रकाशित अपनी कृति स्टिग्माः नोट्स ऑन द मैनेजमेंट आफ स्पॉइल्ड आइडेंटिटी में इसकी चर्चा की है। कोजोर्ट और किंग ने तीन तरह के कलंक की चर्चा की है–शारीरिक विकृति, चरित्र में कमी, और एक ऐसे सामाजिक वर्ग या समूह की सदस्यता जो स्वीकार्य नहीं हो।[15] यद्यपि मनोवैज्ञानिक और समाजशास्त्री इन बातों से प्रभावित नहीं होते हैं पर यह सामाजिक यथार्थ तो है ही।

हम यह जानते हैं कि महत्त्वपूर्ण विषयों पर शोध कार्य सिर्फ शोधकर्ता की इच्छा से नहीं हो सकता है। कई बार शोधकार्य इतना खर्चीला होता है कि व्यक्तिगत खर्च पर उसे नहीं सम्पन्न किया जा सकता है। ऐसे में कई बार शोध के लिए आर्थिक सहायताय प्रदान करने वाले संगठन की भूमिका काफी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। यह संगठन सरकारी और निजी क्षेत्र के हो सकते हैं। दिलचस्प यह है कि कई बार शोधकर्ता इस तरह के नैतिक दवाब में होता है कि वह आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने वाले संगठन की मंशा के अनुरूप ही शोध प्रतिवेदन दे। शैफर ने अमेरिका के एक्सॉन कॉरपोरेशन की उस मंशा का उल्लेख किया गया है जिसके द्वारा शिक्षाविद, समाजशास्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों से शोध के माध्यम से ज्यूरी के निर्णय को अनुचित ठहराने का प्रयास किया गया था।[16]

गुणात्मक शोध की नैतिकता के कुछ पक्षों पर भी हमें विचार करना चाहिए। अर्ल बैब्बी ने लॉफलैण्ड एवं लॉफलैण्ड[17] को उदधृत करते हुए कुछ प्रश्नों को सामने रखा है–क्या यह नैतिक है कि बिना उनकी जानकारी के उनकी बातों को रिकार्ड किया जा रहा है, क्या यह नैतिक है कि जिनसे हम नफरत करते हैं सिर्फ अपने हितों के लिए उनसे सूचना प्राप्त करे, क्या यह नैतिक है कि हमें पता है कि तत्काल सहायता की आवश्यकता है पर हम प्रत्यक्ष कोई प्रत्युत्तर न करें, क्या यह

नैतिक है कि हम किसी ऐंसे ढांचे या परिस्थिति में स्वयं रहें पर उसके प्रति प्रतिबद्ध नहीं हों, क्या यह नैतिक है कि किसी समूह से सम्बद्धता के लिए हम किसी व्यक्ति को सूचनादाता बनाये और इसके लिए उसे धन दें, उनके जीवन और मस्तिष्क में प्रवेश के लिए धन देना क्या नैतिक है, क्या यह नैतिक है कि हम किसी खंडित स्थिति में किसी का पक्ष लें अथवा नहीं लें इत्यादि। आज जब गुणात्मक शोध में सामाजिक विज्ञानों की रूचि लगातार बढ रही है वहाँ पर इन प्रश्नों को सुलझाना ही होगा।

शोध नैतिकता का नारीवादी सन्दर्भ भी समझना आवश्यक है। समाजशास्त्रीय शोध के सन्दर्भ में पॉमेला एबॉट, क्लेरी वालेस एवं मेलिसा टेलर ने मुख्यधारा के समाजशास्त्र को मेलस्ट्रीम सोशियोलॉजी कहा है। इनलोगों का यह कहना है कि पुरूषों के जीवन के विविध पहलूओं पर ही ज्यादा अध्ययन हुए हैं, शोध कार्य में जिस निदर्शन का प्रयोग हुआ है उसमें प्रतिनिधित्व पुरूषों का जयादा है, स्त्रियों से सम्बन्धित मुद्दों को नजरअंदाज किया गया है अथवा कम महत्त्वपूर्ण माना गया है आदि।[18] ये पहलू शोध की नैतिकता से प्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध नहीं लगते हैं पर ये हैं। किसी भी अनुशासन के सामाजिक होने के लिए यह आवश्यक है कि वह विविध विषयों पर अध्ययन करे और उस पर आग्रही होने का आरोप नहीं हो।

हमें यह समझना ही होगा कि कोई भी अनुशासन या अनुसंधान तथ्य को सामने लाना चाहता है। यही कारण है कि शोध की नैतिकता सिर्फ पद्धति तक ही हो, ऐसा नहीं हमें तथ्य तक पहुंचना भी चाहिए। सामाजिक अनुसंधान में आजकल आलोचनात्मक सामाजिक अनुसंधान की भी चर्चा की जाती है। आलोचनात्मक सामाजिक अनुसंधान के सम्बन्ध में ली हार्वे ने यह बताया है कि आलोचनात्मक अनुसंधान की प्रक्रिया ऐसी है जिसमें विविध यांत्रिक प्रक्रियाओं से संचित किये गये तथ्य अथवा सिद्धान्त की आलोचना भर ही नहीं की जाती है, बल्कि यह शाब्दिक (literally) अर्थ में ज्ञान की वस्तुनिष्ठ हैसियत को नकारता है (A critical research process involvesa more than appending critique to an accumulation of "fact" or "theory" gathered via some mechanical process, rather it deniesa the (literally) objective status of knowledge.) इस अनुसंधान में हम विधियों के सन्दर्भ में काफी हद तक स्वतंत्र और सम्पन्न होते हैं। यही कारण है कि इसमें प्रश्नावली, साक्षात्कार, व्यक्ति इतिहास, नृजातियपद्धति और भाषाविज्ञान की पद्धति का प्रयोग होता है। इस तरह के अनुसंधान की चार प्रमुख विशेषताएँ हैं–अमूर्त अवधारणाएँ एवं विचारधारा; सम्पूर्णता, संरचना और इतिहास; विखण्डन, सार एवं पुनर्रचना; तथा व्यावहारिकता। मार्टिन हैमरसले ने इस तरह के अनुसंधान की आलोचना की है जबकि फिल कारस्पेकेन ने इस तरह के अनुसंधान का बचाव किया है।[19]

मनोविज्ञान की महत्त्वपूर्ण मान्यता यह है कि प्रत्येक व्यक्ति अनोखा है, उसकी अपनी अस्मिता है। इससे हटकर समाजशास्त्र की महत्त्वपूर्ण मान्यता यह है कि प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी सामाजिक संरचना, संस्कृति, सामाजिक व्यवस्था से सम्बद्ध ही नहीं है बल्कि उससे प्रभावित भी है। आरम्भिक समाजशास्त्रियों में से एक दुर्खीम ने समाजशास्त्र को विशिष्ट आकार देने के लिए धर्म, आत्महत्या जैसे पहलूओं को सामाजिक सन्दर्भ में देखने का जहाँ सफल प्रयास किया था वहीं आज के दौर में मनोवैज्ञानिक पहलूओं को भी समाजशास्त्र में काफी ज्यादा महत्त्व दिया जाता है। अनुसंधान कार्य में व्यक्ति और समाज हमेशा ही महत्त्वपूर्ण रहेंगे। हमें इन दोनों को समझने की आवश्यकता है। अनुसंधान कार्य से अपेक्षाएँ और उसे लेकर मान्यताएँ हमेशा ही परिवर्तित होती रहती हैं। हमें इस तथ्य को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए कि किस

तरह से शास्त्रीय दौर के अनुसंधान को हम गरिमा के साथ समझ सकें और समकालीन दौर में हो रहे शोध कार्य को मानकों के अनुरूप रख सकें। शोध की नैतिकता अंततः इसी पहलू से सम्बन्धित है, हम इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

इन सारी चर्चा के उपरान्त अंततः हम मार्क ट्वेन[20] को उदधृत करते हुए इस आलेख को समाप्त करना चाहेंगे—आदम के पास एक अच्छी चीज थी। जब उसने कुछ अच्छा कहा तो वह जानता था कि किसी और ने पहले नहीं कहा है (What a good thing Adam had. When he said a good thing he knew nobody had said it before.)

**सन्दर्भ—ग्रन्थ—सूची**

1. ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ऑफ कोटेशंस एण्ड प्रोवर्ब्स, (2001), ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, पृ.—208
2. वही
3. सिन्हा, यदुनाथ (1984), ए मैनुअल ऑफ इथिक्स, सेण्ट्रल बुक एजेन्सी प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली, पृ.—2
4. वही, पृ—15
5. शैफर्ड, टी. रिचर्ड (2011), सोशियोलॉजी, नवाँ संस्करण, टाटा मैक्ग्रा हिल, नई दिल्ली, पृ.—39
6. स्लैटरी, मार्टिन (2008), की आइडियाज इन सोशियोलॉजी, नेल्सन थॉर्नस (यूके फर्स्ट इण्डियन रिप्रिंट), पृ. 209—211
7. रिटजर, जार्ज केमेयर, सी. डब्ल्यू केनेथ, और येटमैन, आर. नॉर्मन (1979), सोशियोलॉजी—एक्सपेरियेनसिंग ए चेंजिग सोसायटी, एलेन एण्ड बेकेन, पृ.—497—499
8. मैकियोनिस, जॉन जे. (2009), सोशियोलॉजी, दसवाँ संस्करण, पीयरसन, दिल्ली, पृ.—38
9. बेस्ट, जॉन डब्ल्यू. एवं काहन, जेम्स बी. (2001), रिसर्च इन एजुकेशन, सातवाँ संस्करण, प्रेंटिस हॉल ऑफ इण्डिया, न्यू दिल्ली, पृ.—43—47
10. विकीपीडिया
11. बैरॉन, रॉबर्ट ए. ( 2009), सायकॉलॉजी, पाँचवा संस्करण, पीयरसन, दिल्ली, पृ.—610
12. शैफर्ड, टी. रिचर्ड (2011), पूर्व उदधृत, पृ.—40
13. कुमार, रंजीत (2016), रिसर्च मेथडॉलॉजी, चौथा संस्करण, सेज पब्लिकेशन, दिल्ली, पृ.—282
14. बैरॉन, रॉबर्ट ए. (2009), पूर्व उदधृत, पृ.—610
15. डिलने, टिम (2008), कण्टेमपररी सोशल थ्योरीः इन्वेस्टिगेशन एण्ड एपलीकेशन, पीयरसन, दिल्ली, पृ.—129
16. शैफर्ड, टी. रिचर्ड (2011), पूर्व उदधृत, पृ.—40
17. अर्ल बैब्बी, पूर्व उदधृत, पृ.—334
18. हारालम्बोस, एम. एवं एम. हॉलबॉर्न (2008), सोशियोलॉजीः थीम्स एण्ड पर्सपेक्टिव, सातवाँ संस्करण, कॉलिन्स, लंदन, पृ.—808
19. वही, पृ.—804—806
20. ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ऑफ कोटेशंस, पूर्व उदधृत, पृ.—197

SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)
A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal
ISSN (Print) : 3048-6327
Paper Recieved : 10th Aug. 2024
Paper Accepted : 25th Aug. 2024

# समाजशास्त्रीय अनुसंधान में नैतिकता के विविध आयाम

डॉ. अरविन्द कुमर मिश्र*

**शोध-सारांश**

*समकालीन दौर में कोई भी सामाजिक विज्ञान विविध तरह के परिवर्तन का साक्षी है। वैश्वीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी ने एक ऐसे दौर में हमें रख दिया है जहाँ सामाजिक–सांस्कृतिक मान्यताएँ तीव्रता से परिवर्तित और प्रभावित हो रही है। इसके साथ–साथ प्रायः सामाजिक विज्ञान अपने शास्त्रीय दौर से काफी आगे निकल भी चुका है। दूसरी तरफ विज्ञान के विकास, विकास के परिणाम, विविध तरह के आंदोलन और नवीन उभरते मूल्यों ने भी विविध अनुशासनों को प्रभावित किया है। ऐसे में स्वाभाविक ही है कि जब कोई विषय अथवा अनुशासन शोध कार्य को महत्त्व देता है तो उसकी शोध प्रणाली में परिवर्तन भी होगा, लोगों की अपेक्षाएँ भी तुलनात्मक रूप से ज्यादा होंगी। ऐसे में शोध नैतिकता का प्रश्न काफी महत्त्वपूर्ण हो जाता है। प्रस्तुत शोध आलेख समाजशास्त्रीय शोध नैतिकता के विविध पहलुओं पर केन्द्रित है। इस शोध आलेख में इन पहलुओं की एक सामान्य समझ विकसित करने का प्रयास किया गया है जिस पर सम्बन्धित अनुशासन को विचार करना ही होगा। यह शोध आलेख पूर्णतया द्वितीयक स्त्रोतों पर आधारित है और इस शोध आलेख का निष्कर्ष यह है कि समाजशास्त्रीय अनुसंधान विविध संभावनाओं से भरा है।*

***बीज शब्द***–*शोध नैतिकता, शोध नैतिकता सम्बन्धी निर्देश, वैज्ञानिकता, शोध नैतिकता से सम्बद्ध चर्चित अध्ययन।*

समाजशास्त्र अन्य सामाजिक विज्ञानों के मध्य एक स्वतंत्र छवि रखता है। अकादमिक जगत से सम्बन्ध नहीं रखने वाले लोगों के मध्य समाजशास्त्र की छवि मानक अकादमिक छवि के भिन्न है। सामान्यतः सामाजिक विज्ञान और समाजशास्त्र को एक दूसरे के पर्याय के रूप में ग्रहण किया जाता है। इसके साथ–साथ एक स्टीरियोटाईप या रूढियुक्त छवि यह है कि समाजशास्त्र पढकर हम समाज में बेहतर ढंग से जीवन यापन कर सकते हैं, हम मिलनसार हो

* असिस्टेण्ट प्रोफेसर (समाजशास्त्र), ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज

सकते हैं इत्यादि। सिंधी एवं गोस्वामी ने अपनी पुस्तक में यह उदाहरण दिया है कि किस तरह से एक पुस्तकालय में समाजशास्त्र के पुस्तक के अन्तर्गत हाउ टू विन फ्रेण्डस जैसी प्रसिद्ध प्रेरणास्पद कृति रखी गयी थी।[1] यह मान्यताएँ सर्वथा अनुचित हैं।

सर्वप्रथम यह समझने की आवश्यकता है कि समाजशास्त्र अन्य सामाजिक विज्ञानों की तरह अध्ययन की एक स्वतंत्र शाखा है। अन्य सामाजिक विज्ञानों की तरह इसके अध्ययन का केन्द्र लोगों का सामाजिक जीवन है जो सामाजिक सम्बन्ध, सामाजिक अन्तःक्रिया, सामाजिक समूह, सामाजिक संरचना, सामाजिक संस्था इत्यादि में हम अनुभव कर सकते हैं। अधिकृत विद्वानों और शब्दकोशों के माध्यम से जो परिभाषाएँ उदधृत की जा सकती हैं, उनका केन्द्रीय तत्त्व यही है। रिटजर, येटमैन ओर कैमेयर ने इसी अर्थ में

समाजशास्त्र को परिभाषित करते हुए इस तरह का विचार व्यक्त किया कि समाजशास्त्र व्यक्ति का सामाजिक ढांचे में अध्ययन है। सामाजिक ढांचे के अन्तर्गत समूह, संगठन, संस्कृति और समाज को सम्मिलित करते हुए इनके अन्तर्सम्बन्धों का अध्ययन किया जाता है।[2]

समाजशास्त्र की अध्ययन वस्तु क्या है, यह सुनिश्चित करने के बाद अगर हम अध्ययन की विधि पर केन्द्रित हों तो यह स्पष्ट है कि समाजशास्त्र वैज्ञानिक विधि से समाज का अध्ययन करता है। वैज्ञानिक विधि कहने का आशय यह है कि यह अध्ययन वैचारिकी से अप्रभावित, मूल्यों से अप्रभावित, वस्तुनिष्ठता की शैली में, कार्य–कारण सम्बन्धों पर केन्द्रित, पुनरावृति, परीक्षण और भविष्यवाणी से युक्त होगा। हॉर्टन एवं हण्ट ने वैज्ञानिक अनुसंधान में इन पक्षों को महत्त्व दिया है– पुष्टि योग्य, सूक्ष्मता, व्यवस्थापन, वस्तुपरकता, अभिलेखन, स्थितियों का नियंत्रण, अन्वेषणकर्ताओं का प्रशिक्षण।[3] विज्ञान से यही अपेक्षा होती है और अगर समाजशास्त्र समाज का वैज्ञानिक अध्ययन है तो उसे भी इन अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि शास्त्रीय समाजशास्त्रियों ने समाज के वैज्ञानिक अध्ययन के पक्ष पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। उसके बाद के विविध दौर ने वैज्ञानिकता के इस आग्रह और तटस्थता को विविध कारणों से प्रभावित किया। वैज्ञानिकता के आग्रह में सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष यह था कि हम क्या है का अध्ययन करें न कि क्या होना चाहिए का। क्या होना चाहिए में एक आदर्शात्मकता है, दार्शनिकता है जबकि क्या है में वैज्ञानिकता है, तटस्थता है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि अनुशासन से अपेक्षा होने के साथ–साथ अनुसंधानकर्ता से भी कुछ अपेक्षाएँ होती है–अध्यवसाय, सहनशीलता, रचनात्मक कल्पनाशक्ति, सांख्यिकीय योग्यता, बौद्धिक इमानदारी, तर्कशक्ति, जिज्ञासा, वैषयिकता इत्यादि।[4] जब हम अनुसंधान नैतिकता पर विचार करते हैं तो इसका सम्बन्ध भी इन बातों से है।

1914–1918 तक चले प्रथम विश्वयुद्ध, 1939–1945 तक चले दूसरे विश्वयुद्ध, 1917 की रूसी क्रांति, दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी में हिटलर और इटली में बेनिटो मुसोलिनी के क्रमशः नात्सीवाद और फासीवाद, हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम का विनाशक प्रयोग की घटनाओं ने इस पर विचार करने को बाध्य किया कि क्या हम तटस्थता और वैज्ञानिकता के नाम पर इस तरह की स्थितियों को स्वीकार करते रहें अथवा हमें मूल्यों की ओर लौटने की आवश्यकता भी है। अमेरिका और अन्य देशों में समाजशास्त्रियों का एक ऐसा तबका उभर रहा था जो सुधार का पक्षधर था। जब इस तरह की विचारधारा प्रभावी हुई तो समाजशास्त्र में सी. राईट मिल्स से चार दशक पूर्व रॉबर्ट लिण्ड ने यह प्रश्न उठाया–ज्ञान किस लिए तो यह बहुत ही उचित था।[5] रॉबर्ट लिण्ड एवं सी राइट मिल्स जैसे विचारकों ने वैज्ञानिकता के आग्रह से समाजशास्त्रीय अध्ययन को निकालने का प्रयास किया और मानवीयता

और मुक्ति के पक्ष को महत्त्व दिया। मानवीयता कहने का आशय यह है कि जन सामान्य कि आवश्यकताओं, सपनों, आशा और आकांक्षा को महत्त्व देना न कि विशेष प्रभावी समूह की आकांक्षा को महत्त्व देना। मुक्ति के पक्ष का अर्थ है कि भ्रामक तथा हीन स्व छवि से मुक्त करना, तथा उन सामाजिक संस्थाओं एवं विकास को बाधित करने वाली भूमिकाओं से मुक्त करना।[6]

कार्ल मार्क्स ने अपने चिंतन में मानवीयता और मुक्ति का जो स्वर दिया है, उसे सराहा भी गया है आलोचनाएँ भी की गयी हैं। इतना ही नहीं मानवीय पक्ष को उभारने में कहीं न कहीं मैक्स वेबर का भी योगदान रहा है क्योंकि उन्होंने समाज के सदस्य के तौर पर कर्ता के अर्थ लगाने की क्षमता और उसके निर्वचन को महत्त्व दिया है। पाण्डेय ने भारतीय समाजशास्त्री राधाकमल मुखर्जी को उदधृत करते हुए स्पष्ट किया है—मूल्य समाज द्वारा स्वीकृत इच्छाएँ तथा लक्ष्य हैं जिनका आन्तरीकरण सीखने, परिस्थिति या समाजीकरण के माध्यम से होता है और जो आभ्यांतरिक अधिमान्यताएं, प्रतिमान, तथा प्रेरणाएँ बन जाते हैं।[7] इस परिप्रेक्ष्य में ही हम समाजशास्त्र के मानवीय उन्मुखन को भी समझ सकते हैं। अगर समकालीन समाजशास्त्रीय चिंतन में साहित्य और दर्शन का प्रभाव दिखता है तो यह इस अर्थ में स्वाभाविक ही है। प्रघटनाशास्त्र, संरचनावाद तथा उत्तर—संरचनावाद में हम इसे देख सकते हैं। हुस्सर्ल, अल्थुजर, लेविस्ट्रॉस जैसे विचारकों के दृष्टिकोण इसी कारण आज काफी प्रासंगिक हो गये हैं।

समाजशास्त्र की परिवर्तित छवि के पीछे निश्चित रूप से वैश्विक पटल पर घट रही उपरोक्त पृष्ठभूमि का महत्त्व रहा है। इसके साथ—साथ मानवाधिकार के आंदोलन का उभरना, पशु अधिकार के आंदोलन का उभरना, व्यक्ति के निजता के पहलू पर परिवर्तित होती हुई वैचारिकी, लोक और तंत्र की स्वायत्ता, तकनीक और विज्ञान का बढता प्रभाव, अनुसंधान की गुणवत्ता और मौलिकता के प्रश्न ने शोध नैतिकता के प्रश्न पर गंभीरता से विचार करने को बाध्य किया। आजकल शोध शब्द जनसामान्य में लोकप्रिय हो गया है। शोध और शोध संस्थान बहुत ज्यादा दिख रहे हैं। बाजारवाद का प्रभाव इस पर भी पड़ा है और कई बार अपने उत्पाद अथवा उत्पादों के लिए सम्बन्धित संगठन अनुसंधान हेतु आर्थिक सहायता भी प्रदान करते हैं, कई बार सरकार भी विशिष्ट तरह के शोध के लिए समुचित धनराशि उपलब्ध कराती है। सामान्य तौर पर यह सही लगता है कि बिना पर्याप्त धनराशि के शोध कार्य कैसे संभव हो सकता है, पर इस दृष्टिकोण का दूसरा पहलू भी है। एक अन्य पहलू यह है कि जो संगठन या सरकार धनराशि उपलब्ध करा रही है क्या उसकी कहीं न कहीं यह अपेक्षा भी होती है उसके पक्ष में शोधकर्ता मनोवांछित परिणाम याय प्रस्तुति रख दे। यह भी शोध को नकारात्मक ढंग से प्रभावित करना है। यहाँ हमें यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि किसी भी विषय को जब हम अनुशासन कहते हैं तो उसका आशय उसकी मान्यताओं, विधियों को स्वीकार करने और उसकी मर्यादा का पालन करने से ही है। इससे परे जाना अकादमिक दृष्टि से उचित नहीं माना जाता है।

एक बात यह भी देखने में आती है कि शोध कार्य अगर स्तरीय और विधिवत नहीं किया गया है तो न तो अनुशासन को न ही समाज को उसका कोई लाभ मिल पाता है। इसके साथ—साथ शोध के दौरान अगर नैतिकता का उल्लंघन किया गया है तो जो परिणाम प्राप्त हुए हैं, वह भी वास्तविक नहीं हो सकते हैं। अपने देश में जब हम भारत के लिए समाजशास्त्र की बात करते हैं तो वह इस दृष्टि से सही है कि हम भारतीय समाज को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं, नवीन अवधारणाएँ गढ सकते हैं, वास्तविकता अथवा यथार्थ को पहचान सकते हैं। इस दृष्टिकोण के साथ—साथ

अगर हम शोधकर्ता की जगह विविध तरह की वैचारिकी अथवा पूर्वाग्रह से ग्रसित हो जाये तो हमारा शोध कार्य प्रभावित हो सकता है। यह संभव है कि शोध नैतिकता का उल्लंघन कर हमें एक तात्कालिक लोकप्रियता मिल जाये पर कालांतर में हमारा शोध कार्य संदेह की दृष्टि से ही देखा जायेगा। शोध नैतिकता के विविध पहलूओं को हम इस तरह से समझ सकते हैं।

समाजशास्त्रीय अनुसंधान की दृष्टि से काफी पहले गुडे एण्ड हाट ने चार प्रमुख पक्षों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट किया था।[8] ये पक्ष वैज्ञानिक अध्ययन और उपयोगिता की दृष्टि से बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। सर्वप्रथम तो यह कि मानवीय व्यवहार विविध अवधियों में समान ढंग से नहीं रहता है। यह परिवर्तित होता रहता है। अतः सटीक और वैज्ञानिक भविष्यवाणी में कठिनाई है। दूसरी बात यह है कि विज्ञान के कृत्रिम उपकरणों के माध्यम से बारीक, रहस्यपूर्ण और जटिल मानवीय व्यवहार का संवर्गीकरण करना आसान नहीं है। तीसरी बात यह है कि मानवीय व्यवहार का अध्ययन मानव के द्वारा ही किया जाने से तथ्यों के विकृति की संभावना है जो अंततः सत्य की प्राप्ति के लिए वांछनीय वस्तुनिष्ठ प्रक्रिया में बाधक है। चतुर्थ और सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि की गयी भविष्यवाणी को मानव अपनी विशिष्ट क्षमता और योग्यता से सकारात्मक अथवा नकारात्मक ढंग से प्रभावित कर सकता है। अतः शोध नैतिकता से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध इन पहलूओं पर भी हमें विचार करने की आवश्यकता है।

अनुसंधान की नैतिकता से सम्बन्धित विविध तरह के निर्देश सम्बन्धित अनुशासन की अधिकृत संस्थाओं द्वारा समय–समय पर जारी किये जाते रहे हैं और सम्बन्धित अनुशासन के शोध में उसके पालन की अपेक्षा की जाती है। यहाँ हम अमेरिकी समाजशास्त्रीय परिषद के 1971 में दिये गये निर्देश, जिसे 1997 में संशोधित किया गया के मौलिक सिद्धान्तों की प्रासंगिक रूप से उल्लेख कर रहे हैं[9] (1) शोध में वस्तुनिष्ठता और सत्यनिष्ठा बनाये रखना, (2) सूचना प्रदाता की निजता और गरिमा का समादर करना, (3) सूचना प्रदाता को किसी तरह की व्यक्तिगत हानि से सुरक्षित रखना, (4) गोपनीयता का संरक्षण, (5) समंकों के एकत्रीकरण अथवा उसके उपरांत यदि व्यवहार का निजी सन्दर्भ प्रकट करना आवश्यक हो तो उसकी सहमति प्राप्त करना, (6) शोध में सहयोग और सहायता को स्वीकार करना, (7) आर्थिक सहायता या धनराशि उपलब्ध होने के स्त्रोत की घोषण करना। हम इस तथ्य से परिचित हैं ही कि साहित्यिक चोरी अथवा प्लैगरिज्म से शोध कार्य को मुक्त रखना है। यही कारण है कि पूर्ववर्ती अध्ययन का पक्ष बहुत ही महत्त्व पूर्ण है।

प्रासंगिक रूप से शोध नैतिकता और शोध कार्य से सम्बन्धित कुछ विवादास्पद और चर्चित अध्ययन को उदधृत करना आवश्यक है। 1970 में लॉड हम्फ्री ने पुरूष समलैंगिकता पर एक अध्ययन किया था जिसे समाजशास्त्रीय जगत में टी रूम ट्रेडः इमपर्सनल सेक्स इन पब्लिक प्लेसेज के नाम से हम जानते हैं।[10] इस अध्ययन ने उत्तरदाता से सम्पर्क करने के तरीके और उत्तरदाता की निजता के अधिकार को क्षतिग्रस्त किया था। इसी तरह से 1999 में ड्यूनीयर का साइडवाक नामक अध्ययन भी काफी विवादित रहा है।[11] इसमें उसने साक्षात्कार और सहभागी अवलोकन जैसी विविध विधियों को अपनाया था। एक पुस्तक विक्रेता के यहाँ विविध तरह के लोग जो आते थे उनकी राय को इस अध्ययन में शामिल किया गया था। लोग राय रखना चाहते थे, अपने आपको सामने नहीं लाना चाहते थे। इस तरह से यह अध्ययन भी विवादित रहा।

एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि क्या अध्ययनकर्ता को उत्तरदाता से प्राप्त प्रत्युत्तरों के आधार पर ही शोध विषय पर अपना प्रतिवेदन

अथवा सार प्रस्तुत करना चाहिए या उसे अपनी राय भी रखने का अधिकार है। यद्यपि समाजशास्त्र में इसकी संभावना उतनी ज्यादा नहीं है जितनी की इतिहास में है। इ. एच. कार की प्रसिद्ध पुस्तक इतिहास क्या है, के तीसरे अध्याय में इस प्रश्न पर विचार करते हुए सर आइसाया बर्लिन को उदधृत किया गया है—यह इतिहासकार का कर्त्तव्य है कि वह चार्लमेन या नेपोलियन या चंगेज खॉं या हिटलर या स्तालिन के द्वारा किये गये नरमेधों के लिए निंदा करे। आगे बताया गया है कि प्रो0 नोऐल्स ने इस विचार का पर्याप्त विरोध किया है।[12]

समाजशास्त्रीय दृष्टि से हम यह विचार कर सकते हैं कि क्या किसी सामाजिक प्रथा का अथवा किसी विभीषिका अथवा सामाजिक—राजनीतिक विधानों के सम्बन्ध में क्या एक समाजशास्त्री को इस तरह से विचार व्यक्त करने का अधिकार है अथवा सांस्कृतिक सापेक्षवाद को आधार बनाकर इसे स्वीकार किया जाना ही हमारी नियति है अथवा अपेक्षित है। समाजशास्त्रीय जगत के आरम्भिक शोध कार्य को अगर हम देखें तो सहभागी अवलोकन के आधार पर जो अध्ययन किये गये उसमें भी शोध नैतिकता का कहीं न कहीं उल्लंघन जरूर हुआ है। उदाहरण के लिए विलियम ह्वाईट की कृति स्ट्रीट कॉर्नर सोसाइटी में अध्ययन के लिए अनुसंधानकर्ता ने सोशल तथा एथलेटिक क्लब का सदस्य बनकर अपने अनुभव प्राप्त किये थे।[13] इसी तरह का एक अन्य उदाहरण चार्ल्स बुथ का इंगलैण्ड का वह प्रसिद्ध अध्ययन है जिसका शीर्षक है लाइफ एण्ड लेबर ऑफ पीपुल ऑफ लंदन। सत्रह खण्डों में प्रकाशित यह अध्ययन ब्रेटिस वेब और सिडनी वेब के शब्दों में सबसे वृहद सांख्यिकीय अध्ययन है जिसमें केवल एक ही व्यक्ति का श्रम लगा था और उसी के वैयक्तिक खर्चे से परियोजना चली थी।[14] शोध नैतिकता के दृष्टि से व्यय और श्रम के साथ—साथ यह पहलू भी विचारणीय है कि इसमें वैयक्तिक पूर्वाग्रह और तटस्थता में किस तरह से समन्वय किया गया होगा। यह शास्त्रीय अध्ययन काफी गरिमा से उद्धृत किया जाता है।

समाजशास्त्रीय अनुसंधान में आजकल गुणात्मक शोध की प्रवृत्ति बढ रही है। अर्ल बैब्बी ने लॉफलैण्ड एवं लॉफलैण्ड को उदधृत करते हुए नैतिकता के कुछ अन्य पहलूओं को सामने रखने का प्रयास किया है।[15] इसमें उत्तरदाताओं की सहमति के बिना उनके द्वारा दिये गये प्रत्युत्तर की रिकॉर्डिंग, अध्ययन कर्ता जिस समूह से नफरत रखता है उससे सूचना प्राप्त करने की आवश्यकता, अध्ययन के दौरान अगर किसी को तत्काल सहायता की आवश्यकता हो तो सहायता की आवश्यकता पर हमारा प्रत्युत्तर, जिस सामाजिक—सांस्कृतिक अथवा अकादमिक या सांगठनिक परिवेश की हमारी पृष्ठभूमि हो उसके प्रति हमारी प्रतिबद्धता, उत्तरदाता को प्रत्युत्तर के लिए तैयार करने में आर्थिक सहयोग का प्रलोभन आदि के पहलूओं पर गहनता से विचार किये जाने की आवश्यकता है। विविध अनुशासनों में बढते गुणात्मक शोध के दौर में हमें इन प्रश्नों पर गंभीरता से विचार करना ही होगा।

किसी अनुशासन या विषय को आग्रही अगर मान लिया जाये तो यह भी शोध नैतिकता की दृष्टि से उचित नहीं है। समाजशास्त्र एक ऐसा विषय है जिसपर कुछ विचारकों ने पुरूषवादी होने का आरोप लगाया है। इसी से इस हद तक भाव व्यक्त कर दिया गया है कि मुख्यधारा का समाजशास्त्र वस्तुतः मर्दवादी धारा का समाजशास्त्र है।[16] इसके पीछे यह तर्क दिया गया है कि समाजशास्त्रीय अध्ययनों में पुरूषों के जीवन के विविध पहलूओं पर ज्यादा जोर दिया गया है। स्त्रियों से सम्बन्धित अध्ययन और मुद्दे कम महत्त्वपूर्ण से आंके गये हैं। निदर्शन में भी स्त्री उत्तरदाताओं का समुचित प्रतिनिधित्व नहीं है।

समाजशास्त्र एक सामाजिक विज्ञान है अतः समाज की समग्र छवि अगर उसके द्वारा अभिव्यक्त नहीं होती है तो यह निःसंदेह उचित नहीं है। शोध में नारीवादी आग्रह पर जब चर्चा होती है तो हमें उन्नीसवीं सदी के समनर के उस प्रसिद्ध निबन्ध को भी संज्ञान में रखना चाहिए जिसका शीर्षक था—द फॉरगॉटेन मैन। यह निबन्ध उन पुरूषों पर केन्द्रित था जो कठिन श्रम करते थे, रोटी की व्यवस्था करते थे पर उन्हें कोई प्रशंसा नहीं मिलती थी, वे अकेलापन को स्वीकार करते थे। यह निबन्ध इसलिए चर्चित हो जाता है कि काफी आगे चलकर जब एन ऑकले ने इतिहास और समाजशास्त्र में स्त्रियों की कमजोर उपस्थिति और छवि पर विचार करते हुए कहा यह प्रश्न किया था—क्या स्त्रियाँ भी मनुष्य हैं।[17]

समाजशास्त्रीय अनुसंधान में नैतिकता के विविध आयाम पर कोई भी दृष्टिकोण विकसित करते हुए हमें यह समझने की आवश्यकता है कि समकालीन परिदृश्य में शोध नैतिकता का पालन यथा संभव करने का प्रयास किया जाता है। आज शोध कार्य के दौरान शोध नैतिकता से सम्बद्ध विविध दिशानिर्देशों का पालन तो किया ही जाता है साथ ही साथ अकादमिक और नागरिक जगत के विविध पृष्ठभूमि से आये लोगों के दृष्टिकोण से शोधकर्ता को परिचित भी कराया जाता है और उनसे औपचारिक अन्तःक्रिया भी करायी जाती है। शोध प्रस्ताव में विविध बिंदुओं को औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया जाता है। अतः शोध में नैतिकता का प्रश्न अब उतना लचीला नहीं है जितना कि पहले के दौर में हुआ करता था। इसके साथ—साथ विविध प्रश्नों पर विचार करने के उपरांत सुप्रसिद्ध समाजशास्त्री एंथनी गिड्डेन्स के शब्दों से इस शोध पत्र के सार को अभिव्यक्त किया जा सकता है—जिस किसी ने भी मौलिक समाजशास्त्रीय अनुसंधान किया है, वे इस तथ्य को प्रमाणित कर सकते हैं कि शोध पुस्तकों में जिस तरह से शोध कार्य की व्याख्या की जाती है, उससे वास्तविक दुनिया उल्लेखनीय रूप से भिन्न होती है। इससे स्पष्ट है कि गिड्डेन्स समाजशास्त्रीय अनुसंधान के लचीलेपन के पक्षधर हैं और उनके अभिमत से असहमत नहीं हुआ जा सकता है। वस्तुतः कोई भी समाजशास्त्री किसी शोध विषय पर शोध कार्य करते हुए उपलब्ध विकल्पों में से किसी का चयन कर कलात्मक, उपयोगी और प्रभावी ढंग से अपनी प्रस्तुति दे सकता है। इसे हम कार्ट राइट मिल्स के समाजशास्त्रीय कल्पना के प्रसिद्ध अध्ययन में भी देख सकते हैं। एक अन्य उदाहरण एलेन बार्कर का द मेकिंग ऑफ मूनी नामक अन्य प्रसिद्ध अध्ययन है।

अनुसंधान नैतिकता के विविध पहलुओं को उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकता है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. सिंघी, नरेन्द्र कुमार एवं गोस्वामी, वसुधाकर (2004), समाजशास्त्रः एक विवेचन, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, पृ.—7
2. रिट्जर, जॉर्ज, कैमयर, केनेथ सी. डब्ल्यू एवं येटमैन, आर. नॉरमैन (1979), सोशियोलॉजीः एक्सपेरियेंसिंग ए चेंजिंग सोसायटी, एलॉन एण्ड बैकॉन, अमेरिका, पृ. 7
3. आहूजा, राम (2012), सामाजिक अनुसंधान, रावत प्रकाशन, जयपुर, पृ.—10—11
4. शंकर, गौरी एवं पाण्डेय, रवि प्रकाश (2015), सामाजिक अनुसंधान एवं सांख्यिकी, शेखर प्रकाशन, प्रयागराज, पृ.—47—53.
5. मैकी, जेम्स बी. (1981) सोशियोलॉजी— द स्टडी ऑफ सोसायटी, हॉल्ट राइनहार्ट एवं विंस्टन, न्यूयॉर्क, पृ.—17
6. वही, पृ.— 17—18
7. पाण्डेय, राजेन्द्र (1974), मूल्य—समाजशास्त्रीय परिप्रेक्षण, वाणी विहार, वाराणसी, पृ.—171
8. गुडे, विलियम जे. एवं हॉट, पॉल के. (2006),

मेथड्स इन सोशल रिसर्च, सुरजीत पब्लिकेशंस, दिल्ली, पृ.–2

9. शैफर्ड, टी. रिचर्ड (2011), सोशियोलॉजी, नवाँ संस्करण, टाटा मैक्ग्रा हिल, नई दिल्ली, पृ.–39
10. अर्ल, बेब्बे ( 2015), द बेसिक्स ऑफ सोशल रिसर्च छठा संस्करण, रावत प्रकाशन, दिल्ली, पृ.–78
11. गिड्डेन्स, एंथनी (2001), सोशियोलॉजी, चौथा संस्करण, पोलिटी प्रेस, यूके, पृ.–655
12. कार, ई. एच. (1987), इतिहास क्या है–हिन्दी अनुवाद, मैकमिलन, दिल्ली, पृ.–63
13. शंकर, गौरी एवं पाण्डेय, रवि प्रकाश (2015) पूर्व उदधृत पृ.– 323
14. वही, पृ.–219
15. अर्ल बैब्बे (2015), पृ.– 334
16. हारालम्बोस, एम एवं एम, हॉलबॉर्न (2008), सोशियोलॉजीः थीम्स एण्ड पर्सपेक्टिव, सातवां संस्करण, कॉलिन्स, लंदन, पृ.–808
17. एल्ब्रो, मार्टिन (1997), सोशियोलॉजी– द बेसिक्स, रूटलेज, लंदन, पृ.–64–65

SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multidisciplinary
Research Journal
ISSN (Print) : 3048-6327

Paper Recieved : 3rd Sept. 2024
Paper Accepted : 15th Sept. 2024

# Reimagining Democracy: Social Movements as Catalysts for Societal Change - A Sociological Study

□ Dr. Dhananjay Kumar Kushwaha*

**ABSTRACT**

*Democracy as a political system thrives on the active participation of its citizens. However, the conventional way of system of democratic governance often fail to address the complex and evolving needs of society. Especially fails to solve the problems of marginalized groups which exists on periphery of society in many contexts and on parameters. In this scenario, social movements emerge as vital agents of change. It challenges the limitations of institutional frameworks and reimagining the very essence of democracy. Social movements are a collective action. it provides a platform for voicing dissent, confronting injustices. And it advocates for reforms that are inclusive and equitable. They not only bring attention to social, political, and economic inequalities, but also contribute to the restructuring of power dynamics within democratic states for different strata people. This sociological study explores how social movements act as catalysts for societal change, particularly in democracies where institutional mechanisms are not fully reflecting the needs of all citizens. and also examines the transformative impact of these movements on public policies, social norms, and the democratic process itself, using India as a case study. And by analysing the historical and contemporary significance of various social movements, this study highlights the indispensable role they play in fostering a more participatory and just society.*

***Keywords***–*Democracy, Social Movements, Societal Change, Collective Action, Public Policy, Power Dynamics, India, Marginalized Communities.*

**Introduction:**

The relationship between democracy and social movements is a central theme in sociological discourse. In societies where power is distributed unevenly their social movements emerge as a necessary mechanism to voice dissent and advocate for justice and push for transformative changes. Social movements serve as catalysts for societal change and reimagine democracy in the process. By focusing on the

* Assistant Professor (Sociology), Bhartiya Mahavidyalaya Farrukhabad UP-209625
Email: dhananjay.letters@gmail.com, Mobile: 6386360414

Indian context, we will analyse in brief various movements that have shaped public policy, social norms, and democratic engagement in India.

Democracy, characterized by the participation of citizens in governance and decision-making processes. It is often viewed as a platform for advocating justice, equity, and inclusivity. India as a nation is marked by its diverse social fabric, different cultures and historical complexities. social movements have emerged as essential instruments for voicing grievances. and it strive for transformative change. Historically, the roots of social movements in India can be traced back to the colonial era. when the struggle against British rule galvanized various segments of society. Prominent figures like Mahatma Gandhi harnessed it on grassroots levels by mobilization. And emphasized on tool of non-violence resistance and civil disobedience for addressing the India interests. Gandhi's approach not only challenged colonial authority but also laid the groundwork for a democratic ethos that recognized the importance of civil rights and collective action (Chatterjee, 2004).

The than historical context is crucial for understanding how social movements continue to influence democratic practices in contemporary India yet. Following independence in 1947, India adopted a democratic constitution that enshrined fundamental rights and liberties. But after independence the wrongs of the colonial system like injustice, inequality, untouchability, faulty seizure of land and hegemonical mindset too was received after independence. which revealed significant socio-economic disparities and systemic injustices that demanded attention to address. In response Various social movements began to surface, addressing issues ranging from caste discrimination to gender inequality and environmental degradation (Srinivasan, 2012).

For instance, the Dalit movement, headed by Dr. B.R. Ambedkar, sought to eradicate the entrenched caste system. and secured social justice for marginalized communities. Ambedkar's advocacy resulted in the constitutional provisions for affirmative action. Who reflect the potential of social movements to effect policy making and changes (Jaffrelot, 2005).

The women's rights movement, too, gained momentum in the post-independence era, and challenged patriarchal norms and standards. It advocated for legal reforms in favour of women so that tyranny of women could eradicated. The establishment of organizations such as the All-India Democratic Women's Association (AIDWA) played a pivotal role in mobilizing women and addressing issues such as domestic violence and discrimination (Kapadia, 2014). The movement's historical trajectory reveals the importance of collective action in redefining gender roles and promoting social justice.

Moreover, the environmental movement in India, exemplified by the Chipko movement of the 1970s, highlighted the intersection of ecological concerns and social justice. Activists, primarily women, organized to protect forests from deforestation, emphasizing the need for sustainable development practices (Shiva, 1988). By linking ecological sustainability with social equity, this movement underscored the growing recognition of environmental justice as a vital component of democracy.

In the contemporary context, information is the power, which moves on the 'wings' of different digital technology. The advent of digital technology has transformed the nature of social movements operations. It allows for rapid dissemination of information and mobilization of support. Movements have increasingly utilized social media platforms to raise awareness, organize protests, and build solidarity across diverse demographics. The anti-corruption movement led by Anna Hazare in 2011 exemplifies this trend, utilizing digital activism to engage citizens and challenge systemic corruption (Jain, 2012).

Despite the progress made by various types of different sectors movements, social movements in India face numerous challenges. It has to face repression by state, internal fragmentation, and co-optation by political interests. The resilience and adaptability of these movements, however, highlight their potential to foster social change and enhance democratic practices.

**Theoretical Framework**

To understand the role of social movements in democratic societies, it is essential to explore relevant sociological theories. Theories of collective action and social change, such as Charles Tilly's Contentious performances (2008) and Sidney Tarrow's Social Movements: An Introduction (2011), provide a framework for analysing how collective efforts lead to significant transformations in society. These theories emphasize the role of grievances, organization, and mobilization in driving social change. Additionally, the concept of "political opportunity structure," introduced by Tarrow, highlights the importance of the political environment in shaping social movements. This framework suggests that movements are more likely to succeed when the political context is favourable, allowing for greater mobilization and impact.

**Historical Context of few Social Movements in India:**

India's history is rich with social movements. It has shaped its democratic landscape. The struggle for independence from British colonial rule witnessed significant grassroots mobilization by figures like Mahatma Gandhi. The principles of non-violence and civil disobedience not only challenged colonial power but also established a framework for future movements advocating for social justice (Chatterjee, 2004).

After independence, the newly formed Indian government adopted a democratic constitution that enshrined the rights of citizens. However, the persistence of social inequalities necessitated continued activism. The post-colonial era saw the emergence of various movements aimed at addressing issues related to caste, gender, labour rights, and environmental sustainability (Srinivasan, 2012).

**1. Caste and Social Justice Movements**

One of the most significant social movements in India is the fight against caste discrimination, primarily led by Dr. B.R. Ambedkar, a key figure in the drafting of the Indian Constitution. Ambedkar's advocacy for the rights of Scheduled Castes (SCs) laid the foundation for the Dalit movement. which aimed to eradicate untouchability and promote social justice (Jaffrelot, 2005).

This movement mobilized millions of marginalized individuals, challenging the entrenched caste system and advocating for legal reforms. The enactment of affirmative action policies, such as reservations in education and government jobs for SCs and Scheduled Tribes (STs), can be attributed to the relentless efforts of social movements. these measures have made significant strides in promoting social justice. But challenges remain, and demanding to necessitate continued activism and engagement.

**2. Women's Rights Movements**

The women's rights movement in India has played a crucial role in shaping democratic norms. in the late 19th century, women's activism gained momentum in the post-independence period. And it focused on issues like dowry, domestic violence, and discrimination in the workplace. Organizations such as the Women's Indian Association (WIA) and later the All-India Democratic Women's Association (AIDWA) have been played a pivotal role in advocating for legal reforms and women's representation in politics (Kapadia, 2014).

The enactment of laws such as the Dowry Prohibition Act (1961) and the Protection of Women from Domestic Violence Act (2005) reflect the impact of sustained advocacy for

women rights. Additionally, the recent MeToo movement in India has highlighted the pervasive issue of sexual harassment. It shows the power of social media in mobilizing collective action and bringing attention to gender-based injustices (Kumar, 2018).

**Mechanisms of Mobilization**

Social movements utilize various strategies to mobilize citizens and effect change. Understanding these mechanisms is crucial for analysing their impact on democracy.

**1. Grassroots Organizing**

Grassroots organizing serves as the backbone of social movements. By fostering community engagement and building networks, activists mobilize individuals around shared grievances and aspirations. Local leaders often emerge as key figures in organizing protests, rallies, and awareness campaigns, emphasizing the importance of community participation in driving change.For instance, the Chipko movement, which emerged in the 1970s to protect forests in Uttarakhand, showcased the power of grassroots organizing. Women played a central role in this movement, forming human chains to prevent deforestation, ultimately leading to policy changes that prioritized environmental conservation (Shiva, 1988).

**2. Coalition Building**

Building coalitions across diverse groups is another vital strategy employed by social movements. By forming alliances with other organizations and interest groups, movements can amplify their voices and broaden their reach. Coalitions enable movements to address intersecting issues, such as caste, gender, and economic inequality.The Mahila Jagriti Movement, which advocates for women's rights in rural areas, exemplifies coalition building. By collaborating with various NGOs and local organizations, the movement has successfully raised awareness about women's issues and influenced policy changes at local and national levels (Agarwal, 2013).

**3. Utilizing Media and Technology**

In the digital age, social movements increasingly leverage media and technology to mobilize support and raise awareness. Social media platforms serve as powerful tools for disseminating information, organizing protests, and building solidarity among activists. The viral nature of social media campaigns can rapidly mobilize large numbers of individuals, transforming local issues into national and global movements.The anti-corruption movement led by Anna Hazare in 2011 effectively utilized social media to galvanize public support and draw attention to issues of governance and transparency (Jain, 2012). The movement's ability to mobilize millions showcased the potential of digital activism in contemporary society.

**Few Case Studies: Social Movements as Catalysts for Change:–**

To illustrate the impact of social movements on democracy, we examine two significant case studies: the Narmada Bachao Andolan (NBA) and the Right to Information (RTI) movement.

**1. Narmada Bachao Andolan**

The Narmada Bachao Andolan, initiated in the 1980s, emerged in response to the construction of the Sardar Sarovar Dam on the Narmada River. The movement sought to protect the rights of displaced communities and advocate for sustainable development practices. Led by activists like Medha Patkar, the NBA highlighted the environmental and social consequences of largescale infrastructure projects (Patkar, 1991).The movement garnered national and international attention, leading to discussions about the rights of displaced communities and the need for a more equitable development model. Although the dam was completed, the NBA's advocacy led to policy changes regarding resettlement and rehabilitation, emphasizing the importance of participatory governance.

**2. Right to Information Movement**

The Right to Information (RTI) movement represents a significant advancement in promoting transparency and accountability within the Indian government. Initiated in the early 2000s, the movement aimed to empower citizens to access information held by public authorities. Grassroots organizations and activists played a pivotal role in advocating for the RTI Act, which was enacted in 2005 (Pattnaik, 2006).The RTI movement has transformed the relationship between citizens and the state, enabling individuals to question government actions and demand accountability. Numerous cases have emerged where citizens successfully utilized the RTI Act to expose corruption and mismanagement, showcasing the transformative potential of social movements in strengthening democracy.

**Challenges Faced by Social Movements:**

Despite their transformative potential, social movements encounter various challenges that can hinder their effectiveness.

**1. Repression and Resistance**

Social movements often face repression from state authorities and powerful interests that perceive them as threats. Acts of violence, legal actions, and intimidation tactics are employed to silence dissent. Activists may face harassment, imprisonment, or even violence, creating an environment of fear that can stifle collective action. For instance, environmental activists in India have faced threats for opposing mining and industrial projects that harm local communities and ecosystems (Banerjee, 2013). Such repression underscores the risks involved in advocating for social change within an often-hostile political landscape.

**2. Fragmentation and Division**

Social movements can also experience fragmentation due to ideological differences, leading to divisions within the movement. Disagreements on strategies, goals, and leadership can weaken collective efforts and hinder progress. It is crucial for movements to foster unity while respecting diverse perspectives to maintain momentum. The anticorruption movement, while initially united, eventually faced challenges due to internal divisions among leaders regarding strategies and objectives. This fragmentation ultimately diluted the movement's effectiveness in sustaining long-term change (Bhatia, 2014).

**3. Co-optation by Political Parties**

Social movements may face the risk of co-optation by political parties seeking to gain electoral support. When movements become associated with specific political agendas, they can lose their original purpose and compromise their independence. This co-optation can lead to disillusionment among activists and supporters.The women's movement, for instance, has at times been co-opted by political parties during election campaigns, which may use women's rights as a political tool rather than genuinely addressing systemic inequalities (Kapadia, 2014).

**The Future of Social Movements in Democratic Societies :–**

The future of social movements in India and other democracies will depend on their ability to adapt to changing socio-political landscapes. Several trends are shaping the trajectory of social movements:

**1. Digital Activism**

The rise of digital activism is transforming how movements mobilize support and engage with the public. Social media platforms allow for rapid dissemination of information and the ability to reach a global audience. Movements that effectively harness digital tools will likely amplify their impact and influence.

**2. Interconnectedness of Issues**

Social movements are increasingly recognizing the interconnectedness of various social issues. Movements addressing environmental justice, gender equality, and economic rights are beginning to collaborate and

share strategies. This intersectional approach can enhance the effectiveness of movements and foster solidarity among diverse groups.

**3. Global Solidarity**

The globalized nature of contemporary challenges, such as climate change and human rights abuses, has prompted movements to engage in cross-border solidarity. Activists from different countries can learn from each other's experiences and strategies, amplifying their collective impact.

**4. Role of Youth**

Youth play a crucial role in social movements, utilizing technology and grassroots mobilization to advocate for justice and social change. They address issues like gender equality, environmental sustainability, and caste discrimination while facing challenges such as state repression and internal fragmentation, driving the quest for a more equitable society.

## Conclusion

Social movements play a crucial role in reimagining democracy by serving as catalysts for societal change. By advocating for justice, promoting civic engagement, and challenging entrenched power structures, these movements enhance democratic values and practices. While challenges remain, the resilience and adaptability of social movements offer hope for a more equitable and just society. In the context of India, the historical legacy of social movements underscores their significance in shaping democratic norms and fostering social change. As society continues to evolve, the interplay between democracy and social movements will remain a vital area of inquiry for sociologists and activists alike. Recognizing the transformative potential of social movements can empower individuals and communities to actively engage in the democratic process, ensuring that their voices are heard and their rights are upheld.

## References


1. Agarwal, B. (2013). Gender and Land Rights in South Asia: A Comparative Analysis of the Land Rights of Women in India and Bangladesh. Cambridge University Press.
2. Banerjee, A. (2013). "Environmental Movements and the Politics of Development in India." Environmental Politics, 22(5), 735-754.
3. Bhatia, R. (2014). "The Anti-Corruption Movement in India: The Case of Anna Hazare." South Asia: Journal of South Asian Studies, 37(2), 171-187.
4. Chatterjee, P. (2004). The Politics of the Governed: Reflections on Popular Politics in Most of the World. Columbia University Press.
5. Jaffrelot, C. (2005). Dr. Ambedkar and Untouchability: An Inquiry into the Growth of a Social Movement. Permanent Black.
6. Jain, A. (2012). "The Anna Hazare Movement: A New Wave of Activism in India." Journal of Asian Studies, 71(2), 399-410.
7. Kapadia, K. (2014). "The Women's Movement in India: A Historical Overview." Indian Journal of Gender Studies, 21(1), 45-68.
8. Kumar, R. (2018). "The MeToo Movement in India: A Sociological Perspective." Economic and Political Weekly, 53(43), 44-51.
9. Pattnaik, S. (2006). "The Right to Information: A Tool for Empowerment." Indian Journal of Public Administration, 52(2), 197-215.
10. Patkar, M. (1991). "The Narmada Movement: A People's Struggle for Justice." Economic and Political Weekly, 26(32), 1907-1915.
11. Shiva, V. (1988). Staying Alive: Women, Ecology, and Development. Zed Books.
12. Srinivasan, K. (2012). "Social Movements and the Political Economy of India." International Journal of Political Economy, 41(3), 12-35.
13. Tarrow, S. (2011). Power in Movement: Social Movements and Contentious Politics. Cambridge University Press.
14. Tilly, C. (2008). Contentious performances. Cambridge University Press.

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 3rd Sept. 2024** **Paper Accepted : 20th Sept. 2024**

# हड़प्पा एवं गंगाघाटी सम्बन्ध

## ( पुरातात्विक उत्खनन से प्राप्त पशु अस्थियों के विशेष सन्दर्भ में )

**डॉ. दीपशिखा पाण्डेय***

**शोध-सारांश**

*सभ्यता के विकास में मानव व पशु का सम्मिलित योगदान रहा है। आज से लाखों वर्ष पहले से ही पृथ्वी पर विद्यमान, ये एक दूसरे के पूरक बनकर साथ में विकसित हुए। मानव व पशुओं की शारीरिक संरचना में अन्तर था, पशुओं की शक्ति तथा संरचना मनुष्य से अधिक रही। मानव ने पृथ्वी पर आने के उपरांत से ही प्रकृति तथा पशुओं से बहुत कुछ सीखा, और स्वयं को विकसित किया।*

*गंगाघाटी में मानव के अधिवास की तिथि लाखों वर्ष पुरानी है और यहां उत्खननों से यह प्रमाणित है कि निम्नपुरापाषाण काल से ही उसकी गतिविधियॉ पायी गईं हैं। पृथ्वी पर एक साथ यदि दो प्रमुख प्रजातियॉ साथ–साथ निवास करेंगी, तो वे किसी न किसी रूप में एक दूसरे से सम्पर्क स्थापित करेंगी। यह बात मानव व पशु पर भी लागू होती है। मेरा यह अध्ययन इस बात पर निर्भर करता है कि यदि हम मानव द्वारा निर्मित हड़प्पा सभ्यता जैसी विकसित नगरीय सभ्यता की बात कर रहे है तो हमें यह कदापि नही भूल जाना चाहिए कि मानव ने हमेशा किसी न किसी प्रकार पशुओं का उपयोग किया हैं। हड़प्पा सभ्यता के साक्ष्यों की बात करें तो उत्खनन से प्राप्त साक्ष्यों में बहुसंख्यक मूतियॉ, पशुरूपी खिलौने, जिसमें बैल, घोड़ा, हाथी, खरगोश, गेंडा, बाघ, हिरन इत्यादि तथा मुहरो पर पाये जाने वाले विभिन्न पशु आकृतियॉ का सभ्यता के विकास में योगदान रहा है। जिनके बिना इस समाज की कल्पना करना ही अधूरी बात होगी। इस शोध पत्र में इसी विषय पर प्रकाश डालते हुए इनके आपस के सह–सम्बन्धों तथा वर्तमान तक की व्याख्या करने का प्रयास है।*

***बीज शब्द***–*गंगाघाटी, हड़प्पा, पशु अस्थियॉ, उत्खनन।*

* वरिष्ठ सहायक आचार्या, प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, प्रयागराज

सभ्यता के विकास में मानव व पशु का सम्मिलित योगदान रहा है। आज से लाखों वर्ष पहले से ही पृथ्वी पर विद्यमान, ये एक दूसरे के पूरक बनकर साथ में विकसित हुए। मानव व पशुओं की शारीरिक संरचना में अन्तर था, पशुओं की शक्ति तथा संरचना मनुष्य से अधिक रही। मानव ने पृथ्वी पर आने के उपरांत से ही प्रकृति तथा पशुओं से बहुत कुछ सीखा, और स्वयं को विकसित किया।

गंगाघाटी में मानव के अधिवास की तिथि लाखों वर्ष पुरानी है और यहां उत्खननों से यह प्रमाणित है कि निम्नपुरापाषाण काल से ही उसकी गतिविधियॉ पायी गईं हैं। पृथ्वी पर एक साथ यदि दो प्रमुख प्रजातियॉ साथ–साथ निवास करेंगी, तो वे किसी न किसी रूप में एक दूसरे से सम्पर्क स्थापित करेंगी। यह बात मानव व पशु पर भी लागू होती है। मेरा यह अध्ययन इस बात पर निर्भर करता है कि यदि हम मानव द्वारा निर्मित हड़प्पा सभ्यता जैसी विकसित नगरीय सभ्यता की बात कर रहे है तो हमें यह कदापि नही भूल जाना चाहिए कि मानव ने हमेशा किसी न किसी प्रकार पशुओं का उपयोग किया हैं। हड़प्पा सभ्यता के साक्ष्यों की बात करें तो उत्खनन से प्राप्त साक्ष्यों में बहुसंख्यक मूतियॉ, पशुरूपी खिलौने, जिसमें बैल, घोड़ा, हाथी, खरगोश, गेंडा, बाघ, हिरन इत्यादि तथा मुहरो पर पाये जाने वाले विभिन्न पशु आकृतियॉ का सभ्यता के विकास में योगदान रहा है। जिनके बिना इस समाज की कल्पना करना ही अधूरी बात होगी। यदि यह देखें कि हड़प्पा सभ्यता के आज तक हुए पुरातात्विक उत्खननों में पशुओं की अस्थियों की प्राप्ति कैसी है? तो यह भी निश्चित है कि अन्य साक्ष्यों की तुलना में एक अच्छी संख्या में इनके अस्थि अवशेषों की प्राप्ति विभिन्न हड़प्पीय पुरास्थलों जैसे, हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, लोथल, कालीबंगा, रोपड़, बनावली, सुरकोटड़ा, सुत्कांगेन्डोर, धौलावीरा, राखीगढ़ी तथा गंगा घाटी के महत्वपूर्ण पुरास्थल हस्तिनापुर, हुलास आलमगीरपुर, अतरंजीखेड़ा, झुंसी, इत्यादि से भी होती है। इनके अतिरिक्त हड़प्पन पशुओं की व्याप्ति मृदभाण्डों पर प्राप्त चित्रण, मुद्रा अंकनों तथा खिलौने के रूप में भी होती है, जिनमें प्राप्त पशुओं को अगर एक क्रमबद्ध रूप से सूचीबद्ध किया जाए तो इनकी गणना कुछ निम्न प्रकार होगी–

**कुत्ता Dog** (Canis tenggeranus and canis pallipes domesticus)

**बैल Ox** ( Bos indicus)

**भैस Buffalo** ( Bos bubalus bubalis)

**बकरी Goat** ( Capra agagrus race indicus)

**बिल्ली Cat** (Felis ocreata race domestica)

**गधा Ass** ( Equus asinus)

**भेड Sheep** ( Ovis vignei race Domesticus)

**सूअर Pig** ( Sus cristatus domesticus )

**ऊॅट Camel** ( canelus dronedarius )

**हाथी Elephant** ( Elephus)

**गैंडा Rhinoceros** (Rhinoceros unicornis)

**बारहसिंगा Barah singha** ( Cervus Recurvous duvauceli )

**मछली Fish** (Rita rita) **Chhipkali** ( Varanus sp.)

**घड़ियाल Ghadiyal** ( Gavialis gangeticus, hamilton)

**कछूआ Turtle** ( Lissemys tectum forma-rypica)

**पक्षी Birds** (Felis ocreata race-domestica)

**नेवला Mongoose** (Mungos duropunctatus)

**घोड़ा Horse** ( Equus caballus)

जिन्हें निम्न रूप में भी देखा जा सकता है :–

## पालतू पशु

गाय, कूबड़युक्त एवं बिना कूबड़वाला बैल, भैंस, बकरी, अष्व, गघा, खच्चर, कुत्ता, बिल्ली, भेड़, सुअर आदि।

**जलचर**

जलचरों में विभिन्न प्रकार की मछलियां, कछूए, घड़ियाल, बत्तख केकड़े, शंख शुक्तियां एवं घोघें शामिल हैं।

**वन्य पशु**

वन्य पशुओं में व्याघ्र, तेदुंआ, भेड़ियां, श्रृगाल, भालू, गेंडा, बन्दर, विभिन्न प्रकार के हिरण, हाथी, व भैसा शामिल है।

पशुओं का कई दृष्टियों से महत्व भी था, ये कृषि, व्यापार, सवारी तथा षिकार के रूप में काम आते थे।

**हड़प्पा काल के बाद आने वाली संस्कृतियों में प्राप्त पशु व्याप्ति**

| **हड़प्पा काल** | **वैदिक काल** | **ओ.सी.पी.** | **पी.जी.डब्ल्यू.** | **एन.बी.पी.** | **परवर्ती संस्कृतियाँ** |
|---|---|---|---|---|---|
| बैल (नीलगाय) | गाय/बैल | गाय/बैल | गाय/बैल | गाय/बैल | गाय/बैल |
| साड़ | – | – | – | – | साड़ |
| गधा | गधा | गधा | गधा | गधा | गधा |
| घोड़ा | घोड़ा | घोड़ा | घोड़ा | घोड़ा | घोड़ा |
| मछली | मछली | मछली | मछली | मछली | मछली |
| – | मगरमच्छ | मगरमच्छ | मगरमच्छ | मगरमच्छ | मगरमच्छ |
| – | ऊँट | ऊँट | ऊँट | ऊँट | ऊँट |
| कुत्ता | कुत्ता | कुत्ता | कुत्ता | कुत्ता | कुत्ता |
| हिरन | हिरन | हिरन | हिरन | हिरन | हिरन |
| हाथी | हाथी | हाथी | हाथी | हाथी | हाथी |
| बकरी | बकरी | बकरी | बकरी | बकरी | बकरी |
| भारतीय सियार | सियार | सियार | सियार | सियार | सियार |
| घड़ियाल | – | – | – | – | घड़ियाल |
| कछुआ | बन्दर | बन्दर | बन्दर | बन्दर | बन्दर |
| – | भालू | भालू | भालू | भालू | भालू |
| – | ऊदबिलाव | ऊदबिलाव | ऊदबिलाव | ऊदबिलाव | ऊदबिलाव |
| कछुवा | कछुवा | कछुवा | कछुवा | कछुवा | कछुवा |
| नेवला | नेवला | नेवला | नेवला | नेवला | नेवला |
| गैंडा | गिरमिट | गिरमिट | गिरमिट | गिरमिट | गिरमिट |
| सूअर | सूअर | सूअर | सूअर | सूअर | सूअर |
| बारहसिंगा | | | | | |
| सूअर | सूअर | सूअर | सूअर | सूअर | सूअर |
| – | लकड़बग्घा | लकड़बग्घा | लकड़बग्घा | लकड़बग्घा | लकड़बग्घा |
| खरगोश | खरगोश | खरगोश | खरगोश | खरगोश | खरगोश |
| छिपकली | छिपकली | छिपकली | छिपकली | छिपकली | छिपकली |
| चिड़ियाँ | चिड़ियाँ | चिड़ियाँ | चिड़ियाँ | चिड़ियाँ | चिड़ियाँ |
| – | शेर | शेर | शेर | शेर | शेर |
| – | चमगादड़ | चमगादड़ | चमगादड़ | चमगादड़ | चमगादड़ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| – | गैंडा | गैंडा | गैंडा | गैंडा | गैंडा |
| मेढ़क | मेढ़क | मेढ़क | मेढ़क | मेढ़क | मेढ़क |
| मोर | मोर | मोर | मोर | मोर | मोर |
| चूहा | चूहा | चूहा | चूहा | चूहा | चूहा |
| भेड़िया | भेड़िया | भेड़िया | भेड़िया | भेड़िया | भेड़िया |
| भेड़ | भेड़ी | खरगोश | खरगोश | खरगोश | खरगोश |
| पालतू बिल्ली | बिल्ली | भेड़ी | भेड़ी | भेड़ी | भेड़ी |
| – | – | बिल्ली | बिल्ली | बिल्ली | बिल्ली |

सिन्धु घाटी की सभ्यता एक पूर्ण विकसित सभ्यता थी, जिसके विकास में पशुओं का अति महत्वपूर्ण योगदान था। पशुपालन अर्थ–व्यवस्था का मुख्य आधार था, और ये लोग डीलदार एवं बिना डीलदार बैल, भैंस, गाय, भेड़–बकरी, कुत्ते, गधे, खच्चर और सूअर आदि पालते थे, हाथी भी पालतू थे। कृषि कार्य एवं बोझा ढोने के लिए पालतू पशुओं का उपयोग प्रमुख रूप से किया जाता रहा होगा। पशुओं का महत्व मॉस, खाल ऊन के लिए भी था। अवशेष के रूप में इनका उत्कीर्णन एवं चित्रण, मुहरों, मुद्राओं एवं मृद्भाण्डों पर हुआ है कि उक्त पश–पालतू थे तथा जो पालतू नहीं भी थे उनसे हड़प्पा निवासी भली–भॉति परिचित थे, और इनके साक्ष्य हमें उपरोक्त संस्कृतियों से सम्बन्धित विभिन्न पुरास्थलों से प्राप्त होते हैं।

यदि हम हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, लोथल, कालीबंगा, रोपड़, बनावली, सुरकोटड़ा, सुत्कांगेन्डोर, धौलावीरा, राखीगढ़ी जैसे सिन्धु घाटी के पुरातात्विक उत्खननों के महत्वपूर्ण पुरास्थल स्थलों से प्राप्त पशुओं का अध्ययन करें तो हमें यह ज्ञात हो जाता है कि जिन पशुओं की अस्थि अवशेष तथा साक्ष्य हमें हड़प्पीय स्थलों से प्राप्त हुए, ठीक उसी प्रजाति के पशु गंगाा घाटी से भी प्राप्त हुए है इन पशुओं की विभिन्न प्रजातियां विभिन्न पुरास्थलों से प्राप्त होती हैं जैसे वे जिले जो उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत आते हैं उनके महत्वपूर्ण अध्यनित पुरास्थलों में लालकिला (सहारनपुर), मदनापुर (बुलन्दशहर), सौंफरी (शाहजहांपुर), अतरंजीखेड़ा (एटा), जाखेड़ा (एटा), मथुरा (मथुरा), कन्नौज (कन्नौज), कम्पिल (फरूखाबाद), सैफई (इटावा), पिरवितनीशरीफ (श्रावस्ती), मुसानगर (कानपुर), हुलासखेड़ा (लखनऊ), श्रृंगवेरपुर (इलाहाबाद), राजघाट (वाराणसी), आलमगीरपुर (मेरठ), कौशाम्बी (कौशाम्बी), मनवाडीह (सीतापुर), अहिरुवाराजारामपुर (कन्नौज), इत्यादि आते हैं जिनके समीप से गंगा, यमुना, घग्घर, सोन नदियां बहती हैं जो इन पुरास्थलों को जल की सभी जरूरतों को पूरा करती रही हैं।ये लगभग अधिकाधिक पशु वर्तमान समय में भी फलीभूत दिखायी देते हैं।

प्रत्येक सन्दर्भित पशु के सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक महत्वों के विषय में जानकारी प्राप्त होती है कि पशुओं का उपयोग विभिन्न कार्यों हेतु लिया जा रहा था जिन्हें संक्षेप में व्यक्त किया जा सकता है–

| **पशुओं के नाम** | **पशुओं का मुख्य रूप से उपयोग** |
|---|---|
| गाय | : भोज्य पदार्थ दूध, पूजा हेतु |
| बैल | : शक्ति वर्धक कार्यों व कृषि, भारवहन, कुटीर उद्योगों में। |
| भेड़–बकरी | : दूध, मांस, ऊन, कलात्मक अभिव्यक्ति |
| सूकर | : भोजन में मांस, दाँतों का प्रयोग, बालों का उपयोग |
| गधा | : भारवहन |

ऊँट : भारवहन (सवारी, माल ढोने में), बालों व आँतों से क्रमशः गोणी व कुप्पे का निर्माण

हाथी : दाँतों हेतु, भारवहन, यातायात, चित्रकारी, मनोरंजन विभिन्न खेल–कूदों में सहयोगार्थ एवं सुरक्षा हेतु

बारह–सिंगा, हरिण : आखेट, मांस, मनोरंजन, सींग, खाल, चित्रकारी, औषधि हेतु

घोड़ा : तेज गति से यातायात, भारवहन, सवारी, मनोरंजन हेतु

मोर : मांस हेतु, पंखों से रंग बनाने में, कलात्मकता व खाल हेतु

कुत्ता : शिकार में सहायता, सुरक्षा एवं रखवाली हेतु

गंगा घाटी के विभिन्न पुरास्थलों से जिन पशुओं की अस्थियां प्राप्त होती है इन सभी पशुओं के उपयोग की आवश्यकताएं भी भिन्न थी, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि मनुष्यों व पशुओं का सम्बन्ध प्राचीनकाल से लेकर वर्तमान समय तक सुदृढ़ रहा है, तथा मानव के सभ्यता के विकास में मूक पशुओं का योगदान प्रमुख रूप से था तथा खाद्य, परिवहन, एवं यातायात की पूर्ति पशुओं से होती रही।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


- प्रसाद बी., एनिमल रिमेन्स फ्राम हड़प्पा इन मेक्वायरर्स ऑफ आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, न.– 51, दिल्ली, 1936, एम.एस. वत्स, एक्सकेवेशन्स एट हड़प्पा, जिल्द–2, नई दिल्ली, 1962
- थपल्याल के.के., एवं, संकटा प्रसाद शुक्ल, सिन्धु सभ्यता, उ.प्र. हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 1976
- सिंह भगवान, हड़प्पा सभ्यता और वैदिक साहित्य, राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, 1997ए
- श्रीवास्तव कृष्ण चन्द्र, प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति, यूनाइटेड बुक डिपो, इलाहाबाद, 2004.05
- पाण्डे एस.के., प्राचीन भारत, प्रयाग एकेडमी, इलाहाबाद, 2005
- गुप्ता रमेश, आधुनिक जन्तु विज्ञान 2006ए प्रकाश पब्लिकेशन्स, जिला परिषद बाजार मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
- प्राणि विज्ञान, परिभाषा कोश, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, विश्वविद्यालय ग्रन्थ निर्माण निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, 1978
- तिवारी डी.पी.,एक्सकेवेशन्स एट सौंफरी एण्ड एक्सप्लोरेशन्स इन गंगा प्लेन, तरुण प्रकाशन, लखनऊ, 2004
- गौर. आर.सी., एक्सकेवेशन्स एट अतरंजीखेड़ा, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1983
- तिवारी डी.पी, डी.के. श्रीवास्तव, एक्सकेवेशन्स एट मदनापुर, तरुण प्रकाशन,लखनऊ, 2005
- राव टी.एस., नारायण ए0के0, एक्सकेवेशन्स एट राजघाट, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, वाराणसी, 1976
- गौर आर.सी., एक्सकेवेशन्स एट लालकिला, पब्लिकेशन स्कीम, जयपुर, 1995
- तिवारी डी.पी., एक्सकेवेशन्स एट पिरवितनीशरीफ, तरुण प्रकाशन, लखनऊ, 2006
- तिवारी डी.पी., एक्सकेवेशन्स एट चरदा, तरुण प्रकाशन, लखनऊ, 2002
- चौबे रमेश, पुरातात्विक मानव विज्ञान, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 1991
- पारिख सदाषिव भालचन्द्र, भारत का भूगोल, राष्ट्रीय षैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली, 2000
- मजुपूरिया त्रिलोक चन्द्र, वाइल्ड वेल्थ ऑफ इण्डिया, त्रिभुवन यूनिवर्सिटी, टी प्रेस सर्विस, बैकांक, थाईलैण्ड, 1986
- केन रिचर्ड जी0, द एनालिसिस ऑफ एनिमल बोन्स फार्म आर्कियोलॉजिकल साइट्स, द यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो प्रेस, चिकागो एण्ड

लन्दन, 1984

- स्पेट, ओ.एच.के. और ए.एम. लीरमान्थ, इण्डिया एण्ड पाकिस्तान, ए जनरल एण्ड रीजनल ज्योग्राफी, स्फोल्क, ग्रेट ब्रिटेन, 1960
- अग्रवाल डी0पी0, दिलीप चकवर्ती, एस्सेज इन इण्डियन प्रोटोहिस्टी, जिल्द न.–5, बी.आर. पब्लिकेशन कारपोरेशन, नई दिल्ली, 1979
- शुक्ला के0एस0, आर्कियोलॉजी ऑफ उन्नाव डिस्ट्रिक, बी0आर0 पब्लिषिंग कारपोरेशन दिल्ली, 1986
- कीथ ए.बी. एवं ए.ए. मेक्डोनल, वैदिक इण्डेक्स ऑफ नेम्स एण्ड सब्जेक्ट्स, मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी, 1962
- घोस नगेन्द्र नाथ, अर्ली हिस्ट्री ऑफ कौषाम्बी, दुर्गा पब्लिकेषन्स, दिल्ली, 1985
- Brain M. Fagan, People of the Earth, An introduction to world Prehistory, Little, Brown and Company (Inc.) 1980
- CHAKRABARTI DILIP K., ARCHAEOLOGICAL GEOGRAPHY OF THE GANGA PLAIN, Published by PERMANENT BLACK, D-28, Oxford Apartment, II, I.P. Extension, Delhi, 2001
- James R. Beerbower, Search for the Past, Prentice Hall of India Ltd. New Delhi, 1965
- KEDDALL, GLENDINNING, MACFADDEN, Introduction to Geography, Harcourt Brace and company, New York, 1951
- Lal B.B., Excavation at Hastinapura and Other Explorations in the Upper Ganga and Sutlej Bains, Ancient India, No. 10.11
- Majumdar R.C., The History and Culture of the Indian People, Vol.1, The Vedic Age, London, 1951

**SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**Paper Recieved : 15th Sept. 2024** **Paper Accepted : 30th Sept. 2024**

# निराला की 'राम की शक्ति-पूजा' में स्वाधीनता के स्वर

❑ **डॉ. विकास चन्द वर्मा***

**शोध-सारांश**

*स्वाधीनता मानव जीवन का सर्वोत्तम वरदान है। राम की शक्ति–पूजा निराला की औदात्यपूर्ण एवं राष्ट्रीय मुक्ति चेतना को अभिव्यक्ति करती हुई एक सशक्त महाकाव्यात्मक रचना है। इसमें जहॉ एक ओर राम के आत्म संघर्ष व विजय की आकांक्षा को अभिव्यक्ति मिली है, वहीं दूसरी ओर निराला का दुर्धर्ष एवं अपराजेय व्यक्तित्व भी उभरता है। यह संघर्ष केवल राम–रावण का ही नहीं बल्कि सत्य–असत्य का भी है, साम्राज्यवादी एवं सामन्ती शक्तियों से मुक्ति का भी है, शोषणविहीन, समतामूलक, लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था एवं कल्याणकारी समाज की स्थापना का भी है। निराला केवल राजनीतिक आजादी के आकांक्षी नही थे बल्कि वे ऐसी सार्वभौमिक स्वाधीनता के पक्षपाती थे जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का सर्वांगीण व नैसर्गिक विकास हो सके। किन्तु सही अर्थो में अभी स्वाधीनता की प्राप्ति नहीं हुई है, इसीलिए निराला राम–रावण के अपराजेय समर को शेष कहतें है।*

***बीज शब्द***–*अपराजेय समर, शक्ति पूजा, साम्राज्यवाद, सामन्तवाद, शोषण, विषमता, जय–विजय, स्वाधीनता, लोकतांत्रिक मूल्य, कल्याणकारी समाज।*

हिंदी साहित्य के इतिहास के आधुनिक काल के छायावाद के आधार स्तंभ महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला विलक्षण प्रतिभा के रचनाकार थे। उनकी ख्याति विद्रोही और क्रांतिकारी कवि की थी। उनके व्यक्तित्व में दृढ़ता, गंभीरता और आक्रोश का समन्वय था। गरीबों और वंचितों के प्रति अपार करुणा एवं सहानुभूति उनके हृदय में थी। सामाजिक विषमता एवं अभाव ने उन्हें विद्रोही बना दिया। बाहर से कठोर एवं भीतर से कोमल हिमालय के समान विशाल व्यक्तित्व को धारण किए निराला युगदृष्टा थे। छायावाद उस राष्ट्रीय जागरण की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है जो एक ओर पुरानी रूढ़ियों से मुक्ति चाहता है और दूसरी और विदेशी पराधीनता से। (छायावाद, पृ0–17) 'राम की शक्ति–पूजा'(1936) निराला की महाकाव्यात्मक रचना है। पौराणिक मिथक पर आधारित यह रचना शक्ति की उपासना की मौलिक कल्पना करती है। यह निराला की अनूठी सृजनात्मक प्रतिभा की परिचायक है।

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर, टी.एन.पी.जी. कालेज, टाण्डा अम्बेडकर नगर
मो.नं.–6394746149, ई–मेल vikaschandverma77@gmail.com

निराला के जीवन का पूर्वार्ध बंगाल में व्यतीत हुआ और यहीं पर सबसे अधिक शक्ति स्वरूपा दुर्गा की पूजा होती है। निराला का सृजनशील व्यक्तित्व रामकृष्ण परमहंस एवं स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रभावित था। उस समय भारत ब्रिटिश शासन व्यवस्था से मुक्ति के लिए संघर्षरत था। ऐसी स्थिति में निराला जहां एक ओर राम कथा के एक अंश को कविता का आधार बनाकर भारतवासियों में मुक्ति की नई चेतना भरने का प्रयास कर रहे थे वहीं दूसरी ओर वे स्वयं युगीन परिस्थितियों से लड़ रहे थे।

निराला के काव्य में मध्यकालीन जड़ता के विरुद्ध स्वतंत्रता का आह्वान है, भावनाओं की उन्मुक्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, दकियानूसी सामंती आदर्शों और आचार सिद्धांतों पर विजय तथा विचारात्मक सौंदर्य व कलात्मक आदर्शों की खोज का आह्वान है। कवि अपने समय की उपनिवेशवादी व्यवस्था और सामंती सामाजिक व्यवस्था से असंतुष्ट है, वह स्वाधीन भारत और उस भारत में सुख, समृद्धि एवं शान्ति की खोज में है।

निराला का जीवन कठिनाइयों एवं संघर्षों का था, उन्हें कष्टमय जीवन की जय–पराजय का सामना करना पड़ा। किन्तु निराला का अपराजेय व्यक्तित्व सभी दुश्वारियों से लड़ता हुआ आगे बढ़ता रहा, जिनसे उनकी मातृभूमि, उनके समाज व देशवासियों से अविछिन्न संबंध थे। निराला जैसा संवेदनशील रचनाकार युगीन परिस्थितियों से अलग–थलग नहीं रह सका। निराला जिस युग में थे, वह भारत में ब्रिटिश शासन का युग था। निराला का काव्य ब्रिटिश शासन व्यवस्था एवं शोषण से मुक्ति की चेतना का काव्य है। भारतीय सामंती मूल्यों के विरुद्ध सर्जनात्मक काव्य है। निराला की औदात्यपूर्ण सर्जनाओं में 'राम की शक्ति–पूजा' सर्वाधिक मूल्यवान कृति है। यद्यपि इस महाकाव्यात्मक रचना में सभी चरित्र मिथकीय हैं किंतु इसमें भारत के स्वाधीनता सेनानियों का प्रतिबिंब देख सकते हैं और घटनाओं को स्वाधीनता संघर्ष के विभिन्न चरण मान सकते हैं।

निराला ने राम की शक्ति पूजा (1936) की रचना जिस समय की थी। वह देश की पराधीनता का दौर था। आजादी के लिए निरंतर संघर्ष चल रहा था, किंतु उसमें विशेष सफलता नहीं मिल रही थी। ऐसे समय में कवि ने रावण द्वारा अपहृत व बंदिनी सीता को पराधीन 'भारत माता' मानकर चित्रित किया है। राम को देश की आजादी व राष्ट्रीय गौरव के लिए तथा अत्याचार के खिलाफ संघर्षरत योद्धा व स्वाधीनता सेनानी के प्रतीक के रूप में चित्रित किया है। ब्रिटिश शासन व्यवस्था को अनैतिक, अत्याचारी एवं अपरबल शक्तियों के रावण के प्रतीक के रूप में वर्गीकृत किया है।

राम–रावण का युद्ध सीता की प्राप्ति अर्थात स्वतंत्रता की प्राप्ति का संघर्ष है। कवि ने राम को एक सामान्य मानव के धरातल पर ला खड़ा किया है, जो थकता भी है, टूटता भी है और उसके मन में जय–पराजय का भीषण द्वंद्व भी चलता रहता है। राम के मन का अन्तर्द्वंद्व, आत्म संघर्ष एवं हताशा–निराशा देश की जनता में भी व्याप्त थी–

**मित्रवर, विजय होगी ना समर,**
**अन्याय जिधर, है उधर शक्ति।**

राग–विराग–98

उस युग में विश्व की अनेक शक्तियां ब्रिटेन के साथ अन्याय के पक्ष में खड़ी थी।

राम की शक्ति–पूजा कविता में राम के माध्यम से निराला की राष्ट्रीय परतंत्रता से मुक्ति की चेतना ही ध्वनित हुई है। स्थूल रूप से राम की विजय और सीता की मुक्ति की चिंता को हम राष्ट्र–मुक्ति और मर्यादा की रक्षा के लिए युद्ध में नियोजित होने के नैतिक पक्ष को कविता में रेखांकित कर सकते हैं। यह राष्ट्रीय मुक्ति किसी महान वीर पुरुष के हाथों ही संभव है, जो मुक्ति की बल–बेदी पर अपना सर्वस्व निछावर करने को तत्पर हो।

निराला इसके लिए शक्ति की आराधना का

पक्ष लेते हैं 'शक्ति की आराधना' यह वाक्य खंड ही सैनिक क्षमता में वृद्धि का संकेत करता है। (आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर) इसका अर्थ यह है कि राष्ट्रीय मुक्ति के लिए निराला गांधीवादी सिद्धांतों में पूर्ण रूपेण विश्वास नहीं करते हैं। गांधी जी संघर्ष–विराम– संघर्ष की रणनीति अपनाते हैं किंतु निराला सतत संघर्ष एवं शक्ति साधना की अवधारणा में विश्वास करते हैं। ''शक्ति की आराधना'' से ही राष्ट्रीय मुक्ति संभव है। इसलिए निराला ने ''शक्ति की मौलिक कल्पना'' की बात की है। शक्ति की अवधारणा ही गांधीवादी सिद्धांतों के विरुद्ध है। शक्ति की मौलिक कल्पना की बात भी अहिंसा की शक्ति की परिकल्पना नहीं है बल्कि कुछ ऐसी 'व्यूह रचना' जो शत्रु को इस तरह मात दे सके जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की हो। इस अपराजेय शक्ति को निःशंक अपनाने एवं धारण करने की आवश्यकता है।

जलियाँवाला बाग हत्याकांड (अप्रैल 1919), खिलाफत आंदोलन (1920–1921) एवं असहयोग आंदोलन (1920–1922) के दौरान चौरी–चौरा घटना के पश्चात गांधी जी द्वारा असहयोग आंदोलन को स्थगित कर देने से संपूर्ण देश के स्वाधीनता सेनानियों में गहरी निराशा उत्पन्न हो गई। जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस ने असहयोग आंदोलन के स्थगन का विरोध किया। पंडित मोतीलाल नेहरू एवं चितरंजन दास ने स्वराज पार्टी (1923) का गठन कर लिया। यह एक ऐसा दौर था जब संपूर्ण भारत में राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन अपनी चरम सीमा पर था किंतु गांधी जी द्वारा लिया गया स्थगन का निर्णय जनमानस में गहरी निराशा पैदा कर गया। यही निराशा का भाव निराला की 'राम की शक्ति पूजा' में भी दिखता है–

**''धिक् जीवन को जो पाता ही आया सदा विरोध,**
**धिक् साधन, जिसके लिए सदा ही किया शोध!**
**जानकी! हाय, उद्धार प्रिया का हो न सका।''**

राग–विराग–103

ये पंक्तियां निराला के समूचे संघर्ष की विफलता एवं स्वाधीनता संघर्ष की विफलता को अनावृत्त कर देती है। जीवन के पग–पग पर निराला को विरोधों का सामना करना पड़ा था। निराला का क्रांतिकारी व्यक्तित्व बार–बार हार का सामना करता है। वैसे ही भारत भी ब्रिटिश शक्ति से बार–बार हारता है। निराला की पीड़ा या यह कहें की राम की पीड़ा अर्थात जनमानस की पीड़ा यह है कि वह मां जानकी अर्थात भारत माता को मुक्त नहीं करा पा रहे हैं। यह सब पराजित मन की देन है। व्यक्ति तब हारता है जब उसका मनोबल हारता है। सेना तब पराजित होती है जब उसका सेनापति पराजित होता है किंतु निराला की शिराओं में क्रांति का रक्त प्रवाहित था, जो हार नहीं मानता था। कुछ क्षणों के लिए विमनस्क भले हो जाए किंतु उसका अवचेतन मन अपराजेय था–

**वह एक और मन रहा राम का जो ना थका,**
**जो नहीं जानता दैन्य, नहीं जानता विनय।**

राग–विराग पृ0–103

निराला का व्यक्तित्व अपराजेय था। वह हार मानने वाले व्यक्ति नहीं थे। उन्होंने जीवनपर्यन्त किसी के सामने दीनता प्रकट नहीं की–न आलोचकों के सामने, न प्रकाशको के सामने, न संपादकों के सामने, न अधिकारियों के सामने और न ही विश्वविद्यालयों के विभागाध्यक्षों के सामने। परिस्थितियों से पलायन करना उन्होंने सीखा ही नहीं था। परिस्थितियों से संघर्ष ही उनके जीवन की सार्थकता थी। पारिवारिक विपत्तियों का जो पहाड़ निराला पर टूटा, उसे वह प्रसन्नतापूर्वक सहन कर गए। उसी तरह स्वाधीनता सेनानियों ने भी, जो निराला के मानस पुत्र थे, कभी भी साम्राज्यवादी शक्तियों के सामने घुटने नहीं टेके। संघर्ष विराम के दिनों में हुए अपनी संघर्ष क्षमता को बढ़ाने का सतत् प्रयत्न करते रहे। असहयोग आंदोलन के स्थगन के पश्चात् एवं सविनय अवज्ञा आंदोलन के पूर्व का समय भारत के स्वाधीनता

संग्राम का विराम काल था। इस विराम काल में निराला की मनोवृत्ति वाले सेनानियों ने शक्ति की पूजा कर संघर्ष की नई व्यूह रचना तैयार की। निराला, राम और स्वाधीनता सेनानियों को पीड़ा इस बात की है कि अन्यायी ब्रिटिश सत्ता के साथ विश्व की अनेक शक्तियॉ खड़ी हैं। यह कैसी वैश्विक व्यवस्था (ईश्वर की व्यवस्था) है, जिसमें शक्ति भी अनैतिकता के पक्ष में है। इसी शक्तिशाली अन्यायी ब्रिटिश शासन व्यवस्था का उन्मूलन करने का आवाह्न निराला करते हैं। साम्राज्यवादी ब्रिटिश सत्ता का उन्मूलन शक्ति के द्वारा ही करने की बात करते हुए वे क्रांतिकारी भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव राजगुरु अशफाक उल्ला खान और सूर्यसेन के साथ खड़े हुए दिखते हैं। भगवती चरण वोहरा द्वारा प्रतिपादित ''बम का दर्शन'' का समर्थन निराला करते हैं–

**विचलित होने का नहीं देखता मैं कारण,**
**हे पुरुष–सिंह, तुम भी यह शक्ति करो धारण,**
**आराधन का दृढ़ अराधन से दो उत्तर,**
**तुम वरो विजय संयत प्राणों से प्राणों पर**
**रावण अशुद्ध होकर भी यदि कर सका त्रस्त**
**तो निश्चय तुम हो सिद्ध करोगे उसे ध्वस्त,**
**शक्ति की करो मौलिक कल्पना, करो पूजन,**
**छोड़ दो समर जब तक न सिद्ध हो रघुनन्दन।**

राग–विराग–पृष्ठ–99–100

निराला जिस रावण को अशुद्ध और शक्तिशाली कह रहे हैं, वह कोई और नहीं बल्कि ब्रिटिश सत्ता एवं उसके समर्थन में खड़ा भारतीय सामंती समाज भी है। निराला केवल भारत की ब्रिटिश साम्राज्यवादी शासन व्यवस्था से ही मुक्ति नहीं चाहते बल्कि वह भारत के सामन्ती ढॉचें में मौजूद शोषणकारी व्यवस्था से भी मुक्ति चाहते हैं। जब तक भारत से यह शोषणकारी व्यवस्था समाप्त नहीं हो जाती है तब तक निराला के लिए स्वाधीनता की स्थापना संभव नहीं है। स्वतंत्रता किसी विशेष मानव या जाति के लिए नहीं है वरन् यह संपूर्ण भारतवासी का नैसर्गिक अधिकार है। जब तक किसानों एवं मजदूरों का उत्थान न होगा, तब तक स्वतंत्रता, सुख और शान्ति का कोई अर्थ नहीं है। हम लोग जिस तरह गुलाम हैं, उसी तरह हमने अपनी स्त्रियों को भी गुलाम बना रखा है, बल्कि उन्हें दासों की दासियां बना रखा है। इस महादैन्य से उन्हें शीघ्र मुक्ति देनी चाहिए, तभी हमारी गुलामी की जंजीरें कट सकती हैं। जो जीवन बाहरी स्वतंत्रता नहीं प्राप्त कर सकता, वह मुक्ति जैसी सार्वभौम स्वतंत्रता कब प्राप्त कर सकता है। 'राम की शक्ति पूजा' में संघर्ष का न कोई उद्‌बोधन है और न ही संदेश। कविता के नायक राम पराजित, संशय एवं द्वविधा से ग्रस्त और बेबस है। युद्ध में रावण (ब्रिटिश सत्ता) ने वानर वाहिनी (स्वाधीनता सेनानी) को रौंद डाला, सुग्रीव, अंगद, विभीषण आदि मूर्छित हो गए। राम के सब दिव्यास्त्र एक–एक कर खंडित हो गए । यह पराजय स्वाधीनता सेनानियों की पराजय है। निराला की समाज विरोधी शक्तियों से पराजय है। यह पराजय स्थाई नहीं है केवल संघर्ष के रास्ते का एक पड़ाव मात्र है। यह युद्ध राम– रावण के बीच का ही नहीं वरन् भारतीय सेनानियों और ब्रिटिश सत्ता के बीच का संघर्ष है, समाज की प्रगतिशील एवं रचनात्मक और अधोगामी एवं विध्वंसात्मक शक्तियों के बीच का संघर्ष है, प्रजातांत्रिक मूल्यों एवं सामंती मूल्यों के बीच का संघर्ष है। संघर्ष के मार्ग में मिली अस्थाई पराजय राम को चिंतित कर देती है। समूचा परिवेश अंधकार में डूबा हुआ है और राम संशय में हैं–

**स्थिर राघवेंद्र को हिला रहा फिर–फिर संशय,**
**रह–रह उठता जग जीवन में रावण–जय–भय,**

राग–विराग–94

राम ने देखा कि स्वयं महाशक्ति दुर्गा रावण के पक्ष में खड़ी हैं। शक्ति अन्याय के पक्ष में है। अन्याय जिधर है उधर शक्ति है, इसलिए युद्ध में विजय न होगी। रावण अधर्मी होकर भी महाशक्ति का अपना है, आत्मीय है, और मैं धर्म और न्याय के

पक्ष में होकर भी गैर हूं। यह कैसा दैवीय विधान है? जाम्बवान इस दैवीय विधान को परास्त करने के लिए शक्ति की मौलिक कल्पना करने का सुझाव देते हैं। शक्ति धारण करने का परामर्श देते हैं। यहॉ जाम्बवान वैचारिक शक्ति, राजनीतिक शक्ति एवं व्यूह रचना की बात करते हैं। इस शक्ति पूजन के अंतिम चरण में राम द्वारा अपने राजीव नयन (कमल नयन) को अर्पित करना और फिर महाशक्ति का यह कहते हुए–होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन–राम के मुख में लीन होना, गांधी जी द्वारा सन 1942 ई0 में 'करो या मरो, के नारे के उद्घोष जैसा प्रतीत होता है।

देश को राजनीतिक आजादी 15 अगस्त 1947 को प्राप्त हुई। किंतु निराला ने जिस स्वाधीन भारत का स्वप्न देखा था, वही अभी प्राप्त नहीं हुआ। कांग्रेस के नेतृत्व में जमीदारों एवं पूंजीपतियों के चुनाव में शामिल होने से देश में किसानों एवं मजदूरों की एक नए ढंग से शोषण की शुरुआत हो गई। स्वाधीन भारत की सत्ता जिस शासक वर्ग के हाथों में जाने वाली थी, निराला उसे भली–भॉति पहचानते थे। शासक वर्ग, जमींदार और पूंजीपतियों का आपसी गठजोड़ किसानो और मजदूरों के शोषण के लिए हुआ था। निराला के लिए स्वाधीनता तब तक अर्थहीन, मूल्यहीन है, जब तक किसान, मजदूर, दलित, शोषित व वंचित वर्ग का शोषण समाप्त नहीं हो जाता है, व समाज में उनकों उनका यथोचित स्थान प्राप्त नहीं हो जाता और वह वर्ग स्वयं को स्वतंत्र नहीं महसूस करता है। निराला जीवन के अंतिम चरण में कम्युनिष्ट पार्टी के समर्थन में आ गए थे। उनकी राजनीतिक विचारधारा भी उसी के अनुकूल थी। वह नेहरू के समाजवादी चेहरे की अपूर्णता को पहचान चुके थे। कांग्रेस के समझौता–परस्त रवैये को अच्छी तरह परख चुके थे इसलिए निराला लिखते हैं–

**रवि हुआ अस्तः ज्योति के पत्र पर लिखा अमर,**
**रह गया राम–रावण का अपराजेय समर।**

राग–विराग–92

ब्रिटिश शासन का अन्त हुआ, केवल राजनीतिक सत्ता का हस्तान्तरण हुआ था, आम जनता के पक्ष में कोई अमूल–चूल परिवर्तन नहीं हुआ, राजनीतिक सामाजिक विषमता बनी रही, शोषण और दमन का चक्र चलता रहा। इसलिए निराला कहते हैं–यह जो राम–रावण का अपराजेय समर है वह आज भी जारी है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. क्रांतिकारी कवि निराला, डॉ. बच्चन सिंह प्रकाशक–नंद किशोर एण्ड सन्स वाराणसी 1961
2. निराला : आत्महन्ता आस्था, दूधनाथ सिंह नीलाम प्रकाशन इलाहाबाद–1972
3. कवि निराला–आ. नंद दुलारे वाजपेई–कमल प्रकाशन जबलपुर–1997
4. छायावाद–नामवर सिंह राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली–1993
5. निराला साहित्य साधना–(II) रामविलास शर्मा–राज कमल प्रकाशन दिल्ली–2002
6. अभिप्रायः, विशेषांकः स्वाधीनता की अवधारणा और निराला सं. प्रो. राजेंद्र कुमार, अक्टूबर–1999
7. राग–विराग : अनामिक, सं0 रामविलास शर्मा लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद–1998
8. भारत का स्वतंत्रता संघर्ष : प्रो. बिपिन चंद्रा, हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय–दिल्ली विश्व–विद्यालय दिल्ली–1998
9. निराला की कविताएं और काव्यभाषा–डॉ. रेखा खरे–लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद–1995

SHODH-GARIMA–YEAR-1, VOL. 1 (July to Sept., 2024)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multidisciplinary
Research Journal

ISSN (Print) : 3048-6327

Paper Recieved : 3rd Sept. 2024

Paper Accepted : 15th Sept. 2024

# संत कबीर के काव्य दर्शन की कालजयिता

□ डॉ. मो. मजीद मियाँ*

**शोध-सारांश**

*साहित्य और साहित्यकार की कसौअी है—युग-सापेक्षता और समाज-सापेक्षता। अज्ञेय ने अपने निबन्ध 'क्यों लिखता हूँ?' में कहा है कि सभी रचनाएँ सर्जन नहीं हुआ करती हैं। किसी भी रचना को सर्जन की श्रेणी में आने के लिए काल-सापेक्ष होना होता है। आज जो सामाजिक सन्दर्भ हैं; जो वैश्विक परिदृश्य हैं; उससे कटकर बन्द कमरे में लिखा, जो हो जाए, साहित्य तो हो ही नहीं सकता है। साहित्य कार का युग-बोध ही उसके साहित्य की प्रासंगिकता है। प्रासंगिकता एक निकप है जिस पर किसी रचना को जाँचा-परखा जाता है। कबीर की प्रासंगिकता इस पबात में है कि वे धर्म-निरपेक्ष, सम्प्रदाय-निरपेक्ष, जाति-निरपेक्ष और काल-निरपेक्ष हैं। जब कोई साहित्यकार धम्र, सम्प्रदाय और जाति से ऊपर उङ्ग जाता है जो वह सर्वग्राह्य हो जाता है। कबीर ने अपने युग की समस्याओं को जितना आत्मसात किया, वह उनकी रचनाओं से परिलिखित होता है और समस्याओं से वे कितने लड़े, यह उनके आधुनिक और प्रासंगित होने का सबूत है। कबीर तब प्रासंगिक हो जातो हैं, जब वे धर्म के नाम पर लड़ती मानवता को निर्गुण भक्ति का मार्ग दिखाते हैं। भोली और अज्ञानी जनता को मन्दिरों, मठों और मस्जिदों से निकाल कर परमात्मा को स्वयं में खोजने का सन्देश देते हैं। एक ईश्वर की परिकल्पना करता कबीर, वैश्विक मानवता को एक छत के नीचे खड़ा करने का साहस करता है। उसकी प्रासंगिकता है उसका कल्पनादर्श। वह एक ऐसा समाज चाहता है जो भाईचारे पर टिका है; जो सन्तोपी है; जिसमें धर्म, जाति और सम्प्रदाय नहीं है। कबीर के साहित्य से नारी-विषयक दृष्टिकोण और हङ्गयोग को निकाल दें तो कबीर आज भी एक सच्चे समाज-सुधारक हैं; जिनकी वाणी में बाहरी कङ्गोरता, तो आन्तरिक कोमलता है। कबीर का साहित्य दिशाहीन समाज को मार्ग दिखाने वाला एक प्रकाश स्तम्भ है।*

***बीज शब्द***—*धार्मिक, ब्राह्मण, सांस्कृतिक, समाज, तात्कालीन कबीर, वर्तमान, भविष्य, प्रासंगिकता*

* सहायक अध्यापक (श्री अग्रसेन महाविद्यालय), पोस्ट डॉक. शोधार्थी (मनिपुर इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी)
Khan-mazid1340@gmail.com

**प्रस्तावना**

अनुभव की विशिष्ट अभिव्यक्ति मनुष्य को रचनाकार बनाती है। रचनाकार अपने अनुभव को विशिष्ट छन्द, लय, भाव, शैली में बाँधकर साहित्य रूप में लोक के समक्ष प्रस्तुत करता है। अनुभव तो सत्य ही होते हैं; लेकिन साहित्यकार इनमें अपने कौशल का प्रयोग कर मसाला डालता है। लेकिन साहित्यकार होने के नाते वह कल्पना की उड़ान उतनी भी भरता है जितनी अपेक्षित है। कविता या गद्‌य अपने समय के साथ जुड़ा रहे या समय और देशकाल साहित्य में प्रतिध्वनित हों, यह साहितय की कसौटी है। रचनाकार के मन और मस्तिष्क पर उसके काल की परिस्थितियाँ प्रभाव डालती हैं या यूं कहे तात्कालिक परिस्थितियाँ ही रचनाकार की कलम से अभिव्यक्ति पाती हैं। साहित्य सदैव अपने काल का दर्पण रहा है। अपने देशकाल का अनुभव ही रचनाकार का युगबोध भी है। **''युगबोध की अवधारण मूलतः आधुनिकता से ही सम्बद्ध है। आधुनिक और वर्तमान परस्पर समानार्थक सन्दर्भों में प्रेपित होते रहे हैं। अतीत भी कभी वर्तमान रहा होगा और प्रत्येक युग अपने आप में आधुनिक रहा है।''** ऐसे में हर रचनाकार भी आधुनिक रहा हो, जरूरी नहीं है। यहाँ आधुनिक होने का अर्थ प्रासंगिक लिया जाना चाहिए। इसमें सन्देह नहीं कि अनुभव साहित्य का रूप लेते हैं लेकिन अनुभव सत्य निरूपण करते हैं या नहीं, वर्तमान युग-बोध की सहज अभिव्यक्ति होती है या नहीं, ये कुछ बातें रचनाकार की प्रसांगिकता की कसौटी है।

कबीर के सन्दर्भ में यह कहना कि वे अपने युग के प्रति प्रासंगिक रहे, न्यूनोक्ति होगी। कबीर के साहित्य में तात्कालिक वातावरण, राष्ट और संस्कृति परिलखित होती है। इसमें तो सन्देह है ही नहीं कि कबीर कल भी प्रासंगिक थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। उन्हें किसी एक युग के साथ नहीं बाँधा जा सकता है। उनका साहित्य न केवल दर्पण है जो आदेशित भी करता है और तस्वीर दिखाने के साथ-साथ तस्वीर क्या होनी चाहिए यह भी बता देता है। कबीर की अनुभूति में एक स्वाभाविकता है और उनकी अभिव्यक्ति नैसर्गिक होते हुए कालजयी है।

तात्कालीन परिस्थितियों में कबीर का अपने समय और देशकाल के प्रति क्या दृष्टिकोण रहा और देशकाल व समाज के प्रति उनका साहित्य कितना प्रासंगिक है? यह सब जानने के लिए आवश्यक हो जाता है कि तात्कालीन सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक परिवेश कैसा था? कबीर का समयकाल 1318ई. से 1518ई. निश्चित किया गया है। मुख्य रूप से पन्द्रहवीं शताब्दी उनका युग रहा है, जिसकी परिस्थितियों ने कवित की अभिव्यक्ति को प्रभावित किया है। राजनैतिक दृष्टि से देखें तो यह युग भारतीयों के लिए पतन का युग रहा है। उत्तर भारत में मुसलमान शासकों ने राज किया हैं। सत्ता के केन्द्र दिल्ली पर सैय्यद और लोदी वंश का शासन रहा। लोदी वंश के शासक विशेष रूप से धार्मिक रूप से कट्टर रहे और हिन्दू धर्म पर चोट की। तात्कालीन समाज अपने बुराइयों से ग्रस्त था। समाज में छुआछूत, अंधविश्वास, पाखण्ड, मिथ्याचार और रूढ़िवादिता जैसी अनेक समस्याएँ थीं। कबीर की तात्कालीन प्रासंगिकता का अर्थ है कि वह इन समस्याओं से समाज को उबारना चाहते थे। उन्होंने अंधविश्वास के विरूद्ध अपनी आवाज़ बुलन्द करते हुए कहा है-

**''माला फेरत जग मुवा फिरा न मन का फेर।**
**कर का मन का डार के, मन का मनका फेर।।''**

तात्कालीन समाज हिन्दु और मुसलमान दो धर्मों में विभाजित था। दोनों ही धर्मों के लोग एक-दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयत्न किया करते थे। दोनों में उच्चता का भाव था जिसके चलते परस्पर द्वेप बढ़ता जा रहा था। कबीर धर्म को छोड़कर भाईचारे पर समाज को खड़ा करना चाहते थे। उन्होंने दोनों ही धर्मों के धर्माधिकारियों को लताड़ा और व्यंग्यात्मक शैली में परिवर्तन लाने का आह्वान किया-

**''अरे इन दोउन राह न पाई**
**मुसलमान के पीर औलिया मुरगी मुरगा खाई,**
**खाला केरी बेटी ब्याहैं घर में ही करै सगाई।**
**हिन्दू अपनी करै बड़ाई गागर छुअन न देहीं,**
**वेश्या के पायन तर सौवैं यह देखे हिंदुआई।।''**

कबीर ने समाज से विपमता को समाप्त कर समता

की स्थापना करनी चाही। वे जिस युग में हुए वह युग ऐसा युग था जब रोजगार के साधन क्षीण थे। राजा, प्रजा से कर लेने को तो अमादा था लेकिन प्रजाहित की उसे परवाह नहीं थी। प्रजा पर जबरदसती लगान लादा जा रहा था। लगान अदान न होने के कारण सत्ता पक्ष प्रजा पर जुल्म करता था। कबीर ने तात्कालीन समाज को स्वरोजगार की रहा दिखाई। वह स्वयं जुलाहा थे ओर स्वरोजगार से अपनी गृहस्थी चलाते थे। एक और रहा जो उन्होंने तात्कालीन समाज को दिखाई वह थी सन्तोप की राह। सन्तोप के माध्यम से और अपरिग्रह के माध्यम से मनुष्य अपने दुखों से दूर रख सकता है। वे कहते हैं-

**''साईं इतना दिजिए जामै पेट समाए।**
**मैं भी भूखो न रहूँ साधू न भूखो जाए।।''**

जाति प्रथा का दंश हमेशा हिन्दु समाज में रहा है। कबीर के समय में यह अपने विकराल रूप में था। उन्होंने समाज के इस भयानक रूप को देखा जिससे मानवता त्रस्त थी और बड़ी बेबाकी से इसका विरोध किया। उन्होंने ऊँच-नीच की भावना पर प्रहार करते हुए कहा-

**''पछा पछी के कारनै, सब जग रहा भुलान,**
**निरपछ होय कै हरि भजैं, सोई संत सुजान।**
**ऊँचे कुल का जनमिया करनी ऊँच न होय,**
**सुबरन कलस सुरा भरा साधु निन्दत सोय।।''**

कबीर ने संन्यास के प्रति पूर्वाग्रह को तोड़ा। उनसे पूर्व यह मान्यता थी कि गृहस्थ रहते हुए सन्यासी नहीं हुआ जा सकता। ऐस उदाहरण समाज के सामने थे। महात्मा बुद्ध ने सन्यास के लिए घर और परिवार छोड़ा, शंकराचार्य ने विवाह नहीं किया। लेकिन कबीर ने दिखाया कि घर-परिवार के साथ भी सन्यासी हुआ जा सकता है। सन्यास का सम्बन्ध त्याग से ही बल्कि कर्म से है। कबीर ने समाज को गृहस्थ सन्यास का मार्ग दिखाया।

वर्तमान परिस्थितियों में कबीर की प्रासंगिकता की बात करे तो प्रत्येक कवि की रचना उसके देशकाल ओर परिस्थितियों की देन होती है। रचनाकार के साहित्य में काल-सापेक्षता एक अपेक्षित गुण है। रचनाकार अपने काल से सापेक्षता रखते हुए जब काल की सीमाओं को लाँघ जाता है तो उसकी रचना कालजयी हो जाती है। किसी भी साहित्यकार के साहित्य पर प्रासंगिकता का प्रश्न ही उसके साहित्य की सच्ची परख करवाता है। काल-सन्दर्भ में हम आधुनिक युग में रह रहें हैं। किसी भी मध्यकालीन साहित्यकार को वर्तमान काल-सन्दर्भ में परखना यूँ तो उसके साथ अन्याय है, लेकिन यदि उसका साहित्य आज भी प्रासंगित है तो निश्चित रूप से वह आज भी आधुनिक है। वह अपने युग में आधुनिक था इसमें तो सन्देह ही नहीं रह जाता है। **''आधुनिकता संस्कृति की ग्रहणशीलता व विकासोन्मुखता की परिचायक दृष्टि है, इसलिए वह समूची जीवन-व्यवस्था को प्रभावित करती है.... कुल मिलाकर आधुनिकता एक भविष्योन्मुखी दुष्टि है वर्तमान के सन्दर्भ में।''**

कबीर आज भी आधुनिक हैं, प्रासंगित हैं। यह अपने आप में अचरज का विषय हो जाता है कि 6 शताब्दियों पूर्व का साहितयाकार आज भी समाज को दिशा दे सकता है। आज भी जिसके साहित्य और शिक्षाओं का अनुसरण कर समाज लाभान्वित हो सकता है। भारतीय परिप्रेक्ष्य की बात करें तो सामाजिक परिस्थितियों में अंतर आया है लेकिन कुछ समस्याएँ आज भी वही जो 600 वर्ष पूर्व थीं। हिन्दू समाज में अंधविश्वास आज भी है। मूर्ति-पूजा आज घटने के स्थान पर बढ़ी है। हिन्दू-मुसलमान और जातिगत झगड़े आज भी हैं। तो फिर कबीर अप्रासंगिक कैसे हो सकते हैं। वर्तमान में मूल्यों की विघटन हुआ है। गुरू-शिष्य सम्बन्ध तार-तार हुए हैं। पिता अपने बेची को बेच रहा है। भाई, भाई का दुश्मन हे। कबीर की भक्ति उनकी गुरू के प्रति आस्था आज भी भटकती हुई शिष्य पीढ़ी के लिए एक जोत का कार्य कर सकती है। कबीर ने तो गुरू को परमात्मा के बराबर दर्जा दिया है। यदि यह भावना वर्तमान युवा पीढ़ी में विकसित हो जाए तो विद्यार्थियों की तरु से अपने गुरूजनों के प्रति जो दुर्व्यवहार हो रहा है वह रूक समता हे। गुरूजन भयमुक्त होकर व्यवहार कर सकते हैं। आज न डाँटन-फटकारने के परिणाम सामने हैं। कबीर की सीख यदि वर्तमान शिक्षार्थी पीढ़ी को लग जाए तो वर्तमान समाज भयमुक्त और अपराध मुक्त हो सकता है। कबीर कहते हैं।

**''गुरू गोविन्द तो एक हैं, दूजा यह आकार,**

**आपा मेट जीवत मरे तो पावै करतार।''**

वर्तमान समाज में पाखण्ड बढ़ा है। धार्मिक चैनलों की भरमार है, तो दिन में कई घण्टे राशिफल बताए जाते हैं, रत्नों की महिला, शनि पूजा की महिला पर घण्टों टेलिविजन पर चर्चाएँ चल रही हैं। हमारे कुलीन समाज की महिलाएँ पूजा-पाठ और धार्मिक यात्राओं की ओर आकृष्ट हैं। तीर्थ-यात्राएँ आज के समाज का चलन हो गया है। बाबाओं और मङ्गों की संख्या बढ़ी है। सम्प्रदाय पहले से अधिक हैं। यहाँ तक कि कबीर के नाम पर धंध हो रहा है। कबीर की पूजा हो रही है जो फिर कबीर की मूर्ति पूजा विरोध और धर्म-निपरेक्ष वाणी कैसे अप्रासंगिकता हो सकती है। कबीर सभी धर्मों को छोड़कर एक परमात्मा की बात करते हैं। वे स्वयं में परमात्मा को खोजते हैं। उनकी सीख वर्तमासन में भटकती जनता को सही रहा दिखा सकती है-

**''हँम तौ एक-एक कर जानाँ,**
**दोइ कहै तिनही कौं दो जग, जिन नाँहिन पहिचानाँ।**
**एकै पवन एक ही पानी, एक जोति संसारा,**
**एक ही खाक घड़े सब भाँड़े एक ही सिरजनहारा॥''**

आज का दौर उपभोक्तावाद का दौर है। हर कोई बाज़ार में रखी वस्तुओं को ललचाई नज़रों से देख रहा है। देखी-देखी बेवजह वस्तुएँ खरीदी जा रही हैं जिससे निम्न वर्त और उच्च वर्ग के बीच की खाई निरन्तर बढ़ती जा रही हे। आज हर व्यक्ति लालची हो गया है। सन्तोप किसी को नहीं है तो शान्त भी कोई नहीं है। अपनी स्वार्थपूर्ति लिए दूसरों के गले काटे जा रहे हैं। अधिक पाने की चाह ने मनुष्य को मनुष्यता से गिरा दिया है। भ्रष्टाचार जितना आज हमारे समाज में हैं शायद उतना कबीर के समय में भी नहीं था। कबीर थोड़ें में गुजारा करने की वकालत करते हैं जो शान्ति और सन्तोप का मार्ग है। कबीर संसार और भौतिक वस्तुओं की निस्सारता पर कहते हैं।

भविष्य में कबीर की प्रासंगिकता की बात की जाए तो—**''आज के युग में मानव ने नये आविष्कारों द्वारा अपनी सत्ता को प्रसारित ओर जीवन क्षेत्र को विकसित किया है; जिससे सम्पत्ति और सुख का आकर्षण आज तीव्रतर हो गया है। जीवन को सरल बनाने की होड़ में आधुनिक पीढ़ी ने शाश्वत मूल्यों को बदलाव की स्थिति में परिणत कर दिया है।''** निस्सन्देह हर पीढ़ी अपने लिए मूल्यों का सर्जन स्वयं करती है। उसे अपने से पूर्व पीढ़ी द्वारा निर्मित मूल्य स्वीकार नहीं होते है। जिस प्रकार से पिछले कई दशकों से हमारी संस्कृति में परिवर्तन आ रहे है। भविष्य में भी ये जारी रहेंगे। इसमें सन्देह नहीं कि एकान्तवाद और बढ़ेगा। व्यक्ति अपने तक सिमटेगा। उसे अपने व्यक्तिव से आगे कुछ दिखाई न देगा। भौतिकता हम पर और हावी होगी। मानसिक अवसाद और द्ंवद्ंव बढ़ेगा। मनुष्य आक्रान्त और भय की स्थिति में होगा। तब उस मरती-कटती मानवता को ऐसी लोरी की आवश्यकता होगी जो उसे चैन की नींच सुला सके। मुझे लगता है कबीर की वाणी वह लोरी है जो मनुष्य को फिर से परमात्मा की गोद में सुला सकती है। कबीर की प्रासंगिकता आने वाले कल में भी रहेगी। उनकी अमृतवाणी का पान करके ही मनुष्य अपने अस्तित्व को पहचान पाएगा और फिर से सच्ची भक्ति की ओर लौटेगा।

**निष्कर्ष**

कली के फूल बनने की प्रक्रिया मात्र इतनी है कि वह खुल जाती है। तब उसके अन्तस में निहित रस, रंग और गंध स्वतः ही प्रकट हो जाते हैं। कबीर वास्तव में ऐसे ही फूल रहे हैं जिनकी गंध कल भी अपने परिवेश को सुगंध से भर रही थी, आज भी भर रही है और कल भी मककाती रहेगी। कबरी काल-निरपेक्ष और कालजयी साहित्यकार है। उनके साहित्य को किसी काल, क्षेत्र या सम्प्रदाय के साथ बाँधकर नहीं देखा जा सकता है। उनकी वाणी वो वाणी है जो कल भी दिक्भ्रमित समाज को दिशा दे रही थी आज भी दे रही है और भटके हुओं को कल फिर राह पर ले आएगी। कबीर के साहित्य को एक व्यापक परिप्रेक्ष्य के देखने की जरूरत है। कबीर नयी आधुनिक चेतना, पाखण्डहीन समाज, सन्तोपी, मानवता और सम्प्रदाय, जाति-विहीन समाज के पक्षधर हैं। वे विकासोन्मुखी भारत के नायक हैं।

**सन्दर्भ ग्रंथ**


1. डॉ. मदन मोहन भारद्वाज, आधुनिक हिन्दी मराङ्गी नाटकों में युगबोध, पृष्ठ-8
2. डॉ. श्यामसुन्दरदास कबीर ग्रन्थावली पृ. 28, लोकभारती प्रकाशन, 2019
3. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, कबीर पृ. 175, राजकमल प्रकाशन, 2019
4. वही पृ. 120
5. डॉ. आर्या प्रसाद त्रिपाठी, कबीर साहित्य का सांस्कृतिक अध्ययन, पृ0 275, सरोज प्रकाशन, 1974, इलाहाबाद
6. डॉ. बैजनाथ सिंहल, नयी कविता मूल्य मीमांसा, पृष्ठ 11. मंथन पब्लिकेशन, रोहतक
7. डॉ. श्यामसुन्दरदास, कबीर ग्रन्थावली, पृ. 301, लोकभारती प्रकाशन, 2019
8. वही, पृ. 129
9. डॉ. बैजनाथ सिंहल, नयी कविता मूल्य मीमांसा, पृष्ठ 11, मंथन पब्लिकेशन, रोहतक

अप्रकाशित मौलिक शोध-पत्र, शोध-प्रबन्ध, पुस्तक-समीक्षा एवं पुस्तकों के प्रकाशन हेतु सम्पर्क करें–

# जी.एच. पब्लिकेशन

121, शहराराबाग, प्रयागराज-211003 (उ.प्र.)

दूरभाष : 0532-2563028 मो.: 9532481205

E-mail : ghpublication@gmail.com